आज

३.०० तीन रुपये मात्र

गौरवशाली परम्परा

हेमा मालिनी



७७ साल की उम्र में भी फिटनेस और एनर्जी कायम

वाराणसी, गुरुवार ८ अक्तूबर, २०२६ सौर २२, आश्विन कृष्ण १३, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

०.२५ प्रतिशत बढ़ा रेपोरेट, बढ़ेगी महंगाई

मुंबई (आससे.)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने अपनी द्विमासिक समीक्षा में बड़ा फैसला लेते हुए रेपो रेट में 25 आधार अंकों (0.25 प्रतिशत) की बढ़ोतरी कर इसे



5.50 प्रतिशत कर दिया है। इसके साथ ही नीतिगत रुख को बदलकर कैलिब्रेटेड टाइटनिंग (सोच-समझकर सख्ती) कर दिया गया है। पॉलिसी के एलान के बाद संवाददाताओं से बातचीत में आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने यूपीआई पर लगने वाले मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) पर स्थिति साफ करते हुए कहा, एमडीआर पर फैसला पहले ही लिया जा चुका है। अभी तक हमें यूपीआई वॉल्यूम में कोई गिरावट नहीं दिखी है। व्यक्तिगत रूप से मेरा मानना है कि एक छोटे से शुल्क से यूपीआई वॉल्यूम पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

जंतर-मंतरपर राहुल-खड़गेका धरना, हिरासत में

प्रियंकाने पुलिसपर लगाया अभद्रता करनेका आरोप, दो घंटेके बाद राहुल-प्रियंकाको छोड़ा

नयी दिल्ली (आससे.)। चुनाव आयोग के खिलाफ विपक्ष के आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बुधवार को समर्थकों के साथ जंतर-मंतर पहुंचे और धरने पर बैठ गए। इस दौरान दोनों नेताओं

मांगे पूरी होने तक जारी रहेगा प्रदर्शन

ने केंद्र सरकार और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर तीखा हमला बोला और कहा कि मांगें पूरी होने तक प्रदर्शन जारी रहेगा। राहुल गांधी ने कहा कि विपक्षी सांसद चुनाव आयुक्तों से मिलना चाहते थे, लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया गया और पुलिस ने प्रदर्शन से रोक दिया। राहुलने कहा कि



विपक्ष जंतर-मंतर पर बैठकर देश को बताएगा कि उसके लिए ज्ञानेश कुमार वैध चुनाव आयुक्त नहीं हैं। राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, मोहन भागवत और ज्ञानेश कुमार पर लोकतंत्र खत्म करने का आरोप लगाते हुए कहा कि ज्ञानेश कुमार को इस्तीफा देना पड़ेगा। आकाशवाणी भवन परिसर में पिछले दिन हुए धरने को लेकर एफआईआर दर्ज होने के सवाल पर राहुल ने कहा, मेरे पास 45 एफआईआर हैं, मेरा लक्ष्य 100 है। मैं चाहता हूं कि मेरे ऊपर 100 एफआईआर लगें। हर एफआईआर मेरे लिए एक मेडल है। खड़गे ने कहा कि इंडिया गठबंधन के सभी दल जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेंगे और मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग और प्रधानमंत्री मोदी देश में लोकतंत्र और संविधान को कमजोर करने की कोशिश

(शेष पृष्ठ ९ पर)

खड़गे की लंच मीटिंग में जुटे विपक्षी सांसद

नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को जनपथ स्थित आवास पर विपक्षी सांसदों के साथ लंच बैठक की। बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मुलाकात का समय मांगने वाले पत्र पर सांसदों के हस्ताक्षर कराने पर चर्चा हुई। यह बैठक विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग और विपक्ष के बीच बढ़े टकराव के बीच हुई। राष्ट्रीय जनता दल के नेता (शेष पृष्ठ ९ पर)

यूपी : १० जिलोंके कप्तान सहित २० आईपीएस अफसरोंका तबादला



लखनऊ (आससे.)। उत्तर प्रदेश में पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल किया गया है। शासन ने 20 आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इनमें करीब 10 जिलों के पुलिस कप्तानों को भी बदला गया है। अधिकारियों को नई तैनाती देते हुए कई जिलों की पुलिस कमान में बदलाव किया गया है। तबादला सूची के अनुसार बरेली के एसपी को जौनपुर, जौनपुर के एसपी को फतेहपुर और फतेहपुर में नई तैनाती दी गई है। वहीं बाराबंकी, बस्ती, बलिया, मैनपुरी, गाजीपुर, बागपत, हमीरपुर और जालौन समेत कई जिलों में भी पुलिस अधिकारियों को नई जिम्मेदारी मिली है।

बलिया, जौनपुर, गाजीपुरके बदले कप्तान

हंदवाड़ामें आतंकियों की साजिश नाकाम, भारी संख्यामें हथियार, कारतूस बरामद

हंदवाड़ा (एजेंसी)। सुरक्षाबलों ने कुपवाड़ा जिले के हंदवाड़ा में आतंकियों के एक बड़े षड्यंत्र को विफल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के लिए आतंकियों ने नागदानार के जंगल में हथियार छिपा रखे थे। सुरक्षाबलों ने बुधवार को समय रहते इस ठिकाने को खोज निकाला। इस ठिकाने में आतंकियों ने 1132 कारतूस और साइलेंसर भी छिपा रखा था।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस, सेना की 21 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) और सीआरपीएफ की 92वीं बटालियन को नागदानार के घने जंगल में संदिग्ध गतिविधियों और (शेष पृष्ठ ९ पर)

राहुल-प्रियंका समेत विपक्षी सांसदोंसे कथित बदसलूकीके विरोधमें आज राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन



सात अक्तूबर लोकतंत्रका काला दिन-कांग्रेस

नयी दिल्ली (आससे.)। कांग्रेस ने चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और विपक्षी सांसदों के साथ कथित तौर पर बल प्रयोग और लाठीचार्ज किए जाने की निंदा करते हुए 7 अक्टूबर को भारतीय लोकतंत्र के लिए 'काला दिन' घोषित किया है। पार्टी ने इसके विरोध में 8 अक्टूबर को देशभर में राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन करने का फैसला किया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बुधवार को जारी पत्र में प्रदेश कांग्रेस समितियों, जिला कांग्रेस समितियों और ब्लॉक कांग्रेस समितियों को गुरुवार को प्रदर्शन आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। पत्र में कहा गया है कि इंडिया गठबंधन के सांसद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के नेतृत्व में चुनाव आयोग से जवाबदेही की मांग करने शांतिपूर्ण तरीके से जंतर-मंतर जा रहे थे, लेकिन उन्हें रोका गया और कथित तौर पर बल प्रयोग किया गया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और इंडिया गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं एवं सांसदों के साथ दुर्व्यवहार किया गया तथा लाठीचार्ज में कई (शेष पृष्ठ ९ पर)

प्रधानमंत्रीने देशको निराशा से बाहर निकाला-नितिन नबीन

सेवा संकल्प यात्राका हुआ समापन, प्रधानमंत्रीके निर्देशनमें बदला उत्तर प्रदेश-योगी

वाराणसी (का.प्र.)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को निराशा के माहौल से बाहर निकाला। अर्थव्यवस्था, कूटनीति, विदेश नीति और देश के हर वर्ग के विकास के लिए उन्होंने अपने पूरे कार्यकाल में आजतक एक भी छुट्टी नहीं ली। दिनरात देश की सेवा में ही वह जुटे रहे और इसका नतीजा है कि आज भारत के प्रति पूरी दुनिया उम्मीद से देखती है। अब जरूरत है कि देश को विकसित बनाने में प्रधानमंत्री ने जो संकल्प देखे हैं, उनको सभी कार्यकर्ता गांवों तक लेकर जाएं। वह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बुधवार को रोहनिया के जगतपुर इंटर कॉलेज में आयोजित सेवा संकल्प यात्रा में वडनगर से विभिन्न शहरों का भ्रमण करके 20 हजार किलोमीटर की यात्रा करके लौटे बाइकर्स का स्वागत करने के बाद



समापन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, समेत भाजपा के कई दिग्गज की मौजूदगी में बनारस में अपनी पहली जनसभा भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस के राजपरिवार के शहजादे विरासत के सहारे राजनीति में पहुंचे, जबकि नरेंद्र मोदी को जनता के सामने प्रधानमंत्री पद के लिए घोषित किया गया और देश की जनता ने उन्हें जनादेश देकर दिल्ली पहुंचाया। विपक्ष पर अराजकता फैलाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि देश की जनता उसके मकसद को कभी पूरा नहीं होने देगी। प्रधानमंत्री मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने पर निकाली गई यात्रा में शामिल युवाओं का स्वागत (शेष पृष्ठ ९ पर)

इनकी रही मौजूदगी

वाराणसी (का.प्र.)। कार्यक्रम में वडोदरा के सांसद हेमांग जोशी, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्या, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, स्टाम्प मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल, आयुष मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र दयालु, एमएसएमई राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, महापौर अशोक तिवारी, विधायक डॉक्टर नीलकंठ तिवारी, विधायक अवधेश सिंह, सौरभ श्रीवास्तव, त्रिभुवन राम, सुनील पटेल, सदस्य विधान परिषद राय धर्मेंद्र सिंह, मंडलायुक्त एस राजलिंगम, पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

२०४७ तक भारतको विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प, हम इसे करके रहेंगे-मोदी



नयी दिल्ली (आससे)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 'विकसित भारत संकल्प सभा' को संबोधित करते हुए कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है और देश यह करके दिखाएगा। उन्होंने दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने, आत्मनिर्भर भारत बनाने, देश को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने, ओलंपिक की मेजबानी और अंतरिक्ष क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल करने को प्रमुख राष्ट्रीय संकल्प बताया। प्रधानमंत्री ने अपनी 25 वर्षों की जनसेवा यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके लिए पद और प्रतिष्ठा से अधिक महत्वपूर्ण

मेरा जीवन एम्बिशन नहीं, मिशनके लिए है-प्रधानमंत्री

भारत की सेवा है। मेरे लिए कर्म ही सब कुछ है, कर्म ही मेरा धर्म है। उन्होंने कहा कि उनका जीवन एम्बिशन नहीं, मिशन के लिए है और कर्म देश तथा देशवासियों के लिए है, जिसमें फल और श्रेय की चिंता नहीं है। मोदी ने कहा कि देश में आज ऊर्जा, उत्साह और आत्मविश्वास का माहौल है। उन्होंने कहा कि जिस राष्ट्र के (शेष पृष्ठ ९ पर)

प्रदर्शनमें पुलिसके लिए बॉडी कैमरा अनिवार्य करने के निर्देश देनेसे कोर्टका इनकार

नयी दिल्ली (आससे.)। दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को दिल्ली पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के कर्मियों को विरोध प्रदर्शनों तथा भीड़ नियंत्रण के दौरान बॉडी वॉर्न कैमरा अनिवार्य रूप से पहनने का निर्देश देने से इनकार कर दिया। अदालत ने केंद्र सरकार को इस जनहित याचिका को प्रतिनिधित्व के रूप में मानते हुए छह महीने के भीतर निर्णय लेने को कहा।कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश नितिन वासुदेव सांब्रे और जस्टिस अरुण भारद्वाज की खंडपीठ ने वकील चाहत राघव द्वारा दायर याचिका का निपटारा करते हुए यह आदेश दिया। याचिका में भीड़ नियंत्रण और प्रदर्शन प्रबंधन के लिए तैनात पुलिस तथा आरएएफ कर्मियों के लिए बॉडी कैमरा को अनिवार्य और हमेशा चालू रखने के साथ फुटेज के भंडारण, (शेष पृष्ठ ९ पर)

भाजपाने खो दिया विश्वास-जनाधार-अखिलेश

लखनऊ (आससे.)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने अपना विश्वास और जनाधार पूरी तरह खो दिया है। जो लोग सच में अपने देश से प्यार करते हैं, अब उनकी वैमनस्यपूर्ण धर्मांधता की काली रात गुजर गई है। विवेकशील पुनर्जागरण का एक नया सवेरा उनके मानसिक-



अंधकार को मिटा कर नई चेतना का नया प्रकाश ला रहा है। अखिलेश यादव ने जारी बयान में कहा कि अब तो भाजपा के लोग भी समझ गए हैं कि भाजपा किसी की सगी नहीं है। भाजपा में न सरकार का कोई मतलब है, न संगठन का। भाजपा एकाधिकारी मन और एकाकी मानसिकता से पूरी तरह ग्रसित है। इसमें किसी और के लिए कोई स्थान नहीं है। सच तो यह है कि जहां स्थान ही नहीं मिलेगा, वहां मान-सम्मान कैसे मिलेगा। भाजपा में न तो किसी मामले में किसी की सलाह ली जाती है और न ही किसी निर्णय में किसी को शामिल किया जाता है। उन्होंने कहा कि अपने ही दल में घोर उपेक्षित भाजपा के लोग अब एक-दूसरे से दुखी होकर कह रहे हैं कि भाजपा ने हमें बुरी तरह से निचोड़कर बर्बाद कर दिया है। वे कह रहे हैं कि अब हमारी तुलना पूरी तरह रस निकाले जा चुके गन्ने की उस खोई से भी नहीं की जा सकती है, जिसे देखकर हाथी भी मुंह मोड़ लेता है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि तमाम भाजपा के लोग ऐसे हैं, जो किसी भी घाट के नहीं रहे। हमें ऐसे बिन घाट के भाजपा वालों से बेहद सहानुभूति है।

दिल्लीके सीमापुरीमें ढही इमारत, दो की मौत

नयी दिल्ली (आससे.)। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीमापुरी इलाके में बुधवार को चार मंजिला इमारत ढह गई, जिसके मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इमारत का मलबा आसपास के दो-

अब भी कई लोगोंकी दबे होने की आशंका

तीन मकानों के कुछ हिस्सों पर भी गिरा है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) को इमारत गिरने की सूचना दोपहर करीब साढ़े तीन बजे मिली, जिसके बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। दिल्ली पुलिस, नगर निगम के अधिकारी और नागरिक सुरक्षा कर्मी भी घटनास्थल पर पहुंचे और तलाश एवं बचाव अभियान शुरू किया। घायलों को निकालकर अस्पताल भेजा गया है।

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर ट्रकमें घुसी कार, चार खिलाड़ियों की मौत

देवरिया (एजेंसी)। लखनऊ में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता खेलकर घर लौट रहे देवरिया के चार खिलाड़ियों की पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बुधवार सुबह सड़क हादसे में मौत हो गई। तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। ये सभी मईल और लार थाना क्षेत्र के युवक थे। घटना की सूचना मिलते ही संबंधित गांवों में शोक की लहर दौड़ गई।टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेने गए थे। मृतकों में मईल थाना क्षेत्र के बगहा गांव निवासी नित्यानंद प्रजापति 26 वर्ष, बलिया उत्तर निवासी इरफान उर्फ राज, लार थाना क्षेत्र के चुरिया निवासी अनिकेत सिंह और कोहरा गांव निवासी आनंद यादव शामिल हैं। चारों क्रिकेट खिलाड़ी थे और लखनऊ में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेने गए थे। मंगलवार को प्रतियोगिता खेलने के बाद वे कार से घर लौट रहे थे। बुधवार सुबह पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर उनकी कार आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। हादसा इतना गंभीर था कि चारों की मौत हो गई। नित्यानंद की मौत की खबर बगहा गांव पहुंचते ही उनके घर पर ग्रामीणों और परिचितों की भीड़ जुट गई। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलते ही नित्यानंद के पिता मनोज प्रजापति छोटे बेटे अंकित के साथ लखनऊ के लिए रवाना हो गए। (शेष पृष्ठ ९ पर)

लखनऊसे क्रिकेट खेलकर देवरिया लौटते समय हुआ हादसा

हेनरी कागन-केन्सो सोई को रसायनका नोबेल पुरस्कार



ऑटोकैटालिसिस की खोज के लिए सम्मान

फ्रांस (एजेंसी)। स्टॉकहोम में आज नोबेल पुरस्कार केमिस्ट्री के विजेताओं के नामों का एलान किया गया। इस बार संयुक्त रूप से दो वैज्ञानिकों को पुरस्कार दिया जाएगा। फ्रांस के वैज्ञानिक हेनरी बी. कागन और जापान के वैज्ञानिक केन्सो सोई को रसायन विज्ञान में नोबेल पुरस्कार के लिए चुना गया है। नोबेल कमेटी के मुताबिक, दोनों वैज्ञानिकों को असममित कार्बनिक संश्लेषण में नॉन-लीनियर प्रभावों और ऑटोकैटालिसिस की खोज के लिए यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया है। हेनरी कागन ने रासायनिक प्रतिक्रियाओं को नियंत्रित करने का एक नया तरीका खोजा। इससे पहले की तुलना में किसी रासायनिक प्रतिक्रिया में एक ही तरह की 'मिरर इमेज' यानी दर्पण प्रतिबिंब वाली संरचना की मात्रा अधिक बनाई जा सकी। उनकी इस खोज ने दवाओं, फ्लेवर, खुशबू और नई सामग्री बनाने के लिए रासायनिक प्रतिक्रियाएं विकसित करने वाले वैज्ञानिकों के काम को नई दिशा दी। केन्सो सोई ने ऐसी पहली रासायनिक प्रतिक्रिया तैयार की, जिसमें संभावित दो मिरर इमेज में से केवल एक ही बनती थी। नोबेल कमेटी के मुताबिक, जीवन को छोड़कर इससे पहले प्रकृति में भी ऐसा उदाहरण नहीं देखा गया था। इस प्रतिक्रिया को 'सोई रिएक्शन' के नाम से जाना जाता है और इसे रसायन विज्ञान के सबसे उल्लेखनीय प्रयोगों में गिना जाता है। हेनरी कागन फ्रांस और केन्सो (शेष पृष्ठ ९ पर)



सेवा ज्योति मशाल यात्रा में उमड़े भाजपा कार्यकर्ता

मोदी के जनसेवा के २५ वर्ष पूरे होने पर निकली पदयात्रा

गाजीपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा के सेवा संकल्प एवं समर्पण अभियान के तहत बुधवार को जिला मुख्यालय पर सेवा ज्योति मशाल यात्रा निकाली गई। भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राय की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जिले के विभिन्न मंडलों से हजारों कार्यकर्ता मोटरसाइकिल जुलूस के रूप में लंका मैदान पहुंचे।लंका मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा में कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का राष्ट्र के नाम संबोधन वर्चुअल माध्यम से सुना। इसके बाद मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री एवं घोसी के पूर्व विधायक विजय बहादुर राजभर, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राय, प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण बिहारी राय, राज्यसभा सांसद डॉ. संगीता बलवंत और अभिनव सिन्हा ने दीप प्रज्वलित कर मशाल पदयात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा लंका मैदान से बड़ी बाग चुंगी, तुलसी सागर, सिंचाई विभाग चौराहा, बंधवा और खजुरिया होते हुए पीरनगर चौराहे पर पहुंचकर समाप्त हुई। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रसेवा, जनसेवा और विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि विजय बहादुर राजभर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष राष्ट्र निर्माण, सुशासन और जनकल्याण के प्रति समर्पित तपस्या के वर्ष हैं। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है।जिला प्रभारी अजीत चौबे ने कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव में गाजीपुर की सभी सातों सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया। संचालन जिला महामंत्री सुमित तिवारी ने किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, पूर्व विधायक सुनीता सिंह, विजय मिश्रा सहित भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



सेवा ज्योति मशाल यात्रा निकालते भाजपाई। छाया:आज

बकरियों से फसल चराने के विरोध पर महिला को पीटा

कासिमाबाद, गाजीपुर। थाना क्षेत्र के नसीरपुर सुरवत गांव निवासी रम्भा साहनी ने पुलिस को तहरीर देकर कुछ लोगों पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।तहरीर के मुताबिक, 3 अक्टूबर को दोपहर करीब एक बजे तेजू साहनी की 10 बकरियां महिला के खेत में लगी फसल चरकर नुकसान कर रही थीं। विरोध करने पर आरोपितों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और आए दिन गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी जाती है।पीड़िता ने पुलिस से मामले में कार्रवाई की मांग की।

छेड़खानी की शिकायत करने पहुंचे तीन लोगों की पिटाई, प्राथमिकी दर्ज

बिरनो, गाजीपुर । थाना क्षेत्र के नियाव गांव में छेड़खानी की शिकायत करने आरोपी के घर पहुंचे तीन लोगों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना में तीन लोग घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। नियाव गांव निवासी बृजेश राजभर ने बुधवार को बिरनो पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि गांव का ही राहुल राजभर पुत्र रमेश राजभर उसकी भतीजी को प्रतिदिन रास्ते में आते-जाते समय परेशान और छेड़खानी करता है। इस संबंध में शिकायत करने के लिए बुधवार सुबह करीब आठ बजे बृजेश राजभर अपने साथियों के साथ राहुल के घर पहुंचे थे। आरोप है कि शिकायत की बात पर राहुल राजभर, उसके पिता रमेश राजभर, सुदामा और अन्य लोग आक्रोशित हो गए। इसके बाद गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में बृजेश राजभर, मंदीप राजभर और मनीष राजभर के सिर में चोट लगी और वे घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इस संबंध में बिरनो थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार प्रजापति ने बताया कि घायलों का प्राथमिक उपचार बिरनो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

सड़क सुरक्षा जन जागरुकता अभियान का हुआ आयोजन

जमानियां,गाजीपुर। तहसील मुख्यालय स्थित रामलीला मैदान के प्रांगण में सनशाइन पब्लिक स्कूल, कसेरा पोखरा द्वारा भव्य सड़क सुरक्षा जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी धनवीर यादव एवं विशिष्ट अतिथि यात्री कर / प्रवर्तन अधिकारी लव कुमार सिंह रहे। विद्यालय के प्रबंध निदेशक अमित कुमार सिंह एवं प्रधानाचार्य ए.के. बघेल ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के रोड एंड सेफ्टी क्लब से जुड़े छात्र-छात्राओं ने सड़क दुर्घटनाओं के कारणों, बचाव और यातायात नियमों के पालन पर आधारित नाटकों का प्रभावशाली मंचन किया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत नाटक सड़क सुरक्षा पर यमराज का दरबार आकर्षण का केंद्र रहा, जिसके जरिए नियमों की अनदेखी के गंभीर परिणामों को दर्शाया गया। वहीं छात्राओं ने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर प्रस्तुति देकर आमजन को दुर्घटनाओं से बचाव के व्यावहारिक तरीके समझाए। संबोधन में मुख्य अतिथि धनवीर यादव ने विद्यार्थियों की रचनात्मक पहल की सराहना करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद गोल्डन ऑवर में करना जीवन बचाने के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से घायलों की नि:संकोच मदद करने और सरकार की राहवीर योजना का लाभ उठाने की अपील की। मंचन के उपरांत रामलीला मैदान से पांडेय मोड़ तक विशाल जन जागरूकता रैली निकाली गई, जिसे मुख्य अतिथि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का नेतृत्व क्लब प्रभारी शिक्षक बलवंत सिंह, महेश्वर नाथ सिंह एवं प्रधानाचार्य ए.के. बघेल ने किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक महेश्वर नाथ सिंह ने किया तथा आभार ज्ञापन छात्रा अदिति सिंह ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक, अधिवक्तागण, वादकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

साइबर सेल ने वापस कराया पैसा

उतराव, गाजीपुर। करीमुद्दीनपुर पुलिस द्वारा वित्तीय धोखाधड़ी के मामले में कार्रवाई करते हुए खाते से निकल गए पांच हजार रुपए को साइबर सेल के माध्यम से वापस कराया।



सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से जागरुक करते बच्चे। छाया:आज

जमीन विवाद में मारपीट का आरोप, पांच पर मुकदमा

कासिमाबाद, गाजीपुर। अवराकोल गांव निवासी उदयभान राम ने जमीन विवाद को लेकर पांच लोगों पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। तहरीर के अनुसार 5 अक्टूबर की सुबह मंदिर में पूजा करने जाते समय आरोपितों ने उन्हें रोककर न्यायालय में चल रहे मुकदमे को वापस लेने का दबाव बनाया। विरोध करने पर मारपीट की गई। आरोप है कि बाद में आरोपित घर तक पहुंचे और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने घटना की सूचना डायल-112 पर देने के साथ पुलिस से कार्रवाई की मांग की। कासिमाबाद कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चोट के निशान नहीं

विसरा जांच से खुलेगा मौत का राज

नंदगंज, गाजीपुर। थाना क्षेत्र के धरवां गांव निवासी मुन्ना कुमार पुत्र स्व0 राजकुमार की मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामला और उलझ गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक के शरीर पर किसी प्रकार की चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। मौत का स्पष्ट कारण सामने नहीं आने पर फोरेंसिक जांच के लिए विसरा सुरक्षित कर जांच हेतु भेजा गया है। यह जानकारी गाजीपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने दी। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को मृतक मुन्ना कुमार की मां जोखनी देवी ने गाजीपुर कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि उनका पुत्र मुन्ना कुमार अपने बड़े बेटे के ससुराल, चकहुसाम थाना कोतवाली गाजीपुर गया था। वहां बड़े बेटे के सास-ससुर सहित पांच लोगों ने उसके साथ बुरी तरह मारा पीटा और अपने से 900 मीटर दूर हाइवे चौकियां मोड़ ओवरब्रज पर फेंक दिया। कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं मिलने तथा मौत का स्पष्ट कारण पता नहीं चलने के कारण अब विसरा की फोरेंसिक जांच कराई जा रही है। पुलिस को विसरा जांच रिपोर्ट का इंतजार है, जिसके बाद ही मौत के वास्तविक कारण का स्पष्ट पता चल सकेगा।

३० पाउच देशी शराब के साथ गिरफ्तार

कासिमाबाद, गाजीपुर। आबकारी विभाग की टीम ने कस्बा बहादुरगंज क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को 30 पाउच देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी की पहचान सुनील कुमार पुत्र अखिलेश कुमार, निवासी बसवारी, थाना मरदह के रूप में हुई है। मामले में आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत कार्रवाई की गई है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर मिली है, मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

गहराता जा रहा रामलीला की अनुमति का विवाद

जमानियां,गाजीपुर। ऐतिहासिक रामलीला के आयोजन की प्रशासनिक अनुमति को लेकर चल रहा विवाद गहराता जा रहा है। इसी क्रम में मामले की समीक्षा करने और वास्तविक स्थिति का जायजा लेने बुधवार को एडीएम वेद सिंह चौहान पहुंचे। उन्होंने ने दोनों पक्षों के साथ बैठक कर उनकी दलीलें सुनीं। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, पूरे प्रकरण की समीक्षा रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी, जिसके बाद ही अनुमति पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। बातचीत के दौरान रामलीला समिति के पक्षकार नारायण दास चौरसिया ने बताया कि वर्ष 2015 से पूर्व तक समिति के अध्यक्ष परमिशन संतोष जालान के नाम से होती थी। उनके निधन के उपरांत मुनादी कराकर जयप्रकाश गुप्ता को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। समिति पक्ष का आरोप है कि वर्ष 2015 से 2023 तक अनुमति श्री प्राचीन रामलीला समिति के नाम से ली जाती रही, लेकिन 2024-2025 में गुपचुप तरीके से ट्रस्ट के नाम पर अनुमति ले ली गई, जबकि ट्रस्ट का पंजीकरण कथित तौर पर वर्ष 2022 में हुआ। समिति सदस्यों ने सवाल उठाया कि जब 450 वर्षों की परंपरा श्री प्राचीन रामलीला समिति के बैनर तले चली आ रही है। अब सबकी नजरें जिलाधिकारी के आगामी निर्णय पर टिकी हैं कि वे इस समीक्षा के बाद क्या कदम उठाते हैं। उक्त मौके पर तहसीलदार जितेन्द्र कुमार प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र सिंह चेयरमैन जयप्रकाश गुप्ता अनिल गुप्ता गोविन्द चौबे मुन्ना गुप्ता आदि मौजूद रहे।

एक नज़र इधर भी

अनियंत्रित एम्बुलेंस खाई में पलटी

मरदह, गाजीपुर। वाराणसी -गोरखपुर फोरलेन मार्ग पर मरदह थाना क्षेत्र नवपुरा कैथवली गांव के पास 108 एंबुलेंस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे संकेतक बोर्ड से टकराकर गहरी खाई में पलट गई। मऊ जिले के परदहां ब्लॉक की इस एंबुलेंस को चालक सोनी पाठक चला रहे थे और एमटी उमेश चंद्र उसमें सवार थे। दोनों एक मरीज को वाराणसी छोड़कर वापस लौट रहे थे।नवपुरा गांव के पास तेज रफ्तार के कारण चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया। एंबुलेंस पहले संकेतक बोर्ड से टकराई, फिर फोरलेन के बगल की खाई में जा गिरी।हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। चालक और एमटी को एंबुलेंस से बाहर निकाला गया। दोनों बाल बाल बच गए। हादसे में एम्बुलेंस क्षतिग्रस्त हो गयी।



एक्सपायर्ड दवा चढ़ाने के प्रकरण में सीएमओ ने जारी की नोटिस

मरदह, गाजीपुर। एक्सपायरी डेट की बोतल चढ़ाने के बाद जिला मेडिकल कालेज गाज़ीपुर में भर्ती गम्भीर रूप से बीमार बुजुर्ग जगधारी राम निवासी मुस्तफाबाद बस्तपुर थाना मरदह की मृत्यु हो गयी।कल मरदह सीएचसी पर मरीज को एक्सपायरी डेट का बोतल चढ़ाने को लेकर मरीजों ने जमकर हंगामा किया। जगधारी राम के अस्वस्थ होने पर जाँच में सुगर लेबल काफी कम हो गया था।उनके परिवार के लोग मरदह सीएचसी पर उपचार हेतु ले गए थे। मरदह सीएचसी पर एमरजेंसी सेवा में तैनात कर्मचारियों ने बोतल चढ़ाना प्रारम्भ किया था। बोतल चढ़ने के दौरान जगधारी के पौत्र विपिन कुमार ने चेक किया तो एक्सपायरी डेट का बोतल चढ़ाया जा रहा था । उसने उसका फोटो एवं वीडियो बना लिया। इस प्रकरण की खबर समाचार पत्रों में प्रकाशित होने पर उसको संज्ञान में लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी गाज़ीपुर ने मरीज के उपचार में बरती गयी घोर अनियमितता एवं लापरवाही बताते हुए उसे अक्षम्य करार देते हुए सीएचसी प्रभारी मरदह को नोटिस जारी की है।

कांग्रेस ने फूंका मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला

गाजीपुर। मतदाता सूची में कथित अनियमितता और फॉर्म-6 में गड़बड़ी के आरोप को लेकर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष सुनील राम के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आंबेडकर पार्क से डीएम कार्यालय तक नारेबाजी करते हुए मार्च किया। इसके बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका गया।कांग्रेस ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त को पद से हटाने और कथित वोट चोरी के मामले में एफआईआर दर्ज कराने की मांग की। जिलाध्यक्ष सुनील राम ने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की बुनियाद है और पात्र मतदाताओं के नाम हटाना गंभीर मामला है। प्रदर्शन में पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह, शहर अध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा, पूर्व विधायक अमिताभ अनिल दुबे, पशुपतिनाथ राय, एआईसीसी सदस्य रविकांत राय समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

रामलीला, दुर्गा पूजा को लेकर पीस कमेटी की बैठक

बिरनो, गाजीपुर। क्षेत्र में रामलीला और दुर्गा पूजा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए बुधवार को बिरनो थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसपी ग्रामीण ने की। इस दौरान बिरनो थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार प्रजापति ने पूजा समितियों के पदाधिकारियों और क्षेत्रीय लोगों से आपसी सौहार्द, भाईचारा और शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि रामलीला और दुर्गा पूजा का पर्व आपसी प्रेम और सद्भाव के साथ मनाया जाए। किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने पूजा समितियों से निर्धारित नियमों का पालन करने तथा आयोजन के दौरान किसी भी समस्या की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की।



गाजीपुर के नए एसपी होंगे विनय कुमार सिंह



गाजीपुर। जिले में पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल हुआ है। शासन ने बुधवार दोपहर आईपीएस अधिकारियों के तबादले की सूची जारी करते हुए गाजीपुर के पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा का स्थानांतरण कर दिया है। उन्हें अब बलिया का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। वहीं जालौन के पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह को गाजीपुर की नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। नए पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह वर्ष 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार उनका मूल निवास अंबेडकरनगर है। उन्होंने एक जून 1999 को पुलिस सेवा ज्वाइन की थी और पुलिस विभाग में लंबे समय तक विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं। उन्होंने इतिहास विषय से एमए की पढ़ाई की है। गाजीपुर आने से पहले विनय कुमार सिंह जालौन के पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात थे। मार्च 2026 में उन्हें जालौन की कमान सौंपी गई थी। इससे पूर्व वह लखनऊ में एटीएस के एसपी पद पर भी जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। जालौन में तैनाती के दौरान उन्होंने कानून-व्यवस्था को मजबूत करने, अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और आमजन में सुरक्षा की भावना बढ़ाने को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल किया था। विनय कुमार सिंह के सामने जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ अपराध नियंत्रण और पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने की चुनौती होगी।

मारपीट का लगाया आरोप

कासिमाबाद, गाजीपुर। कोतवाली क्षेत्र के शिवरा मोड़ बहादुरगंज निवासी फूलमती देवी ने पुलिस को तहरीर देकर कुछ लोगों पर घर में घुसकर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। तहरीर के अनुसार छह अक्टूबर को महिला घर पर बैठी थी। इसी दौरान दिनेश, गुलशन कुमार (25), रितिक कुमार (19), विक्की कुमार (20) सहित अन्य लोग घर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने महिला से मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर उसका बेटा हरिनंद कुमार पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट की गई।

पैमाइश के दौरान विवाद, उपनिरीक्षक को पीटा

कठवामोड़, गाजीपुर। नोनहरा थाना क्षेत्र के चकमरोरा गांव में बुधवार शाम जमीन की पैमाइश के दौरान विवाद हो गया। आरोप है कि ग्रामीणों ने उपनिरीक्षक रामानंद सिंह के साथ मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, मोहम्मदाबाद तहसीलदार और उपनिरीक्षक रामानंद सिंह पुलिसकर्मियों के साथ गांव में जमीन की पैमाइश कराने पहुंचे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और कुछ दबंग ग्रामीण उपनिरीक्षक के साथ मारपीट शुरू कर दी। बताया गया कि गांव निवासी शोभित राम ने अपनी जमीन नेवासा निवासी सुदामा राम और उनके भाई को बेची थी। सुदामा राम के छोटे भाई की मृत्यु के बाद जमीन उनकी पत्नी के नाम हो गई थी। बाद में पत्नी ने जमीन किसी अन्य व्यक्ति को बेच दी थी। इसी जमीन पर कब्जा दिलाने के लिए पैमाइश कराई जा रही थी, जिसे लेकर विवाद शुरू हुआ। घटना की सूचना मिलते ही नोनहरा थानाध्यक्ष विवेक कुमार पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गए थे। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। समाचार लिखे जाने तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई थी।

१.३ करोड़ की हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

गाजीपुर। अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस को बुधवार को बड़ी सफलता मिली। पुलिस टीम ने सेमरा हाईवे स्थित एनएच-31 के बस स्टैंड के पास चेकिंग के दौरान 534 ग्राम अवैध हेरोइन के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। बरामद हेरोइन की अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ तीन लाख 40 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह, उपनिरीक्षक शिवाकान्त मिश्रा और उपनिरीक्षक विवेक कुमार पाठक हमराहियों के साथ क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर सेमरा हाईवे बस स्टैंड के पास घेराबंदी कर बाइक सवार दो युवकों को पकड़ा गया।

सर्पदंश से किशोर की मौत पर शोक

सेवराई (गाजीपुर)। तहसील क्षेत्र के गहमर गांव निवासी एक किशोर की सर्पदंश से मौत के बाद बसपा नेता परवेज खान बुधवार को मृतक के घर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली, दुख प्रकट किया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। जानकारी के अनुसार सेवराई तहसील क्षेत्र के गहमर के पट्टी मैगर राय निवासी 16 वर्षीय निकेश कुमार को मंगलवार की भोर करीब 3 बजे घर में सोते समय एक जहरीले सांप ने डस लिया था। सांप के काटने की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग उसे तुरंत बक्सर सदर अस्पताल ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए पटना रेफर कर दिया। हालांकि परिजन उसे पटना ले जाने के बजाय गाजीपुर सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मुनि आगमन, ताड़का वध और सीताराम मिलन का हुआ भावपूर्ण मंचन

गाजीपुर। अति प्राचीन श्रीरामलीला कमेटी हरिशंकरी के तत्वावधान में श्रीराम चबूतरा पर रामलीला के दूसरे दिन मुनि आगमन, ताड़का वध और सीताराम मिलन की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। पं. राजा भैया आदर्श श्री रामलीला मंडल के कलाकारों ने विभिन्न प्रसंगों को जीवंत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लीला का शुभारंभ श्रीराम सिंहासन पर विराजमान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न की पूजा-अर्चना एवं आरती से हुआ। इसके बाद महर्षि विश्वामित्र के अयोध्या आगमन का प्रसंग मंचित किया गया। ऋषियों के यज्ञ में राक्षसों द्वारा विघ्न डाले जाने पर विश्वामित्र राजा दशरथ से श्रीराम और लक्ष्मण को अपने साथ ले जाने की अनुमति मांगते हैं। पुत्र मोह के कारण दशरथ पहले संकोच करते हैं, लेकिन गुरु वशिष्ठ के समझाने पर दोनों राजकुमारों को विश्वामित्र के साथ भेजने के लिए तैयार हो जाते हैं। इसके बाद श्रीराम-लक्ष्मण विश्वामित्र के साथ वन की ओर प्रस्थान करते हैं, जहां उनका सामना राक्षसी ताड़का से होता है। विश्वामित्र की आज्ञा पाकर श्रीराम ताड़का का वध कर देते हैं। आगे चलकर श्रीराम के चरण स्पर्श से शापित अहिल्या का उद्धार भी मंचित किया गया। इसके बाद लीला जनकपुर पहुंची। धनुष यज्ञ का निमंत्रण मिलने पर विश्वामित्र श्रीराम-लक्ष्मण के साथ जनकपुर पहुंचते हैं। अगले दिन गुरु पूजा के लिए श्रीराम और लक्ष्मण फुलवारी में पुष्प लेने जाते हैं। वहीं माता गौरी की पूजा के लिए सहेलियों के साथ पहुंचीं जनकनंदिनी सीता और श्रीराम का प्रथम मिलन होता है।

मिठाई की दुकान में लगी आग

मोहम्मदाबाद/गाजीपुर। नगर के यूसुफपुर बाजार स्थित प्रसिद्ध सागर स्वीट हाउस में बुधवार तड़के भीषण आग लग गई। इस हादसे में दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार, मिडटाउन मार्केट के नीचे गोपी यादव की दुकान में तड़के 4 बजे अचानक आग लगी। देखते ही देखते आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। दुकान में रखा मिठाई, चाट का सामान, काउंटर समेत अन्य सामग्री जल गई । मंगलवार रात दुकानदार दुकान बंद कर घर चला गया था। सुबह राहगीरों ने दुकान से धुआं निकलते देखा और तत्काल पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया । प्रभारी निरीक्षक विजय प्रताप सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया आग बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगने की आशंका है। मामले की जांच की जा रही है ।

चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

मनिहारी, गाज़ीपुर। पी एम श्री कंपोजिट विद्यालय अकरॉव मनिहारी गाज़ीपुर पर विद्यालय प्रबंध समिति की मासिक बैठक ब्लॉक के यशस्वी खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमान हेमवंत सर की गरिमामई उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में यशस्वी प्रधानमंत्री की थीम मेरे सपनों का भारत पर ब्लॉक में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में पी एम श्री कंपोजिट विद्यालय अकरॉव में अध्ययनरत कक्षा 8 के छात्र पवन कुमार ह्या/श सुभाष बिंद द्वारा तृतीय स्थान प्राप्त करने पर आदरणीय खंड शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा बच्चे का माल्यार्पण, स्टेशनरी, कलर, आर्ट बुक, लंच टिफिन, मेडल तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अंत मे विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री अनिल कुमार कुशवाहा द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया।



छात्र को सम्मानित करने का दृश्य। छाया:आज

सरयू में समाये चार आशियाने, एक दर्जन मकानों पर खतरा

जलस्तर घटते ही तेज हुआ कटान, सामान समेटकर सुरक्षित ठिकाने की तलाश में ग्रामीण



बैरिया (बलिया)। सरयू नदी का जलस्तर घटने के साथ ही सुरेमनपुर दियरांचल में कटान ने एक बार फिर विकराल रूप धारण कर लिया है। गोपालनगर टाड़ी में बुधवार को कटान की चपेट में आने से चार परिवारों के रिहायशी आशियाने देखते ही देखते सरयू नदी में समा गए। इससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। वहीं करीब एक दर्जन और मकानों पर कटान का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीण अपने घरों से सामान निकालकर सुरक्षित स्थानों पर ले जाने में जुटे हैं,लेकिन गांव में फैले कीचड़ के कारण राहत और बचाव का काम भी मुश्किल हो गया है। कटान की चपेट में लालू यादव, राजेंद्र यादव, दिशा यादव और सुरेंद्र यादव के रिहायशी आशियाने नदी में विलीन हो गए। वहीं तिलंगी यादव के आशियाने का करीब आधा हिस्सा कटकर नदी में समा गया, जबकि आधा हिस्सा अभी बचा हुआ है। इसके अलावा रामबाबू यादव, बलिराम यादव, शिवजी यादव, महेश यादव, बाबूराम यादव, गणेश यादव, छोटक पहलवान, हंसराज यादव और अशोक यादव समेत करीब एक दर्जन परिवारों के मकान कटान के मुहाने पर पहुंच गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कटान का थोड़ा भी विस्तार हुआ तो इन मकानों का अस्तित्व भी समाप्त हो जाएगा। आशियाने नदी में समाने के बाद प्रभावित परिवार अपने घरों से जरूरी सामान निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में जुटे हैं। गांव में जगह-जगह कीचड़ होने के कारण सामान निकालने और उसे बाहर ले जाने में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के सामने एक तरफ घर बचाने की चुनौती है तो दूसरी तरफ वर्षों की गृहस्थी को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने की चिंता है। गोपालनगर के बलिराम यादव, अर्जुन यादव, शिवाल मठिया के ओमप्रकाश सिंह व राकेश सिंह तथा वशिष्ठ नगर के अशोक सिंह समेत दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 24 घंटे में करीब 22 फीट चौड़ाई में और लगभग तीन किलोमीटर लंबाई तक उपजाऊ खेत सरयू में समा चुके हैं। ग्रामीणों के अनुसार कटान का क्रम अभी भी जारी है। अधिसिझुआ से लेकर वशिष्ठ नगर तक नदी तेजी से उपजाऊ जमीन को अपने आगोश में ले रही है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि कटान की रफ्तार इसी तरह बनी रही तो जल्द ही नदी की धारा वशिष्ठ नगर और गोपालनगर गांव की आबादी की ओर बढ़ सकती है। इससे दर्जनों परिवारों के सामने विस्थापन का संकट खड़ा हो सकता है। कटान से रिहायशी इलाकों और उपजाऊ जमीन को हो रहे नुकसान के बावजूद स्थानीय प्रशासन,राजस्व विभाग और सिंचाई विभाग का कोई अधिकारी या कर्मचारी बुधवार को स्थलीय निरीक्षण करने नहीं पहुंचा। इससे ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू कराने तथा कटान रोकने के लिए बाढ़ विभाग को आवश्यक निर्देश देने की मांग की है। लोगों का कहना है कि समय रहते कटानरोधी उपाय नहीं किए गए तो आने वाले दिनों में स्थिति और भयावह हो सकती है।

बलिया के पुलिस अधीक्षक होंगे डा.ईरज राजा



बलिया। जिले की कानून-व्यवस्था की कमान अब 2017 बैच के आईपीएस अधिकारी डा. ईरज राजा संभालेंगे। शासन की ओर से किए गए आईपीएस अधिकारियों के तबादले में उन्हें बलिया का नया पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। वह वर्तमान में गाजीपुर के पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात थे। उनके स्थानांतरण के बाद अब बलिया में उनके कार्यभार ग्रहण करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। वहीं बलिया के एसपी रहे ओमवीर सिंह को बस्ती जनपद का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। डा.ईरज राजा २०११ में एमबीबीएस पूरी करने के बाद उनका चयन मेडिकल आफिसर के पद पर हुआ और पहली पोस्टिंग यूपी के बिजनौर जिले में हुआ। वर्ष २०१७ में यूपीएससी को क्रैक करते हुए भारतीय रेलवे यातायात सेवा में उनका चयन हुआ। २०१७ में ही यूपीएससी के चौथे अटेम्प्ट में आईपीएस बने। डा. ईरज राजा को पुलिसिंग के साथ प्रशासनिक अनुभव भी है। गाजीपुर से पहले वह जालौन के पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। गाजीपुर में तैनाती के दौरान उन्होंने थाना स्तर की पुलिसिंग, अपराध नियंत्रण और पुलिस अधिकारियों की कार्यप्रणाली की निगरानी पर जोर दिया। बलिया में नए एसपी के सामने कानून-व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के साथ अपराध नियंत्रण की चुनौती होगी। जिले में लंबित विवेचनाओं का निस्तारण, साइबर अपराध पर अंकुश, यातायात व्यवस्था में सुधार और आम लोगों की शिकायतों के त्वरित समाधान पर भी नए एसपी की प्राथमिकता रहेगी।

खेत में जुताई करने पहुंचे किसान को दबंगों ने रोका, जान से मारने की धमकी

पूर (बलिया)। पकड़ी थाना क्षेत्र के जगदरा गांव में प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में खेत का कब्जा मिलने के अगले ही दिन जुताई करने पहुंचे किसान को दबंगों ने रोक दिया। गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने पकड़ी थाने में तहरीर दी। पुलिस ने अधिकारियों के आदेश और तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जगदरा निवासी शंकर सिंह के अनुसार उनका चक संख्या 1740 है। उन्होंने बताया कि पांच अक्तूबर को एसओसी बलिया, एसडीएम सिकंदरपुर, सीओ चकबंदी सिकंदरपुर, पकड़ी थानाध्यक्ष और पुलिस बल की मौजूदगी में प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान उन्हें उनके चक पर कब्जा दिलाया गया था। आरोप है कि छह अक्तूबर को शंकर सिंह अपने चक की जुताई करा रहे थे। इसी दौरान रमाकांत यादव पुत्र स्व. श्रीराम यादव, आनंद पुत्र स्व. कन्हैया, गोपाल पुत्र स्व. रामाशंकर तथा उनके घर की महिलाओं ने मौके पर पहुंचकर जुताई रोक दी। आरोप है कि विरोध करने पर सभी ने गाली-गलौज की और खेत पर दोबारा आने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित ने पकड़ी थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पकड़ी थाना प्रभारी रंजीत विश्वकर्मा ने बताया कि अधिकारियों के आदेश और प्राप्त तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

नोडल अधिकारी ने किया विकास खंड का निरीक्षण

पूर (बलिया)। आकांक्षी विकास खंड पंदह के नोडल अधिकारी एवं विशेष सचिव पशुधन, उत्तर प्रदेश शासन विवेक कुमार श्रीवास्तव (आईएएस) ने मंगलवार को क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। राज्य युवा कल्याण परिषद के सदस्य संतोष श्रीवास्तव ने चांदपुर से लखनापार तक पंदह रजवाहे की पटरी पर लोक निर्माण विभाग की सड़क तक मार्ग के पुनर्निर्माण, गौरा मदनपुरा व पहराजापुर विद्युत उपकेंद्र से तुर्की-दौलतपुर उपकेंद्र को अलग करने की मांग रखी। ग्राम एकईल में निर्माणाधीन मनरेगा पार्क व स्टेडियम को शीघ्र पूरा कराने तथा पंदह में स्थायी बीडीओ की तैनाती की मांग भी की गई। डंकिनगंज स्थित गौ संरक्षण केंद्र का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

जन्मदिन की दावत से लौट रहे युवक पर हमला, मुकदमा दर्ज

भीमपुरा (बलिया)। थाना भीमपुरा क्षेत्र के सिकंदरापुर गांव में जन्मदिन की दावत से भोजन कर घर लौट रहे एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित राजेश राम पुत्र हिरशचन्द राम ने थाना भीमपुरा में तहरीर देकर कई लोगों पर एकराय होकर रास्ते में घेरकर हमला करने तथा मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित के अनुसार, गांव में एक युवक के जन्मदिन के अवसर पर भोजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। राजेश राम दावत में भोजन करने के बाद अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में आरोपी पक्ष के लोग उसके घर के आसपास मौजूद बताए गए। आरोप है कि पहले से घात लगाए बैठे लोगों ने उसे रोक लिया और उसके साथ विवाद करने लगे। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि देखते ही देखते कई लोग एकजुट हो गए और लाठी-डंडे तथा मुगदर से राजेश राम पर हमला कर दिया। घटना के दौरान मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने बीच-बचाव का प्रयास किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। पुलिस द्वारा एक आरोपी को हिरासत में लिए जाने की बात भी तहरीर में कही गई है। पीड़ित का आरोप है कि घटना के बाद मामले को आपसी सुलह-समझौते के जरिए समाप्त करने का दबाव भी बनाया गया। आरोप है कि आरोपी पक्ष की ओर से उसके भाई के माध्यम से भी सुलह करने के लिए बातचीत की गई। हालांकि पीड़ित ने मामले में कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस से घटना में शामिल सभी लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गुहार लगाई।

मांगों को लेकर व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

बांसडीह (बलिया)। नगर पंचायत सहतवार में स्थित पंच मंदिर के पास कुआं एवं सड़क पर किए गये अतिक्रमण को लेकर मंगलवार को व्यापार मंडल सदस्यों ने एसडीएम बांसडीह पुष्कर मिश्रा को तहसील में पत्रक देकर अतिक्रमण हटाने की मांग किया। व्यापार मंडल अध्यक्ष विद्याशंकर ने एसडीएम को बताया कि नगर पंचायत सहतवार की पंच मंदिर के समीप कुंआ के पानी से ही मंदिर की साफ सफाई तथा उसके समीप लैंप पोस्ट एवं रोड का निर्माण हुआ हैं। उन्होंने बताया है कि अगर खुदाई करा दी जाए तो कुएं का जगत, सड़क एवं लैंप पोस्ट का चबूतरा मिल जाएगा। जहां कुआ का जगत एवं सड़क का निर्माण हुआ करता था। वहां पर गुमटी डालकर अतिक्रमण कर लिया गया है। विद्याशंकर प्रसाद, वेद प्रकाश बिहारी, सभासद दिलीप कुमार गुप्ता, आशीष कुमार गुप्ता, विवेक गुप्ता आदि थे।

राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में किया प्रदर्शन

राहुल को रिहा करने और ज्ञानेश कुमार को गिरफ्तार करने की मांग



बलिया। राहुल गांधी की गिरफ्तारी की खबर मिलते ही बलिया में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नाराजगी फैल गई। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उमाशंकर पाठक के नेतृत्व में मंगलवार रात करीब 9 बजे शहर के चित्तू पांडेय चौराहे पर कांग्रेसियों ने धरना शुरू कर दिया। कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी को रिहा करने और ज्ञानेश कुमार को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष उमाशंकर पाठक ने कहा कि पुलिस ने जननेता राहुल गांधी को गिरफ्तार किया है। कांग्रेस कार्यकर्ता अपने नेता के समर्थन में धरने पर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक राहुल गांधी को रिहा नहीं किया जाता, प्रदर्शन जारी रहेगा। श्री पाठक ने ज्ञानेश कुमार पर वोट चोरी करके विपक्ष को हराने और संविधान को खतरे में डालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के सांसद ज्ञानेश कुमार से मिलने जा रहे थे, तभी पुलिस ने उनके नेता राहुल गांधी को रोक दिया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस दौरान राहुल गांधी की रिहाई और ज्ञानेश कुमार की गिरफ्तारी की मांग को लेकर नारेबाजी की। धरने में मुन्ना उपाध्याय, संतोष चौबे चुन्नू, जैनेन्द्र पाण्डेय मिंटू, सागर सिंह राहुल और मुखिया पाण्डेय समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

भाजपा ने निकाली सेवा ज्योति कलश यात्रा

शहीद चौक तक पहुंचकर हुआ समापन



बलिया। सेवा, समर्पण और राष्ट्रभक्ति के संदेश के साथ बुधवार को गंगा बहुदेशीय सभागार से सेवा ज्योति कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा से पूर्व सभागार में प्रधानमंत्री का संबोधन प्रसारित किया गया, जिसे उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने सुना। प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद सेवा ज्योति कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल हुए। यात्रा निर्धारित मार्गों से होते हुए शहीद चौक पहुंची, जहां कार्यक्रम का समापन किया गया। यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखाई दिया। हाथों में सेवा ज्योति कलश लेकर कार्यकर्ता अनुशासित ढंग से आगे बढ़ते रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य सेवा, सामाजिक दायित्व और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को जन-जन तक पहुंचाना बताया गया। इस अवसर पर भाजपा के जिला प्रभारी प्रेमचंद मिश्रा, जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा, पूर्व सांसद भरत सिंह, विधायक केतकी सिंह, उपेंद्र तिवारी, विनोद शंकर दुबे, विजय बहादुर सिंह, सुनीता श्रीवास्तव, प्रदीप सिंह, नितेश मिश्रा,संजीव सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारियों ने सेवा और सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाने तथा संगठन की गतिविधियों को जनसामान्य तक पहुंचाने का आह्वान किया। शहीद चौक पर यात्रा के समापन के बाद उपस्थित लोगों ने राष्ट्र एवं समाज सेवा के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

बिजली व्यवस्था पर विधायक सख्त, जेई से जवाब-तलब

बेल्थरारोड (बलिया)। अवायां विद्युत उपकेंद्र के निरीक्षण के दौरान मंगलवार को विधायक हंसू राम ने क्षेत्र की बदहाल बिजली व्यवस्था को लेकर विद्युत विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान सोनाडीह फीडर की नई विद्युत लाइन बंद मिलने पर विधायक ने मौके पर मौजूद जेई से जानकारी ली और जवाब-तलब किया। जेई ने बताया कि फॉल्ट की जांच के लिए आवश्यक लोकेटर उपलब्ध नहीं होने के कारण नई लाइन चालू नहीं हो पा रही है। इस पर विधायक ने तत्काल अधीक्षण अभियंता से दूरभाष पर वार्ता कर समस्या से अवगत कराया और आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने को कहा। विधायक ने क्षेत्र में जेई की कमी को लेकर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि विद्युत व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण विभाग में कर्मचारियों की कमी के कारण उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानांतरण के बाद भी संबंधित कर्मचारी को रिलीव नहीं किए जाने के मामले पर भी विधायक ने अधिकारियों से जवाब मांगा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एसडीओ की कार्यप्रणाली पर भी नाराजगी व्यक्त की। विधायक ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि बिजली आपूर्ति में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सोनाडीह फीडर की समस्या को 48 घंटे के भीतर दूर कर लाइन को सुचारु कराने का अल्टीमेटम दिया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के ग्रामीणों को निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलना उनकी प्राथमिकता है।

अवैध पटाखा भंडारण पर छापेमारी, लाखों का माल जब्त

बेल्थरारोड (बलिया)। दीपावली से पहले अवैध रूप से पटाखों के भंडारण और बिक्री के खिलाफ उभांव पुलिस ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की। नवागत प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चौकिया मोड़ स्थित एक गोदाम पर छापेमारी कर भारी मात्रा में पटाखे बरामद किए। बरामद पटाखों की कीमत लाखों रुपये में बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार चौकिया मोड़ निवासी मुकुल पुत्र हीरामन के गोदाम में बड़ी मात्रा में पटाखे रखे होने की सूचना मिली थी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने गोदाम पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की। तलाशी के दौरान विभिन्न प्रकार के पटाखों का बड़ा स्टॉक मिलने पर पुलिस ने उसे अपने कब्जे में ले लिया। बरामद पटाखों को पुलिस ई-रिक्शा के जरिए उभांव थाने ले गई, जहां उन्हें सुरक्षित रखकर आगे की कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस द्वारा गोदाम में पटाखों के भंडारण से संबंधित लाइसेंस और अन्य अभिलेखों की भी जांच की जा रही है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

एक नजर इधर भी

छात्रों की नहीं बनी बात, नौ को रहेगा बलिया बंद

बलिया। छात्रवृत्ति, टैबलेट-मोबाइल और किसानों की कर्जमाफी की मांग को लेकर छात्र नेताओं ने 9 अक्टूबर को बलिया बंद का ऐलान किया है। इसके बाद जिला प्रशासन ने बुधवार दोपहर करीब 12:30 बजे छात्र नेताओं को वार्ता के लिए बुलाया। अपर जिलाधिकारी अनिल कुमार समेत अन्य अधिकारियों ने छात्रों से बातचीत की। घंटों चली वार्ता के बाद भी कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका। वार्ता के दौरान अधिकारियों ने छात्र नेताओं को बताया कि उनकी मांगों को शासन के लिए भेज दिया गया है। किसानों की कर्जमाफी और छात्रवृत्ति से जुड़ा मामला शासन स्तर का बताया गया। वहीं टैबलेट और मोबाइल को लेकर अधिकारियों ने टेंडर प्रक्रिया पूरी होने की जानकारी दी। पूर्वांचल छात्र संघर्ष समिति के संयोजक नागेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि संवाद से ही समस्याओं का समाधान संभव है। इसलिए अधिकारियों के साथ बातचीत जारी रहेगी। साथ ही आंदोलन की तैयारी भी चलती रहेगी।

निरीक्षण में खुली स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल

मनियर (बलिया)। उत्तर प्रदेश शासन के विशेष सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त राम सहाय यादव ने बलिया के दो दिवसीय दौरे के दौरान मंगलवार देर शाम बड़ागांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं में कई कमियां सामने आईं। उन्होंने बाल विकास एवं पोषण से जुड़े सरकारी कार्यक्रमों की जानकारी लेने के साथ कार्यालय, दवा वितरण कक्ष, प्रसव केंद्र और दोनों एंबुलेंस का जायजा लिया। निरीक्षण के बाद विशेष सचिव ने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में व्यवस्थाओं में सुधार की जरूरत है। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनियर के प्रभारी दिग्विजय कुमार को आवश्यक सुधार और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इससे पहले विशेष सचिव ने अहिरौली पांडेय के पंचायत भवन और जिगनी ग्राम पंचायत का भी दौरा किया। निरीक्षण में अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए।

रामगोविंद चौधरी को दी गयी श्रद्धांजलि

बांसडीह (बलिया)। क्षेत्र के सैदपुरा स्थित सैदनाथ मंदिर परिसर में पूर्व नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मंत्री रामगोविंद चौधरी की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन बुधवार को किया गया। लोगों ने उनके चित्र पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उन्हें मजलूमों, गरीब ,कमजोर की आवाज बताया। कहा कि रामगोविंद चौधरी की अंतिम इच्छा थी कि अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनें। कार्यकर्ताओं से कहा गया कि उनकी इस इच्छा को पूरा करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सभा में जिलाध्यक्ष सुनील कुमार मौर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, लाल साहब सिंह, कमलेश सिंह, हरेंद्र सिंह, संकल्प सिंह, सुशांत राज पाठक, रमेश सिंह, लाला मिश्र, चंदन सिंह, रामजी यादव, चंद्रशेखर यादव, प्रभात मौर्य, छोटू यादव, नंदलाल राजभर, बृजेश सिंह, रमाशंकर यादव, अरविंद राजभर, संजय सिंह, चंदन साहनी, रघुनाथ गोंड, विनय गोंड और जनार्दन वर्मा मौजूद रहे। अध्यक्षता ग्राम प्रधान मनोज राजभर व संचालन अनिल यादव ने किया।

विद्यालय में हजारों की चोरी, मुकदमा दर्ज

रसड़ा (बलिया)। क्षेत्र के मंदा स्थित प्राथमिक विद्यालय का खिड़की तोड़ कर हजारों रुपयों के सामानों पर हाथ साफ किया। प्रधानाध्यापक की तहरीर पर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। प्रधानाध्यापक मंजू देवी ने पुलिस को दिए तहरीर में आरोप लगाया कि मेरे आफिस का पूर्वी खिड़की को तोड़ कर सोलर पैनल की दो बैटरी, दो फायर सिलेंडर, पांच थाली कटोरी गिलास के साथ वाईफाई का सिस्टम अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। तहरीर पर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी।

श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

रसड़ा (बलिया)। क्षेत्र के माधोपुर इंडस्ट्रियल एस्टेट में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 86 श्रमिकों ने अपने परिवार के साथ पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर में डॉ. गुफरान, एमओ/इंचार्ज ने अपनी टीम चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के साथ उपस्थित श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जांच के दौरान जरूरतमंद मरीजों को आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया गया। शिविर में कुल 86 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। एडीएम बलिया एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारी बलिया द्वारा आंखों से संबंधित समस्या वाले 20 मरीजों को चश्मे भी वितरण किया गया। वहीं लेबर चौक ऐप के माध्यम से श्रमिकों का पंजीयन कराया गया तथा उन्हें श्रमिकों के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में उपायुक्त उद्योग, नायब तहसीलदार रसड़ा सहित विभिन्न उद्योगों के स्वामी एवं उद्यमी उपस्थित रहे। शिविर के माध्यम से श्रमिकों को स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया गया।

शराब की बढ़ती बिक्री पर उठे सवाल, नशे की गिरफ्त में समाज-डा. विपुलेंद्र

बैरिया (बलिया)। उत्तर प्रदेश में पिछले एक दशक के दौरान शराब की बिक्री में करीब 400 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्रदेश के किसान, युवा और बुजुर्ग



प्रतिवर्ष हजारों करोड़ रुपये की शराब का सेवन कर रहे हैं। यह आंकड़ा प्रदेश के सामाजिक और सांस्कृतिक परिवेश को लेकर गंभीर चिंता पैदा करता है। यह बातें समाजसेवी डॉ. विपुलेंद्र प्रताप सिंह ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं। उन्होंने आबकारी विभाग के आंकड़ों का हवाला देते हुए प्रदेश में बढ़ते शराब कारोबार पर चिंता जताई। डॉ.सिंह ने कहा कि जिस उत्तर प्रदेश की पहचान संतों, महापुरुषों और सांस्कृतिक परंपराओं से रही है, वहां नशे का बढ़ता चलन चिंताजनक है। उन्होंने दावा किया कि पिछले 10 वर्षों में उत्तर प्रदेश में करीब 70 हजार करोड़ रुपये की शराब की खपत हुई है। बलिया जिले में भी शराब बिक्री का कारोबार लगातार बढ़ रहा है। उनके अनुसार,जिले में प्रत्येक माह करीब 130 करोड़ रुपये की शराब बिक्री का लक्ष्य प्राप्त किया जा रहा है, जबकि आगामी वित्तीय वर्ष में इसे बढ़ाकर 200 करोड़ रुपये करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डॉ. सिंह ने बताया कि करीब एक दशक पहले बलिया में शराब की लगभग 45 दुकानें थीं, जो अब बढ़कर करीब 300 हो गई हैं। इनमें लगभग 275 कंपोजिट अंग्रेजी शराब की दुकानें शामिल हैं।

चोरी के लैपटाप के साथ युवक गिरफ्तार

बलिया। गड़वार थाना पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गया लैपटॉप बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार, थाना गड़वार में दर्ज मुकदमा से संबंधित आरोपी उपेन्द्र वर्मा (21) पुत्र नन्द जी वर्मा निवासी थुम्भा उत्तम, थाना गड़वार को डायल 112 की पीआरवी के कर्मचारियों ने थाने में दाखिल किया था। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गया लेनोवो लैपटॉप बरामद किया। इसके बाद उपनिरीक्षक अब्दुल हफीज ने पुलिस टीम के साथ बुधवार को करीब 1:35 बजे आरोपी को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया।

ईंट भट्ठा संचालक ३० नवंबर तक जमा करें विनियमन शुल्क

बलिया। ईंट भट्ठा सत्र 2026-27 के लिए जनपद के सभी ईंट भट्ठा स्वामियों एवं संचालकों को विनियमन शुल्क एकमुश्त जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। अपर जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी खनिज अनिल कुमार ने बताया कि ईंट भट्ठा सत्र 2026-27 अक्टूबर 2026 से शुरू हो चुका है। जनपद में विभिन्न श्रेणी के साधारण एवं जिग-जैग ईंट भट्ठे संचालित हैं। शासन के निर्देशों के अनुसार वर्तमान सत्र का विनियमन शुल्क जमा करने के बाद ही ईंट भट्ठों के लिए खनन कार्य और ईंट की पथाई की जा सकेगी। अपर जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि कोई ईंट भट्ठा स्वामी बिना विनियमन शुल्क जमा किए खनन कार्य करता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि ईंट भट्ठा सत्र 2026-27 का विनियमन शुल्क 30 नवंबर 2026 तक जमा करने पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा। निर्धारित तिथि के बाद जमा की जाने वाली धनराशि पर नियमानुसार ब्याज देना होगा। प्रशासन ने जनपद के सभी ईंट भट्ठा स्वामियों एवं संचालकों से अपील की है कि भट्ठे का संचालन शुरू करने से पहले सभी पुराने बकाये समेत वित्तीय वर्ष 2026-27 का विनियमन शुल्क 30 नवंबर 2026 से पहले एकमुश्त जमा कर दें। निर्धारित समयसीमा में शुल्क जमा नहीं करने की स्थिति में संबंधित ईंट भट्ठा स्वामी/संचालक के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

दुर्गा पूजा, दशहरा को लेकर पुलिस ने की बैठक

सिकंदरपुर (बलिया)। दुर्गा पूजा और दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए बुधवार को कस्बा चौकी परिसर में पुलिस और प्रशासन की ओर से बैठक आयोजित की गई। इसमें दुर्गा पूजा समितियों, रामलीला कमेटियों के पदाधिकारियों के साथ ही क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक शामिल हुए। अधिकारियों ने सभी से पर्व के दौरान आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। बैठक में उपजिलाधिकारी सिकंदरपुर प्रवीण यादव, क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार सिंह, तहसीलदार अमित कुमार सिंह और प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर सिंह ने पूजा समितियों एवं रामलीला कमेटियों के पदाधिकारियों से तैयारियों की जानकारी ली। अधिकारियों ने कहा कि दुर्गा पूजा और दशहरा आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं। बैठक में अध्यक्ष प्रतिनिधि संजय जायसवाल, बैजनाथ पांडेय, प्रयाग चौहान, लड्डन भाई, भोलू पांडेय, संजय शर्मा, जितेश वर्मा, भीष्म यादव, फैजी अंसारी, खुर्शीद भाई, अशोक जायसवाल, राकेश सिंह, राकेश यादव, भोला गुप्ता आदि मौजूद रहे।

मरम्मत के अभाव में सड़क की हालत बदहाल

समरथपाह से दुधैला व अघइला जाने वाला मार्ग जर्जर



हल्दी (बलिया)। विकासखंड बेलहरी के समरथपाह से दुधैला व अघइला जाने वाला मार्ग करीब 10 वर्ष पहले पिच किया गया था। देखरेख और मरम्मत के अभाव में वर्तमान में सड़क की हालत बदहाल हो गई है। मार्ग पर जगह-जगह सैकड़ों गड्ढे बन गए हैं। बारिश के पानी और जलजमाव के कारण सड़क की गिट्टियां जमीन में धंस गई हैं, जिससे आवागमन में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दिनों में पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। यह मार्ग क्षेत्र के बिगहीं, सोनवानी, समरथपाह, अघैला, दुधैला, पियरौटा समेत आसपास के गांवों के लोगों के लिए महत्वपूर्ण है। सड़क की स्थिति खराब होने से राहगीरों, बाइक सवारों और किसानों को आवागमन में दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से सड़क की मरम्मत नहीं होने के कारण समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने सड़क की बदहाल स्थिति से लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों को अवगत कराया है। साथ ही मार्ग के चौड़ीकरण और गुणवत्तापूर्ण ढंग से मरम्मत कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग का चौड़ीकरण होने से कई गांवों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और दुर्घटनाओं की आशंका भी कम होगी। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों और उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जल्द सड़क की मरम्मत और चौड़ीकरण कराने की मांग की है।

मांगों को लेकर लखनऊ रवाना हुईं आशा संगिनियां

मनियर (बलिया)। मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर मनियर की आशा संगिनियों ने आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचीं आशा संगिनियों ने चिकित्साधिकारी को मांगों से संबंधित पत्रक सौंपा। इसके बाद वे अपनी मांगों को शासन तक पहुंचाने के लिए लखनऊ रवाना हो गईं। आशा संगिनियों का कहना है कि वर्तमान में उन्हें प्रतिमाह महज दो हजार रुपये मानदेय मिलता है। इतनी कम राशि में परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा है। बच्चों की पढ़ाई, कपड़े, स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों और आने-जाने का खर्च भी इसी मानदेय से उठाना पड़ता है। संगिनियों ने कहा कि वे लंबे समय से सीमित मानदेय में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही हैं, लेकिन आर्थिक परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने मानदेय में सम्मानजनक बढ़ोतरी की मांग की है।

पाक्सो एक्ट के दोषी किशोर अपचारी को २५ वर्ष की सजा

बलिया। फेफना थाना क्षेत्र में नाबालिग को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगाने और यौन उत्पीड़न के मामले में विशेष न्यायालय पॉक्सो कोर्ट संख्या-8 के न्यायाधीश प्रथम कान्त ने दोषी किशोर अपचारी को 25 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने पॉक्सो एक्ट की धारा-6 के तहत 20 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। न्यायालय ने भादंवि की धारा-363 में पांच वर्ष के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड तथा धारा-366 में सात वर्ष के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा नहीं करने पर क्रमशः तीन माह और छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। हालांकि, सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अदालत ने आदेश दिया कि अन्वेषण, जांच और विचारण के दौरान किशोर ने अभिरक्षा में जो अवधि बिताई है, उसे सजा की अवधि में समायोजित किया जाएगा। साथ ही स्पेशल होम गाजीपुर के अधीक्षक को निर्देश दिया कि किशोर के 21 वर्ष की आयु पूरी करने तक उसके अध्ययन के साथ शारीरिक और मानसिक विकास की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। 21 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद शेष सजा भुगतने के लिए उसे जिला कारागार भेजा जाएगा। न्यायालय ने किशोर न्याय अधिनियम की धारा-20 के तहत परिवीक्षा अधिकारी के माध्यम से किशोर की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। दंडादेश को बिना विलंब लागू करने का आदेश छह अक्तूबर 2026 को पारित किया गया।

ढाई हजार करोड़ की कस्टम ड्यूटी की चोरी में कारोबारी गिरफ्तार

ढाई हजार करोड़ रुपये की कथित सीमा शुल्क चोरी के मामले में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने सिगरा से एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। सिगरा थाना क्षेत्र के महमूरगंज निवासी संजय गुप्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। अदालत ने उसे पश्चिम बंगाल के उत्तर २४ परगना जिले की सक्षम अदालत में पेश करने के लिए दो दिन का ट्रांजिट रिमांड मंजूर किया है। डीआरआई की जांच के अनुसार, आरोपी और उसके सहयोगियों ने कथित तौर पर डमी फर्मों के माध्यम से इंडोनेशिया और थाईलैंड से करीब ३१७० मीट्रिक टन सुपारी का आयात किया। इस आयात में करीब २१८ करोड़ रुपये की प्रत्यक्ष सीमा शुल्क चोरी का मामला सामने आने की बात कही गयी है। जांच आगे बढ़ने पर पूरे कथित सिंडिकेट से जुड़ी ढाई हजार करोड़ रुपये से अधिक की सीमा शुल्क चोरी का खुलासा होने का दावा किया गया है।

बांग्लादेश का माल बताकर ली गयी कथित छूट

जांच एजेंसी के अनुसार, नेटवर्क में शामिल आयातकों, कस्टम ब्रोकरों और अन्य सहयोगियों द्वारा इंडोनेशिया और थाईलैंड से आने वाली सुपारी को बांग्लादेश से आयातित बताने का तरीका अपनाया जाता था। आरोप है कि इसके जरिए अनुचित सीमा शुल्क छूट हासिल की गयी, जबकि माल पर १०० प्रतिशत सीमा शुल्क देय था। जांच में संजय गुप्त के साथ दिनेश कुमार और अन्य लोगों की भूमिका सामने आने की बात भी कही गयी है। आरोप है कि संजय गुप्त ने सीमा शुल्क अधिकारियों से सुपारी का वास्तविक मूल्य छिपाया। काररवाई की भनक लगने के बाद मोबाइल फोन से कथित तौर पर महत्वपूर्ण चैट और दस्तावेज हटाने का आरोप भी है।

दो दिन का ट्रांजिट रिमांड

गिरफ्तारी के बाद डीआरआई ने आरोपी को विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट कृष्ण कुमार की अदालत में पेश किया। अभियोजन पक्ष की ओर से श्याम सरोज दुबे समेत अन्य अधिकारियों ने आरोपी को पश्चिम बंगाल के उत्तर २४ परगना जिले के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करने के लिए ट्रांजिट रिमांड की मांग की। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने रिमांड मंजूर करते हुए आरोपी को दो दिनों के भीतर सक्षम न्यायालय में पेश करने का निर्देश दिया। मामले में डीआरआई की जांच जारी है। एजेंसी आयात, कस्टम दस्तावेजों, माल के वास्तविक स्रोत और कथित सिंडिकेट से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की पड़ताल कर रही है।

महिला और उसकी बेटी से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपी युवक गिरफ्तार

भेलूपुर पुलिस ने महिला और उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़, अश्लील टिप्पणी और दुष्कर्म के प्रयास के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपी बीडीए कॉलोनी बड़ी गैबी निवासी गौतम कुमार श्रीवास्तव है। उसे मंगलवार की रात नौ बजे बीडीए कॉलोनी बड़ी गैबी के पास से गिरफ्तार किया गया। इस मामले में भेलूपुर थाने में मुकदमा दर्ज है। इसमें भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के साथ पॉक्सो अधिनियम की धाराएं भी लगायी गयी हैं।

तार की चपेट में आने से किसान की मौत:-पिंडरा। सिंधोरा थाना क्षेत्र के चितौरा गांव में बुधवार शाम खेत में टूटकर गिरे विद्युत तार की चपेट में आने से किसान सुबाष यादव (४२ वर्ष) की मौत हो गयी। हादसे की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल रहा और सूचना मिलते ही वह बेहोश हो गयी। बताया जाता है कि सुबाष यादव बुधवार सुबह धान की फसल देखने के लिए घर से खेत गये थे। शाम तक घर नहीं लौटे तो स्वजन चिंतित हो गये और उनकी तलाश शुरू की। करीब सात बजे खेत में उनका शव पड़ा मिला।

FOR SALE

Rain soaked Prism Cement 1289 Bages are for sale in BALLIA Buyer may contact within three days. K.K.Asrani,124/A211, Govind Nagar, Kanpur Mob. 9415044901,7007968373 Email.kk_asrani@yahoo.com

---

पूर्व मध्य रेल

ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेल, पंडित दीन दयाल उपध्याय मंडल द्वारा सासाराम रेलवे स्टेशन पर आधुनिक सुविधाओं, मल्टीपर्पज स्टॉल और टूरिस्ट कियोस्क जैसी सुविधाओं के साथ एसी वेटिंग हॉल का उन्नयन, रखरखाव और संचालन हेतु ई-नीलामी आमंत्रित किया जाता है। विस्तृत विवरण निम्न है।

कार्य का नाम, स्थान एवं पूर्ण अवधि : AA/1, सासाराम रेलवे स्टेशन पर 05 साल के लिए आधुनिक सुविधाओं, मल्टीपर्पज स्टॉल और टूरिस्ट कियोस्क जैसी सुविधाओं के साथ एसी वेटिंग हॉल का उन्नयन, रखरखाव और संचालन। ई-नीलामी कैटेलॉग संख्या : COM-AC-WAIT-SSM. ई-नीलामी लॉट संख्या : PnU-DDU-SSM-WRL-25-26-1, ई-नीलामी की तिथि एवं समय : ई-नीलामी दिनांक 15.10.2026 को 12:00 बजे शुरू होगी और 12.30 बजे बंद होगी। वेबसाइट का पता जहाँ ई-नीलामी का पूर्ण विवरण उपलब्ध है : www.ireps.gov.in (E-auction Leasing).

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/ पूमरे/पं. दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/1072/डीडीयू/वा/ईएनएन/26-27/32

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी०)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु **आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से** "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। कार्य का नाम : आर.डी.एस.ओ. स्पेसिफिकेशन जून/2016 (अद्यतन शुद्धि पर्ची के साथ) के अनुसार, प्राइवेट खदान से मशीन से टूटी 65 एम.एम आकार की पत्थर गिट्टी का निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे के माधोसिंह रेलवे स्टेशन स्थित बैलास्ट डम्प में आपूर्ति (लाइन नं० 7 के बगल वार्फ, एमएसजीएस साइडिंग) (कुल 50,000 घनमी०)। ई-निविदा सूचना सं०: एनईआर- बीएसबी-2026-142, अनुमानित लागत (₹) : 9,75,13,500/-, अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी) (₹) : 19,50,300/-, निविदा बन्द होने की तिथि : 30.10.2026, स्वीकृति पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 06 माह।

कार्य का नाम : पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मण्डल, में स्टेशन यार्ड, रेलवे कॉलोनी तथा ओपेन लाइन सेक्शन के रेलवे भूमि प्लान का म्यूटेशन अपलोड करना, रिकन्सलिंग एवं कंप्यूटरीकरण करना। ई-निविदा सूचना सं०: एनईआर- बीएसबी-2026-144, अनुमानित लागत (₹) : 1,86,29,307/-, अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी) (₹) : 3,72,600/-, निविदा बन्द होने की तिथि : 30.10.2026, स्वीकृति पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 05 माह।

● निविदा सूचना संख्या एनईआर- बीएसबी-2026-142 तथा एनईआर- बीएसबी-2026-144 दिनांक 30.10.2026 को 11.30 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगें। ● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। ● यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक/(इन्जी०), वाराणसी

मुजाधि/डब्ल्यू- 370

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रभावती देवी पत्नी स्व. रामधारी विश्वकर्मा ग्राम कोईलीपुर परगना कसवराजा तहसील व जिला वाराणसी की मूल निवासिनी है हम प्रार्थिनी दिनांक 15.05.2009 ई. में विक्रेता अमरावती देवी पत्नी राममुरत विश्वकर्मा से आ. नं. 362 रकबा 0.113 1/2 हे. भूमि स्थित मौजा रसूलपुर नागना कोलसला तहसील पिंडरा वाराणसी का बैनामा कराया था मैं प्रार्थिनी असल दस्तावेज का फोटो कॉपी कराने हेतु दिनांक 01.08.2026 को राजातालाब बाजार में घर से जा रहा था रास्ते में सारा दस्तावेज कही गिर गया काफी तलाशने के बावजूद नहीं मिला। यदि कोई व्यक्ति अथवा संस्था उक्त प्लॉट पर अपना दावा पेश करता है तो 15 दिवस के अन्दर मुझे सूचित करें। अगर 15 दिवस के अन्दर कोई व्यक्ति अथवा संस्था की कोई सूचना प्राप्त न होने की स्थिती मे पक्षवार प्रभावती देवी यह उपधारणा करेंगी कि प्रस्तावित बन्धक दस्तावेजसभी प्रकार से भार मुक्त है।

प्रभावती देवी मो. नं. 8009181860

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि धरमा देवी पत्नी कंचन पटेल निवासी ग्राम रसूलपुर, पनगना कोलसला, तहसील पिंडरा, जिला वाराणसी, थाना फूलपुर की मूल निवासिनी है। प्रार्थिनी का एक मूल बैनामा पत्र जिसका विवरण निम्नवत है: मौजा रसूलपुर, परगना कोलसला, तहसील पिंडरा, अराजी नं. 362, बही संख्या 1, खंड संख्या 570, पृष्ठ संख्या 205 से 232, दस्तावेज संख्या 2197 दिनांक 14.09.2006 है। दिनांक 21.09.2026 को समय लगभग शाम 05:00 बजे प्रार्थिनी अपने घर ग्राम रसूलपुर से कुआर बाजार फोटोकॉपी कराने जा रही थी। रास्ते में उक्त मूल बैनामा कागजात कही गिर गुम हो गया। काफी खोजबीन व तलाश करने के बाद भी दस्तावेज का कोई पता नहीं चल सका। यदि कोई व्यक्ति अथवा संस्था उक्त प्लॉट पर अपना दावा पेश करता है तो 15 दिवस के अन्दर मुझे सूचित करें। अगर 15 दिवस के अन्दर कोई व्यक्ति अथवा संस्था की कोई सूचना प्राप्त न होने की स्थिती मे पक्षवार धरमा देवी यह उपधारणा करेंगी कि प्रस्तावित बन्धक दस्तावेज सभी प्रकार से भार मुक्त है।

धरमा देवी मो. 8009101860

कार्यालय : ग्राम पंचायत, सियाड़ी विकास खण्ड भाँवरकोल, गाजीपुर

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 में जी राम जी/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/पी.जी.आई.एफ/स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ शौचालय, आंगनवाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराए जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। निविदा खुलने की तिथि 12 अक्टूबर 2026, समय 02:00 बजे अपराह्न, स्थान ग्राम पंचायत भवन पर निर्धारित है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है

1. ईंट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. सीमेन्ट प्रति बैग, 3. महीन बालू सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एम.एम. से 53 एम.एम. (अलग-अलग) प्रति घन मीटर, 5. सरिया प्रति कुन्टल, 6.- एस्वेटससीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुन्तल/प्रतिनग, 7 ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एम.एम.पी. 3 प्रतिनग, 8. सोलर लाइट प्रतिनग, 9 इंटरलाकिंग ईट 200 गुणे, 160 गुणे, 80 एम.एम. प्रति हजार, 10. पटिया जी आई पाइप पी. बी.सी. पाइप साकेत-प्रतिनग, 11. मोटा बालू प्रतिघन मीटर, 12. ईट गिट्टी 20 एम.एम./40एम.एम. प्रतिघन मी., 13. हैण्डपम्प सामग्री इंडिया मार्का॥ हैण्डपम्प मरम्मत प्रतिनग, 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रतिनग, 15. चूना ब्लिचिंग पाउडर पेन्ट डिस्टेम्पर प्रति कि.ग्रा. / प्रतिबन्ध एवं शर्ते ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

राजकुमार यादव सचिव मो.-9455556235

अजय कुमार मिश्रा सहायक विकास अधिकारी

न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन VIII ब-मोकाम-भभुआ कैमूर

स्वत्व वाद संख्या 622 सन् 2025

दीनानाथ सिंह......................मुदई

बनाम

सुनील कुमार सिंह उर्फ शेरू सिंह ... .मुदालयगण

गजट प्रारूप

गजट बनाम- 1. जैतुन बेगम पति-गुलाम अली सा. मौजा-डिग्घी, पोस्ट-बसीला, थाना-चन्दौली जिला चंदौली (उ.प्र.)। 2. मुर्रा कोहार पिता स्व. गिरजा कोहार सा. मौजा खखड़ा पोस्ट खखड़ा थाना सहाबगंज जिला चन्दौली उ.प्र.।..**मुदालहम**

चूँ बजरिये गजट आपलोगों को आगाह किया जाता है कि प्रस्तुत वाद के मुदईयान ने आपलोगों के विरूद्ध मोकदमा दाखिल किए हैं वो आप लोग सम्मन नोटिस दाखिल करने के बावजूद भी हाजिर नही हो रहे हैं वो आपलोगों को कोई उजूर एतराज है तो स्वयं या किसी अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-29.10.2026 को समय 10.30 बजे मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा आपलोगों के विरूद्ध एकपक्षीय कारवाई की जाएगी।

इसे शख्त ताकीद जाने आज दिनांक 15. 9.26 को मेरे हस्ताक्षर वो न्यायालय के मुहर से जारी हुआ।

न्यायालय सिविल जज सीनियर डिवीजन VIII भभुआ कैमूर

समन बिनावर इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायद 1 व 5)

नम्बर मुकदमा नि.सं. 0812/2024

जिला मीरजापुर

बअदालत उपसंचालक चकबन्दी मीरजापुर

विन्ध्यवासिनी

बनाम

कृष्णचन्द्र

विपक्षी 1. कृष्णचन्द्र पुत्र स्व. सीताराम नि ग्रा. बनदेईया (पटेवर) तह. मड़िहान जिला मीरजापुर

तारीख पेशी 27.10.2026

हरगाह मै आपके नाम नालिश के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 27 माह 10 सन् 2026 बवक्त बजे दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमें के हालात से वाकई वाकिफ किया गया हो और उमूरानबरून मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सकें या जिसके साथ और कोई सख्त हो जो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताइव अपना जवाबदेही के इस्तेमाल करना चाहते हो। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके समसूअ और होगा सख्स मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 11 माह 10 सन् 2026 ई. जारी किया।

मुहर अदालत जज

सम्मन बगरज इन्फिसाल मुकदमा

न्यायालय उपजिलाधिकारी सेवराई, गाजीपुर

मु.न. T202614290706395

धारा 21/24 उ.प्र. रा. सं.

अर्जुन बनाम चकमार्ग

बनाम- पियूष सिंह पुत्र भगवान सिंह निवासी गहमर, तहसील सेवराई, जिला गाजीपुर।

हाजिर हो कि मुद्दई ने एक दावा हस्ब दफा दाखिल किया गया है। जिसमें तारीख 9 माह 10 सन 26 ई. मुकर्रर है। इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप खुद या अपने वकील द्वारा तारीख पर हाजिर होकर जवाब देही दावा की करें। वरना मुकदमा आपके खिलाफ एक तरफा समाप्त होगी।

न्यायालय उपजिलाधिकारी सेवराई, गाजीपुर

सम्मन बगरज इन्फिसाल मुकदमा

न्यायालय उपजिलाधिकारी सेवराई गाजीपुर

मु.नं. T202614290706392

धारा 21/24 उ.प्र. रा. सं.

जितेंद्र बनाम अजय अशोक आदि

मौजा पथरा, तहसील सेवराई, जिला गाजीपुर बनाम-मीना सिंह पत्नी भगवान सिंह निवासी गहमर, तहसील सेवराई, जिला गाजीपुर।

हाजिर हो कि मुद्दई ने एक दावा हस्ब दफा दाखिल किया गया है। जिसमें तारीख 9 माह 10 सन 26 ई. मुकर्रर है। इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप खुद या अपने वकील द्वारा तारीख पर हाजिर होकर जवाब देही दावा की करें। वरना मुकदमा आपके खिलाफ एक तरफा समाप्त होगी।

न्यायालय उपजिलाधिकारी सेवराई, गाजीपुर

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मरदह, गाजीपुर

पत्रांक- 1073/ई-निविदा/2026-27 दिनांक-07.10.2026

ई-निविदा सूचना

क्षेत्र पंचायत मरदह, गाजीपुर द्वारा क्षेत्र योजनान्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो का ई-निविदा प्राप्त करने हेतु वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। जिसे वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 08.10.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे से दिनांक 15.10.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक देखी व पढ़ी जा सकती है तथा ई-निविदा दिनांक 15.10.2026 को अपरान्ह 03.00 बजे खोली जायेगी।

खण्ड विकास अधिकारी

विकास खण्ड मरदह, गाजीपुर

कार्यालय नगर पंचायत सादात, गाजीपुर

पत्रांक- 412/नामा० /बै० /न०पं०सादात /2026-27 दिनांक- 05-10-26

-:: सार्वजनिक सूचना:-

सभी सम्बन्धित एवं एतद्वारा को सूचित किया जाता है, कि नगर पंचायत सादात, जनपद-गाजीपुर के नगरीय सीमान्तर्गत भवनों / भूमि पर बैनामा / नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है, जिसके विरूद्ध अगर कोई आपत्ति हो तो समाचार प्रकाशन के 30 दिवस के अन्दर अपना लिखित आवेदन / आपत्ति पत्र साक्ष्य के साथ नगर पंचायत सादात, गाजीपुर कार्यालय में उपलब्ध करा दें, अन्यथा वाद मियाद प्राप्त आवेदन पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा और साक्ष्यों के आधार पर बैनामा / नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक /गृहकर में दर्ज होने वाले व्यक्तियों का नाम	आराजी नं.	मोहल्ला/ वार्ड नं.	नामान्तरण का प्रकार	खारिज होने वाले व्यक्ति का नाम
1	देवधारी राम पुत्र स्व0 दौलत	750	वार्ड नं0-1 अम्बेडकर नगर	बैनामा/ नामान्तरण	प्यारे उर्फ प्यारेलाल पुत्र रामधारी राम

अधिशासी अधिकारी

नगर पंचायत सादात गाजीपुर

कार्यालय:- जिला कार्यालय, यू०पी० कोआपरेटिव फेडरेशन लि0, बलिया।

ई-निविदा सूचना

जनपद बलिया में खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 एवं आगामी रबी विपणन वर्ष 2027-28 अर्न्तगत धान/गेहूं के हैण्डलिंग कार्य हेतु पीसीएफ में पंजीकृत/अपंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 14.10.2026 को अपराह्न 01.00 बजे तक ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा से सम्बन्धित जानकारी https://etender.up.nic.in वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला प्रबन्धक पीसीएफ बलिया के मो0न0 8765984701 पर सम्पर्क किया जा सकता हैं।

(अजीत सिंह)

जिला प्रबन्धक पी.सी.एफ., बलिया।

पत्रांक-पी.सी.एफ./जि.का./प्रा.सं./2026-27/1061 दिनांक-07.10.2026

कार्यालय उप निदेशक (वि/यां) राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ.प्र.

नवीन मण्डी स्थल, पहड़िया, मीरजापुर

पत्रांक: वि०/ यॉ०/वारा/निविदा/2026 - 14-99 दिनांक 07.10. 2026

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

कार्यालय पत्रांक: 1454 दिनांक 20.08.2026 पत्रांक 1470 दिनांक 15.09. 2026 एवं शुद्धि पत्र संख्या-- 1489 दिनांक 26.09. 2026 के माध्यम से विद्युत / यांत्रिक कार्यों हेतु क्रमश: दिनांक 11.09.2026. दिनांक 30.09.2026 एवं दिनांक 06.10.2026 को ई-निविदायें आमंत्रित की गयी थी। उक्त तिथि को मण्डी स्थल गोठा/दोहरीघाट), मुंगराबादशाहपुर मऊ (कोपागंज) एवं वाराणसी में कोई भी निविदाएँ प्राप्त न होने के कारण इन कार्यों की निविदाएँ वित्तीय रूप से सुदृढ़ एवं मण्डी परिषद में पंजीकृत ठेकेदारों / सरकारी विभाग PWD, RED UPRNN एवं UPPCL में पंजीकृत फर्म / ठेकेदारों से Two Bid System के माध्यम से ! पुन: दिनांक 16.10.2026 को अपराहन 12:30 बजे आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 15.102026 की अपराह्न 05:00 बजे तक डाउनलोड करते हुए अपलोड किए जा सकते है, शेष नियम व शर्ते पूर्ववत रहेंगी।

Gontha (Doharighat) Tender ID)-2026-RKUMP 1178432-13

MungrabadShahpur Tender ID 2026 RKUMP 11784-32-14-

Mau(kopaganj), Tender ID - 2026 RKUMP 11784-32-15

Varanasi Tender ID- 2026 RKUMP 1178432-16

उपनिदेशक निर्माण / (वि./यॉ.)

मण्डी परिषद, वाराणसी

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता

मीरजापुर वृत्त, लोक निर्माण विभाग, मीरजापुर

पत्रांक:- 4503/ 53एम-मी.वृत्त/ 2026 दिनांक:- 30.09.2026

अल्पकालीन राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मिक बिडिंग

(ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना)

1. महामहिम राज्यपाल उ.प्र. की ओर से अधीक्षण अभियन्ता मीरजापुर वृत्त, लो.नि.वि., मीरजापुर नीचे अंकित तालिका के अनुसार निर्माण कार्य हेतु उ.प्र. लोक निर्माण विभाग के मार्ग कार्य हेतु पंजीकरण श्रेणी "ए" के ठेकेदारों से ऑनलाईन आईटम/ रेट के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि ऑनलाईन निविदा डालने से पूर्व निविदा से सम्बन्धित आई.टी.बी. के संसाधनों अनुबन्ध की शर्तें अनुबन्ध डाटा प्रपत्र तकनीकी विशिष्टिया बिल ऑफ क्वांटिटी इत्यादि के सम्बन्धित निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढ़ लें।

क्र. सं.	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	अनुरक्षण लागत	कुल लागत	धरोहर धनराशि (रु. लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी प्रभार	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्यकारी अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	ठेकेदार का पंजीयन श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
वित्तीय वर्ष 2026-27 धर्मार्थ योजनान्तर्गत चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार)												
1	सोनभद्र	दुद्धी-मल्देवा लवकुश मंदिर होते हुए रीवाँ रॉची (एन.एच.-39) मार्ग तक का चौड़ीकरण का कार्य (05 वर्ष अनुरक्षण सहित)	950.00	24.00	974.0	19.48	निविदा मूल्य 300.00+ 2000.00 स्टेशनरी चार्ज+ जी.एस.टी. आनलाईन भुगतान कुल रू. 2720.00मात्र।	09 माह	निर्माण खण्ड लो.नि.वि. सोनभद्र	मीरजापुर वृत्त, लो.नि.वि मीरजापुर	मुख्य अभियन्ता मीरजापुर क्षेत्र, लो.नि.वि. मीरजापुर	A

2. कार्य पूर्ण करने की समयावधि कालम सं.-9 के अनुसार होगी।
3. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से 120 दिवस होगी।
4. निविदा प्रस्तुत करने के पश्चात् वापस नही ली जा सकती।
5. ई-निविदा सूचना एवं बिड डाक्यूमेन्ट (एस.बी.डी.) आन लाईन दिनांक:- 09.10.2026 से 30.10.2026 12.00 बजे अपरान्ह तक ई-टेण्डरिंग पोर्टल (http://e-tender.up.nic.in) पर उपलब्ध है जो आनलाइन (http://e-tender.up.nic.in) पर ही सबमिट किया जायेगा।
7. यदि कोई शुद्धि पत्र (Corrigendum) बाद में प्रकाशित होता है तो इसकी पूर्ण जानकारी केवल ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर ही सार्वजनिक की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

नोट:- ई-निविदा की समस्त शर्ते ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो.नि.वि. सोनभद्र

अधीक्षण अभियन्ता मीरजापुर वृत्त, लो.नि.वि. मीरजापुर

उ.प्र.:- 257613 दिनांक:- 06.10.2026 वेबसाइट:- **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता

मीरजापुर वृत्त, लोक निर्माण विभाग, मीरजापुर

पत्रांक:- 4493/ 53एम-मी.वृत्त/ 2026-27 दिनांक:- 30.09.2026

अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

(ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना)

1. महामहिम राज्यपाल उ.प्र. की ओर से अधीक्षण अभियन्ता मीरजापुर वृत्त, लो.नि.वि., मीरजापुर द्वारा उ.प्र. लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत कॉलम-13, ठेकेदारों से अधोलिखित कार्य के लिए आइटम दर के आधार पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि आई.टी.बी. की धारा-4 के अनुसार कार्य प्राप्त करने के सम्बन्ध में न्यूनतम अर्हता रखता है।

क्र. सं.	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	अनुरक्षण लागत	कुल लागत	धरोहर धनराशि (रु. लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी प्रभार	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्यकारी अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	ठेकेदार का पंजीयन श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार) स्वीकृति की प्रत्याशा में।												
1	भदोही	माधोसिंह महथुआ असनांव मुंसीलाटपुर मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (05 वर्ष अनुरक्षण सहित)	1550.00	38.75	1588.75	30.00	निविदा मूल्य 300.00+ 2000.00 स्टेशनरी चार्ज+ जी.एस.टी. आनलाईन भुगतान कुल रू. 2720.00मात्र।	09 माह	प्रान्तीय खण्ड लो.नि.वि. भदोही	मीरजापुर वृत्त, लो.नि.वि मीरजापुर	मुख्य अभियन्ता मीरजापुर क्षेत्र, लो.नि.वि. मीरजापुर	A

2. कार्य पूर्ण करने की समयावधि कालम सं.-9 के अनुसार होगी।
3. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से 120 दिवस होगी।
4. निविदा प्रस्तुत करने के पश्चात् वापस नही ली जा सकती।
5. ई-निविदा सूचना एवं बिड डाक्यूमेन्ट (एस.बी.डी.) आन लाईन दिनांक:- 09.10.2026 से 30.10.2026 12.00 बजे अपरान्ह तक ई-टेण्डरिंग पोर्टल (http://e-tender.up.nic.in) पर ही सबमिट किया जायेगा।
7. यदि कोई शुद्धि पत्र (Corrigendum) बाद में प्रकाशित होता है तो इसकी पूर्ण जानकारी केवल ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर ही सार्वजनिक की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

नोट:- ई-निविदा की समस्त शर्ते ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(एस.के.. सरोज) अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि. भदोही।

(डी.के. सिंह) अधीक्षण अभियन्ता मीरजापुर वृत्त, लो.नि.वि. मीरजापुर

उ.प्र.:- 257611

दिनांक:- 06.10.2026

वेबसाइट:- **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता

मीरजापुर वृत्त, लो.नि.वि. मीरजापुर

पत्रांक:- 4492/ 53एम-मी.वृत्त/ 2026-27 दिनांक:- 30.09.2026

अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

(ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना)

1. महामहिम राज्यपाल उ.प्र. की ओर से अधीक्षण अभियन्ता मीरजापुर वृत्त, लो.नि.वि., मीरजापुर द्वारा उ.प्र. लोक निर्माण विभाग में सेतु कार्य हेतु पंजीकृत कॉलम-11, ठेकेदारों से अधोलिखित कार्य के लिए प्रतिशत दर के आधार पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि आई.टी.बी. की धारा-4 के अनुसार कार्य प्राप्त करने के सम्बन्ध में न्यूनतम अर्हता रखता है।

क्र. सं.	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	धरोहर धनराशि (रु. लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं स्टेशनरी प्रभार	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्यकारी अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	ठेकेदार का पंजीयन श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	भदोही	गम्भीर सिंह पुर के पूरब दलित बस्ती के सामने नाले पर लघु सेतु का निर्माण कार्य।	149.00	9.45	निविदा मूल्य 300+2000.00 स्टेशनरी चार्ज +जी.एस.टी. आनलाईन भुगतान कुल रू. 2720.00 मात्र।	06 माह	प्रान्तीय खण्ड लो.नि.वि., सोनभद्र	मीरजापुर वृत्त, लो.नि.वि., मीरजापुर	मुख्य अभियन्ता मीरजापुर क्षेत्र, लो.नि.वि., मीरजापुर	A B

3. कार्य पूर्ण करने की समयावधि कालम सं.-9 के अनुसार होगी।
4. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से 90 दिवस होगी।
5. निविदा प्रस्तुत करने के पश्चात् वापस नही ली जा सकती।
6. ई-निविदा सूचना एवं बिड डाक्यूमेन्ट (एस.बी.डी.) आन लाईन दिनांक:- 12.10.2026 से 19.10.2026 12.00 बजे अपरान्ह तक ई-टेण्डरिंग पोर्टल (http://e-tender.up.nic.in) पर ही सबमिट किया जायेगा।
7. यदि कोई शुदि पत्र (Corrigendum) बाद में प्रकाशित होता है तो इसकी पूर्ण जानकारी केवल ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर ही सार्वजनिक की जायेगी।
8. निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

नोट:- ई-निविदा की समस्त शर्ते ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(एस.के. सरोज) अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि. भदोही

(डी.के. सिंह) अधीक्षण अभियन्ता मीरजापुर वृत्त, लो.नि.वि. मीरजापुर

उ.प्र.:- 257612

दिनांक:- 06.10.2026 वेबसाइट:- **www.upgov.nic.in** पर उपलब्ध है।

वर्गीकृत विज्ञापन

सूचना

सूचना-सूचित किया जाता है कि बजाज एलाएन्ज के पालिसी नं. -0148993680 में मेरा नाम खुशी रजनी व जन्मतिथि 03.07.2002 अंकित है जो गलत है मेरा सही नाम खुशी जायसवाल व जन्मतिथि 31.10.2003 है जो आधार कार्ड पर दर्ज है। **खुशी जायसवाल** पुत्री राजकुमार जायसवाल एस-5/46 एम-1 रमरेपुर, पहड़िया सारनाथ, वाराणसी।

सूचना-मेरा इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2010 अनुक्रमांक 9839955527 का अंक पत्र व मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। **विभांशु प्रकाश रघुवंशी** पुत्र प्रेम प्रकाश सिंह ग्राम सतमेसरा वरडीहा,लेओरूवा जिला जौनपुर

सूचना-मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2008 अनुक्रमांक 2514835 का अंक पत्र व मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है। जितेश यादव पुत्र कान्ता यादव ग्राम तिलेसड़ा, थाना बिरनो, जिला गाजीपुर।

सूचना-सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि SID-DHARTH CHARKR ABORTY को अब से **SIDDHARTH CHAKRA BORTY** S/o GAUTAM CHAKRABORTY के नाम जाना व पहचाना जाये। Add- D-28/155-A Pandey Hawely, Bangali Tola, Varanasi

सूचना

सूचना-सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **मनोज कुमार शर्मा,** पुत्र मेवालाल शर्मा, निवासी सागरपुर, विसौली कृपालपुर, जनपद भदोही का वर्ष 2005 का हाईस्कूल प्रमाणपत्र/अंकपत्र, अनुक्रमांक 2693393, तथा वर्ष 2009 का इंटरमीडिएट प्रमाणपत्र/अंकपत्र, अनुक्रमांक 1122098, वास्तव में कहीं खो गया है।

सूचना-मेरा हाईस्कूल वर्ष-1992, अनुक्रमांक-1086285 और इण्टरमीडिएट वर्ष-1995, अनुक्रमांक-474371 का संस्थागत अंकपत्र सहप्रमाण खो गया है। **सुनीता जयसवाल** पुत्री ओम प्रकाश जयसवाल निवा. सिनी-सी0के0 49/98, भूलेटन वाराणसी।

सूचना-सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **एक्स कमांडो सिक्योरिटी सविसेज** जिसका पता पहले डी-59/360 ए-2बी माधोपुर सिगरा वाराणसी था। अब नया पता मकान संख्या-641/1 शीतल नगर कालोनी चाँदमारी शिवपुर वाराणसी है।

सूचना-सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि VIPIN KUMAR को अब से VIPIN KUMAR CHAURASIA S/o KAILASH NATH CHAURASIA के नाम जाना व पहचाना जाये। Add- Vill - Post-Pindra, Varanasi

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके सम्बन्ध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।

प्रबन्धक

वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी

सार्वजनिक सूचना

कृपया श्रीमती नीलम सिंह, श्री राजेश कुमार सिंह, श्री अजय कुमार सिंह द्वारा आराजी सं0-431, मौजा- केराकतपुर परगना-देहात अमानत, जिला-वाराणसी पर होटल मानचित्र की स्वीकृति हेतु प्राधिकरण में ऑनलाईन मानचित्र सं0- VDA/BP/MS/26-27/24252 प्रस्तुत किया गया है। प्रश्नगत भूखण्ड का भू-उपयोग वाराणसी महायोजना 2031 (संशोधित) में आंशिक रूप से आवासीय एवं आंशिक रूप से सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक सेवायें / सुविधायें क्षेत्र दर्शित है, प्रश्नगत स्थल महायोजना मार्ग से प्रभावित नहीं है। उक्त आरा. जी नगर निगम सीमा के बाहर स्थित है। आंशिक रूप से आवासीय एवं आंशिक रूप से सार्वजनिक एवं अर्द्ध सार्वजनिक सेवायें / सुविधायें भू-उपयोग में भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2025 के जोनिंग रेगुलेशन्स के अनुसार होटल निर्माण "सामान्य अनुमन्य उपयोग की श्रेणी के अन्तर्गत आता है।

भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2025 के प्रस्तर संख्या 15.1.3 (iv) के अनुसार महायोजना भू-उपयोग अथवा अनुमोदित ले-आउट में परिभाषित भू-उपयोग के अतिरिक्त अन्य क्रियाओं की अनुज्ञा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जनता से आपत्ति / सुझाव आमंत्रित करने के उपरान्त दी जाएगी। अनुमन्य किये जाने हेतु न्यूनतम 15 दिन की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति / सुझाव, उचित माध्यमों से आमंत्रित किये जाने का प्राविधान है।

अत: उक्त प्राविधान के दृष्टिगत यदि किसी हितबद्ध व्यक्ति / संस्था को प्रश्नगत ऑनलाइन मानचित्र के सम्बन्ध में कोई आपत्ति / सुझाव प्रस्तुत करना हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति / सुझाव विन्यास अनुभाग वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के कार्यालय कक्ष में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समय अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति / सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

नगर नियोजक/प्रभारी अधिकारी (मानचित्र) वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी।

Digitally signed by Prabhat Kumar Date-05.10.2026

कार्यालय ग्राम पंचायत मदार विकास खण्ड राबर्ट्सगंज,जनपद-सोनभद्र

पत्रांक: मेमो /टेण्डर सूचना/2026-27 दिनांक - 07.10.2026

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मदार में वित्तीय वर्ष 2026-27 में मनरेगा/ VB-G RAM G/ राज्य वित्त केन्द्रीय वित/ SLWM/ SBM/RGSA/SNA अन्य निधियों से प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य कराए जाने हेतु व्यापार कर विभाग आयकर में पंजीकृत फर्मो के द्वारा ग्राम पंचायत परिधि के अन्दर निम्न विवरण के अनुसार कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति कराने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। ईट प्रथम श्रेणी, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट टैंकर क्रय, टैंकर मरम्मत, बालू, डाला गिट्टी, सोलिंग गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, पटिया, टीन शेड, एसबेस्टेस शीट, शौचालय निर्माण सामग्री, पी०वी०सी० पाईप बोल्डर, सरिया, स्टोन डस्ट GSB, हैंडपंप सामग्री, हैंडपंप रिबोर/ बोर, पेंटिंग सामग्री, ई-रिक्शा, ढेला गाड़ी, सफाईकर्मी किट हयूम पाईप, सीमेंट, बेंच लोहे का (दरवाजा, खिड़की, एंगल,पाईप) विद्युत वायरिंग सामग्री, समरसिलि पंप, सोलर पंप, अन्य सामग्री।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता निविदा दिनांक 09.10.2026 से 15.10.2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर जमा कर सकते है, जिसे दिनांक 16.10.2026 को पूर्वान्हे/ अपरान्ह 2:30 बजे निविदादाताओं जो उपस्थित रहना चाहते है के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोला जाएगा। टेण्डर फार्म शुल्क रू0-500.00 जमा कर निर्धारित अवधि में प्राप्त कर सकते है।

प्रतिबन्ध एवं शर्ते-1- निविदा की सभी दरे कर सहित लोक निर्माण विभाग की स्वीकृत दरों से अधिक नही होनी चाहिए। 2- जमानत की धनराशि / अन्य जानकारी हेतु ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है। 3- खराब सामग्री आपूर्ति की दशा में जमानत की राशि जब्त कर ली जाएगी। 4- सशर्त निविदा स्वीकार्य नही की जाएगी। 5-बिना कारण बताए किसी भी समय निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

ग्राम प्रधान विकास खण्ड-राबर्ट्सगंज सोनभद्र

(संतोष राव) ग्राम पंचायत अधिकारी विकास खण्ड-राबर्ट्सगंज, सोनभद

कार्यालय ग्राम पंचायत मंगुराही विकास खण्ड राबर्ट्सगंज, जनपद-सोनभद्र

पत्रांक: मेमो /टेण्डर सूचना/2026-27 दिनांक - 07.10.2026

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मंगुराही में वित्तीय वर्ष 2026-27 में मनरेगा/ VB-G RAM G/ राज्य वित्त केन्द्रीय वित/ SLWM/ SBM/RGSA/SNA अन्य निधियों से प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य कराए जाने हेतु व्यापार कर विभाग आयकर में पंजीकृत फर्मों के द्वारा ग्राम पंचायत परिधि के अन्दर निम्न विवरण के अनुसार कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति कराने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। ईट प्रथम श्रेणी, सोलर लाईट, स्ट्रीट लाईट टैंकर क्रय, टैंकर मरम्मत, बालू, डाला गिट्टी, सोलिंग गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईट, सीमेन्ट, पटिया, टीन शेड, एसबेस्टेस शीट, शौचालय निर्माण सामग्री, पी०वी०सी० पाईप बोल्डर, सरिया, स्टोन डस्ट GSB, हैंडपंप सामग्री, हैंडपंप रिबोर/ बोर, पेंटिंग सामग्री, ई-रिक्शा, ढेला गाड़ी, सफाईकर्मी किट हयूम पाईप, सीमेंट, बेंच लोहे का (दरवाजा, खिड़की, एंगल,पाईप) विद्युत वायरिंग सामग्री, समरसिबल पंप, सोलर पंप, अन्य सामग्री।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता निविदा दिनांक 09.10.2026 से 15.10.2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर जमा कर सकते है, जिसे दिनांक 16.10.2026 को पूर्वान्हे/ अपरान्ह 12:30 बजे निविदादाताओं जो उपस्थित रहना चाहते है के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोला जाएगा। टेण्डर फार्म शुल्क रू0-500.00 जमा कर निर्धारित अवधि में प्राप्त कर सकते है।

प्रतिबन्ध एवं शर्ते-1- निविदा की सभी दरे कर सहित लोक निर्माण विभाग की स्वीकृत दरों से अधिक नही होनी चाहिए। 2- जमानत की धनराशि / अन्य जानकारी हेतु ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है। 3- खराब सामग्री आपूर्ति की दशा में जमानत की राशि जब्त कर ली जाएगी। 4- सशर्त निविदा स्वीकार्य नही की जाएगी। 5-बिना कारण बताए किसी भी समय निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

ग्राम प्रधान विकास खण्ड-राबर्ट्सगंज सोनभद्र

(संतोष राव) ग्राम पंचायत अधिकारी विकास खण्ड-राबर्ट्सगंज सोनभद्र

कार्पेट एक्सपो से लगभग ५०० करोड़ रुपये के व्यवसाय के अवसर सृजित

४५ देशों से २१६ विदेशी कार्पेट खरीदार एवं २३१ खरीद प्रतिनिधियों ने ५०वें गोल्डन जुबली इंडिया कार्पेट एक्सपो में भाग लिया

भदोही। कारपेट एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल द्वारा 50वें गोल्डन जुबली इंडिया कार्पेट एक्सपो तथा भदोही में आयोजित 5वें इंडिया कार्पेट एक्सपो का आयोजन 04 से 07 अक्टूबर, 2026 तक भदोही स्थित भदोही कार्पेट एक्सपो मार्ट में किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय हस्तनिर्मित, विशेषकर हाथ से गांठदार कालीनों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देना तथा भारतीय हस्तनिर्मित कालीन कारीगरों की बुनाई कला एवं कौशल को विदेशी खरीदारों के समक्ष प्रदर्शित करना था। इंडिया कार्पेट एक्सपो मेले के दौरान राजेश प्रकाश मंडलायुक्त विंध्याचल मंडल मिर्जापुर शैलेश कुमार जिलाधिकारी, भदोही अभिनव त्यागी पुलिस अधीक्षक भदोही निखिल यादव उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीड़ा भदोही ने



भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मेले के अंतिम दिन मालवीय नगर विधायक दिल्ली ने इंडिया कार्पेट एक्सपो का दौरा किया तथा भदोही में अंतरराष्ट्रीय स्तर के एक्सपो के आयोजन हेतु व्यवस्थाओं की सराहना की। परिषद् के अध्यक्ष कैप्टन मुकेश कुमार गोम्बर ने प्रेस को संबोधित करते हुए बताया कि चार दिवसीय एक्सपो के दौरान प्रतिभागियों को लगभग 500 करोड़ रुपये के सैंपल नेगोशिएशन ऑर्डर एवं व्यापारिक पूछताछ प्राप्त हुई हैं, जो आने वाले वर्षों में वास्तविक व्यवसाय में परिवर्तित होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि यह एक्सपो उद्योग के लिए नए बाजार अवसरों के द्वार खोलेगा तथा छोटे एवं मध्यम भारतीय कालीन निर्यातकों को अपने उत्पादों को विदेशी बाजारों में बढ़ावा देने में सहायता करेगा। उन्होंने कहा कि व्यापक स्तर पर यह निरंतर प्रक्रिया अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मेक इन इंडिया ब्रांड को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने आगे कहा कि इंडिया कार्पेट एक्सपो अंतरराष्ट्रीय कालीन खरीदारों, बाइंग हाउसों, बाइंग एजेंटों, आर्किटेक्ट्स तथा भारतीय कालीन निर्माताओं एवं निर्यातकों के लिए एक आदर्श मंच है, जहां वे आपस में मिलकर दीर्घकालिक व्यावसायिक संबंध स्थापित कर सकते हैं। इस एक्सपो में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, बेलारूस, बेल्जियम, ब्राजील, कनाडा, चिली, चीन, डेनमार्क, मिस्र, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, ग्वाटेमाला, इजराइल, इटली, जापान, कजाकिस्तान, केन्या, लेबनान, मैक्सिको, नेपाल, नीदरलैंड्स, न्यूजीलैंड, ओमान, रूस, सऊदी अरब, सेनेगल, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, स्पेन, स्वीडन, थाईलैंड, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात, यूनाइटेड किंगडम, यूक्रेन, संयुक्त राज्य अमेरिका, उरुग्वे, उज्बेकिस्तान आदि देशों से 216 विदेशी खरीदारों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त, विदेशी खरीदारों, बाइंग हाउसों, डिजाइनरों, आर्किटेक्ट्स आदि के 231 प्रतिनिधियों ने भी इंडिया कार्पेट एक्सपो का दौरा किया। काउंसिल का उद्देश्य कालीन आयातकों तथा निर्माता-निर्यातकों, दोनों को एक विशेष एवं अनुकूल व्यावसायिक वातावरण उपलब्ध कराना है, जिसका अंतिम लाभ इस अत्यंत श्रम-प्रधान एवं ग्रामीण आधारित एमएसएमई कुटीर उद्योग में कार्यरत लगभग 20 लाख बुनकरों एवं कारीगरों को प्राप्त होगा। कहा कि वर्तमान मंदी के दौर में भी दुनिया के विभिन्न देशों से 216 विदेशी खरीदारों की इंडिया कार्पेट एक्सपो में भागीदारी इस आयोजन की अंतरराष्ट्रीय स्थिति तथा वैश्विक बाजार में भारतीय कालीन उत्पादों की मांग को दर्शाती है। सीईपीसी के अध्यक्ष ने इस गोल्डन जुबली इंडिया कार्पेट एक्सपो-2026 के सफल आयोजन में सहयोग एवं समर्थन प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार के वाणिज्य मंत्रालय, वस्त्र मंत्रालय तथा उत्तर प्रदेश सरकार और भदोही के स्थानीय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष ने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग एवं समर्थन प्रदान करने के लिए मीडिया के प्रति भी धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

ओटीपी और यूपीआई पिन बताया तो खाते से निकल सकता है पैसा

छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को ठगी से बचने के बताये तरीके

सुरियावां। साइबर ठगों के बढ़ते मामलों के बीच बुधवार को बीपीएमजी स्कूल सुरियावां में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। साइबर सेल और थाना सुरियावां की टीम ने करीब 400 छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को ऑनलाइन ठगी के नए तरीकों से आगाह किया। टीम ने साफ कहा कि ओटीपी, यूपीआई पिन, सीवीवी और पासवर्ड किसी के साथ साझा करना भारी पड़ सकता है। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में हुए कार्यक्रम में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने साइबर अपराधों की जानकारी दी। छात्र-छात्राओं को बताया गया कि ठग फर्जी लिंक भेजकर, बैंक अधिकारी बनकर, नौकरी का झांसा देकर और ऑनलाइन निवेश के नाम पर लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। टीम ने संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करने और अनजान क्यूआर कोड स्कैन न करने की सलाह दी। सोशल मीडिया पर निजी जानकारी साझा करने से बचने तथा खातों में मजबूत पासवर्ड और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन लगाने के लिए भी प्रेरित किया गया। तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराएं।

जनगणना देश के विकास एवं जनकल्याण की योजनाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण

जनगणना-२०२७ के द्वितीय चरण के लिए फील्ड ट्रेनर्स का जिला स्तरीय प्रशिक्षण शुरू

ज्ञानपुर। भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनसंख्या गणना के लिए फील्ड ट्रेनर्स का जिला स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), भदोही में जिलाधिकारी/प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी शैलेष कुमार की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम 07 से 09 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना देश के विकास एवं जनकल्याण की योजनाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण आधारभूत कार्य है। जनगणना के आंकड़े विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं नीतियों के निर्माण का महत्वपूर्ण आधार होते हैं। इसलिए सभी संबंधित अधिकारी एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे फील्ड ट्रेनर्स अपने दायित्वों को गंभीरता से समझते हुए प्रशिक्षण को पूरी तरह व्यवस्थित एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से प्राप्त करें, ताकि जनगणना कार्य के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि दो मास्टर ट्रेनर्स द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण में फील्ड ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि आगे प्रगणकों को प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना की बेसिक प्रशिक्षण अवधारणाओं, एचएलवी (हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग) से संबंधित प्रश्नों के उत्तर, प्रगणकों के संभावित प्रश्नों का समाधान तथा अन्य प्रशिक्षण गतिविधियों की तैयारी कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने फील्ड ट्रेनर्स को निर्देशित किया कि वे प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक महत्वपूर्ण बिंदु को गंभीरता से समझें तथा शॉर्ट नोट एवं वर्किंग नोट भी तैयार करें, जिससे प्रगणकों को प्रशिक्षण देते समय आवश्यक जानकारी सरलता एवं स्पष्टता के साथ उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि फील्ड ट्रेनर्स को स्वयं पूरी तरह दक्ष होकर आगे प्रगणकों को प्रशिक्षित करना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तकनीक के अनुरूप जनगणना का कार्य कराया जा रहा है। जनगणना



के माध्यम से देश में लिंग, दिव्यांगता, साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, शैक्षिक स्तर, आर्थिक स्थिति एवं रोजगार सहित विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पहलुओं में हो रहे बदलावों की वास्तविक स्थिति का आंकलन किया जाएगा। इस अवसर पर जिला जनगणना अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) शुभांगी शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे फील्ड ट्रेनर्स उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान में महिला कल्याण योजनाओं की दी जानकारी

ज्ञानपुर। जिलाधिकारी शैलेष कुमार के निर्देश पर बुधवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत महिला कल्याण विभाग की ओर से विभिन्न योजनाओं के प्रचार-



प्रसार के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में रंगोली और हस्ताक्षर अभियान के साथ नुक्कड़ नाटक व कठपुतली के माध्यम से छात्राओं और आमजन को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन सहित महिला कल्याण विभाग की अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। बच्चों को टोपी, टी-शर्ट और मिठाई भी वितरित की गई। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड एवं सामान्य), पति की मृत्यु के उपरांत निराश्रित महिला पेंशन, स्पॉन्सरशिप योजना, वन स्टॉप सेंटर, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन और टोल फ्री नंबर 181 के बारे में विस्तार से बताया गया। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत छह श्रेणियों में लाभ दिया जाता है। बालिका के जन्म पर 5000 रुपये, एक वर्ष तक पूर्ण टीकाकरण पर 2000, कक्षा एक में प्रवेश पर 3000, कक्षा छह में प्रवेश पर

नुक्कड़ नाटक और कठपुतली के जरिये किया जागरूक

3000, कक्षा नौ में प्रवेश पर 5000 तथा 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद स्नातक या दो वर्षीय अथवा अधिक अवधि के डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश पर 7000 रुपये दिए जाते हैं।कार्यक्रम में सीडीओ, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला प्रोबेशन अधिकारी, बीएसए समेत राजकुमार गुप्ता, रामसरण पाल, रेशमा भारती, प्रियंका गुप्ता, आनंद कुमार मौर्य और बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।

ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे तक जारी रहेगा कांग्रेस का संघर्ष

भदोही। जिला कांग्रेस कमेटी कैंप कार्यालय में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोऑर्डिनेटर दयाशंकर पांडेय एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वसीम अंसारी ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि देश में लोकतांत्रिक



व्यवस्था और मताधिकार की रक्षा को लेकर कांग्रेस लगातार संघर्ष कर रही है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान देशभर में 13 करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम हटाए जाने को लेकर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। कांग्रेस का आरोप है कि इस पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता का अभाव रहा है तथा इससे आम मतदाताओं के लोकतांत्रिक अधिकार प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के भीतर भी मतदाता सूची से जुड़े फैसलों को लेकर असहमति सामने आई है। पिछले दस महीनों में चुनाव आयुक्तों द्वारा विभिन्न मुद्दों पर 14 बार मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर अपनी असहमति दर्ज कराई गई, लेकिन इन गंभीर सवालों का समाधान नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर नाम हटाए जाने, चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता तथा चुनाव आयोग की जवाबदेही को लेकर कांग्रेस लगातार आवाज उठा रही है। यह सवाल किसी एक राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक के मताधिकार और लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़ा हुआ है। उन्होंने ने कहा कि राहुल गांधी जी और प्रियंका गांधी जी के नेतृत्व में कांग्रेस लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए लगातार सड़कों पर संघर्ष कर रही है। कांग्रेसजन जनता के बीच जाकर इन सवालों को उठा रहे हैं और जब तक इन गंभीर मुद्दों पर जवाबदेही सुनिश्चित नहीं होती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में कल 8 अक्टूबर 2026 को सुबह 11:30 बजे गांधी पार्क, ज्ञानपुर से शीतल पाल की प्रतिमा तक मार्च निकाला जाएगा। इस अवसर पर महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष शबाना खातून, मसूद आलम, नाजिम अली, शक्ति मिश्रा, रमाशंकर बिंद, विशाल गौतम, महेंद्र यादव, डॉ. निजामुद्दीन, मनीष दूबे सहित बड़ी उपस्थित रहे।

तीन अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

ऊंज। थाना क्षेत्र में पुलिस ने चेकिंग के दौरान 14.596 किलोग्राम अवैध गांजे के साथ तीन अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से तीन एंड्राइड मोबाइल फोन भी बरामद हुए। पुलिस के अनुसार, आरोपी पटना से गांजा लेकर राजस्थान के अजमेर जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक, पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर चमन सिंह चावड़ा के नेतृत्व में ऊंज पुलिस टीम चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान हाईवे के पास एक होटल-ढाबे पर संदिग्ध गतिविधियां मिलने पर तीन लोगों को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उनके बैग से गांजा बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सोहन सिंह (35) निवासी महुवार, थाना शाहपुर, भोजपुर बिहार, अभिनव कुमार सिंह (27) निवासी जादोपुर, थाना मुफस्सिल, भोजपुर बिहार और शैलेन्द्र कुमार सिंह (35) निवासी तापाजलपुरा, थाना चांदी, भोजपुर बिहार के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार सोहन के ट्राली बैग से 4.076 किलो, अभिनव के नीले ट्राली बैग से 4.176 किलो और शैलेन्द्र के काले बैग से 6.344 किलो गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे पटना जंक्शन के बाहर एक अज्ञात व्यक्ति से गांजा लेकर अजमेर पहुंचाने जा रहे थे। इसके बदले प्रत्येक को आठ हजार रुपये मिलने थे। मामले में ऊंज थाने में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों का चालान न्यायालय किया गया। कार्रवाई में उपनिरीक्षक बच्चू लाल, चंद्र प्रताप सिंह समेत पुलिस टीम शामिल रही।

धर्मांतरण के आरोप पर हिंदू संघटनों में रोष, जांच की मांग

सुरियावां। थाना क्षेत्र के कुसौड़ा गांव में धर्मांतरण कराए जाने के आरोप को लेकर हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने रोष जताया। संगठन के लोगों ने पुलिस से मामले की जांच कर तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की मांग की। कार्यकर्ताओ का आरोप है कि गांव में कुछ लोगों द्वारा धर्मांतरण से जुड़ी गतिविधियां संचालित किए जाने की जानकारी सामने आई है। मामले को लेकर उन्होंने स्थानीय पुलिस से शिकायत करते हुए जांच की मांग की। इस दौरान संजय श्रीवास्तव, राजेश दुबे, राज मिश्रा, सुनील उपाध्याय, राकेश सिंह, आर्यन पांडेय और अशोक त्यागी सहित कई लोग मौजूद रहे। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

पड़ाव स्टेशन रोड पर शनिवार को सजेगा कजरी मुकाबला

गोपीगंज। नगर के पड़ाव स्टेशन रोड स्थित गिराई में पितृ विसर्जन के अवसर पर शनिवार को जबाबी कजरी मुकाबले का आयोजन होगा। दोपहर 11 बजे से होने वाले कार्यक्रम में भदोही और मिर्जापुर के लोक कलाकारों के बीच कजरी का मुकाबला होगा। आयोजक सुशील बिंद ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे होंगे। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, डॉ. आरके बिंद, माबूद खान, नरेंद्र बिंद और विजय बिंद विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। मुकाबले में भदोही के कजरी गायक रमेश भवरा और मिर्जापुर की कजरी गायिका लक्ष्मी यादव अपनी प्रस्तुतियां देंगी।

सड़क हादसे में मौत के बाद वाहन चालक पर मुकदमा

गोपीगंज। छतमी स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर तीन अक्तूबर की रात सड़क हादसे में ढाबा कर्मी की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

१४३ ने कराया पंजीकरण, ७४ ने किया रक्तदान

ज्ञानपुर। काशी नरेश विश्वविद्यालय परिसर में बुधवार को हिंद फाउंडेशन एवं काशी नरेश विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 143 लोगों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण कराया, जबकि जांच के बाद 74 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स और युवाओं की सक्रिय भागीदारी आयोजन का खास आकर्षण रही। शिविर में छात्राओं ने उत्साह के साथ रक्तदान करने के साथ रंगोली बनाकर लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया। रंगोली के जरिए उन्होंने संदेश दिया कि रक्तदान किसी जरूरतमंद मरीज के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। स्नेहा दुबे, श्रुति पांडेय, श्रेया चौबे, सेजल प्रजापति, पलक पांडेय, उम्मे कुलसुम और राधा समेत कई छात्राओं ने रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन कुलपति प्रो. उमा श्रीवास्तव, हिंद फाउंडेशन के अध्यक्ष सुधाकर पांडेय और सविता नंद मौर्या ने संयुक्त रूप से किया।इस मौके पर कुलानुशासक प्रो. बाल्केश्वर, डॉ. प्रतीक उपाध्याय, डॉ. संजय चौबे, डॉ. वीरेंद्र कुमार, डॉ. रजनीश द्विवेदी, डॉ. रिचा, डॉ. राममूर्ति, डॉ. अभिषेक दुबे, डॉ. श्रीश उपाध्याय और डॉ. रमेश कुमार सरोज समेत शिक्षक एवं अधिकारी मौजूद रहे।

१०८ मीटर व्यास की मानव रंगोली में दिखा विकसित भारत-२०४७ का संकल्प

ज्ञानपुर। जनकल्याणकारी योजनाओं, राष्ट्र के प्रति संकल्प और विकसित भारत-2047 की परिकल्पना को रचनात्मक स्वरूप देने के लिए बुधवार को विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज, ज्ञानपुर में 108 मीटर व्यास की विशाल मानव समूह रंगोली सजाई गई। प्राकृतिक रंगों, फूल, अनाज और मिट्टी से तैयार रंगोली आकर्षण का केंद्र रही। ड्रोन और एरियल कवरेज से इसकी भव्यता और सामूहिक भागीदारी का विहंगम दृश्य सामने आया। रंगोली में 15 विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं, राष्ट्रीय प्रतीकों और विकास गतिविधियों को अलग-अलग थीम के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ला, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक अंशुमान, जिला सूचना अधिकारी अनिल कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

डा. संजय निषाद के खिलाफ कथित धमकी पर निषाद पार्टी ने की कारवाई की मांग

ज्ञानपुर। बांसगांव, गोरखपुर में निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार निषाद के खिलाफ कथित तौर पर दिए गए आपत्तिजनक भाषण, जान से मारने की धमकी और जातिसूचक टिप्पणियों को लेकर निषाद पार्टी ने नाराजगी जताई है। पार्टी पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी और पुलिस अधिकारियों को ज्ञापन भेजकर मामले की निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया कि राजनीतिक असहमति लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन किसी व्यक्ति को जान से मारने, गर्दन या हाथ काटने जैसी कथित धमकियां देना और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल गंभीर मामला है। ऐसे बयानों से सामाजिक सौहार्द प्रभावित होने के साथ ही कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की आशंका रहती है। पार्टी ने प्रशासन से संबंधित घटना के वीडियो, ऑडियो और सोशल मीडिया पर प्रसारित सामग्री की निष्पक्ष एवं समयबद्ध जांच कराने तथा उपलब्ध साक्ष्यों को सुरक्षित रखने की मांग की।

राष्ट्र निर्माण की धूरी है युवा शक्ति-डा ज्ञानमोहन

इन्वेस्टिचर सेरेमनी संपन्न, नव-निर्वाचित छात्र परिषद ने ली पद एवं कर्तव्यनिष्ठा की शपथ

भदोही। केशव प्रसाद राल्ही पी.जी. कॉलेज में सत्र 2026-27 के लिए छात्र परिषद के अलंकरण एवं शपथ ग्रहण समारोह का गरिमामय आयोजन हर्षोल्लास व अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ ज्ञानमोहन मिश्र द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात नवनियुक्त छात्र पदाधिकारियों को औपचारिक सैश व बैज प्रदान कर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। समारोह में मंचस्थ वक्ताओं ने नव-मनोनीत छात्र पदाधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए विचार रखे। मुख्य अतिथि डॉ ज्ञानमोहन मिश्र ने कहा कि नेतृत्व कोई विशेषाधिकार नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण का संकल्प है। ऐसे दायित्व छात्र जीवन में राष्ट्रहित और समग्र व्यक्तित्व विकास की मजबूत नींव रखते हैं। प्राचार्य डॉ आलोक त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों का विकास है। छात्र प्रतिनिधि अपने अनुकरणीय आचरण और अनुशासन से परिसर में उत्कृष्टता का आदर्श बनें। उपप्राचार्य डॉ कुलदीप पांडेय ने कहा कि छात्र परिषद परिसर में अनुशासन, सौहार्द और सह-शैक्षणिक गतिविधियों की प्रेरक शक्ति है। पदाधिकारी मयार्दा में रहकर सहपाठियों की समस्याओं के समाधान में सेतु बनें। इस गरिमामय अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ नीतू शुक्ला, विभागाध्यक्ष विकास राय, विभागाध्यक्ष ज्योति



पाण्डेय, अतुल चतुर्वेदी, अनुराधा यादव, प्रिया मिश्रा, अंजनी कुमार, रूपेश यादव, शिव कुमार मिश्र, अवधेश पाण्डेय, सूरज कुमार, अजय पटेल, अरविन्द मौर्या, सुरेश यादव, सुमन प्रियांगी, राहुल यादव तथा पुस्तकालयाध्यक्ष आशीष बिन्द सहित महाविद्यालय परिवार के समस्त शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

ओबीटी में ८०० बुनकरों की आंखों की होगी जांच

गोपीगंज। ओबीटी प्राइवेट लिमिटेड, गोपपुर में बुधवार को बुनकरों और श्रमिकों के लिए नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। विलियम सोनोमा इंक (डब्ल्यूएसआई) के सौजन्य से विजन स्प्रिंग की ओर से आयोजित शिविर में करीब 800 बुनकरों की आंखों की जांच का लक्ष्य रखा गया है। शिविर सात से 17 अक्टूबर तक चलेगा। जांच के बाद जरूरतमंद बुनकरों को नि:शुल्क चश्मा और चिकित्सकीय परामर्श भी उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर का उद्घाटन कंपनी के प्रेसिडेंट एवं ग्रुप कंप्लायंस हेड आईबी सिंह ने किया। स दौरान ओबीटी कंपनी के जसवंत सिंह, विनोद पांडेय, अशोक त्रिपाठी, विकास, विपिन, आशीष, विवेक, सुशील, पंकज, वीरेंद्र, रजत और धीरेंद्र तथा यूनियन के राज प्रकाश सिंह, चंद्रबली यादव और हीरामणि सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

गांजा के साथ अंतरजनपदीय तस्कर गिरफ्तार

ज्ञानपुर। थाना ज्ञानपुर पुलिस ने बुधवार को चेकिंग के दौरान एक अंतरजनपदीय मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10.096 किलोग्राम गांजा बरामद करने का दावा किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी गांजा बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा था। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लेकर तलाशी ली गई। उसके कब्जे से प्लास्टिक की बोरी व झोले में रखा 10.096 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी की पहचान अख्तर उर्फ पप्पू (55) पुत्र जलील अहमद उर्फ जल्लू, मूल निवासी बहुता नेवादा, थाना कोतवाली पट्टी, प्रतापगढ़ तथा वर्तमान निवासी शादीगंज जायसवाल नगर, मछलीशहर, जौनपुर के रूप में की है। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ विभिन्न जनपदों में 32 मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह दूसरे जनपदों से कम कीमत पर गांजा खरीदकर ज्ञानपुर और भदोही के आसपास के क्षेत्रों में ऊंचे दाम पर बेचता था। पुलिस ने बताया कि इस मामले में थाना ज्ञानपुर में मुकदमा अपराध संख्या 258/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20/25 में मुकदमा दर्ज कर आरोपी का चालान न्यायालय किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रामसरीख गौतम, कस्बा ज्ञानपुर चौकी प्रभारी प्रमोद सिंह यादव, हेड कांस्टेबल अजय यादव, कांस्टेबल प्रदीप कुमार और अंजनी कुमार पांडेय शामिल रहे।

विकसित भारत के संकल्प के साथ निकली भव्य यात्रा

ज्ञानपुर। भारतीय जनता पार्टी की ओर से बुधवार को श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव संबोधन का कार्यकर्ताओं व नागरिकों ने सीधा प्रसारण देखा और सुना। लाइव कार्यक्रम के बाद श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क से सेवा ज्योति यात्रा निकाली गई। नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए यात्रा विभूति नारायण राष्ट्रीय इंटरमीडिएट कॉलेज पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। यात्रा में कार्यकर्ताओ का उत्साह और जोश देखते ही बना। मुख्य अतिथि प्रदेश प्रवक्ता एवं भाजपा जिला प्रभारी डॉ. समीर सिंह रहे। इस दौरान भदोही सांसद डॉ. विनोद बिंद, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, औराई विधायक दीनानाथ भास्कर, ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे, पूर्व मंत्री रंगनाथ मिश्रा, पूर्व सांसद गोरखनाथ पांडेय और पूर्व विधायक रविंद्र नाथ त्रिपाठी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अखिलेंद्र सिंह बघेल ने किया। जिला संयोजक एवं जिला मीडिया प्रभारी नागेंद्र नाथ मिश्रा नवीन रहे।

अपना दल एस की मासिक बैठक

भदोही। आगामी 17 अक्टूबर को डॉक्टर सोने लाल पटेल के परनिर्माण दिवस पर प्रतापगढ़ में होने वाले विशाल जन सभा में शामिल होने के लिए भदोही से हजारों कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं सहयोगी पहुंचेंगे। जिसमें मुख्य अतिथि अनुप्रिया पटेल रहेगी। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष आर पी जाटव करेंगे। जिला अध्यक्ष भदोही हरिलाल पाल ने कहा कि हमारी पार्टी सत्ता परिवर्तन नहीं व्यवस्था परिवर्तन चाहती हैं जो हमारी पार्टी एक दिन जरूर कर के दिखाएगी। बैठक में, ओमचंद पटेल को पार्टी का जिला उपाध्यक्ष, एवं जितेंद्र बिंद को विधि मंच का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया हैं। बैठक में राष्ट्रीय सचिव बौद्धिक मंच के ने जिलाध्यक्ष की अनुमति से घोषणा की। कार्यक्रम में गुलाब सरोज, शनि बिंद, बंसराज पटेल, विनय तिवारी,कपिल देव बिंद, राहुल पटेल, रवींद्र विश्वकर्मा, राहुल गुप्ता, विनय मौर्य,महिला मंच जिला अध्यक्ष किरण चौरसिया, सुधरी देवी, हीरावती,विजय पाल, सत्यम मिश्रा, शाहनवाज, याकूब अंसारी, गुड्डु,शाह आलम, कमरू जमा, रामकुमार पटेल, अवधेश कुमार आदि लोग रहे।

शिविर में श्रमिकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

भदोही। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बुधवार को रजपुरा स्थित मेसर्स कारपेट इंटरनेशनल में श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। श्रम विभाग भदोही की ओर से आयोजित शिविर में कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय भदोही एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदोही की टीम ने श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाओं का वितरण किया। शिविर में बड़ी संख्या में श्रमिकों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराई। शिविर से बड़ी संख्या में श्रमिक लाभान्वित हुए। कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय की ओर से प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. रचना तिवारी, वीरेंद्र कुमार यादव, सीमा कुमारी तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम में डॉ. निलेश कुमार जायसवाल, डॉ. श्वेता यादव, डॉ. गरिमा गुजराती, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, संतोष श्रीवास्तव, सतीश कुमार पटेल, अरविंद कुमार सिंह, फार्मासिस्ट खुशबू सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। इस दौरान कंपनी प्रतिनिधि लक्ष्मी नारायण यादव, इंद्रजीत तिवारी, दीपक सोनकर सहित बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहे।

१५ वर्षीय बालिका लापता, परिजनों ने दर्ज करायी शिकायत

सुरियावां। थाना क्षेत्र के मनापुर गांव निवासी पन्ना देवी ने पुलिस को तहरीर देकर अपनी 15 वर्षीय पुत्री सिमरन गौतम के लापता होने की सूचना दी है। बताया कि चार अक्टूबर को दोपहर करीब 12 बजे पुत्री बिना बताए घर से कहीं चली गई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चल सका। परिजनों ने पुलिस से बालिका की तलाश कर सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

कजरी में कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुति, लोकगीतों पर झूमे श्रोता

ऊंज क्षेत्र के बैरी बीसा गांव के होलईपुर में आयोजित विराट कजरी मुकाबले में लोक कलाकारों ने अपनी शानदार गीत प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मन मोह लिया। हारमोनियम, ढोलक और मंजीरे की थाप के बीच कलाकारों ने पारंपरिक कजरी की ऐसी छटा बिखेरी कि देर तक श्रोता झूमते रहे। कजरी गायिका रिंकी गिरी ने 'सावन में बदरिया घिरि आई' और 'आदिशक्ति अंबे तू ही सरस्वती, भवानी बनके जोगनिया बजावे बीणा' सहित कई गीत प्रस्तुत किए। इस दौरान रमाशंकर गौतम, रविशंकर, कन्हैयालाल जिलेदार, लालता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

श्रीराम जन्म की लीला से गूंजा रामलीला मैदान

गोपीगंज। नगर की ऐतिहासिक सतराधुसी रामलीला के दूसरे दिन बुधवार को रामलीला मैदान में श्रीराम जन्म की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। भगवान श्रीराम के जन्म का प्रसंग आते ही पूरा मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। रामलीला देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु और नगरवासी पहुंचे। बघेल रामलीला समिति के नेतृत्व में रामनगर की रामलीला की तर्ज पर आयोजित 17 दिवसीय आयोजन में कलाकारों ने संवाद और अभिनय के जरिए श्रीराम जन्म से जुड़े प्रसंगों को जीवंत किया। अयोध्या में उत्सव का दृश्य मंचित होते ही दर्शकों में उत्साह भर गया। श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाए और वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान अखिलेंद्र सिंह बघेल, उमेश सिंह बघेल, रामलीला व्यास शेषधर पाठक, राजकुमार पाठक, सीताराम यादव समेत समिति पदाधिकारी, कलाकार और नगरवासी मौजूद रहे।

घर मे घुसा संदिग्ध युवक, व्यापारियों ने पुलिस को सौंपा

गोपीगंज। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत नगर के खरहट्टी मोहाल स्थित एक अग्रवाल कटरा में काफी देर तक एक संदिग् युवक घूम रहा था देखते ही देखते वह कटरा मलिक देवी प्रसाद अग्रवाल के मकान में घुस गया और मकान के प्रथम तल पर जाकर एक जगह छुप गया मामले को लेकर देवी प्रसाद जब दोपहर में खाना खाकर नीचे बाजार में जाने लगे तो छिपा हुआ युवक उन्हें दिखाई पड़ गया उन्होंने आसपास के लोगों को बुलाकर युवक पकड़वाया फिर 112 पुलिस के हवाले कर दिया मौके पर पहुंचे चौकी पुलिस ने पकड़े गए युवक बबलू निवासी ग्राम सरई को हिरासत में लेकर पुलिस चौकी ले गई पकड़े गए युवक के बारे में व्यापारियों ने बताया कि युवक के जेब से ताले के कई चाबियां भी मिली थी मामले को लेकर चौकी पुलिस ने बताया कि पकड़े गए युवक की जांच करने से पता चला कि वह मानसिक रूप से बीमार है जहां गाँव ग्राम प्रधान सहित पिता ने बताया कि युवक मानसिक रूप से बीमार है और उसकी दवाई इलाज का पर्चा भी स्थानीय पुलिस को दिखाया गया पुलिस ने पूरे मामले की जांच करने के बाद युवक सहित परिजनों को सौंप दिया और उसे चेतावनी भी दी गयी।

कजरी मुकाबला नौ को

घोसिया, । औराई क्षेत्र के भाला ग्रामसभा में नौ अक्टूबर शुक्रवार को सुबह 10 बजे कजरी मुकाबले का आयोजन किया जाएगा। इसमें मिर्जापुर की कजरी गायिका आरती जख्मी और केराकत के गायक सभाजीत चौहान के बीच मुकाबला होगा।

आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने एमसीए जौनपुर को पांच विकेट से हराया

गोपीगंज। सुरियावां क्षेत्र के महर्षि आजाद स्टेडियम मेढ़ी में बुधवार को अंडर-12 क्रिकेट मैच में आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने मछलीशहर क्रिकेट एकेडमी (एमसीए जौनपुर) को पांच विकेट से हरा दिया। टॉस जीतकर आजाद स्पोर्ट्स ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। एमसीए की टीम 40 ओवर में सभी विकेट गंवाकर 195 रन ही बना सकी। रुद्र मोदनवाल ने 26, सी जैस ने 21 और सत्यम यादव ने 16 रन बनाए। आजाद स्पोर्ट्स की ओर से पियूष बिंद ने हैट्रिक समेत तीन विकेट लिए। सिद्धार्थ सरोज, सूरज यादव और आदर्श गौतम ने दो-दो विकेट हासिल किए।

संदिग्ध स्थिति में युवक की मौत, हत्या की आशंका

कोन(सोनभद्र)। स्थानीय थाना क्षेत्र के केवाल गांव निवासी नीतीश कुमार उर्फ बाटा 35 वर्ष पुत्र ललित तिवारी की मंगलवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रात करीब सात बजे अग्रिम जांच में जुट गई। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। मृतक के पिता ललित तिवारी ने पुलिस को दिये नामजद तहरीर में चेरवाडीह निवासी दो युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। क्षेत्राधिकारी ओबरा प्रभात राय बुधवार को कोन थाना पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस संदिग्धों से पूछताछ करने के साथ ही घटना के सभी पहलुओं की

सिर, आंख के ऊपर चोट के पाये गये निशान, पुराना विवाद का होना बताया

चेरवाडीह में सड़क किनारे युवक घायल अवस्था में पड़ा मिला उसके सर और आँख से काफी खून निकल रहा था जिसके बाद परिजनों द्वारा उसे कोन अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने जांचापरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए कहना है कि पुरानी रंजिश के चलते नीतीश की हत्या कर शव को सड़क पर रखकर घटना को दुर्घटना का रूप देने का प्रयास किया गया। शव के सिर और आंख के ऊपर चोट के निशान मिले हैं। परिजनों ने चोटों को धारदार हथियार से वार किए जाने की आशंका जताई है। हालांकि चोटों की वास्तविक प्रकृति और मौत के कारण की पुष्टि पोस्टमार्टम जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण का स्पष्ट पता चल सकेगा। समाचार लिखे जाने तक मामले में एफआईआर दर्ज नहीं हुई थी। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

रिश्वत लेने के मामले में सर्वे कानूनगो को जिलाधिकारी ने किया निलंबित

सोनभद्र। जिलाधिकारी, अभिलेख अधिकारी चर्चित गौड़ ने शासकीय कार्यों में अनियमितता के मामले को गंभीरता से लेते हुए सूबेदार सिंह, सर्वे कानूनगो (प्रभारी पेशकार), कार्यालय सहायक अभिलेख अधिकारी, तहसील ओबरा को गया है। उन्हें संबद्ध कार्यालय में उपस्थित रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना अनुपस्थित न रहने के निर्देश दिए गए हैं। प्रकरण की विस्तृत जांच के लिए अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) को जांच

जिलाधिकारी,अभिलेख अधिकारी ने प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने पर की कारवाई, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) को सौंपी जांच

तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्रकरण में सूबेदार सिंह द्वारा एक व्यक्ति से पैसा लिए जाने का वीडियो सामने आया था। मामले का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी, अभिलेख अधिकारी ने प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर निलंबन की कार्रवाई की। निलंबन अवधि में संबंधित कर्मचारी को तहसील घोरावल से संबद्ध किया अधिकारी नामित किया गया है। जांच अधिकारी द्वारा नियमानुसार प्रकरण की जांच कर अपनी आख्या प्रस्तुत की जाएगी। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि शासकीय कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

अधिकारी, कर्मचारी आमजन में शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास को करें मजबूत-डीएम

जिलाधिकारी ने अधिकारियों-कर्मचारियों को संवेदनशीलता, तत्परता और सेवा-भाव के साथ कार्य करने पर दिया जोर

सोनभद्र। शासन के निर्देशों के क्रम में 07 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे से 12 बजे तक कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर आयोजित 'सेवा भाव' सत्र में जनपद के जिलाधिकारी चर्चित गौड़, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के

जनसेवा में सहानुभूति और नागरिकों की संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संदेश

अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नागरिक-केन्द्रितता, सेवा-भाव, सहानुभूति, तत्परता तथा नागरिक-प्रथम दृष्टिकोण को मजबूत करने से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्राप्त की। सत्र का उद्देश्य शासकीय कार्यों एवं जनसेवा में नागरिकों की आवश्यकताओं और संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की भावना को और सुदृढ़ करना रहा। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि शासकीय सेवा का मूल उद्देश्य जनसेवा है। प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन संवेदनशीलता, तत्परता और जिम्मेदारी के साथ करें तथा आमजन की समस्याओं के समाधान में नागरिक-प्रथम दृष्टिकोण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि जनसामान्य से जुड़े कार्यों में सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार, त्वरित कार्यवाही और प्रभावी समाधान प्रशासन की कार्यशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा होना चाहिए। अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कार्यों के माध्यम से आमजन में शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास को और मजबूत करें। उल्लेखनीय है कि ईगोट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म के माध्यम से जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी सहित जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा समय-समय पर विभिन्न प्रशिक्षण एवं क्षमता-विकास कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया जाता रहा है। सेवा भाव सत्र भी इसी क्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों में जनसेवा की भावना को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल रहा।

लोगों को स्वच्छता के प्रति किया गया जागरुक

लायंस क्लब रेणुकूट ने सेवा, जागरुकता कार्यक्रमों के साथ मनाया सेवा सप्ताह

रेणुकूट(सोनभद्र)। लायंस क्लब रेणुकूट द्वारा सेवा सप्ताह का शुभारंभ दो अक्टूबर से क्लब अध्यक्ष लायन गोपाल सिंह की अध्यक्षता एवं सेवा सप्ताह चेयरपर्सन लायन बृजेश जायसवाल के नेतृत्व में किया गया। सेवा सप्ताह के दौरान विभिन्न सेवा, स्वास्थ्य एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सेवा सप्ताह के प्रथम दिवस 2 अक्टूबर को गांधी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए यह संदेश दिया गया कि यदि हम सभी अपने आसपास के वातावरण की स्वच्छता पर ध्यान दें, तो हमारा पर्यावरण स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बना रहेगा। द्वितीय दिवस लायंस प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के लिए दंत चिकित्सा जांच एवं जागरूकता कार्यक्रम हुआ। डा. रवि त्रिपाठी ने बच्चों के दांतों का परीक्षण करते हुए उन्हें दांतों की नियमित साफ-सफाई एवं उचित देखभाल के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। तृतीय दिवस हिंडालको हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों को फ्ल वितरित किया गया। कार्यक्रम हिंडालको सीएमओ डा. नीलम त्रिपाठी के सहयोग एवं वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी लायन डा. राकेश रंजन के नेतृत्व में हुआ। इस मौके पर विष्णु मोदी, सुनील अग्रवाल, दिलीप दूबे, प्रदीप मिश्रा, आर.के. मिश्रा, विवेक अग्रवाल, मुकुश श्रीवास्तव, रूपेश सिंह, नवीन जोशी मौजूद रहे।



जिले के २३ गांवों में विकास कार्यों को डीएम ने दी हरी झंडी

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत सड़क, नाली, खड़ंजा, सोकपिट, आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यों को गति

सोनभद्र। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत जनपद में चयनित ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को गति देने के लिए जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के अंतर्गत चयनित ग्राम खड़ंजा, सोकपिट एवं आंगनबाड़ी केंद्र सहित विभिन्न विकास कार्यों का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। वहीं आज आयोजित बैठक में 23 अन्य ग्रामों में भी प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत विभिन्न विकास कार्य कराए जाने को जिलाधिकारी ने हरी झंडी देते हुए

१९ गांवों में निर्माण कार्य शुरू, शेष १४६ गांवों में सर्वे कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश

पंचायतों में कराए जा रहे एवं प्रस्तावित विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। जनपद में वित्तीय वर्ष 2018-19 से 2025-26 तक कुल 188 ग्राम पंचायतों का प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत चयन किया गया है। इनमें से 19 ग्रामों में सड़क, नाली, आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना के तहत कराए जा रहे सड़क, नाली, खड़ंजा, सोकपिट एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ कराए जाएं। निर्माण कार्यों में निर्धारित मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाए तथा संबंधित विभागीय अधिकारी कार्यों की नियमित स्थलीय मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि 23 ग्रामों में स्वीकृत विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का तेजी से विकास हो सके। कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो और संबंधित अधिकारी प्रगति की नियमित समीक्षा करते हुए समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने योजना के तहत चयनित शेष 146 ग्राम पंचायतों में चल रहे सर्वे कार्य की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि इन ग्राम पंचायतों में सर्वे का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि आगामी बैठकों में संबंधित ग्राम पंचायतों के लिए आवश्यक डेवलपमेंट कार्यों की स्वीकृति प्रदान करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सके। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत सिंह सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

वन्यप्राणी संरक्षण का संदेश, प्रतिभाओं ने मारी बाजी

चित्रकला, निबंध, क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर,विजेता हुए पुरस्कृत

सिंगरौली। जिले के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गडरिया में बुधवार को वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया गया। मानव एवं वन्यप्राणी के बीच सह-अस्तित्व की अवधारणा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन तथा सिंगरौली वनमंडलाधिकारी अखिल बंसल के निर्देशन में किया गया। इस दौरान वन्यप्राणी संरक्षण विषय पर चित्रकला, निबंध एवं क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं की हर्षिका पांडेय ने प्रथम, कक्षा 10वीं की खुशबू यादव ने द्वितीय तथा कक्षा 5वीं के सुशील यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं की मुस्कान खातून प्रथम, रामबाबू द्वितीय तथा दीपेश यादव ने तृतीय स्थान हासिल किया। क्विज प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं की मुस्कान खातून ने प्रथम, कक्षा 12वीं की हर्षिका पांडेय ने द्वितीय तथा कक्षा 7वीं के तनिष्क ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियों को विद्यालय के प्राचार्य रामकिशन प्रजापति, उप वनमंडलाधिकारी बैढ़न नरेंद्र त्रिपाठी एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी बैढ़न राजकुमार यादव द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने विद्यार्थियों को वन्यप्राणियों के संरक्षण के महत्व और मानव-वन्यप्राणी सह-अस्तित्व की अवधारणा के प्रति जागरूक किया। विद्यार्थियों से वन्यजीवों के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभा चंद्राकर, शिक्षिका गीता शुक्ला, परिक्षेत्र सहायक बैढ़न सुरेश सिंह मरकाम, वनपाल सुशील कुमार बुनकर, बीट प्रभारी बैढ़न महेंद्र तिवारी, बीट प्रभारी गडरिया सर्वेश तिवारी एवं वनपाल बीट प्रभारी अमलोरी अंजनी सिंह मौजूद रहे।

राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में पलक ने जीता कांस्य पदक

रेणुकूट(सोनभद्र)। नगर स्थित निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल की छात्रा पलक शर्मा ने सीबीएसई नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। प्रतियोगिता का आयोजन हरियाणा के पानीपत में किया गया। जिसमें देशभर के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। पलक शर्मा ने प्रतियोगिता में अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और आत्मविश्वास का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार के साथ ही क्षेत्र में भी खुशी का माहौल है। विद्यालय की ओर से जारी बधाई संदेश में कहा गया कि पलक की मेहनत, साहस और संघर्षशील भावना अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य सिस्टर रेजी, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने पलक शर्मा को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पलक की इस सफलता से विद्यालय के खेल प्रतिभाओं को भी प्रोत्साहन मिला है।

मतदान के समय वोटर कार्ड, वैकल्पिक पहचान दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य

सोनभद्र। जिलाधिकारी, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, वाराणसी खण्ड स्नातक, शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र ने अवगत कराया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ की प्रेस विज्ञप्ति 06 अक्टूबर तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार उत्तर प्रदेश विधान परिषद के वाराणसी खण्ड स्नातक एवं वाराणसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के लिए 23 अक्टूबर को होने वाले मतदान में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय ऐसे मतदाता जिन्हें फोटो पहचान पत्र जारी किये गये हैं उनको अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए मत देने से पूर्व अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने अवगत कराया कि ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचन फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, वे अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं (1) आधार कार्ड, (2) ड्राइविंग लाइसेन्स, (3) पैन कार्ड, (4) भारतीय पासपोर्ट, (5) राज्यकेन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकायों अथवा अन्य निजी औद्योगिक घरानों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी सेवा पहचान-पत्र, (6) सांसदों,विधायकों,पार्षदों को जारी सरकारी पहचान-पत्र, (7) उस शैक्षिक संस्था द्वारा जारी सेवा पहचान-पत्र, जिसमें सम्बन्धित शिक्षक, स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचक नियोजित हो, (8) विश्वविद्यालय द्वारा जारी डिग्री/डिप्लोमा का मूल प्रमाण-पत्र, (9) सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता सम्बन्धी मूल प्रमाण-पत्र तथा (10) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी यूनीक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड। जिलाधिकारी,सहायक रिटर्निंग ऑफिसर ने सम्बन्धित मतदाताओं से अपील की है कि वे 23 अक्टूबर को मतदान के लिए जाते समय अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र अथवा उपर्युक्त वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई एक मूल पहचान दस्तावेज अनिवार्य रूप से साथ लेकर जाएं, ताकि मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न हो सके।

दहेज हत्या-पति समेत तीन दोषियों को उम्रकैद

करीब आठ वर्ष पूर्व दहेज में ५० हजार रुपये की मांग पूरी नहीं होने पर आसमा को जलाकर मारने का आरोप

सोनभद्र। करीब 8 वर्ष पूर्व दहेज में 50 हजार रुपये की मांग पूरी न होने पर आसमा को जलाकर मारने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफ टीसी,सीएडब्लू बिपिन कुमार तृतीय की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर पति समेत तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। इनके ऊपर 15-15 हजार रूपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर 3-3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक मिर्जापुर जिला अंतर्गत मड़िहान थाना क्षेत्र के गोपलपुर गांव निवासी छोटक पुत्र हैदर अली ने 4 नवंबर 2018 को करमा थानाध्यक्ष को दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसने करीब तीन वर्ष पूर्व अपनी बेटी आसमा की शादी सोनभद्र जिला अंतर्गत करमा थाना क्षेत्र के पगिया गांव निवासी अफ्रोज पुत्र मन्नान खां के साथ किया था। दहेज में 50 हजार रुपये की मांग पूरी न होने पर 3 नवंबर 2018 की रात में बेटी आसमा को दामाद अफ्रोज, सास साफिया व दामाद का जीजा नसीम जो ससुराल में ही रहता था ने मिलकर जलाकर मार डाला। बेटी की लाश जिला अस्पताल में पड़ी है। आवश्यक कार्रवाई करें। इस तहरीर पर करमा पुलिस ने दहेज हत्या समेत विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 9 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर पति अफ्रोज, सास साफिया व जीजा नसीम को उम्रकैद की सजा सुनाई। इनके ऊपर 15-15 हजार रूपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड न देने पर दोषियों को 3-3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील सत्यप्रकाश त्रिपाठी ने बहस की।

रेट्रोफिटिंग से संवरे विद्यालयों के शौचालय

लिलासी(सोनभद्र)। लाइट हाउस इनिशिएटिव पहल परियोजना-दो के तहत हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के सीएसआर वित्तीय सहयोग से म्योरपुर ग्राम पंचायत के पतेरी टोला प्राथमिक पाठशाला एवं आंगनबाड़ी केंद्र तथा प्राथमिक पाठशाला म्योरपुर प्रथम और आंगनबाड़ी केंद्र म्योरपुर सेकेंड में शौचालयों की क्रियान्वयन संस्था नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वीमेन चाइल्ड एंड युथ डेवलपमेंट संस्था (निवसीड)ने रेट्रोफिटिंग कार्य कराया गया। कार्य पूरा होने के बाद बुधवार को ब्लाक प्रमुख प्रशासक मानसिंह गोंड ने फीता काटकर रेट्रोफिटिंग कराए गए शौचालयों का उद्घाटन किया। बताया गया कि विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में पूर्व से बने शौचालय खराब होने के कारण उनका समुचित उपयोग नहीं हो पा रहा था। रेट्रोफिटिंग कार्य के तहत शौचालयों को आवश्यक सुधार एवं मरम्मत कर उपयोग के योग्य बनाया गया।

बच्चों को व्यवहारिक, खेल-आधारित गतिविधियों से गणित सिखाने पर जोर

एनटीपीसी, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के तत्वावधान में गणित मेला का आयोजन

बीना(सोनभद्र)। एनटीपीसी के सीएसआर पहल औरश्प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के संयुक्त तत्त्वावधान में बालिका सशक्तिकरण मिशन जेम 2.0 के तहत म्योरपुर विकास खंड के उच्च प्राथमिक विद्यालय कोहरौल में गणित मेला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खेल-खेल के माध्यम से छात्राओं में गणित के प्रति रुचि बढ़ाना और उनमें आत्मविश्वास जगाना है। मेले के दौरान छात्रों को मनोरंजक गतिविधियों, पहेलियों और मॉडल के जरिए गणित की बारीकियों को सिखाया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य बातें शिक्षा बच्चों को पारंपरिक रटने के तरीके से अलग व्यवहारिक और खेल-आधारित गतिविधियों के माध्यम से गणित सिखाने पर जोर दिया गया। बालिका सशक्तिकरण संदेश के साथ छात्राओं की भागीदारी और उनके सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया गया।उपस्थित एबीएसए सुनील कुमार एआरपी सुप्रिया एनटीपीसी कुमार आदर्श कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक कमलेश कुमारी तथा राहुल प्रजापति प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की टीम ने सभी प्रतिभागियों,शिक्षकों एवं उपस्थित बच्चों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय के सभी उपस्थित बच्चों को एनटीपीसी सीएसआर द्वारा बैग वितरण किया गया।



राख परिवहन पर दो दिन बाद बनी सहमति

शक्तिनगर(सोनभद्र)। ग्राम पंचायत कोटा में राख परिवहन को लेकर दो दिनों से चल रहा ग्रामीणों का विरोध बुधवार को एनटीपीसी अधिकारियों एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में हुई वार्ता के बाद समाप्त हुआ। एनटीपीसी विंध्याचल और एनटीपीसी शक्तिनगर की ओर से लिखित आश्वासन दिए जाने के बाद ग्रामीणों ने निर्धारित शर्तों के साथ राख परिवहन दोबारा शुरू करने पर सहमति जताई। गौरतलब है कि 5 अक्टूबर 2026 की सुबह करीब 10 बजे राख परिवहन से परेशान ग्रामीणों ने कोटा क्षेत्र में राख लदे वाहनों का आवागमन रोक दिया था। ग्रामीणों का कहना था कि लगातार राख वाहनों के संचालन से सड़क पर धूल और राख उड़ रही है, जिससे स्थानीय दुकानदारों, राहगीरों, ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामले की जानकारी ग्राम प्रधान कोटा प्रमोद तिवारी द्वारा एनटीपीसी अधिकारियों एवं स्थानीय थाना प्रशासन को दी गई थी। दो दिनों तक राख परिवहन प्रभावित रहने के बाद सात अक्टूबर को एनटीपीसी के अधिकारियों तथा शक्तिनगर थाना प्रभारी सत्येंद्र राय की मौजूदगी में ग्रामीणों के साथ विस्तृत वार्ता हुई। वार्ता में ग्राम प्रधान प्रमोद तिवारी, ग्रामीण बेला देवी, आशीष चौबे, सुशील गिरी, संदीप गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। काफी देर तक चली वार्ता के दौरान ग्रामीणों ने राख परिवहन से जुड़ी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि सड़क की खराब स्थिति, सड़क पर जमा राख तथा वाहनों के आवागमन के दौरान उड़ने वाली धूल से क्षेत्र में आवागमन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत, नियमित झाड़ू और पर्याप्त पानी के छिड़काव की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग रखी।



स्कूल टाइम में राख वाहनों पर रहेगी रोक

वार्ता के दौरान ग्रामीणों की सबसे प्रमुख मांग स्कूल आने-जाने के समय राख वाहनों का संचालन बंद रखने की रही। सहमति के अनुसार सुबह 6:30 बजे से 8:30 बजे तक तथा दोपहर 12:30 बजे से 2:30 बजे तक राख वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। इसका उद्देश्य स्कूली बच्चों एवं राहगीरों को राख वाहनों से होने वाली परेशानी से बचाना है। इसके साथ ही सड़क पर नियमित रूप से झाड़ू लगाने, पानी का पर्याप्त एवं नियमित छिड़काव करने तथा खराब सड़क की मरम्मत कराने को लेकर भी आश्वासन दिया गया।

पर्व के दौरान नियमों का कड़ाई से पालन किया जाय

बीजपुर(सोनभद्र)। आगामी शारदीय नवरात्रि एवं दुर्गा पूजा महोत्सव को सकुशल शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बुधवार को स्थानीय थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता कर रहे प्रभारी निरीक्षक अविनाश कुमार सिंह ने मौजूद लोगों ने पर्व को आपसी भाईचारे के साथ मनाये जाने की अपील की। बैठक के दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा उपस्थित लोगों से आयोजन से जुड़ी संभावित समस्याओं और व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली गई जिस पर सभी ने क्षेत्र में पूर्ण शांति और सौहार्द का माहौल बताते हुए किसी भी तरह की समस्या से इनकार किया। प्रभारी निरीक्षक ने शासन एवं उच्चाधिकारियों से प्राप्त दिशा-निर्देशों से सभी को अवगत कराते हुए अपील की कि पर्व के दौरान नियमों का कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से डीजे संचालकों और पूजा कमेटियों को निर्धारित ध्वनि सीमा का पालन करने तथा असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों के खिलाफसख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दिन में छाया राख का अंधेरा, हेडलाइट जलाकर रेंग रहीं गाड़ियां

बीजपुर(सोनभद्र)। आसमान में चिलचिलाती धूप खिली है और घड़ी में दोपहर के दो बज रहे हैं लेकिन बीजपुर-रेणुकूट मुख्य मार्ग पर नजारा किसी खौफ़नाक और घने कोहरे वाली रात जैसा नजर आता है। एनटीपीसी रिहंद से निकलने वाली फ्लाई ऐश के अनियंत्रित और गैर-जिम्मेदाराना परिवहन ने इस पूरे इलाके को गैस चौंबर बना दिया है।हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि दिन के उजाले में भी विजिबिलिटी शून्य के करीब पहुंच चुकी है और चालकों को गाड़ियों की हेडलाइट जलाकर रेंगने को मजबूर होना पड़ रहा है। बीजपुर-रेणुकूट मार्ग पर राख ढोने वाले हाइवा यमराज बनकर बेतहाशा दौड़ रहे हैं। इनके पीछे उठने वाला धूल और राख का भीषण गुबार पीछे चल रहे बाइक सवारों,ऑटो और अन्य छोटे वाहनों को पूरी तरह ढक लेता है। जरा सी चूक होते ही भयानक सड़क हादसा होने का खतरा हर पल मंडरा रहा है। घरों की खिड़कियों और दरवाजों से होकर यह राख सीधे लोगों की रसोइयों और खाने की थाली तक पहुंच रही है। हवा में तैरते इस जहरीले कण के चलते बच्चे, बुजुर्ग और आम ग्रामीण सांस, दमा, फेफड़ों और आंखों की गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं।

नवोदय विद्यालय जीयनपुर की १०६ छात्राओं ने स्वयं को छात्रावास में किया कैद

एसडीईएम समेत कई अफसरों के समझाने पर १६ घंटे बाद आयी बाहर और किया भोजन

सगड़ी, आजमगढ़। महिला कर्मचारी के समर्थन में नवोदय विद्यालय जीयनपुर की 106 छात्राओं ने मंगलवार

हड़कंप

छात्रावास में कार्यरत प्राइवेट महिला कर्मचारी से छेड़छाड़ का लगाया आरोप

की रात के भोजन के बाद स्वयं को छात्रावास में कैद कर लिया और उसके बाद सुबह बाहर नहीं निकलीं। पहले तो विद्यालय प्रशासन ने खुद मनाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता न मिलने पर प्रशासन को अवगत कराया गया। रात आठ बजे के बाद से कैद छात्राएं बुधवार की दोपहर लगभग बारह बजे एसडीएम समेत कई अफसरों के समझाने पर बाहर निकलीं और उसके बाद भोजन किया।



दरअसल विद्यालय की एक प्राइवेट महिला कर्मचारी ने खुद के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। उसके समर्थन में गर्ल्स छात्रावास की छात्राएं भी उतर आईं और कार्रवाई की मांग को लेकर छात्राओं ने मंगलवार की शाम को नाश्ता के बाद हॉस्टल का दरवाजा अंदर से बंद कर खुद को कैद कर लिया। बुधवार की सुबह कालेज प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी संजीव कुमार राय, क्षेत्राधिकारी देशराज सिंह, एसडीएम लालगंज नेहा मिश्रा, सीओ लालगंज आस्था जायसवाल और तहसीलदार नवीन निश्चल त्रिपाठी, जीयनपुर

विद्यालय प्रशासन ने महिला कर्मी को ही ठहराया छात्राओं को बरगलाने का दोषी

कोतवाल संजय सिंह ने सुबह 8 बजे मौके पर पहुंचकर छात्राओं को मनाने का सिलसिला शुरू किया। बताते हैं कि महिला कर्मचारी ने लगभग 15 दिन पहले छेड़खानी का आरोप लगाते हुए जीयनपुर कोतवाली में तहरीर दी थी। पुलिस इस मामले की जांच कर रही थी। बाद में दोनों पक्षों में प्रधानाचार्य की उपस्थिति में सुलह समझौता हो गया। बाद में प्रधानाचार्य ने महिला कर्मी को गर्ल्स छात्रावास से निकाल दिया। विद्यालय प्रशासन का कहना है कि महिला कर्मी ने छात्राओं को बरगला दिया। महिला कर्मी के समर्थन में 9 से लेकर 12 तक की 106 छात्राओं ने छात्रावास में खुद को कैद कर लिया और जिलाधिकारी को बुलाने की मांग पर अड़ गईं। एसडीएम समेत कई अफसर और अध्यापक जंगले के बाहर से छात्रों को समझाते रहे। इसके बाद दोपहर 12 बजे उपजिलाधिकारी संजीव राय के आश्वासन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शशिकांत राय ने छात्राओं को लिखित रूप से दिया कि उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी। मेस कर्मी महिला कर्मचारी को भी निकाला नहीं जाएगा और मेस सहायक गुड्डू प्रसाद पर कार्रवाई की जाएगी। उसके बाद छात्राएं बाहर आईं और सबके साथ बैठकर भोजन किया। वहीं प्राचार्य को विद्यालय में साफ सफाई, मेस के व्यवस्थित संचालन के लिए उप जिलाधिकारी ने निर्देशित किया।

कुत्ते को बचाने में अनियंत्रित हुई स्कूटी, आंगनबाड़ी सहायिका की मौत

बलरामपुर, आजमगढ़। जहानागंज थाना क्षेत्र के सेमा गांव के पास मंगलवार की शाम कुत्ता सामने

बेटे और बहन के साथ स्कूल से लौटते समय सेमा के पास हुआ हादसा

आने पर उसे बचाने के प्रयास में अनियंत्रित हुई स्कूटी पलट गई। हादसे में स्कूटी सवार आंगनबाड़ी सहायिका की मौत हो गई, जबकि उसका 12 वर्षीय बेटा और बहन घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मेंहनगर थाना क्षेत्र के धन्नीपुर गांव निवासी 35 वर्षीय गुड़िया पत्नी पिंटू कुमार गांव में आंगनबाड़ी सहायिका थीं। उनका 12 वर्षीय बेटा अयांश जवाहर नवोदय विद्यालय जीयनपुर में कक्षा छह का छात्र है। मंगलवार को अयांश के बीमार होने पर



विद्यालय से फोन आया था। इसके बाद गुड़िया अपनी बहन 30 वर्षीय आरजू पत्नी गौतम निवासी सिंहपुर, मेंहनगर के साथ बेटे को लेने विद्यालय पहुंचीं। शाम को तीनों स्कूटी से घर लौट रहे थे। गुड़िया अपनी बहन को उसके घर छोड़ने जा रही थीं। जहानागंज क्षेत्र के लंगड़ा बाबा स्थान, सेमा गांव के पास अचानक स्कूटी के सामने कुत्ता आ गया। इससे स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में तीनों घायल हो गए। घायलों को कोल्हूखोर सीएचसी ले जाया गया। चिकित्सक ने गुड़िया की हालत गंभीर देख मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। बेटे अयांश और बहन आरजू को मामूली चोटें आई थीं, प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। मंडलीय अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने गुड़िया को मृत घोषित कर दिया।

परिसर की भूमि को करें समतल ताकि गिरकर घायल न हों गोवंश

लालगंज, आजमगढ़। उपजिलाधिकारी लालगंज नेहा मिश्रा द्वारा लगातार क्षेत्र में जमीनी स्तर पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का

एसडीएम ने किया ठेकमा ब्लाक के हरईरामपुर गौशाला का निरीक्षण

निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को विकासखंड ठेकमा के हरईरामपुर स्थित गौशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव सहित संबंधित कर्मचारी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।एसडीएम नेहा मिश्रा ने गौशाला में गोवंशों के स्वास्थ्य की स्थिति का जायजा लिया। इसके साथ ही हरा चारा, भूसा,पीने के पानी की उपलब्धता,गोवंशों के घूमने के लिए पर्याप्त स्थान,साफ-सफाई तथा गौशाला परिसर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान गौशाला परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर करने तथा अंदर की जमीन को समतल कराने के निर्देश दिए गए, ताकि कोई भी गोवंश गिरकर घायल न हो। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को 10 दिन के भीतर व्यवस्थाओं में सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम नेहा मिश्रा ने कहा कि गौशालाओं में गोवंशों के लिए चारा,पानी,स्वास्थ्य और साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं की नियमित निगरानी जरूरी है।उन्होंने कहा कि गौशाला की व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए और दिए गए निर्देशों का समयबद्ध तरीके से पालन सुनिश्चित किया जाए। एसडीएम द्वारा लगातार क्षेत्र में मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किए जाने से संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों में भी व्यवस्थाओं को लेकर सक्रियता बढ़ी है।

सपा के प्रदर्शन के दौरान भर गयी सड़क, चुनाव आयुक्त का फूंका पुतला

आजमगढ़। सपा मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर जिले में इतना अमल हुआ कि प्रदर्शन के दौरान पूरी सड़क भर गई और सुरक्षा व्यवस्था को दरकिनार कर कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला भी फूंक दिया। सुबह 11 बजे से ही सभी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता कुंवर सिंह उद्यान में आना शुरू कर दिए, जिससे पूरा उद्यान कार्यकर्ताओं से भर गया। वहां से ज्ञानेश कुमार हटाओ लोकतंत्र बचाओ, भाजपा हटाओ सविधान बचाओ, अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारों के साथ कार्यकर्ताओं ने तख्तियों पर लिखे नारे व बाबा साहब, डॉक्टर लोहिया व नेता मुलायम सिंह यादव व मान्यवर कांशीराम साहब व अखिलेश यादव की फोटो लेकर चल रहे थे। मार्च का नेतृत्व जिलाध्यक्ष हवलदार यादव, सांसद धर्मेंद्र यादव व



दरोगा प्रसाद सरोज के अलावा एमएलसी बलराम यादव, पूर्व मंत्री दुर्गा प्रसाद यादव, एमएलसी शाह आलम गुड्डू जमाली, विधायकगण डॉ. संग्राम यादव, नफीस अहमद, बेचई सरोज आदि ने किया। मार्च में शामिल सांसद धर्मेंद्र यादव ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, राहुल सांकृत्यायन, विश्राम राय व अंत में संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कहा कि भाजपा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के माध्यम से संविधान में दिए गए अनुच्छेद 326 के प्राविधानों के विपरीत मनमाना ढंग से लोगों के वोट काटकर व अपनी सत्ता कायम कर देश को आर्थिक व राजनीतिक रूप से कमजोर कर रही है। फ्रंटल संगठन के कार्यकर्ताओं ने ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया।

मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ सपा कार्यकर्ताओं का मार्च

लालगंज, आजमगढ़। समाजवादी पार्टी विधानसभा लालगंज के ठेकमा बाजार में बुधवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ रोड मार्च विधायक बेचई सरोज व विधानसभा इकाई अध्यक्ष राजनरायन यादव के नेतृत्व में किया गया। जिसमे सभी सेक्टर प्रभारी व संगठन के साथी हाथ में तख्ती लेकर ज्ञानेश हटाओ, संविधान बचाओ, वोट चोर गद्दी छोड़, ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो आदि नारे लगाते हुए पूरे बाजार में भ्रमण किया। इस अवसर अरविन्द सरोज, गोविन्दा गौतम, गणेश मौर्य, श्रीराम सरोज, मुन्ना, नवनीत यादव, मनीष सिंह, डाक्टर कमालुद्दीन खान, लल्लन यादव,कृष्ण कुमार यादव,चन्दन सिंह, समीर अहमद, अशोक प्रजापति, जय सिंह चौहान, अनुपम कन्नौजिया, अमरजीत यादव, साहबलाल यादव, नूर आलम आदि उपस्थित थे।

जनता की फरियाद सुन एसपी ने दिये निस्तारण के निर्देश

आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर ईश्वर लाल गुज्जर भी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए अधिकारीगण द्वारा संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही निर्देशित किया गया कि शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता बनाए रखते हुए पीड़ितों को प्रभावी एवं त्वरित न्याय दिलाया जाए।

व्यक्तिगत विवरण में परिवर्तन कर दो पासपोर्ट बनवाने वाला गिरफ्तार

आजमगढ़। जहानागंज थाने के एसआई अच्छेलाल यादव ने बुधवार को सुबह लगभग पौने आठ बजे व्यक्तिगत विवरण में परिवर्तन कर दो पासपोर्ट बनवानें के आरोपी सलमान पुत्र मोहम्मद इरफान निवासी सलेमपुर को मुखबिर की सूचना पर मंदे बार्डर के पास से गिरफ्तार कर चालान कर दिया। पुलिस ने 27 सितंबर को सलमान अहमद द्वारा कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर अपने व्यक्तिगत विवरण में परिवर्तन कर एक से अधिक पासपोर्ट बनवाये जाने के संबंध में प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया था।

सौ रुपये के जाली नोट के साथ एक गिरफ्तार

आजमगढ़। रौनापार थाने के एसएसआई रामअनुज शुक्ला व एसआई रमेश कुमार की टीम ने बुधवार को सुबह लगभग सवा छह बजे सौ रुपये के जाली नोट के साथ पंकज राय उर्फ विनय कुमार राय पुत्र सुबाष राय निवासी जोकहरा को मुखबिर की सूचना पर ग्राम पहाड़पुर गोड़ौली इंटरलॉकिंग के पास से गिरफ्तार किया। इस मामले में 6 अक्टूबर को देसी शराब दुकान के सल्समैन उदयभान यादव पुत्र स्व. तिलक यादव निवासी सहदेवगंज, थाना महराजगंज ने तहरीर दी थी कि रामअशीष यादव उर्फ बग्गड़ अपने साथी पंकज राय उर्फ विनय कुमार राय को 100-100 रुपये के दो जाली नोट देकर गांगेपुर मठिया स्थित शराब की दुकान से शराब खरीदने के लिए भेजा था।

लेखपालों की हड़ताल से आय, जाति, निवास, वरासत के कार्य ठप

लालगंज, आजमगढ़। तहसील में लेखपालों की हड़ताल से आम जनमानस के जरूरी कार्य बाधित हो गए हैं। आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, वरासत, ईडब्लूएस, खतौनी और फार्म रजिस्ट्री से जुड़े सैकड़ों आवेदन तहसील में लंबित पड़े हैं। लेखपालों की हड़ताल के चलते सबसे ज्यादा परेशानी स्कॉलरशिप और परीक्षा फार्म भरने वाले छात्र-छात्राओं को हो रही है। समय पर जाति, आय व निवास प्रमाण पत्र न बनने से उनके आवेदन अधूरे रह जा रहे हैं। वहीं किसानों के वरासत और जमीन से जुड़े कार्य रुक गए हैं। लालगंज तहसील में लेखपालो की हडताल के चलते आय 3111, जाति 2248 निवास 2690 व वरासत के 135 मामले लम्बित पड़े हैं। जनमानस परेशान है। तहसील परिसर में रोजाना आ रहे फरियादी बिना काम के लौटने को मजबूर हैं। लोगों ने शासन- प्रशासन से जल्द जल्द प्रमाण व अन्य आवश्यक कार्य सुचारू रूप से कराने की मांग की है।

पिकअप की टक्कर से बाइक सवार घायल

लालगंज, आजमगढ़। वाराणसी-लुंबिनी एनएच-233 के भीरा मार्ग चौराहे पर मंगलवार शाम लगभग 4.30 बजे जिला मुख्यालय की तरफ से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने डिवाइडर के पास खड़े बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद पिकअप डिवाइडर पर चढ़ गई। हादसे में बाइक सवार 30 वर्षीय मोबीन पुत्र इस्लाम निवासी टिकरगाढ़ गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद पीआरवी-112 ने घायल मोबीन तथा पिकअप चालक 32 वर्षीय रमाकांत यादव पुत्र राजेंद्र यादव निवासी ग्राम बढ़खणा, थाना चंदवक को तत्काल लालगंज स्थित सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने मोबीन की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया,जबकि पिकअप चालक का अस्पताल में उपचार चल रहा था। बताया गया कि मोबीन बाइक से फेरी का कार्य कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनके चार बच्चे 14 वर्षीय जिन्नत, 12 वर्षीय एहसान, 10 वर्षीय सनम व 5 वर्षीय फैजल हैं। हादसे की खबर से पत्नी शैयदा सहित परिवार के लोग परेशान हो गए। पीआरवी चालक बृजेश कुमार ने बताया कि घटना की सूचना लालगंज पुलिस को दे दी गई है।

अरुणांचल प्रदेश में ट्रक पलटने से घायल चालक की मौत

बलरामपुर, आजमगढ़। तरवां थाना क्षेत्र के मुरारपुर गांव निवासी ट्रक चालक की अरुणांचल प्रदेश में हुए हादसे में घायल होने के करीब 15 दिन बाद मंगलवार की रात उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मुरारपुर गांव निवासी 58 वर्षीय राजेश कुमार सिंह ट्रक चालक थे। करीब 15 दिन पूर्व वह ट्रक लेकर अरुणांचल प्रदेश गए थे। 19 सितंबर को वहां ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में राजेश गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय अस्पताल में उनका उपचार कराया गया। हालत में सुधार होने पर वह अरुणाचल प्रदेश से घर लौट आए।इसके बाद परिजनों ने उन्हें खरिहानी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा था। मंगलवार की रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

पूजन-अर्चन संग याद किये गये गीतकार सत्यनारायण मिश्र

सिधौना, आजमगढ़। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष रहे सत्यनारायण मिश्रा 'साधक' जी की पुण्यतिथि पर मार्कंडेय धाम स्थित बराह बाबा मंदिर पर पूजन-अर्चन किया गया। परिवार के लोगों ने त्रिपिंडी श्राद्ध भी कराया। उनके बड़े पुत्र राम प्रसाद मिश्र, महेश मिश्र तथा पौत्र ओम मिश्रा सहित परिजनों ने धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता की। इस अवसर पर एमएलसी प्रतिनिधि अनुराग तिवारी ने सत्यनारायण मिश्रा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सत्यनारायण मिश्रा ने पत्रकारिता जगत में अपनी अलग पहचान बनाई थी। वे सामाजिक सरोकारों से जुड़े संवेदनशील एवं सामाजिक व्यक्ति थे। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को समाज लंबे समय तक स्मरण करता रहेगा। पत्रकारिता और सामाजिक क्षेत्र में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

सेवा और कर्तव्य से खुद को जोड़ें तो और भी बेहतर होंगे सपने

आजमगढ़। नगर के लक्षिरामपुर स्थित शिक्षण संस्थान वेदांता स्कूल ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंस

वेदांता स्कूल आफ नर्सिंग में आठवें फेयरवेल सेरेमनी डेस्टिनी का आयोजन

में जीएनएम, एएनएम और पैरामेडिकल के छात्र-छात्राओं के लिए 8वें फेयरवेल सेरेमनी 2026 का आयोजन किया गया। इस वर्ष समारोह का थीम डेस्टिनी फ्राम ड्रीम्स टू ड्यूटी रखा गया। संस्थान के ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीएमओ डा. एनआर वर्मा, विशिष्ट अतिथि एसीएमओ डा. उमा शरण पांडेय, सीओ लालगंज आस्था जायसवाल, वेदांता ग्रुप के चेयरमैन डा. शिशिर जायसवाल, डायरेक्टर विशाल जायसवाल, मैनेजिंग डायरेक्टर आलोक जायसवाल व रित्विक जायसवाल द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह के दौरान जूनियर छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर पूरे हॉल को तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान कर दिया। फेयरवेल के भावुक क्षणों के बीच सीनियर विद्यार्थियों ने संस्थान में बिताए अपने खट्टे-मीठे अनुभवों को साझा किया। आए हुए अतिथियों ने पास-आउट हो रहे छात्र-छात्राओं को



उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कहा गया कि खुद को सेवा और कर्तव्य से जोड़ने पर किसी भी सपने को और भी बेहतर किया जा सकता है।

डायरेक्टर विशाल जायसवाल ने कहा वर्ष 2016 से संचालित हमारे संस्थान का एकमात्र उद्देश्य समाज को कुशल स्वास्थ्यकर्मी प्रदान करना है। डाक्टर दवा लिखते हैं, लेकिन मरीज की असली देखभाल और सेवा नर्सिंग स्टाफ ही करता है। अब वेदांता का नाम रोशन करने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की असली शुरुआत हो रही है। वेदांता ग्रुप आपके उज्जवल भविष्य की कामना करता है और हर कदम पर आपके साथ खड़ा है।

सभी पूजा समितियां करें दिशा-निर्देशों का पालन

लालगंज, आजमगढ़। नवरात्रि, दुर्गा पूजा एवं दशहरा के बाद प्रतिमा विसर्जन सहित अन्य त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को गंभीरपुर के थाना प्रभारी अमित कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता उपजिलाधिकारी लालगंज नेहा मिश्रा ने की। बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों, पूजा समितियों के पदाधिकारियों एवं संबंधित लोगों ने भाग लिया। एसडीएम नेहा मिश्रा ने आगामी त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने,प्रतिमा विसर्जन के दौरान निर्धारित मार्ग एवं स्थानों का पालन करने तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सभी पूजा समितियां प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और प्रतिमा विसर्जन के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

मंडलीय अस्पताल में आपरेशन के बाद किशोरी की मौत, हंगामा

बलरामपुर, आजमगढ़। जिला अस्पताल में पित्त की थैली में पथरी के इलाज के लिए भर्ती 15 वर्षीय किशोरी की ऑपरेशन के बाद बुधवार सुबह मौत हो गई। परिजनों ने ऑपरेशन के नाम पर चिकित्सक पर पांच हजार रुपये लेने और इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा किया। सूचना पर पहुंचे एसआईसी ने मामले की जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद परिजन शांत हुए। निजामाबाद थाना क्षेत्र के शिवराजपुर गांव निवासी सूर्यभान पाल की 15 वर्षीय पुत्री पुष्पा पाल के पित्त की थैली में पथरी थी। परिजनों के अनुसार, उन्होंने जिला अस्पताल में सर्जन डा. संजय गोंड को दिखाया था। जांच रिपोर्ट सही नहीं होने की बात कहते हुए उन्होंने ऑपरेशन से मना कर दिया था। परिजनों का आरोप है कि एक अक्तूबर को पुष्पा को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। ओपीडी में मौजूद सर्जन डा. एके कुशवाहा ने बाहर से जांच कराने के बाद एक स्टाफ के माध्यम से पांच हजार रुपये लिए और पुष्पा का ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद उसकी हालत सामान्य नहीं हुई और धीरे-धीरे बिगड़ती चली गई। दो दिन तक हालत में सुधार नहीं होने पर चिकित्सक को दिखाया गया, लेकिन ठीक होने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान पुष्पा के शरीर से लगातार खून निकलता रहा। चिकित्सक को बुलाने के लिए स्टाफ से कहने के बावजूद चिकित्सक को नहीं बुलाया गया। बुधवार सुबह पुष्पा ने दम तोड़ दिया। किशोरी की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंचे एसआईसी डा. सतीश चंद्र कन्नौजिया ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया, तब जाकर मामला शांत हुआ।

आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्ति के दोनों शस्त्र लाइसेंस निलम्बित

आजमगढ़। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा थाना अतरौलिया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम अनंतपुर निवासी राजेश यादव पुत्र राजधारी यादव के विरुद्ध आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता एवं शस्त्र के दुरुपयोग की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए उसके दोनों शस्त्र लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलम्बित किए गए हैं। निलम्बित शस्त्रों को पुलिस अभिरक्षा में रखे जाने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस के अनुसार राजेश यादव के विरुद्ध थाना अतरौलिया में मुकदमा पंजीकृत है। लाइसेंसधारी के नाम रिवाल्वर तथा राइफल पंजीकृत हैं। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा दोनों शस्त्र लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुए संबंधित शस्त्रों को पुलिस अभिरक्षा में रखे जाने तथा लाइसेंसधारी को कारण बताओ नोटिस जारी कर नियमानुसार विधिक प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रधानमंत्री का सुना संबोधन, लिया विकसित भारत का संकल्प

आजमगढ़। सेवा ज्योति यात्रा के अंतर्गत भाजपा आजमगढ़ एवं लालगंज की ओर से बुधवार को नरौली चौराहा

महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण, हरिऔध कला केंद्र में बनायी रंगोली

पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप मे प्रदेश उपाध्यक्ष व आजमगढ़ जिला प्रभारी डा.धर्मेंद्र सिंह और लालगंज जिला प्रभारी दुर्गविजय राय मौजूद रहे। सेवा ज्योति यात्रा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनसेवक के रूप मे 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर ज्योति प्रज्वलित किया गया। नरौली चौराहे पर प्रधानमंत्री मोदी तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नवीन का वर्चुवल संबोधन सुना गया और विकसित भारत-2047 का सामूहिक संकल्प दिलाया गया। सेवा ज्योति यात्रा नरौली से प्रारम्भ



होकर स्वामी विवेकानंद, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं विश्राम राय की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कलेक्ट्रेट स्थिति अम्बेडकर पार्क पहुंची जहां यात्रा का समापन भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान हरिऔध कला केंद्र में रंगोली का अवलोकन किया गया। सेवा ज्योति यात्रा के दौरान पूरे मार्ग पर उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। जगह-जगह आम लोगों ने सेवा ज्योति यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर आजमगढ़ जिलाध्यक्ष ध्रुव सिंह, लालगंज जिलाध्यक्ष विनोद राजभर, संतोष सिंह, नीलम सोनकर, घनश्याम पटेल, अखिलेश मिश्रा, वंदना सिंह, मंजू सरोज, जयनाथ सिंह, आनंद सिंह, मृगांक शेखर सिन्हा, विवेक निषाद, जितेंद्र राय, अवनीश चतुर्वेदी, नीरज सिंह आदि उपस्थित रहे।

लक्ष्यों के प्रति स्पष्ट दृष्टिकोण अपनाने के साथ निरंतर सीखने की जरुरत

विश्वविद्यालय में वाइसचांसलर-छात्र संवाद कार्यक्रम 'काफी विद कुलपति' का आयोजन

आजमगढ़। महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के साथ प्रत्यक्ष एवं सकारात्मक संवाद स्थापित

अच्छी पहल

विद्यार्थियों के शैक्षणिक, भविष्यगत लक्ष्यों को नयी दिशा देने पर किया गया विमर्श

करने के उद्देश्य से 'कॉफी विद कुलपति' कार्यक्रम के तृतीय संस्करण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय में छात्र-केंद्रित शैक्षणिक वातावरण को और अधिक सुदृढ़ करना तथा छात्र-छात्राओं की आवाज, विचारों और अपेक्षाओं को विश्वविद्यालय के कुलपति एवं प्रशासन तक प्रभावी रूप से पहुंचाना रहा। विश्वविद्यालय के



मीडिया प्रभारी ने बताया कि इस संवाद कार्यक्रम में कुलपति प्रो. संजीव कुमार ने विद्यार्थियों के साथ सहज एवं आत्मीय वातावरण में संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से उनकी शैक्षणिक, प्रगति, अध्ययन-अध्यापन की गुणवत्ता, शोध, करियर की संभावनाओं, कौशल विकास तथा विश्वविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं के संबंध में विचार-विमर्श किया। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय का वास्तविक विकास तभी संभव है, जब विद्यार्थियों की आकांक्षाओं, सुझावों और समस्याओं को समझते हुए उन्हें शैक्षणिक विकास की प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार बनाया जाए। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यों के प्रति स्पष्ट दृष्टिकोण अपनाने, निरंतर सीखने तथा बदलते

छात्र-छात्राओं की आवाज विश्वविद्यालय प्रशासन तक प्रभावी रूप से पहुंचाना रहा मकसद

समय की आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार करने के लिए प्रेरित किया। काफी विद कुलपति संवाद के दौरान विद्यार्थियों ने भी अपने सुझाव, विचार एवं शैक्षणिक अनुभव साझा किए। विभिन्न विषयों पर हुए सकारात्मक एवं रचनात्मक संवाद में विद्यार्थियों की भविष्य में लक्ष्योन्मुखी प्रगति, उच्च शिक्षा, शोध एवं रोजगारपरक कौशल से जुड़े मुद्दों पर विशेष चर्चा हुई। कार्यक्रम ने कुलपति और विद्यार्थियों के बीच संवाद की एक खुली, सकारात्मक एवं सहभागी संस्कृति को बढ़ावा देने का कार्य किया। विद्यार्थियों ने इस पहल को अपने विचार सीधे विश्वविद्यालय के शीर्ष प्रशासन तक पहुंचाने और शैक्षणिक दिशा-निर्धारण में सहभागिता का महत्वपूर्ण अवसर बताया।'कॉफी विद कुलपति' जैसे संवादात्मक कार्यक्रम विश्वविद्यालय के छात्र-केंद्रित, संवेदनशील एवं सहभागी शैक्षणिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हैं। इस मौके पर विद्यार्थियों के साथ वैशाली सिंह, सूर्य प्रकाश अग्रहरि, डॉ. अंकुर चौबे, नितेश सिंह भी मौजूद रहे।

होटल संचालक, कर्मचारियों से मारपीट के मामले में दो चढ़े हत्थे

आजमगढ़। नगर कोतवाली के बदरका पुलिस चौकी प्रभारी शशि सिंह, आरक्षी लवकुश मौर्या एवं दिलीप कुशवाहा की टीम ने बुधवार को मुखबिर की सूचना पर होटल संचालक व कर्मचारियों से मारपीट व हंगामा के साथ गाली-गलौज करने के मामले में दो आरोपियों को राजघाट, सरायमंदराज के पास से गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों में पिन्टू उर्फ धीरज कुमार यादव पुत्र रामलखन यादव, निवासी मधनापार, थाना बिलरियागंज व अरबिन्द उर्फ मगानू पुत्र दुर्वाषा यादव निवासी चकभारी, थाना सिधारी शामिल हैं। इस मामले में आनन्द सोनकर पुत्र कमलेश सोनकर निवासी कटघर ने नगर कोतवाली पर तहरीर दी थी कि वह सरायमंदराज में रेड रोज होटल चलाता है। 4 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे अंकित यादव उर्फ जोनी, पिन्टू यादव, मगानू यादव एवं उनके साथ आए अन्य व्यक्तियों द्वारा होटल पर चखना एवं कमरा मांगा गया। अधिक शराब पीने के कारण कमरा देने से मना करने पर लोगों द्वारा वादी एवं होटल स्टाफ के साथ गाली-गलौज व मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी।

गरबा, डांडिया में धार्मिक मर्यादा का करायें पालन

आजमगढ़। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल गोरक्ष प्रांत ने आगामी नवरात्रि महोत्सव के दौरान गरबा व डांडिया आयोजनों की धार्मिक मर्यादा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को श्रीरामचरितमानस की प्रति भी भेंट की। संगठन ने आयोजनों में अश्लीलता, हुड़दंग, अभद्र गानों और महिलाओं से दुर्व्यवहार पर रोक लगाने और उल्लंघनकर्ताओं पर कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही, पारंपरिक पवित्रता बनाए रखने के लिए आयोजन स्थलों पर गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध और पहचान पत्र चेकिंग की व्यवस्था लागू करने का आग्रह किया। कार्यकर्ताओं ने शांति-व्यवस्था में पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिया।

शिकायत पर बिलरियागंज बाजार का ओम चाइल्ड केयर सील

आजमगढ़। मुख्य चिकित्साधिकारी एनआर वर्मा के पास प्राप्त शिकायत का संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बिलरियागंज बाजार स्थित ओम चाइल्ड केयर के विरुद्ध कार्रवाई की। शिकायत में अस्पताल के बिना पंजीकरण संचालित होने तथा मौके पर चिकित्सक की अनुपस्थिति की बात सामने आई थी। मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश पर डिप्टी सीएमओ एवं निजी चिकित्सा प्रतिष्ठान के नोडल अधिकारी डा. मोहनलाल के नेतृत्व में टीम ने अस्पताल पहुंचकर जांच की। जांच के दौरान अस्पताल का संचालन बिना आवश्यक पंजीकरण के पाया गया। मौके पर कोई चिकित्सक भी मौजूद नहीं था। अस्पताल में चार बेड का वार्ड बना हुआ था, जिसमें दो बच्चे भर्ती थे। मरीजों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए टीम ने दोनों बच्चों के परिजनों को स्थिति से अवगत कराया। परिजनों की सहमति के बाद दोनों बच्चों को सुरक्षित रूप से दूसरे अस्पताल में स्थानांतरित करा दिया गया। जांच एवं आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद टीम द्वारा ओम चाइल्ड केयर को सील कर दिया गया।

संवैधानिक आजादीके मायने

कई महीनोंसे मतदाता सूचीमें एसआईआरने मतदाताओंको परीक्षामें डाल रखा है। सर्वोच्च न्यायालयमें केन्द्रीय चुनाव आयोगके फैसले लेनेके तौर-तरीकेपर सवाल उठाये हैं कि क्या विशेष एसआईआर प्रशासनिक रूपसे सुस्पष्ट है। क्या कुछ विवादित काम कानूनी तौरपर केन्द्रीय चुनाव आयोगके फैसले थे भी या नहीं।

❑ एस. वाई. कुरैशी

न्यायालयमें एसएआरके मामलेमें उन याचिकाओंपर सुनवाई कर रहा था जो इन खबरोंसे जुड़ी थीं कि चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशीने आयोगके नामपर लिये गये फैसलों या कामोंपर कमसे कम १४ बार आपत्तियां जतायी थीं। वरिष्ठ वकील विकास सिंहने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमारको तुरंत पदसे हटानेकी मांग की। न्यायालयने इसे अस्वीकार करके सही किया कि केवल अखबारकी खबरोंके आधारपर और एकतरफा तौरपर ऐसा असाधारण कदम नहीं उठाया जा सकता। लेकिन इसके बाद जस्टिस सूर्यकांतने कहा कि उम्मीद की जाती है कि आयोगके फैसले आम सहमतिसे हों। जहां आम सहमति संभव न हो, वहां निर्णय बहुमतके आधारपर हो। न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागचीने कहा कि यदि रिकॉर्डसे पता चलेगा कि कुछ निर्णय विशेष इस नियमके उलट लिये गये थे तो अदालत उनपर रोक लगा सकती है, उन्हें अधिकार-क्षेत्रसे बाहर घोषित कर सकती है। अब एक नोटिस जारी किया गया है, विसंगति साबित करनेमें संबंधित लोगोंका पक्ष सुना जाय। लेकिन विवादका स्वरूप पूरी तरह बदल गया है। अब सवाल सिर्फ यह नहीं रहा कि क्या विशेष गहन पुनरीक्षण प्रशासनिक रूपसे सुस्पष्ट है। इससे भी पहले एक सवाल उठता है, क्या कुछ विवादित काम कानूनी तौरपर केन्द्रीय चुनाव आयोगके फैसले थे भी या नहीं।

केन्द्रीय चुनाव आयोगको अनुच्छेद ३२४ के तहत काफी अधिकार प्राप्त हैं, लेकिन संवैधानिक आजादीका मतलब कानूनसे आजादी नहीं है। वह संस्था जो चुनावी कानूनोंका पालन करनेकी मांग करती हो, उसे खुद भी मिसाल पेश करने वाला आचरण दिखाना चाहिए। निःसंदेह चुनाव आयोग व्यक्ति न होकर एक संस्था है। इसकी विश्वसनीयता दशकोंमें उन आयुक्तों, अधिकारियों, मतदान कर्मियों और मतदाताओंने बनायी है। संसदने तीन सदस्यों वाला आयोग बनाया है और यह तय किया है कि असहमति होनेपर फैसला बहुमतके आधारपर लिया जायगा।

२०२३ के कानूनकी धारा-१८ स्पष्ट है। इसका मुख्य कामकाज आम सहमतिसे होना चाहिए। जहांपर आयुक्तोंकी राय अलग-अलग हो तो फैसला बहुमतके आधारपर लिया जाय। यह सिद्धांत 'मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों' से भी पुराना है (संदर्भ- नियुक्ति, सेवाकी शर्तें और कार्यकाल अधिनियम)। मुख्य चुनाव आयुक्त एक अध्यक्ष है, न कि एक कमांडर। सर्वोच्च न्यायालयने टीएन शेषन मामलेमें भी यही कहा था। तीन सदस्यों वाली संवैधानिक संस्थामें, दो सदस्योंकी एक जैसी राय ही बहुमत है। किसी सामूहिक संस्थाके भीतर मतभेद होना सामान्य है, यहांतक कि जब सब 'ठीक' हो। जो चीज मायने रखती है, वह यह कि बादमें क्या होता है। यदि आयुक्त 'अ' कोई एक प्रस्ताव रखता है और बाकी दो 'भिन्न राय' दर्ज करते हैं तो 'अ' के प्रस्तावको 'केन्द्रीय चुनाव आयोग'का फैसला नहीं कहा जा सकता। फॉर्म-६ मतदाता पंजीकरण नियम, १९६० के तहत एक कानूनी प्रपत्र है। रिपोर्टसे पता चला कि आयुक्त जोशीने मईमें एक प्रशासनिक निर्देशके जरिये एसआईआरकी ज़रूरतोंमें अतिरिक्त प्रावधान जोड़नेपर आपत्ति जतायी थी। यह कहकर कि कानूनी फॉर्ममें बदलावके लिए पहले नियमोंमें संशोधनकी जरूरत है। खबरोंके मुताबिक कमिश्नर संधू भी इससे सहमत थे। फिर भी बदली हुई ऑनलाइन प्रक्रिया ईसीआई नेटपर दिखाई दी। सोमवारको मामला नये मोड़पर पहुंचा, जब फॉर्म-६ में बदलावका मुद्दा उठाया गया। मुख्य न्यायाधीशने साफ किया कि सर्वोच्च न्यायालयने इसका अनुमोदन नहीं किया था। यह भी कि अदालत इस बातकी जांच करेगी कि किसने क्या बदलाव किया है। अब यही सवाल केन्द्रमें हो गया है।

विशेष गहन पुनरीक्षणके बाद 'फॉर्म-६' ने एक और दिलचस्प भूमिका ले ली है। आयोगने उन राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशोंके अधिकारियोंको निर्देश दिया है, जहां एसआईआर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है कि वे पुरानी और संशोधित वोटर लिस्टकी तुलना करें। फिर उन पात्र मतदाताओंकी पहचान की जाय जिनके नाम लिस्टसे हटाये गये हैं। उन्हें फिरसे शामिल करनेमें मदद करें। यह सुधारात्मक कदम बहुत अच्छा है। लेकिन जिस मतदाताका नाम १०, २० या ३० सालसे वोटर लिस्टमें था और एसआईआरके दौरान हटाया गया, उसे नये मतदाताओंके लिए बने फॉर्मका इस्तेमाल करने और यह झूठा बयान देनेके लिए क्यों और कैसे कहा जा सकता है कि वह पहली बार नाम जुड़वानेके लिए आवेदन कर रहा है-नियमोंके अनुसार ऐसा आपराधिक कृत्य है, जिसमें एक सालतक जेलकी सजा हो सकती है। सूचीसे हटाया गया मतदाता नया मतदाता नहीं होता। उसे लिस्टमें वापस शामिल किये जानेकी जरूरत है, न कि पहली बार पंजीकरण की। यदि मौजूदा फॉर्म इसके लिए सही नहीं हैं तो नियमोंमें बदलाव करके एक नया फॉर्म बनाया जाना चाहिए।

पश्चिम बंगालका मामला बड़ा संस्थागत सवाल खड़ा करता है। जांच-पड़तालकी प्रक्रियाके जरिये २७.१६ लाख मतदाताओंके नाम हटाये जानेके बाद, खबरोंके अनुसार २२.२१ लाख लोगोंने नाम वापस जुड़वानेके लिए अपील की गयी है। इसके अलावा १६.१० लाख अपीलें वे मिलीं, जिनमें उन नामोंको चुनौती दी गयी, जो मतदाता सूचीमें शामिल किये गये। खबरोंके मुताबिक कमिश्नर संधूने फाइलपर पूछा था कि 'केन्द्रीय चुनाव आयोग' की ओरसे यह अपीलें दायर करनेके लिए कौन अधिकृत था। सवालका पूरा जवाब मिलना चाहिए। गोवाका मामला भी ऐसा ही है, जहां मतदाता सूची पंजीकरण अधिकारियोंने ९७ मतदाताओंको लिस्टमें वापस शामिल किये जानेके योग्य पाया, लेकिन केन्द्रीय स्तरपर नियंत्रित सॉफ्टवेयरने अंतिम वोटर लिस्ट प्रकाशित होनेसे पहले उन्हें वापस शामिल करनेकी इजाजत नहीं दी। सॉफ्टवेयर कानूनी अधिकारियोंके फैसलोंसे ऊपर नहीं हो सकता। ईसीआई नेट एक समानांतर चुनाव अधिकार संस्था नहीं बन सकता।

केन्द्रीय चुनाव आयोगने २६ सितंबरकी प्रेस विज्ञप्तिमें कई सुधारोंकी घोषणा की है- बैठकोंसे पहले एजेंडा बताया जायगा, फैसलोंकी जानकारी सार्वजनिककी जायगी, आईटी टीमों द्वारा किये गये बदलावोंकी संस्थागत स्तरपर जांच होगी, चुनाव आयुक्तोंके निर्देशोंका सख्तीसे पालन किया जायगा। ईसीआई नेटको चुनावी कानूनोंके अनुरूप बनानेपर समीक्षा की जायगी। लेकिन हर सुधार अतीतके बारेमें एक सवाल खड़ा करता है। ऐसे सुरक्षा उपाय पहलेसे स्वचालित क्यों नहीं थे। केन्द्रीय चुनाव आयोगका यह कहना है कि उसके फैसले सर्वसम्मतिसे लिये गये थे और रायमें भिन्नता भी चर्चाका एक अंग होती है। इसीलिए अपनी इस बचाव मुद्राको अब रिकॉर्डसे साबित करे। सर्वोच्च न्यायालयने मामलेपर पहलेसे कोई राय नहीं बनायी है। यानी फाइलोंको सच बताने दें। भारतको एक पारदर्शी संस्थागत बहीखातेकी जरूरत है-आयोगके सामने क्या प्रस्ताव रखे गये, उसे किसने मंजूरी दी, किसने असहमति जतायी, अंतमें क्या फैसला हुआ और किसके अधिकारसे उसे लागू किया गया। निःसंदेह केन्द्रीय चुनाव आयोगको अनुच्छेद ३२४ के तहत काफी अधिकार प्राप्त हैं, लेकिन संवैधानिक आजादीका मतलब कानूनसे आजादी नहीं है। वह संस्था जो चुनावी कानूनोंका पालन करनेकी मांग करती हो, उसे खुद भी मिसाल पेश करने वाला आचरण दिखाना चाहिए। निःसंदेह चुनाव आयोग व्यक्ति न होकर एक संस्था है। इसकी विश्वसनीयता दशकोंमें उन आयुक्तों, अधिकारियों, मतदान कर्मियों और मतदाताओंने बनायी है, जिन्हें भरोसा था कि अंपायर अपने ही नियमोंका पालन करते हैं। निःसंदेह एक बातपर किसी फैसलेकी जरूरत नहीं है, संसदने तीन सदस्यों वाला आयोग बनाया है और यह तय किया है कि असहमति होनेपर फैसला बहुमतके आधारपर लिया जायगा। वहां एक व्यक्ति खुद अपने आपमें संस्थाकी जगह नहीं ले सकता। जब कोई कारवाई मतदाता और चुनाव आयोगके नामपर की जाय तो लोकतंत्र एक सरल सवाल पूछनेका हकदार है, फैसला किसका था।

कर्ज हुआ महंगा

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने बुधवारको विगत चार वर्षोंमें पहली बार रेपो रेटमें २५ बेसिस प्वाइंटकी वृद्धि कर दी। रेपो रेट अब ५.२५ प्रतिशतसे बढ़कर ५.५० प्रतिशत हो गया। इसका सीधा अर्थ यह कि कर्ज महंगा हो गया और ईएमआई भी बढ़ जायगी। आने वाले दिनोंमें अभी राहत नहीं मिलने वाली है। कर्ज दरमें फिर वृद्धि हो सकती है। ऐसा पहलेसे ही अनुमान लगाया जा रहा था कि मौजूदा स्थितियोंको देखते हुए रेपो रेट बढ़ाया जा सकता है और आज आरबीआईके गवर्नर संजय मल्होत्राने एमपीसीकी बैठकके बाद रेपो रेटमें वृद्धिकी घोषणा कर दी। इससे उन लोगोंको आघात पहुंचा है, जो सस्ते कर्जकी उम्मीद लगाये बैठे थे। रिजर्व बैंकने महंगीको लेकर बढ़ते जोखिमोंके बीच नीतिगत रुखको और सख्त किया है। विशेष रूपसे युद्धके कारण ग्लोबल कमोडिटी और खाद्य मूल्योंपर दबाव बढ़नेसे भारतीय खुदरा महंगीके लिए जोखिम उत्पन्न हुआ है। रेपो रेटमें वृद्धिसे बैंकोंकी फण्डिंग लागत बढ़ सकती है, जिसका सीधा प्रभाव होम लोन, आटो लोन और अन्य कर्जकी ईएमआईपर पड़ता है। संजय मल्होत्राका मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्थाको मजबूत निजी खपत और मजबूत निवेश गतिविधियोंसे सहारा मिल रहा है। ऐसे संकेत मिले हैं कि दूसरी-तिमाहीमें आर्थिक गतिविधियोंकी रफ्तार बनी हुई है, जबकि पहली-तिमाहीके मुकाबले इसमें कुछ नरमी आयी है। लागत दबावके बावजूद मैन्यूफैक्चरिंग गतिविधियां टिकाऊ बनी हुई है। सर्विस सेक्टरकी गतिविधियां मजबूत और व्यापक आधार वाली हैं। वस्तुतः रिजर्व बैंक रेपो रेटको महंगी बढ़नेसे रोकनेके लिए हथियारके रूपमें इस्तेमाल करता है। जब खुदरा महंगी तेजीसे बढ़ती है तो रिजर्व बैंक रेपो रेट बढ़ाकर कर्जको महंगा करनेका प्रयास करता है। इससे अर्थव्यवस्थामें मांग घटानेमें सहायता मिलती है। निःसन्देह कर्ज महंगा होने और ईएमआई बढ़नेसे जनताकी दिक्कतें बढ़ती हैं। साथ ही उद्योग व्यापारपर भी इसका प्रभाव पड़ता है। महंगी बड़ी चुनौती है और इसपर रोक लगानेके लिए सरकारको प्रभावी कदम उठानेकी जरूरत है। मांग घटनेसे आर्थिक गतिशीलता प्रभावित होती है। इसलिए आम जनताको राहत पहुंचानेकी दिशामें ठोस प्रयास करने होंगे। आम जनता महंगीसे पहलेसे ही प्रभावित है। अब उसकी दिक्कतें और बढ़ जायंगी।

बेलगाम विमान किराया

त्योहारी सीजनमें हवाई किरायामें वृद्धि कोई नयी बात नहीं है, लेकिन विमानन कम्पनियोंकी बेरोकटोक बढ़ती यह प्रवृत्ति चिन्ताका विषय जरूर है। यात्रियोंकी मजबूरीका नाजायज फायदा उठाते हुए उनका शोषण किया जाना किसी भी रूपमें उचित नहीं माना जा सकता है। इस बार भी दीपावली और छठ पूजापर घर जाने वाले लोगोंसे मोटी रकम वसूली जा रही है। खासकर बिहारको जोड़ने वाले छह प्रमुख मार्गोंपर हवाई किरायामें जरूरतसे ज्यादा उछाल देखनेको मिल रहा है जिसपर सरकारको सख्त कदम उठानेकी जरूरत है। छठ पर्व बिहारका प्रमुख पर्व है, जिसमें शामिल होनेके लिए बिहार एवं सीमावर्ती राज्यके जिलोंके निवासी जहां घर पहुंचनेकी तैयारमें जुटे हैं, वहीं ट्रेनोंमें टिकटकी कमी और लम्बी प्रतीक्षा सूचीके चलते विमानन कम्पनियां लोगों जेब ढीली करनेमें जुटी है। देशके करीब २० प्रमुख मार्गोंपर हवाई किराया तीन गुनातक बढ़ गया है। आनलाइन टिकट बुकिंग सेवा मंचोंके आंकड़े हैरान करने वाले हैं। इसके अनुसार मुम्बई-पटना मार्गपर मंगलवारको जो किराया करीब ७६९४ रुपये था वहीं छह नवम्बरको २४,२६२ रुपये और सात नवम्बरको करीब २५,१५४ रुपयेमें बुक हो रहा है, जो विमानन कम्पनियोंकी मनमानीको दर्शाता है। यही स्थिति दिल्ली-पटना मार्गपर भी है जहां किराया छह नवम्बरके लिए १३,५८४ रुपये और सात नवम्बरके लिए १७,४७७ रुपयेतक पहुंच गया है, जो मंगलवारको ६,३१४ रुपये था। चौंकाने वाली बात यह है कि शुक्रवार और शनिवारके लिए हवाई यात्रियोंसे ज्यादा वसूली हुई है, जो सिर्फ अनुमानपर आधारित है। विमानन कम्पनियोंने त्योहारी सीजनमें शुक्रवार और शनिवारको यात्राकी मांग ज्यादा रहनेकी सम्भावनाको देखते हुए टिकटोंके दाममें वृद्धि की है, जो इस बातका संकेत है कि हवाई किराया बेलगाम है। यह सिलसिला २० नवम्बरतक जारी है। इस बीच पड़ने वाले शुक्रवार और शनिवारको भी कई मार्गोंपर किराया अन्य दिनोंकी अपेक्षा अधिक है। इसके विरुद्ध सरकारको सख्त कदम उठानेकी जरूरत है, ताकि विमानन कम्पनियोंपर अंकुश लगाया जा सके और हवाई यात्रियोंको शोषणसे बचाया जा सके।

लोक संवाद

सूचना युद्धका अर्थ

महोदय,- आज सोशल मीडिया हमारे जीवनका महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, ह्वाट्सऐप और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्मके माध्यमसे लोग कुछ ही सेकंडमें देश-दुनियाकी जानकारी प्राप्त कर लेते हैं। सोशल मीडियाने सूचनाके आदान-प्रदानको आसान बनाया है, लेकिन इसके साथ कुछ गम्भीर चुनौतियां भी सामने आयी हैं। अब सूचनाका इस्तेमाल केवल लोगोंको जानकारी देनेके लिए नहीं, बल्कि उनकी सोच और भावनाओंको प्रभावित करनेके लिए भी किया जा सकता है। इसी कारण सूचना युद्ध आज राष्ट्रीय सुरक्षाका एक महत्वपूर्ण विषय बन गया है। सूचना युद्धका अर्थ है ऐसी सूचनाओंका इस्तेमाल करना, जिनके माध्यमसे लोगोंकी सोच, भावनाओं, विश्वास और निर्णयोंको प्रभावित किया जा सके। इसमें झूठी खबर, आधी-अधूरी जानकारी आदि शामिल हैं। **-सौरभ, वाया ईमेल।**

बढ़ते ग्लेशियर झीलोंसे संकट

ग्लेशियर एक दशक पहलेकी तुलनामें तेजीसे पिघल रहे हैं। इससे जल सुरक्षापर खतरा मंडरा रहा है, क्योंकि सदीके मध्यतक यह इलाका 'पीक वॉटर' अथवा पानीकी उपलब्धताके अधिकतम स्तरपर पहुंच जायगा।

❑ मुकुल व्यास

वैश्विक पटलपर ग्लेशियरकी स्थिति असमान्य रूपसे बदली है। इससे पीक वॉटरकी स्थितिमें नदीका बहाव अचानक बढ़ना बंद हो जाता है और तेजीसे घटने लगता है। इससे पानीकी सुरक्षापर गहरा असर पड़ेगा। पिघलते ग्लेशियर ऊंचे हिमालयके स्वरूपको बदल रहे हैं। वहां ग्लेशियर झीलें तेजीसे बढ़ रही हैं और उनका आकार भी फैल रहा है। जलवायु परिवर्तन दरअसल दुनियाके सबसे ऊंचे इलाकोंको बदल रहा है, इसलिए इस बदलावपर बारीकीसे नजर रखनेकी जरूरत है। एक नये अध्ययनमें हिमालयमें हो रहे परिवर्तनका खुलासा किया गया है। यह अध्ययन प्रागकी चार्ल्स यूनिवर्सिटीकी रिसर्चरने किया है। लगभग तीस सालोंके उपग्रह पर्यवेक्षणके आधारपर १९९४ और २०२३ के बीच भारतके पश्चिमी हिमालयमें अलकनंदा बेसिनकी ७४ ग्लेशियर झीलोंमें हुए बदलावोंको ट्रैक करनेके लिए लैंडसैट और सेंटिनल-२ की तस्वीरोंका इस्तेमाल किया। इससे जो तस्वीर हमारे सामने आती है, वह तेजीसे बदलते लैंडस्केपकी है। जैसे-जैसे ग्लेशियर पिघलते हैं, उनका पिघला हुआ पानी अधिक ऊंचाई वाली झीलोंको भरता है और नयी झीलें बनाता है। सही हालात होनेपर ये झीलें एक साथ बहुत बड़ी मात्रामें पानी छोड़ सकती हैं। अध्ययनसे पता चला कि हिमालयमें पुरानी झीलें बढ़ रही हैं और नयी झीलें बन रही हैं। अध्ययनमें शामिल ०.०१ वर्ग किलोमीटरसे बड़ी २४ ग्लेशियर झीलोंमें झीलोंका कुल क्षेत्रफल १९९४ में ०.९७ वर्ग किलोमीटरसे बढ़कर २०२३ तक १.६२ वर्ग किलोमीटर हो गया। यह सिर्फ तीन दशकोंमें ६७ प्रतिशतकी वृद्धि है। लेकिन मौजूदा झीलोंका बढ़ना ही सब कुछ नहीं है। अध्ययनमें ५७ बिल्कुल नयी ग्लेशियर झीलोंकी पहचान की गयी, जो अध्ययनके दौरान बनीं, जिससे अलकनंदा बेसिनमें कुल झीलोंकी संख्या १३१ हो गयी। इन नयी झीलोंमेंसे १८ झीलें पहले ही ०.०१ वर्ग किलोमीटरके पैमानेसे बड़ी हो चुकी हैं। कुछ झीलें तो चौंकाने वाली रफ्तारसे फैली हैं। वसुंधरा झील १९९४ और २०२३ के बीच २६१ प्रतिशत बढ़ी। इसी दौरान बलबाला झील ११९ प्रतिशत बढ़ी।

मुख्य आंकड़ोंके अलावा, अध्ययनमें २७ ऐसी ग्लेशियर झीलोंकी पहचान की गयी, जिनमें बहुत ज्यादा वृद्धि देखी गयी। इनमें बद्रीनाथके ऊपरकी ओर स्थित एक झील भी शामिल है। वसुंधरा झीलके तेजीसे फैलनेपर विशेष रूपसे बारीकीसे ध्यान देनेकी जरूरत बतायी गयी है। ग्लेशियर वाली झीलके आकार और स्थिरतामें बदलावका सीधा असर नीचेके इलाकोंपर पड़ सकता है। रिसर्चरका कहना है कि इन झीलोंकी लगातार निगरानी और आगे और ज्यादा विस्तारसे जांचकी जरूरत है। दरअसल मुख्य चिन्ता ग्लेशियर झीलोंमें अचानक बाढ़को लेकर है। इस तरहकी बाढ़को 'ग्लेशियर लेक आउटबर्स्ट फ्लड' (जीएलओएफ) भी कहा जाता है। यह स्थिति तब बनती है, जब बर्फ, चट्टान या मलबेसे रुकी हुई पानीकी भारी मात्रा अचानक छूट जाती है और पानी, कीचड़ और मलबेको बहुत तेज और विनाशकारी ताकतके साथ नीचेकी ओर बहा ले जाती है। यह अध्ययन ऐसे समयमें आया है, जब नेपालमें २६ अगस्त, २०२६ को आई भयानक बाढ़के बाद राहत और बचावका काम चल रहा है। वह आपदा कोई आम जीएलओएफ नहीं थी, लेकिन इसने दिखाया कि ऊंचे पहाड़ोंमें अचानक आने वाली बाढ़के नतीजे कितने गम्भीर हो सकते हैं।

हालकी बाढ़ इस बातकी याद दिलाती है कि ऊंचे पहाड़ी इलाकोंकी लगातार निगरानी कितनी जरूरी है, जहां भारी बारिश, ग्लेशियर झीलका बढ़ना, ढलानका अस्थिर होना और भूकम्प जैसी कई आपदाएं एक साथ मिलकर नीचेके इलाकोंपर असरको और बढ़ा सकती हैं। बड़े और दुर्गम इलाकोंकी जांच-पड़तालके लिए उपग्रह डेटा बहुत कामका होता है। इनसे हम नयी बनी झीलोंकी पहचान कर सकते हैं, झीलके आकारमें बदलावको माप सकते हैं, तेजीसे बढ़ रही झीलोंका पता लगा सकते हैं और उन झीलोंको चुन सकते हैं, जिनकी विस्तृत जांचकी जरूरत है। इस कामके लिए बड़े पैमानेपर लॉजिस्टिकल सपोर्ट और आर्थिक मददकी जरूरत है, जिसमें सीमाओंके पार वैज्ञानिक सहयोग और डेटा शेयरिंग भी शामिल है। इसे एक साझा क्षेत्रीय चिन्ताके तौरपर देखा जाना चाहिए। यह बात इस चुनौतीकी असल जड़ है। हिमालय कई देशोंमें फैला हुआ है। किसी एक देशके पहाड़ोंमें बनने या बढ़ने वाली ग्लेशियर वाली झील अपनी सीमाओंसे दूरके समुदायों और बुनियादी ढांचेके लिए भी खतरा पैदा कर सकती है। नेपालमें हालमें आयी बाढ़ इस बातका एक बड़ा उदाहरण है कि कैसे ऊंचे पहाड़ोंसे जुड़ा खतरा तेजीसे मानवीय संकटमें बदल सकता है। नये सैटेलाइट डेटासे पता चलता है कि उत्तर भारतके पहाड़ोंमें भी इसी तरहके खतरे चुपचाप बढ़ रहे हैं। फिलहाल यह शोध शोधकर्ताओंको कुछ ऐसी जानकारी देती है, जो उन्हें इस दुर्गम और मुश्किल इलाकेमें शायद ही कभी मिलती है। इस स्टडीसे तीन दशकोंका यह स्पष्ट रिकॉर्ड मिला है कि जमीनका स्वरूप ठीक कहां और कितनी तेजीसे बदल रहा है। क्या इस जानकारीसे लगातार जमीनी जांच और सीमा-पार सहयोगको बढ़ावा मिलेगा। यह एक कठिन सवाल है। फिर भी इस जानकारीसे यह तय करनेमें मदद मिल सकती है कि यह इलाका खतरोंसे निबटनेके लिए कितना तैयार है। अगली तेजीसे फैलती झील समुदायोंको बचनेका ज्यादा मौका नहीं देगी। इस बीच इस महीने जारी एक अन्य शोधके अनुसार, हिमालय एक अहम मोड़पर पहुंच रहा है, क्योंकि ग्लेशियर एक दशक पहलेकी तुलनामें तेजीसे पिघल रहे हैं। इससे जल सुरक्षापर खतरा मंडरा रहा है, क्योंकि सदीके मध्यतक यह इलाका 'पीक वॉटर' अथवा पानीकी उपलब्धताके अधिकतम स्तरपर पहुंच जायगा। पीक वॉटरकी स्थितिमें नदीका बहाव बढ़ना बंद हो जाता है और घटने लगता है। इससे पानीकी सुरक्षापर गहरा असर पड़ेगा। चूंकि भारतकी जीडीपीका २० प्रतिशतसे ज्यादा हिस्सा हिमालयपर निर्भर है, इसलिए यह इलाका देशके राष्ट्रीय आर्थिक ढांचेका एक अहम हिस्सा है, जिसपर करोड़ों लोग निर्भर हैं।



क्रोधकी सचाई

❑ गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर

जो लोग भी क्रोध करते हैं, वह सिर्फ सचाईको ही आधार मान कर क्रोधित होते हैं। लेकिन सचाईकी कल्पना करना काफी सीमित है। इस दुनियामें सभी प्रकारकी चीजें होती है और आपको सिर्फ धैर्य रखनेकी आवश्यकता है। सचाईकी कामना करना और यह कहते रहना कि मुझे सच्चा रहना है और मैं चाहता हूं कि सभी अभी ही सच्चे बन जायं, यह संभव नहीं है। सब सच्चे और अच्छे रहे, यह कामना करना ठीक है, लेकिन आपको लोगोंको लंबा समय देना चाहिए। धैर्यके साथ सचाईकी कामना करें फिर क्रोध हावी नहीं होगा। अन्यथा जब आप कहते हैं, मैं सच्चा हूं और फिर जब यह मांग करते हैं, मुझे यह चाहिए, फिर क्रोध आता है और जब क्रोध आता है फिर आप अपनी सचाई और अच्छाईको स्वयं ही गंवा देते हैं। जब आप क्रोधित होते हैं तो यह उतना ही बुरा है, जैसे कोई व्यक्ति बुरा कर रहा हो। यदि किसीने यह स्थानको साफ नहीं किया और यहां सिर्फ गंदगी है। आप यहांपर आते हैं और क्रोधित हो जाते हैं। उस व्यक्तिने एक गलती करी है, उसने सफाई नहीं करी क्या यह ठीक है। लेकिन उसपर आपका परेशान होना और चिल्लाना एक दूसरी गलती है। दो गलतियां एक गलतीको ठीक नहीं कर सकती। यदि किसीने कोई गलती की है तो उसे धैर्यके साथ दो-तीन बार समझायें और शिक्षित करें। शिक्षक होनेके लिए आपमें बहुत धैर्य होना चाहिए। स्कूलके शिक्षकोंके सामने यह एक चुनौती है। वह बच्चोंको वहीं बात दस बार बताते हैं, लेकिन बच्चे फिर भी नहीं सुनते। बच्चोंमें ध्यानकी कमीका सिंड्रोम होता हैं। बच्चे उसपर ध्यान नहीं देते। इसलिए धैर्यकी आवश्यकता होती है। धैर्य एक गुण या खूबी होती है। वह छह संपत्तियोंमेंसे एक है। शम (मन की शांति), दम (आत्म संयम या स्वयंपर नियंत्रण), उपरति (सांसारिक सुखों और वस्तुओंसे दूरी), तितिक्षा (धैर्यकी शक्ति या सहनशीलता), श्रद्धा (विश्वास) और समाधान (आत्म संतुलन या मनका केंद्रित होना)। समाधान, संतोष और धैर्य पानेके लिए होता है। यह अत्यंत आवश्यक है। कुछ श्वासकी प्रक्रिया, प्राणायाम एवं ध्यान मनको शांत करनेके लिए अत्यंत प्रभावशाली हैं। श्वासके बारेमें जानना बहुत आवश्यक है। मनकी हर लयके अनुसार एक विशेष श्वासकी लय होती है और श्वासकी हर लयके अनुसार एक विशेष भावना पैदा होती है। तो जब आप अपने मनपर सीधे नियंत्रण नहीं कर पाते, तब श्वासके द्वारा मनको बेहतर तरीकेसे नियंत्रित कर सकते हैं।

सिमटते वन्यजीवनके संरक्षणकी चुनौती

❑ योगेश कुमार गोयल

प्रकृतिने पृथ्वीपर जीवनका ऐसा अद्भुत ताना-बाना बुना है, जिसमें जंगल, नदियां, पर्वत, घासभूमियां, आर्द्रभूमियां, समुद्र, पशु-पक्षी, कीट-पतंगे और मनुष्य सभी एक-दूसरेसे गहरे जुड़े हैं। इस पारिस्थितिक श्रृंखलाकी किसी एक कड़ीके कमजोर पड़नेका प्रभाव अंततः पूरी व्यवस्थापर पड़ता है। इसी बुनियादी सत्यको जन-जनतक पहुंचाने और वन्यजीवों तथा उनके प्राकृतिक आवासोंके संरक्षणके प्रति जागरूकता बढ़ानेके उद्देश्यसे भारतमें प्रतिवर्ष दोसे आठ अक्तूबरतक राष्ट्रीय वन्यजीव सप्ताह मनाया जाता है। वर्ष २०२६ का संदेश जुड़े आवास, वन्यजीवनका विकास विशेष रूपसे महत्वपूर्ण है, जो वन्यजीव संरक्षणकी बदलती समझको रेखांकित करता है। अब केवल किसी बाघ, हाथी, तेंदुए या किसी संकटग्रस्त पक्षीकी संख्या बढ़ा देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसके लिए ऐसा विस्तृत और सुरक्षित परिदृश्य जरूरी है, जहां वह भोजन, पानी और आश्रय प्राप्त कर सके, प्रजनन कर सके तथा अपनी प्राकृतिक प्रवृत्तिके अनुसार एक क्षेत्रसे दूसरे क्षेत्रतक निर्बाध आवाजाही कर सके।

राष्ट्रीय वन्यजीव सप्ताहकी वैचारिक शुरुआत १९५२ में भारतीय वन्यजीव बोर्डके गठनके बाद हुई थी। हालांकि सप्ताहभरके आयोजनका स्वरूप बादमें विकसित हुआ और १९५५ में वन्यजीव दिवस जैसे आयोजनोंके बाद १९५७ तक यह अक्तूबरके प्रथम सप्ताहमें वन्यजीव सप्ताहके रूपमें स्थापित हुआ। बादमें इसे २ से ८ अक्तूबरके बीच मनानेकी परम्परा मजबूत हुई। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के अनुसार, दुनियाकी अनुमानित लगभग ८० लाख पौधों और पशु प्रजातियोंमें करीब दस लाख प्रजातियां विलुप्तिके खतरेमें हैं। प्रकृतिके क्षरण और जैव-विविधतामें गिरावटका सीधा असर भोजन, जल, स्वास्थ्य, आजीविका और मानव कल्याणपर पड़ रहा है। अतः वन्यजीव संरक्षणको केवल जंगलों या वन विभागकी जिम्मेदारी मानना गम्भीर भूल होगी।

भारत इस वैश्विक जैव-विविधता संकटके बीच विशिष्ट स्थान रखता है। हिमालयसे लेकर पश्चिमी घाटतक, थारके मरुस्थलसे सुंदरबनके मैंग्रोवतक और गंगा-ब्रह्मपुत्रके मैदानोंसे लेकर अंडमान-निकोबारतक भारतके विविध पारिस्थितिक तंत्र असंख्य वन्यजीव प्रजातियोंको आश्रय देते हैं। भारतमें २०२५ तक संरक्षित क्षेत्रोंकी संख्या ११३४ हो चुकी थी जबकि ५८ टाइगर रिजर्व और ३३ हाथी रिजर्व संरक्षण तंत्रका महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। पारिस्थितिक संपर्क बनाये रखनेके लिए ३२ बाघ गलियारे और १५० हाथी गलियारे भी चिह्नित किये गये हैं। वन्यजीव संरक्षणके क्षेत्रमें भारतकी कुछ उपलब्धियां उत्साहजनक हैं। २०२२ के अखिल भारतीय बाघ आकलनमें देशमें बाघोंकी औसत अनुमानित संख्या ३६८२ रही, जो २०१८ के २९६७ से उल्लेखनीय वृद्धि है। इसी तरह स्टेटस आफ लेपर्ड्स इन इंडिया २०२२ के अनुसार देशमें तेंदुओंकी अनुमानित संख्या १३,८७४ थी। हालके वैज्ञानिक आकलनोंमें पहली बार देशमें हिम तेंदुओं और नदी डॉल्फिनकी राष्ट्रीय स्तरपर संख्या भी सामने आयी, क्रमशः लगभग ७१८ और ६३२७। ये उपलब्धियां बताती हैं कि वैज्ञानिक निगरानी, कानून, संरक्षित क्षेत्रों और दीर्घकालिक संरक्षण परियोजनाओंका परिणाम सकारात्मक हो सकता है। लेकिन संख्या बढ़ना ही पूरी सफलता नहीं है। यदि वन्यजीवोंके आवास सिकड़ते और खंडित होते रहें तो बढ़ती आबादी भी नये संकट पैदा कर सकती है। सड़कें, रेल लाइनें, बिजलीकी लाइनें, खनन, बांध, अनियोजित शहरीकरण और कृषि विस्तार जंगलोंको टुकड़ोंमें बांट देते हैं। ऐसी स्थितिमें वन्यजीवोंके पारम्परिक मार्ग बाधित होते हैं और वे भोजन-पानीकी तलाशमें मानव बस्तियोंकी ओर जाने लगते हैं। पर्यावरण मंत्रालय भी स्वीकार करता है कि आवास विखंडन, गलियारोंमें विकासगत व्यवधान और मानव आबादीके विस्तार जैसे कारण संघर्षको बढ़ाते हैं। इसलिए २०२६ की थीमका सबसे महत्वपूर्ण संदेश यही है कि संरक्षणका भविष्य द्वीपोंमें नहीं, जुड़े हुए परिदृश्योंमें है। राष्ट्रीय मानव-वन्यजीव संघर्ष न्यूनीकरण रणनीति भी स्पष्ट करती है कि महत्वपूर्ण वन्यजीव गलियारों, प्रवासन मार्गों और आवाजाहीके रास्तोंकी पहचान, वैज्ञानिक मानचित्रण और सुरक्षा दीर्घकालिक संरक्षणके लिए अनिवार्य है। जहां विकास परियोजनाएं अपरिहार्य हों, वहां अंडरपास, ओवरपास और अन्य पर्यावरण-अनुकूल उपायोंके माध्यमसे वन्यजीवोंकी आवाजाही बनाये रखना आवश्यक है।

भारतने वन्यजीव संरक्षणके लिए मजबूत कानूनी और संस्थागत ढांचा विकसित किया है। वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, १९७२ देश का प्रमुख केन्द्रीय कानून है, जिसका उद्देश्य वन्य पशुओं, पक्षियों और पौधोंकी सुरक्षा तथा देशकी पारिस्थितिक और पर्यावरणीय सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इंडिया कोड २०२२ के संशोधनने संरक्षण व्यवस्थाको बदलती अंतरराष्ट्रीय आवश्यकताओंके अनुरूप आगे बढ़ाया। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण, भारतीय वन्यजीव संस्थान, वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो तथा विभिन्न परियोजनाएं इस व्यापक संरक्षण तंत्रके महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। वन और वृक्ष आवरणकी दृष्टिसे भी कुछ सकारात्मक संकेत हैं। इंडिया स्टेट आफ फॉरेस्ट रिपोर्ट २०२३ के अनुसार देशका कुल वन एवं वृक्ष आवरण ८,२७,३५६.९५ वर्ग किलोमीटर यानी भौगोलिक क्षेत्रका लगभग २५.१७ प्रतिशत है। इसमें ७,१५,३४२.६१ वर्ग किलोमीटर वन आवरण और १,१२,०१४.३४ वर्ग किलोमीटर वृक्ष आवरण शामिल है। वन्यजीव सप्ताहका एक महत्वपूर्ण पक्ष जन-भागीदारी है। २०२६ में राष्ट्रीय प्राणी उद्यान, नयी दिल्ली सहित अनेक संस्थानोंने पक्षी भ्रमण, तितली एवं ड्रैगनफ्लाई वॉक, प्रकृति भ्रमण, विशेषज्ञ व्याख्यान, प्रश्नोत्तरी, निबंध, पोस्टर, चित्रकला और नागरिक-विज्ञान आधारित गतिविधियोंका आयोजन किया है। इसका उद्देश्य बच्चों और युवाओंको केवल वन्यजीवोंके बारेमें जानकारी देना नहीं, बल्कि उन्हें प्रकृतिके प्रत्यक्ष अनुभवसे जोड़ना है। वास्तवमें वन्यजीव संरक्षणकी सबसे मजबूत नींव कानूनसे पहले समाजकी संवेदनामें बनती है। स्थानीय समुदायोंको संरक्षणका भागीदार बनाना, जंगलोंपर निर्भर लोगोंकी आजीविका सुरक्षित करना, वन्यजीव अपराधोंपर कठोर कारखाई करना और विकास परियोजनाओंकी पर्यावरणीय लागतको गम्भीरतासे आंकना समयकी मांग है।

आज जब जलवायु परिवर्तन, भूमि उपयोग परिवर्तन और जैव-विविधता ह्रास एक साथ पृथ्वीके भविष्यको प्रभावित कर रहे हैं, तब वन्यजीव सप्ताह महज सात दिनोंका जागरूकता अभियान नहीं रह सकता, बल्कि यह हमें याद दिलाता है कि बाघका जंगल, हाथीका गलियारा, पक्षियोंकी आर्द्रभूमि, गिद्धोंका आकाश, डाल्फिनकी नदी और मनुष्यकी बस्ती-सभी एक ही जीवन-तंत्रके हिस्से हैं। यदि इनके बीच संबंध टूटेंगे तो अंततः मानव सभ्यता भी प्रभावित होगी। इसलिए वर्ष २०२६ का संदेश केवल वन्यजीवोंके लिए नहीं, मनुष्यके लिए भी है-आवासोंको जोड़िये, गलियारोंको बचाइये, जंगलोंको जीवित रखिये और प्रकृतिके साथ सह-अस्तित्वका रास्ता अपनाइये। विकास तभी वास्तविक अर्थोंमें टिकाऊ होगा, जब उसके साथ वन्यजीवन भी फलता-फूलता रहे। वैसे भी वन्यजीवोंको बचाना इसलिए प्रकृतिपर उपकार नहीं, बल्कि अपने अस्तित्व और आने वाली पीढ़ियोंके भविष्यकी रक्षा करना है।

कार्यालय : ग्राम पंचायत, मुर्की अगाध विकास खण्ड भौंवरकोल, गाजीपुर

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026–27 में जी राम जी/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/पी.जी.आई.एफ/स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ शौचालय, आंगनवाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराए जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। निविदा खुलने की तिथि 12 अक्टूबर 2026, समय 02:00 बजे अपराह्न, स्थान ग्राम पंचायत भवन पर निर्धारित है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है

1. ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. सीमेन्ट प्रति बैग, 3. महीन बालू सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एम.एम. से 53 एम.एम. (अलग–अलग) प्रति घन मीटर, 5. सरिया प्रति कुन्टल, 6.– एस्वेट्ससीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुन्तल/प्रतिनग, 7 ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एम.एम.पी. 3 प्रतिनग, 8. सोलर लाइट प्रतिनग, 9 इंटरलाकिंग ईट 200 गुणे, 160 गुणे, 80 एम.एम. प्रति हजार, 10. पटिया जी आई पाइप पी. बी.सी. पाइप साकेत–प्रतिनग, 11. मोटा बालू प्रतिघन मीटर, 12. ईट गिट्टी 20 एम.एम./40एम.एम. प्रतिघन मी., 13. हैण्डपम्प सामग्री इंडिया मार्का || हैण्डपम्प मरम्मत प्रतिनग, 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रतिनग, 15. चूना ब्लिचिंग पाउडर पेन्ट डिस्टेम्पर प्रति कि.ग्रा. / प्रतिबन्ध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग–अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

कृपेश कुमार सचिव — **ओम प्रकाश राम** ग्राम पंचायत प्रशासक

कार्यालय : ग्राम पंचायत, मलिकपुरा विकास खण्ड भौंवरकोल, गाजीपुर

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026–27 में जी राम जी/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/पी.जी.आई.एफ/स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ शौचालय, आंगनवाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराए जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। निविदा खुलने की तिथि 12 अक्टूबर 2026, समय 02:00 बजे अपराह्न, स्थान ग्राम पंचायत भवन पर निर्धारित है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है

1. ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. सीमेन्ट प्रति बैग, 3. महीन बालू सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एम.एम. से 53 एम.एम. (अलग–अलग) प्रति घन मीटर, 5. सरिया प्रति कुन्टल, 6.– एस्वेट्ससीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुन्तल/प्रतिनग, 7 ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एम.एम.पी. 3 प्रतिनग, 8. सोलर लाइट प्रतिनग, 9 इंटरलाकिंग ईट 200 गुणे, 160 गुणे, 80 एम.एम. प्रति हजार, 10. पटिया जी आई पाइप पी. बी.सी. पाइप साकेत–प्रतिनग, 11. मोटा बालू प्रतिघन मीटर, 12. ईट गिट्टी 20 एम.एम./40एम.एम. प्रतिघन मी., 13. हैण्डपम्प सामग्री इंडिया मार्का || हैण्डपम्प मरम्मत प्रतिनग, 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रतिनग, 15. चूना ब्लिचिंग पाउडर पेन्ट डिस्टेम्पर प्रति कि.ग्रा. / प्रतिबन्ध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग–अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

कृपेश कुमार सचिव — **इन्द्रासन राय** ग्राम पंचायत प्रशासक

कार्यालय : ग्राम पंचायत, लोहारपुर विकास खण्ड भौंवरकोल, गाजीपुर

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026–27 में जी राम जी/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/पी.जी.आई.एफ/स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ शौचालय, आंगनवाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराए जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। निविदा खुलने की तिथि 12 अक्टूबर 2026, समय 02:00 बजे अपराह्न, स्थान ग्राम पंचायत भवन पर निर्धारित है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है

1. ईट 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2. सीमेन्ट प्रति बैग, 3. महीन बालू सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एम.एम. से 53 एम.एम. (अलग–अलग) प्रति घन मीटर, 5. सरिया प्रति कुन्टल, 6.– एस्वेट्ससीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुन्तल/प्रतिनग, 7 ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एम.एम.पी. 3 प्रतिनग, 8. सोलर लाइट प्रतिनग, 9 इंटरलाकिंग ईट 200 गुणे, 160 गुणे, 80 एम.एम. प्रति हजार, 10. पटिया जी आई पाइप पी. बी.सी. पाइप साकेत–प्रतिनग, 11. मोटा बालू प्रतिघन मीटर, 12. ईट गिट्टी 20 एम.एम./40एम.एम. प्रतिघन मी., 13. हैण्डपम्प सामग्री इंडिया मार्का || हैण्डपम्प मरम्मत प्रतिनग, 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रतिनग, 15. चूना ब्लिचिंग पाउडर पेन्ट डिस्टेम्पर प्रति कि.ग्रा. / प्रतिबन्ध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग–अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

नीतू सिंह सचिव — **अजय कुमार मिश्रा** सहायक विकास अधिकारी

कार्यालय : ग्राम पंचायत, चाँदपुर विकास खण्ड भौंवरकोल, गाजीपुर

निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026–27 में जी राम जी/चतुर्थ/पंचम राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त आयोग/पी.जी.आई.एफ/स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छ शौचालय, आंगनवाड़ी केन्द्र पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराए जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता प्रकाशन तिथि से 05 कार्य दिवस के अन्दर प्रधान ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं। जो निविदा हेतु गठित समिति के सदस्यों के सामने खोली जाएगी। निविदा खुलने की तिथि 12 अक्टूबर 2026, समय 02:00 बजे अपराह्न, स्थान ग्राम पंचायत भवन पर निर्धारित है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है

चंदौली। माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार 01.11.2026 को जनपद चन्दौली में मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाना है। कलेक्ट्रेट सभागार चन्दौली में पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्दौली की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत कि गयी। जिसमें अपर जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जनपद के समस्त विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहें। पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्दौली द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों को बताया गया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, बाल विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्राम विकास अधिकरण, डूडा, समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग विभाग, अल्पसंख्यक विभाग, दिव्यांगजन विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, कृषि विभाग, बेसिक शिक्षा/माध्यमिक शिक्षा/प्राविधिक शिक्षा/उच्च शिक्षा विभाग, उद्योग विभाग, बैंकिंग, कौशल विकास, डेयरी विकास, पशुपालन विभाग, दुग्ध विभाग, मत्स्य पालन विभाग, श्रम विभाग, पुलिस विभाग, युवा कल्याण विभाग, राजस्व विभाग, संस्कृति विभाग, परिवहन विभाग, नाबार्ड, रेशम विभाग, वन विभाग, डाक विभाग, आई0टी0आई0, नगर पालिक परिषद, नेडा, खनन, कृषि उत्पादन मंडी समिति, विद्युत वितरण, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, स्वत: रोजगार, जल शक्ति विभाग, खादी ग्रामोद्योग तथा महिला कल्याण विभाग आदि विभागो को उक्त मेगा/वृहद विधिक सहयता एवं सेवा शिविर में सम्मिलित किया गया है, समस्त पदाधिकारीयों को बताया गया कि अपने अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का प्रचार प्रसार प्रतिदिन की दिनचर्या में सम्मिलित करें

कबड्डी में रामकृष्ण इंटर कालेज तियरी का शानदार प्रदर्शन

इलिया। जनपदीय माध्यमिक विद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता 2026-27 में रामकृष्ण इंटर कॉलेज तियरी के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और दमदार प्रदर्शन का परचम लहराया। विद्यालय की जूनियर बालक एवं सब जूनियर बालक वर्ग की टीम ने प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। खिलाड़ियों की शानदार जीत से विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का माहौल रहा। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अनुशासन, जुझारूपन और खेल भावना का परिचय देते हुए प्रतिद्वंद्वी टीमों को पछाड़कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। मैदान पर खिलाड़ियों के उम्दा प्रदर्शन ने यह साबित कर दिया कि ग्रामीण अंचल की प्रतिभाएं भी अवसर मिलने पर सफलता की नई इबारत लिख सकती हैं। टीम की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कार्तिकेय यादव, प्रवक्ता राजमणि वर्मा सहित समस्त विद्यालय परिवार ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। साथ ही टीम कोच राकेश कुमार सोनकर (शारीरिक शिक्षक) एवं टीम मैनेजर विभूति नारायण के मार्गदर्शन और परिश्रम की सराहना की। विद्यालय परिवार ने विजेता टीम के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए मंडलीय प्रतियोगिता के लिए ढेरों शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य ने कहा कि खिलाड़ियों की यह सफलता विद्यालय के लिए गौरव का विषय है। मेहनत, अनुशासन और लगन के बल पर खिलाड़ी मंडलीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। ।



एकलव्य स्टेडियम में धूमधाम से हुआ जेपीएल का आगाज

टीमों के लिए जर्सी लान्च, ट्राफी का अनावरण, विधानसभा स्तर पर गठित १० टीमें दिखाएंगी खेल प्रतिभा

सरायख्वाजा। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम में बुधवार को विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में जौनपुर प्रीमियर लीग 2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में विभिन्न टीमों के कप्तानों की मौजूदगी में जर्सी लॉन्च, ट्रॉफी अनावरण सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जौनपुर प्रीमियर लीग का आयोजन जौनपुर नं. 1 की पहल पर पूर्व आईएएस अधिकारी अभिषेक सिंह द्वारा किया जा रहा है। समारोह में जिले की खेल प्रतिभाओं को मंच देने, विद्यार्थियों में खेल भावना विकसित करने और जौनपुर को खेल के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने का संकल्प लिया गया। आयोजन में विधानसभा स्तर पर गठित कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन समारोह में कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि कभी समाज में यह कहावत प्रचलित थी कि खेलोगे कूदोगे तो होगे खराब, लेकिन समय के साथ यह धारणा पूरी तरह बदल गई है अब खेलोगें तो खिलोगे हो गया है। आज खेल लोगों की किस्मत बदल रहा है, और युवाओं के लिए खेल एक सम्मानजनक करियर का माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि जेपीएल विश्वविद्यालय और खेल के बीच मजबूत जुड़ाव का माध्यम बनेगा। इस आयोजन से विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा आएगी और उन्हें अपनी प्रतिभा पहचानने का अवसर मिलेगा।

उद्घाटन अवसर पर जौनपुर के जिलाधिकारी सैमुअल पॉल ने जौनपुर प्रीमियर लीग के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि जौनपुर को नंबर एक जिला बनाने के लिए अभिषेक सिंह द्वारा की गई पहल अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मंच



से जिले की खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देने की यह एक अच्छी शुरुआत है। जौनपुर प्रीमियर लीग के संयोजक अभिषेक सिंह ने कहा कि लीग का उद्देश्य जिले की प्रतिभाओं को एक ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे अपनी खेल क्षमता का प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि जौनपुर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें सही अवसर और उचित मार्गदर्शन देने की है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि जौनपुर के प्रत्येक क्षेत्र की प्रतिभा सामने आए। विधानसभा स्तर पर कुल 10 टीमों का गठन इसी उद्देश्य से किया गया है, ताकि जिले के अलग-अलग क्षेत्रों के खिलाड़ियों को एक साथ खेलने और अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिले। अभिषेक सिंह ने कहा कि जेपीएल के माध्यम से खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ-साथ आपसी सहयोग और भाईचारे को भी बढ़ावा दिया जाएगा। विश्वविद्यालय के इनडोर स्टेडियम को आयोजन के लिए उपलब्ध कराने पर उन्होंने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय प्रशासन और कुलपति प्रो. आर.के. सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत विभिन्न टीमों के कप्तानों के आगमन से हुई। इसके बाद सभी टीमों की जर्सी का अनावरण किया गया। एकलव्य स्टेडियम में खिलाड़ियों के उत्साह और दर्शकों की मौजूदगी से माहौल पूरी तरह खेलमय नजर आया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह, वित्त अधिकारी आत्म प्रकाशधर द्विवेदी, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. विनोद कुमार, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. राहुल राय, वैभव सिंह, सुरेन्द्र, रजनीश सिंह, राधेश्याम सिंह समेत शिक्षकगण, प्रशासनिक अधिकारी एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

एक नज़र इधर भी

सड़क पर लटके पेड़ से बचने में पलटा मिठाई लदा ट्रक, चालक-खलासी घायल

सुइथाकला। लखनऊ-बलिया राजमार्ग पर रामनगर गांव के पास मंगलवार रात करीब 10 बजे सड़क पर लटके पेड़ से बचने के प्रयास में मिठाई लदा ट्रक पलट गया। हादसे में चालक और खलासी चुटहिल हो गए। दुर्घटना के बाद ट्रक में लदी मिठाई को दूसरे वाहन में स्थानांतरित कर बलिया भेजा गया। बताया गया कि ट्रक कानपुर से मिठाई लादकर बलिया जा रहा था। मंगलवार रात करीब 10 बजे रामनगर गांव के पास पहुंचने पर सड़क किनारे का पेड़ राजमार्ग के करीब आधे हिस्से तक लटका हुआ था। पेड़ से बचने के लिए चालक ने ट्रक को दाईं ओर किया। इसी दौरान सामने से वाहन आ जाने पर चालक ने बचाव का प्रयास किया, जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे में बिजनौर निवासी चालक दिल्लू और खलासी धर्मपाल चुटहिल हो गए। ट्रक भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना ट्रक मालिक को दी गई। मालिक की ओर से दूसरा वाहन मौके पर भेजा गया, जिसमें ट्रक में लदी मिठाई को स्थानांतरित कर बलिया रवाना किया गया। स्थानीय लोगों की मदद से पलटे ट्रक को हटाने का प्रयास किया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि दो दिन पूर्व आए तूफान के बाद पेड़ का हिस्सा सड़क की ओर झुक गया था।

कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी विनोद सिंह ने संभाला पदभार



बक्शा। कृषि विज्ञान केंद्र के नए प्रभारी अधिकारी डॉक्टर विनोद सिंह ने बुधवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। दोपहर में पहुँचे वरिष्ठ वैज्ञानिक विनोद सिंह का पुष्पगुच्छ देकर केंद्र के वैज्ञानिकों ने स्वागत किया। उन्होंने वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक करतें हुए केंद्र की जानकारी ली। डॉ. विनोद ने वैज्ञानिकों से खेती की नई जानकारी किसानों के बीच साझा करना हमारी जिम्मेदारी बताया। उन्होंने कहा कि किसानों को जागरूक करना हम सब की प्रमुख जिम्मेदारी है। इस दौरान वैज्ञानिक डॉ. आर के सिंह, डॉ. सुरेंद्र प्रताप सोनकर, डॉ. रत्नाकर पाण्डेय, डॉ. रूपेश सिंह, डॉ. राजीव कुमार सिंह, डॉ. हरिओम वर्मा, कृषि विज्ञान केंद्र अमहित द्वितीय से डॉ. अमित कुमार सिंह, डॉ. कंचन, पल्लवी विश्वकर्मा, फार्म मैनेजर अमित सिंह, नरेन्द्र चौधरी सहित समस्त कर्मचारी मौजूद रहें।

अपहरण मामले में दो नामजद समेत एक अज्ञात पर मुकदमा

जमालापुर। रामपुर थाना क्षेत्र के भरसठ गांव के शिव मंदिर के पास 10 वर्षीय बालक का अपहरण हो जाने से परिजनों में अनहोनी को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। पुलिस दो नामजद समेत एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गढ़वा हेमराज गांव निवासी विजय कुमार जैसवार की पत्नी सुशीला देवी ने बुधवार को सुबह रामपुर थाना पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि उसका 10 वर्षीय पुत्र दिवाकर बीते मंगलवार को 12 बजे घर से मां सरस्वती ज्ञान मंदिर भरसठ स्कूल जा रहा था। शिव मंदिर के पास गोपालापुर निवासी एक युवक अपने एक अज्ञात साथी के साथ हमारे बच्चे को उठा ले गया है। उक्त युवक मेरे गांव के घर के आसपास आता जाता था। इस घटना की जानकारी गांव की एक महिला को है, लेकिन पूछने पर वह कुछ बता नहीं रही है। अपहृत की मां ने उक्त युवक का उस महिला के घर पहले से ही आने जाने की भी जानकारी दी है। सभी लोगों ने मिलकर साजिशन मेरे बेटे का अपहरण कर इस घटना को अंजाम दिया है। हमारा बेटा जब से गायब हुआ है, काफी खोजबीन की लेकिन अभी तक पता नहीं चल पाया है। बुधवार को अपहरण की सूचना जैसे ही थानाध्यक्ष को मिली आनन फानन में तहरीर के अनुसार गोपालपुर निवासी एक युवक, गढ़वा हेमराज निवासी एक महिला और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष रामपुर से फोन कर जानकारी लेना चाहा तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को किया जागरुक

महिला सुरक्षा, हेल्पलाइन नंबरों और अधिकारों की दी जानकारी

खेतासराय। मिशन शक्ति अभियान के तहत बुधवार को डाक्टर वकील नजीर इण्टर कॉलेज मानीकला में पुलिस टीम ने छात्राओं को महिला सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान छात्राओं को किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तत्काल पुलिस की मदद लेने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए छात्राओं को बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में घबराने के बजाय संबंधित हेल्पलाइन या पुलिस को सूचना दें। साथ ही साइबर अपराध, सोशल मीडिया के सुरक्षित इस्तेमाल तथा महिलाओं और बालिकाओं के प्रति होने वाले अपराधों से बचाव के संबंध में भी जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने तथा किसी भी अनुचित व्यवहार की स्थिति में परिवार के सदस्यों, शिक्षकों अथवा पुलिस को जानकारी देने की अपील की। इस अवसर पर उपनिरीक्षक शैलेंद्र कुमार राय, चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक रविंद्र नाथ तिवारी, महिला आरक्षी नेहा यादव, महिला आरक्षी प्रियंका गुप्ता, महिला आरक्षी रंजू, आरक्षी अभिमन्यु और आरक्षी शैलेश यादव मौजूद रहे।

मिशन शक्ति, साइबर सुरक्षा अभियान के तहत छात्रों को किया जागरूक

मछलीशहर। मिशन शक्ति और राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत होरिलराव इंटर कॉलेज कुंवरपुर में पुलिस टीम ने छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। टीम ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में जानकारी दी। व्हाट्सएप पर होने वाली धोखाधड़ी और बचाव के उपाय बताए। छात्रों को अनजान लिंक पर क्लिक न करने, ओटीपी, पासवर्ड, यूपीआई पिन जैसी गोपनीय जानकारी साझा न करने और संदिग्ध सोशल मीडिया अकाउंट से सतर्क रहने की सलाह दी। साइबर ठगी होने पर 1930 या http://www.cybercrime.gov.in पर शिकायत करने को कहा। टीम में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार, एसआई संतोष कुमार सिंह, कांस्टेबल रामनिवास यादव, नरेश यादव, रोहित यादव और महिला कांस्टेबल श्वेता श्रीवास्तव मौजूद रहीं। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य रवींद्र नाथ शर्मा समेत सभी शिक्षक व छात्र मौजूद रहे।

साइबर जागरुकता अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को दी गयी जानकारी

पवांरा। राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरुकता अभियान व मिशन शक्ति जागरुकता अभियान के तहत मंगलवार को होरिल राव इंटर कॉलेज कुंवरपुर में पुलिस टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध व मिशन शक्ति के तहत जागरुक किया गया। टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को साइबर हेल्पलाइन नं. 1930 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही रोस्टर के अनुसार व्हाट्सअप पर होने वाली धोखाधड़ी एवं उससे बचाव के उपायों के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी। छात्र-छात्राओं को बताया गया कि किसी अनजान व्यक्ति द्वारा भेजे गये लिंक पर क्लिक न करें और ओटीपी पासवर्ड, यूपीआई पिन एवं अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें तथा संदिग्ध सोसल मीडिया एकाउन्ट से सावधान रहें। किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 पर अथवा www.cybercrime.gov.in पर शिकायत करने हेतु जागरुक किया गया। टीम में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार, उपनिरीक्षक संतोष कुमार सिंह, कान्सटेबल रामनिवास यादव, कान्सटेबल नरेश यादव, कान्सटेबल रोहित यादव रिक्रूट महिला कान्सटेबल श्वेता श्रीवास्तव आदि रहे।

मझौरा ताल के पट्टे के लिए लगी डेढ़ करोड़ की बोली

शाहगंज तहसील में सबसे बड़ी राजस्व बोली, दस साल के लिए हिमांशु के नाम हुआ पट्टा

सरायख्वाजा। शाहगंज तहसील क्षेत्र के चक मारूफपुर अंतर्गत मझौरा गांव स्थित ताल के पट्टे की नीलामी में दस वर्ष के लिए डेढ़ करोड़ रुपये की बोली लगी है। तहसील क्षेत्र में ताल के पट्टे के लिए इसे बड़ी राजस्व बोली माना जा रहा है। नीलामी प्रक्रिया में हिमांशु के नाम पट्टा नामित किया गया, जबकि दूसरे पक्ष के रामअवध ने भी बोली में हिस्सा लिया। पट्टाधारक को प्रत्येक वर्ष 15 लाख रुपये राजस्व के रूप में जमा करना होगा। गाटा संख्या 158 में स्थित 733 एयर क्षेत्रफल वाले मझौरा ताल के पट्टे के लिए पांच अक्टूबर को तहसील स्तर पर नीलामी प्रक्रिया आयोजित की गई। इसमें बोली को लेकर दोनों पक्षों के बीच प्रतिस्पर्धा हुई। अंत में हिमांशु के नाम पट्टा स्वीकृत किया गया। दस वर्ष की अवधि में पट्टाधारक द्वारा कुल 1.50 करोड़ रुपये राजस्व के रूप में जमा किए जाएंगे। ताल के पट्टे से मिलने वाली यह धनराशि तहसील के राजस्व में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी। नीलामी प्रक्रिया पूरी होने के बाद अधिकारियों ने हिमांशु के नाम पट्टा नामित किया। तहसीलदार कृष्ण कुमार वर्मा ने बताया कि मझौरा ताल का पट्टा नीलामी प्रक्रिया के बाद हिमांशु के नाम नामित किया गया है। पट्टाधारक को प्रत्येक वर्ष 15 लाख रुपये राजस्व देना होगा। पट्टे की अवधि दस वर्ष निर्धारित है।

मड़ियाहूं पीजी कालेज में हुआ एडवांस्ड ड्रोन टेक्नोलाजी वर्कशाप का आयोजन

ड्रोन तकनीक और अंतरिक्ष विज्ञान की संभावनाओं से रू-ब-रू हुए विद्यार्थी

मड़ियाहूं। पी.जी. कॉलेज में बुधवार को एडवांस्ड ड्रोन टेक्नोलॉजी वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन इंडिया स्पेस अकादमी के एयरोस्पेस विभाग के तत्वावधान में किया गया। कार्यशाला में विद्यार्थियों को आधुनिक ड्रोन तकनीक, अंतरिक्ष विज्ञान एवं तकनीकी कौशल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को उन्नत ड्रोन तकनीक की कार्यप्रणाली, उपयोगिता एवं भविष्य की संभावनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। विशेषज्ञों ने ड्रोन तकनीक के कृषि, सर्वेक्षण, मानचित्रण, आपदा प्रबंधन सहित विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ते उपयोग पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में उपलब्ध शैक्षणिक एवं रोजगार की संभावनाओं की भी जानकारी दी गई। कार्यशाला में डॉ. कुमार प्रणव वर्मा, कोऑर्डिनेटर, स्पेस एजुकेशन, इसरो, मड़ियाहूं पी.जी. कॉलेज तथा डॉ. प्रभांशु कुमार, विशिष्ट अतिथि एवं स्टेट कोऑर्डिनेटर, स्पेस एजुकेशन, इसरो (उ.प्र.) ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नई तकनीकों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने तथा तकनीकी ज्ञान को व्यावहारिक रूप से विकसित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक अपूर्व तिवारी ने कहा कि वर्तमान समय में ड्रोन तकनीक तेजी से विकसित हो रही है और आने वाले समय में इसके उपयोग का दायरा और व्यापक होगा। वहीं, प्राचार्य प्रो. एस.के. पाठक ने कार्यशाला को विद्यार्थियों के तकनीकी एवं कौशल विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और ड्रोन एवं अंतरिक्ष तकनीक से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को विकसित भारत अभियान, कौशल विकास और आधुनिक तकनीकी शिक्षा से जोड़ना रहा। कार्यक्रम के मंच संचालन का कार्य डॉ. विवेक कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। इस दौरान कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ. आंजनेय



पांडेय, प्रो. अजय वर्मा, प्रो. सुमन सिंह, डॉ. उमेश राव, डॉ. जे पी दुबे, डॉ. विजय, डॉ. जे पी शुक्ला, डॉ. सुशील मिश्रा, डॉ अमिताभ कुमार, डॉ. सुजीत पटेल, डॉ. विवेक प्रजापति, डॉ. जितेन्द्र पाल, डॉ. सौरभ सिंह, डॉ. राजपाल, डॉ. विवेक सिंह, डॉ. दया सिंधु, डॉ. दुर्गेशवरी पांडेय, डॉ. त्रिपुरारी, डॉ. बृजेश चौबे, डॉ. मनोज शुक्ला, डॉ हौशिला पांडेय, डॉ. रविंद्र तिवारी, डॉ. अजय पटेल, सहित महाविद्यालय के अन्य सम्मानित प्राध्यापक एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

अपना दल एस की मासिक बैठक में संघटन मजबूती पर जोर

मड़ियाहूँ। अपना दल (एस) की मछलीशहर जिला इकाई की मासिक बैठक बुधवार को जिला कार्यालय मड़ियाहूँ में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों और 17 अक्टूबर को डॉ. सोनेलाल पटेल के परिनिर्वाण दिवस पर प्रतापगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में भारी संख्या में कार्यकर्ताओं की सहभागिता को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि सभी सेक्टर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बूथ स्तर पर बैठकें आयोजित करें तथा अनुप्रिया पटेल के विचारों और जनहित में किए जा रहे कार्यों से लोगों को अवगत कराकर पार्टी से जोड़ें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 17 अक्टूबर को भारी संख्या में प्रतापगढ़ पहुंचने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली ने कहा कि कार्यकर्ता क्षेत्र में जाकर विधायक द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जानकारी जनता तक पहुंचाएं तथा गांव-गांव जन चौपाल लगाकर लोगों को पार्टी से जोड़ें। वाराणसी क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र पटेल ने भी कार्यकर्ताओं से गांव-



गांव संपर्क कर लोगों को 17 अक्टूबर को प्रतापगढ़ चलने के लिए प्रेरित करने की अपील की। विधायक डॉ. आरके पटेल ने कहा कि सभी साथी मिलकर बड़ी संख्या में प्रतापगढ़ पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर पार्टी की नीतियों एवं विचारों से लोगों को अवगत कराएं और संगठन से जोड़ें। प्रदेश सचिव सुनील पटेल ने कहा कि कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा एवं संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी देने के साथ प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, ताकि वे क्षेत्र में प्रभावी ढंग से लोगों तक बहन अनुप्रिया पटेल के कार्यों और पार्टी की नीतियों को पहुंचा सकें। अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष लालबहादुर पटेल ने कहा कि संगठन को और मजबूत किया जाएगा तथा गांव-गांव जन चौपाल आयोजित कर जनता से सीधा संवाद किया जाएगा। उन्होंने मड़ियाहूँ विधानसभा सीट पर लगातार तीसरी बार भारी मतों से जीत का लक्ष्य दोहराया। बैठक में प्रदेश सचिव (बौद्धिक मंच) राजनाथ पटेल, जिला पंचायत सदस्य डॉ. सुनीता पटेल, राकेश पटेल, ललई सरोज, जिला मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर पटेल, मुक्तेश्वर पटेल, सभाजीत पटेल, संजू पटेल, सरोज पटेल, कन्हैयालाल पटेल, बचाऊ पटेल, राजेंद्र पटेल, सजन पटेल, अनिल पटेल, जय सिंह चौरसिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

साइबर जागरुकता अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को दी गयी जानकारी

पवांरा। राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरुकता अभियान व मिशन शक्ति जागरुकता अभियान के तहत मंगलवार को होरिल राव इंटर कॉलेज कुंवरपुर में पुलिस टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध व मिशन शक्ति के तहत जागरुक किया गया। टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को साइबर हेल्पलाइन नं.1930 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही रोस्टर के अनुसार व्हाट्सअप पर होने वाली धोखाधड़ी एवं उससे बचाव के उपायों के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी। छात्र-छात्राओं को बताया गया कि किसी अनजान व्यक्ति द्वारा भेजे गये, लिंक पर क्लिक न करें और ओटीपी पासवर्ड, यूपीआई पिन एवं अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें तथा संदिग्ध सोसल मीडिया एकाउन्ट से सावधान रहें। किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 पर अथवा www.cybercrime.gov.in पर शिकायत करने हेतु जागरुक किया गया। टीम में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार, उपनिरीक्षक संतोष कुमार सिंह, कान्सटेबल रामनिवास यादव, कान्सटेबल नरेश यादव, कान्सटेबल रोहित यादव रिक्रूट महिला कान्सटेबल श्वेता श्रीवास्तव आदि रहे।

पूर्वांचल विश्वविद्यालय मेडिकल की परीक्षा में मानकों की अनदेखी कर बनाये गये पर्यवेक्षक

दो असिस्टेंट प्रोफेसर भी बने पर्यवेक्षक, आरक्षण के नियमों को घोर अनदेखी

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय द्वारा वर्तमान समय में चल रही मेडिकल पूरक परीक्षा में मानकों की अनदेखी कर पर्यवेक्षकों की नियुक्ति इस समय चर्चा का विषय है। ज्ञातव्य हो कि वर्तमान समय में दिनांक 21 सितंबर से 8 अक्टूबर तक चलने वाली बी.ए.एम.एस. पूरक परीक्षा में गाजीपुर, आजमगढ़, एवं मऊ में आयोजित है। इस परीक्षा में विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त किए गए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति में मानकों की अनदेखी इस समय चर्चा का विषय है। बता दें कि इस परीक्षा में नियुक्त पर्यवेक्षकों में कुछ असिस्टेंट प्रोफेसर हैं जिनकी नौकरी मात्र पांच-छह वर्षों की ही है। जिसको लेकर विभिन्न वरिष्ठ प्रोफेसरों एवं विगत चुनाव में प्रत्याशी रहे। परीक्षक टीम में लगाए गए हैं जिसमें प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर होना चाहिए, जबकि दो असिस्टेंट प्रोफेसर भी हैं। जिन्हें लेकर शिक्षकों ने सवाल उठा दिए हैं। पात्रता वाले वंचित प्राध्यापकों में रोष व्याप्त है। उसके साथ ही पर्यवेक्षकों की नियुक्ति में आरक्षण के नियमों की घोर अनदेखी भी की जा रही है। इस परीक्षा में इतना ही नहीं विगत 5 वर्षों का अगर रिकॉर्ड देखा जाए तो 8-10 लोग ही लगातार इन परीक्षाओं में पर्यवेक्षक नियुक्त होते हैं, जिससे विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग की कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगता है। तकनीकी रूप से दक्ष वर्तमान कुलपति से यह अपेक्षा की जाती है कि इस तरह की विसंगतियों की तरफ ध्यान देंगे।

कपड़ा सही नहीं सिलने पर दर्जी से नोंकझोंक

दर्जी ने किया चाकू सरिया से हमला, दो के विरुद्ध मुकदमा

मछलीशहर। दर्जी द्वारा कपड़ा सही न सिलने की शिकायत लेकर पहुंची महिला पर महिला टेलर ने चाकू से हमला कर दिया। महिला की तहरीर पर टेलर सहित एक अन्य के विरुद्ध पुलिस ने मुक़दमा दर्ज कर लिया है। जानकारी अनुसार स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के पूरा फगुई गाँव निवासी पिंकी खातून पत्नी जियाउद्दीन के अनुसार मछली शहर से जंघई मार्ग नगर में महावत बस्ती की तरफ जाने वाले रोड पर मुन्नी पत्नी अज्ञात कपड़ा सिलने का कार्य करती है। मैने उसे अपना सलवार सूट सिलने को दिया था। सूट की सिलाई सही न होने पर मैं उससे शिकायत करने लगी। शिकायत के बाद हम दोनों में नोक झोंक होने लगी। बात बढ़ गई तो मुन्नी टेलर बगल में रखी सरिया से मुझे मारने लगी। इसके बाद चाकू से भी हमला कर दिया। तब वहां पहुंची मेरी बहन ने टेलर का हाथ पकड़ लिया। इसी दौरान मुन्नी के पति ने मेरा पैर पकड़कर घसीटने लगा। मैने वहां से भागकर किसी तरह जान बचाई। टेलर मुझे जान से मारने की धमकी भी दे रही थी। मामले बाबत प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह ने बताया कि भुक्तभोगी की तहरीर पर मुक़दमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

बिना काम कराये हो रहा फर्जी भुगतान

जंघई। विकास खंड मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र के न्याय पंचायत सेमरी के ग्राम पंचायतों में सोलर लाइट, इंटरलॉकिंग एवं रीबोर कराने के नाम पर फर्जी भुगतान धड़ल्ले से हो रहा है, और इस लूट में ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता है। सबसे आश्चर्यजनक बात है कि इन ग्राम पंचायतों में सन् 2020-21 में कराई गई सीमेंटेड इंटरलॉकिंग सड़क को फर्जी ढंग से सन् 2025-26 में खर्च दिखाकर भुगतान खारिज किया गया है। यही नहीं इसी प्रकार गांवों में कहीं भी सोलर लाइट नहीं लगी है और इस मद में लाखों रुपए खारिज किया गया है। कागजों पर रीबोर और स्ट्रीट लाइट का काम दिखाकर धन निकासी कर ली गई है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी जौनपुर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इस कारनामे में संलिप्त सरपंच, ग्राम पंचायत अधिकारी व ब्लॉक कर्मचारियों के विरुद्ध जांच पड़ताल कर कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस की त्वरित कारवाई से बची अधिवक्ताओं की जान

अधिवक्ता को बंधक बनाकर पांच लाख की रंगदारी वसूलने के आरोपी पर पुलिस का शिकंजा

महिलाओं समेत दस नामजद सहित बीस आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

मुंगराबादशाहपुर। थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरऊपुर नहर पुलिया के पास से अधिवक्ता और उनके साथी का अपहरण कर बंधक बनाने, मारपीट करने और रंगदारी वसूलने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित अधिवक्ता की तहरीर पर थाना पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए महिलाओं समेत 10 नामजद सहित 20 आरोपितों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रयागराज जिले के थाना थरवई क्षेत्र स्थित कुरसण्ड निवासी अधिवक्ता अजय मिश्रा पुत्र शेष चन्द्र मिश्रा ने थानाध्यक्ष को दी गई तहरीर में बताया है कि थाना भांवरकोल (गाजीपुर) में चल रहे एक मुकदमे के सिलसिले में आरोपितों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत कराने हेतु उनसे संपर्क किया था। इसके एवज में अधिवक्ताओं को 1लाख 50 हजार रुपये फीस दी गई थी। जमानत न होने पर 6 अक्टूबर 2026 को आरोपितों ने मुकदमे के सिलसिले में बातचीत के बहाने अधिवक्ता अजय मिश्रा को मुंगराबादशाहपुर क्षेत्र के पुरऊपुर नहर पुलिया पर बुलाया गया जहां वह जब अपने साथी गौरव तिवारी के साथ मौके पर पहुंचे, तो वहां पहले से दो गाड़ियों में मौजूद कमल मिश्रा, शिवम तिवारी, मुनेश्वरी तिवारी, बिंदेशरी, तिवारी दीपक तिवारी, शशि चौबे, राजेश तिवारी और राहुल यादव आदि ने जान से मारने की नीयत से गर्दन पर चाकू रखकर दोनों को गाड़ियों में खींच लिया तथा अपने आवास हैदरेपुर थाना मुंगराबादशाहपुर ले गए। जहां आरोपियों ने अधिवक्ता के मोबाइल से उनके सीनियर अधिवक्ता भूपेन्द्र त्रिपाठी को फोन करवाकर तुरंत 2 लाख रुपये की मांग की और पैसा न मिलने पर जान से मारने की धमकी दी।सूचना मिलते ही सीनियर अधिवक्ता भूपेन्द्र त्रिपाठी अपने साथी रजनीश दुबे के साथ 1 लाख रुपये लेकर हैदरेपुर पहुंचे। वहां पहुंचते ही अभियुक्तों ने चारों अधिवक्ताओं को बंधक बना लिया और 5 लाख रुपये की और मांग करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान चतुराई दिखाते हुए सीनियर अधिवक्ता भूपेन्द्र त्रिपाठी ने मुंगराबादशाहपुर थाना प्रभारी को फोन कर जानकारी देते हुए अपनी लोकेशन दे दी। घटना की सूचना मिलने पर मुंगराबादशाहपुर थाना पुलिस के मौके पर पहुंचते ही आरोपितों व उनके घर की महिलाओं कंचन मिश्रा, अंकिता तिवारी व 10 अन्य अज्ञात महिलाओं ने पुलिस पर ईंट-पत्थर आदि से हमला कर दिया। हालांकि, पुलिस बल ने मुस्तैदी दिखाते हुए सभी अधिवक्ताओं को सुरक्षित बचाकर थाने पहुंचाया। इस दौरान अभियुक्तों ने अधिवक्ताओं के दो आईफोन भी छीन लिए।पीड़ित अधिवक्ता अजय मिश्रा की तहरीर के आधार पर मुंगराबादशाहपुर थाना पुलिस ने नामजद आरोपितों कमल मिश्रा, शिवम तिवारी, मुनेश्वरी तिवारी, बिंदेशरी, तिवारी दीपक तिवारी, शशि चौबे, राजेश तिवारी, राहुल यादव, कंचन मिश्रा अंकिता तिवारी एवं 10 अज्ञात महिलाओं के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 191(2), 191(3), 140(1), 308(5), 126(2), 127(2), 109(1) और 315 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दिया है। इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी निरीक्षक गजानन्द चौबे ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपितों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया शीघ्र ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

डीएम ने किया तहसील का औचक निरीक्षण

अधिवक्ता संघ ने तहसील की समस्याओं से कराया अवगत

मछलीशहर। जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन ने बुधवार को तहसील का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद अधिवक्ता संघ ने जिलाधिकारी को तहसील की समस्याओं से अवगत कराया। जिलाधिकारी के अचानक तहसील परिसर में पहुंचते ही तहसील में अधिकारियों, कर्मचारियों में अफरातफरी मच गई। तहसील में पहुंचते ही जिलाधिकारी सबसे पहले खतौनी कक्ष में पहुंचे और बारीकी से निरीक्षण किया आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके बाद तहसीलदार न्यायालय में पत्रावलियों के रखरखाव एवं मुकदमों के निस्तारण की जानकारी लिया। आलमारी खुलवाकर एक एक पत्रावली निकालकर देखा और तहसीलदार को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके बाद तहसीलदार न्यायिक, नायब तहसीलदार, उपजिलाधिकारी न्यायालयों को बारीकी से देखा और निस्तारण में प्रगति लाने का निर्देश दिया। मतदाता पंजीकरण कक्ष का भी निरीक्षण किया। दो घंटे निरीक्षण कार्य चला। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शुभांशु कटियार, तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार वर्मा,तहसीलदार न्यायिक दिनेश कुमार सहित सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। निरीक्षण के बाद अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में अधिवक्ता संघ उपजिलाधिकारी (न्यायिक) ज्योत्सना सिंह की कार्यप्रणाली एवं तहसील की समस्याओं से अवगत कराया।

सेवा संकल्प सभा, सेवा ज्योति यात्रा का भव्य आयोजन

जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं का जुटा हुजूम कलश उद्घाटन के बाद रवाना हुई यात्रा, कार्यकर्ताओं में दिखा अपार उत्साह

जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सेवा संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन अत्यंत गरिमामय एवं भव्य वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर गिरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम के संयोजक और जिला उपाध्यक्ष पंकज मिश्र ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ बड़ी एलईडी स्क्रीन पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबिन के ओजस्वी भाषण के सीधा प्रसारण एवं संदेश को सुनने के साथ हुआ। शीर्ष नेतृत्व का मार्गदर्शन प्राप्त करने के पश्चात उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत होकर राष्ट्रगान जन गण मन का सामूहिक गायन किया, जिससे पूरा प्रांगण देशभक्ति के रंग में रंग गया। राष्ट्रगान के पश्चात मुख्य अतिथि, जिलाध्यक्ष एवं मंचस्थ अतिथियों द्वारा चौराहे पर स्थापित पवित्र कलश का विधिवत उद्घाटन किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथियों एवं वरिष्ठ नेताओं ने हरी झंडी दिखाकर सेवा ज्योति यात्रा को गंतव्य के लिए रवाना किया। यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। सेवा ही संगठन और राष्ट्र सेवा के नारों के साथ यात्रा मुख्य मार्गों से गुजरी, जहाँ स्थानीय नागरिकों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। यह भव्य यात्रा हाई डील चौराहे से प्रस्थान कर यात्रा अम्बेडकर चौराहे पहुँची इसके पश्चात यात्रा कलेक्ट्रेट तिराहे से आगे बढ़ते हुए लाइन बाजार तिराहे से गुजरी तत्पश्चात यात्रा खरका कॉलोनी होते हुए अपने प्रारंभिक स्थल पुन: हाई डील चौराहे पर पहुँचकर सफलतापूर्वक संपन्न हुई। सेवा संकल्प सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर गिरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूल मंत्र सेवा ही संगठन है, उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता जन-सेवा के प्रति समर्पित है, और सेवा ज्योति यात्रा के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा सेवा भाव की अलख घर-घर तक पहुँचाने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि



संगठन की रीढ़ हमारे समर्पित कार्यकर्ता हैं, सेवा ज्योति यात्रा के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सहायता और विकास पहुँचाने का संकल्प और अधिक मजबूत हुआ है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे, जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा ही संगठन के मूल मंत्र पर कार्य कर रहा है। केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी नीतियाँ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँची हैं, सेवा ज्योति यात्रा का मुख्य उद्देश्य जनता के बीच जाकर सेवा भाव को और अधिक सशक्त बनाना तथा सरकार के ऐतिहासिक कार्यों को जन-जन तक पहुँचाना है। कार्यक्रम में वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें मुख्य रूप से रमेश चंद्र मिश्र रमेश सिंह सीमा द्विवेदी कृपा शंकर सिंह सुषमा पटेल मनोरमा मौर्य सुरेन्द्र प्रताप सिंह मछली शहर जिला अध्यक्ष अजय सिंह जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता अजय सिंह संदीप तिवारी अमित श्रीवास्तव परविंदर चौहान नीरज मौर्य विकास शर्मा अंशु कुशवाहा धर्मेन्द्र मिश्र आमोद सिंह अमरनाथ पांडेय रामसूरत मौर्य रोहन सिंह घनश्याम यादव एवं जिले के सम्मानित पदाधिकारी, ब्लॉक प्रमुख, मंडल अध्यक्ष, विभिन्न मोर्चा के कार्यकर्ता एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कमिश्नर, डीआईजी ने की नवरात्रि मेले की तैयारी की समीक्षा

मीरजापुर-प्रयागराज मार्ग पर दस अक्तूबर तक गड्ढा न भरने पर निलंबन की चेतावनी

मीरजापुर। विंध्याचल में 10 अक्टूबर की मध्यरात्रि से शुरू होने वाले नौ दिवसीय शारदीय नवरात्र मेले की तैयारियों को लेकर मंडलायुक्त राजेश प्रकाश और डीआईजी पूनम ने प्रशासनिक भवन में बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक समेत संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। मंडलायुक्त ने कहा कि मेले से जुड़े सभी काम हर हाल में मेला शुरू होने से पहले पूरे कर लिए जाएं। श्रद्धालुओं को दर्शन-पूजन में किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने अधिकारियों को ड्यूटी की बजाय सेवा भाव से काम करने के निर्देश दिए। सड़कों और गलियों की मरम्मत, अतिक्रमण हटाने और निर्माण के कारण बाधित मार्गों को तत्काल आवागमन योग्य बनाने को कहा गया। मंडलायुक्त ने एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेजर को मिर्जापुर-विंध्याचल हाईवे 10 अक्टूबर तक दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। लापरवाही पर निलंबन की कार्रवाई की चेतावनी दी। मेला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था 24 घंटे बनाए रखने, घाटों पर विशेष सफाई, पर्याप्त कूड़ेदान, शौचालय, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। गंगा घाटों पर मजबूत बैरिकेडिंग, महिलाओं के कपड़े बदलने के लिए स्थान, गोताखोर और नाव की व्यवस्था कराने को कहा गया। विद्युत व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सभी हाईमास्ट की जांच और खराब लाइटों की मरम्मत के निर्देश दिए गए। विंध्याचल क्षेत्र में 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया। डीआईजी पूनम ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। रूट डायवर्जन, नो-एंट्री जोन, बैरियर और पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए गए। रेलवे स्टेशन पर अतिरिक्त ट्रेनों के ठहराव, पूछताछ केंद्र, अतिरिक्त टिकट काउंटर और रैन बसेरे की व्यवस्था पर भी चर्चा हुई।



बैठक में मौजूद अधिकारी। छाया:आज

अजगर दिखने से हड़कम्प

छानबे। विंध्याचल थाना क्षेत्र के विजयपुर गांव में मंगलवार की रात घर के पास अमरूद के पेड़ पर अजगर चढ़ता देख परिवार में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद अजगर को पकड़ लिया। इसके बाद उसे विजयपुर की पहाड़ी के जंगल में छोड़ दिया गया। विजयपुर निवासी शिक्षक राजन सिंह ने बताया कि रात करीब एक बजे वह लघुशंका के लिए कमरे से बाहर निकले थे। इसी दौरान उन्होंने घर की चहारदीवारी के अंदर लगे अमरूद के पेड़ पर एक लंबा अजगर चढ़ते देखा। उन्होंने तत्काल 112 नंबर पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने वन विभाग को जानकारी दी। वन रक्षक वसीम खान, विजयशंकर, बरसातू आदि टीम के साथ पहुंचे। काफी प्रयास के बाद करीब 15 फीट लंबे और लगभग 60 किलो वजनी अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया गया। अजगर को जंगल में छोड़ने के बाद परिवार और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

मीरजापुर। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस लेने तथा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व शहर कांग्रेस कमेटी मिर्जापुर के अध्यक्ष भगवान दत्त पाठक उर्फ राजन पाठक ने किया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि छह अक्टूबर की रात नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी करीब 300 विपक्षी सांसदों के साथ शांतिपूर्ण गांधीवादी तरीके से वोट चोरी के मुद्दे पर प्रदर्शन कर रहे थे। आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस ने केंद्र सरकार के इशारे पर प्रदर्शनकारियों के साथ जोर-जबरदस्ती करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया। धरने के दौरान 'ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो' और राहुल-प्रियंका के खिलाफ दर्ज एफआईआर वापस लेने की मांग उठाई गई। प्रदर्शन में राजधार दुबे, जनार्दन पांडेय, स्वरूपचंद कसेरा, गणेश दत्त पांडेय, राकेश दत्त त्रिपाठी एडवोकेट, नरेश चंद्र चौधरी एडवोकेट, अशोक कुमार गुप्ता, आनंद त्रिपाठी एडवोकेट, रोशन अली अंसारी, अफसर अली, इमरान खान एडवोकेट, शबनम अंसारी, अब्रुनीसा, मधु सेलानी, डॉ. साहबुद्दीन, राजेश दुबे, आकाश सोनकर और विवेक सिंह समेत कई कांग्रेसजन मौजूद रहे।

वड़नगर से काशी क्षेत्र के लिए निकली बाइक यात्रा का जगह-जगह स्वागत

मीरजापुर। वड़नगर से काशी क्षेत्र के लिए निकली बाइक यात्रा का मंगलवार को जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने जगह-जगह जोरदार स्वागत किया। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज के नेतृत्व में कलवारी, राजगढ़, लालगंज, शीतला मंदिर, विंध्याचल और पुरजागीर सहित विभिन्न स्थानों पर बाइक यात्रा में शामिल यात्रियों का कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं एवं उत्साह के साथ अभिनंदन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह और जोश देखने को मिला। बाइक यात्रा के माध्यम से संगठनात्मक एकजुटता, कार्यकर्ताओं की सक्रियता और पार्टी के प्रति जनसमर्थन का संदेश दिया गया। विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने यात्रा में शामिल लोगों का स्वागत कर उनका उत्साहवर्धन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज ने कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्साह और सहभागिता संगठन की मजबूती का परिचायक है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन के विचारों और संकल्पों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं की एकजुटता से संगठन को और मजबूती मिलती है। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन जगदीश सिंह पटेल, पूर्व जिला उपाध्यक्ष दिनेश प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख गजेंद्र प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष सुनीता पटेल, अभियान सह संयोजक एवं जिला महामंत्री पुष्पेंद्र द्विवेदी सहित अन्य पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हड़ताल से नहीं हुआ टीकाकरण

छानबे। स्वास्थ्य विभाग के टीकाकरण अभियान पर बुधवार को संविदा एएनएम की हड़ताल का असर दिखाई दिया। क्षेत्र के 34 टीकाकरण केंद्रों पर संविदा कर्मियों के हड़ताल पर रहने के कारण टीकाकरण नहीं हो सका। इससे कई लोगों को बिना टीका लगवाए वापस लौटना पड़ा। छानबे क्षेत्र में कुल 44 टीकाकरण केंद्र हैं। इनमें अकोढ़ी, गोपालपुर, बबुरा, जोपा, विजयपुर, बलापुर, बिरोही, नगवासी, दुगौली और हरगढ़ समेत 34 केंद्रों पर संविदा कर्मी तैनात हैं। जबकि 10 केंद्रों पर नियमित एएनएम कार्यरत हैं। चिकित्सा प्रभारी डॉ. पुनीत अग्रवाल ने बताया कि 10 केंद्रों पर तैनात एएनएम द्वारा टीकाकरण कराया जा रहा है। शेष केंद्रों पर भी जल्द टीकाकरण व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी।

प्रसव के दौरान बच्चे की मौत, लापरवाही का आरोप

कारर्वाई के लिए दी तहरीर, पत्नी की हालत गंभीर

ड्रमंडगंज। क्षेत्र के नौगवां गांव निवासी लवकुश पटेल ने बुधवार शाम थाने में तहरीर देकर एएनएम के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। तहरीर में उन्होंने प्रसव के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। लवकुश पटेल ने बताया कि बीते 29 सितंबर को पत्नी दीपा को प्रसव पीड़ा होने पर गांव की आशा कार्यकर्ता के कहने पर दुर्जनीपुर मोड़ स्थित एएनएम के यहां ले गए थे। आरोप है कि प्रसव कराने के दौरान एएनएम ने जल्दबाजी में दाई से पत्नी के पेट पर दबाव डलवाया। पेट पर दबाव पड़ने के बाद पत्नी की हालत बिगड़ गई और गर्भस्थ बच्चे की मौत हो गई।पत्नी की हालत गंभीर होने पर परिजन उसे नैड़ी कठारी स्थित सेहत हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार चल रहा है। परिजनों के मुताबिक पत्नी की हालत गंभीर बनी हुई है, जिससे परिवार में चिंता का माहौल है। लवकुश पटेल ने आरोप लगाया कि प्रसव के दौरान बरती गई लापरवाही के चलते गर्भस्थ बच्चे की जान चली गई। उन्होंने मामले की जांच कर प्रसव में लापरवाही बरतने वाली एएनएम के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जाएगी।

तीसरी बार पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष बने सोहन लाल श्रीमाली

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा के रूप में सोहन लाल श्रीमाली की लगातार तीसरी बार नियुक्ति से जनपद के कार्यकर्ताओं एवं पिछड़ा वर्ग समाज में उत्साह का माहौल है। नियुक्ति के बाद उन्हें लगातार बधाई एवं शुभकामनाएं दी जा रही हैं। गुरुवार को सोहन लाल श्रीमाली प्रात: छह बजे लखनऊ से प्रस्थान करेंगे। रायबरेली, प्रयागराज एवं भदोही होते हुए मीरजापुर की सीमा में प्रवेश करेंगे। मझवा विधानसभा क्षेत्र के कछवा चौराहे पर दोपहर 12 बजे उनका कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा, इसके बाद स्वागत यात्रा भैसा पुलिस चौकी, थाना कछवा, कछवा बाजार, भटौली पुल, मेडिकल कॉलेज, जमुनिया नगर, कचहरी पेट्रोल पंप, संकट मोचन, वालीगंज, पेहटी का चौराहा, गुरहट्टी, मुकेरी बाजार, लालडिग्गी, इमामबाड़ा, महंत का शिवाला, जाह्नवी होटल, लोहिया तालाब, ओझला पुल, सेवाधाम, कतित एवं बरतर कोतवाली होते हुए आगे बढ़ेगी। इसके पश्चात श्री श्रीमाली माँ विंध्यवासिनी का दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। दर्शन के उपरांत यात्रा वापस सेवाधाम पहुंचेगी, जहां कार्यक्रम का समापन होगा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि श्री श्रीमाली का लंबा अनुभव, संगठन क्षमता एवं समाजसेवा के प्रति समर्पण प्रदेश के पिछड़े, वंचित एवं शोषित वर्गों के हितों को मजबूती प्रदान करेगा। उनके नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सामाजिक न्याय, शिक्षा, रोजगार एवं जनकल्याण के क्षेत्र में बेहतर कार्य होने की उम्मीद है। सोहन लाल श्रीमाली की लगातार तीसरी बार नियुक्ति पर भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों द्वारा सोशल मीडिया एवं मोबाइल के माध्यम से बधाई एवं शुभकामनाएं दी जा रही हैं। सभी ने उनके सफल कार्यकाल, उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की मंगलकामना की।



कथा में श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग पर श्रद्धालुओं ने मनाया उत्सव

कछवां। क्षेत्र स्थित बजहा गांव के स्वामी श्री रामानुजाचार्य आश्रम में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ में भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण बना हुआ है। कथा व्यास एवं पीठाधीश्वर ब्रह्मर्षि ब्रह्मचारी श्री देवनायिकाचार्य जी महाराज ने बैकुंठ भगवान के स्वरूप और भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य अवतार की कथा सुनाई। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। उन्होंने पुराणों का उल्लेख करते हुए बताया कि भगवान विष्णु का बैकुंठ धाम भक्तों के लिए परम शांति और भगवान की शरण का प्रतीक है। जब-जब धरती पर धर्म की हानि और अधर्म की वृद्धि होती है, तब भगवान भक्तों के कल्याण और धर्म की स्थापना के लिए अवतार लेते हैं। कथा के दौरान देवकी-वसुदेव के यहां श्रीकृष्ण के प्राकट्य, वसुदेव द्वारा उन्हें टोकरी में रखकर यमुना पार कर गोकुल पहुंचाने और नंद-यशोदा के घर बाल कृष्ण के आगमन का प्रसंग सुनाया गया। श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग आते ही पंडाल जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने 'नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयघोष के साथ जन्मोत्सव मनाया। महाराज ने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन प्रेम, भक्ति, धर्म, करुणा और सत्य का संदेश देता है। सात दिवसीय ज्ञान यज्ञ 3 से 9 अक्टूबर तक चलेगा, जबकि 11 अक्टूबर को भंडारा होगा। करीब चार दशक से चली आ रही यह परंपरा आश्रम को धार्मिक और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बनाए हुए है।



मौजूद भक्त। छाया:आज

ब्लाक दिवस पर बीडीओ ने सुनी समस्या

हलिया। स्थानीय ब्लॉक सभागार में बुधवार को बीडीओ विमल प्रकाश पांडेय ने ब्लॉक दिवस के अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों की समस्या सुनी। ब्लॉक दिवस पर कुल पांच प्रार्थना पत्र आए, जिसमें तीन प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण कर दिया गया। शेष दो प्रार्थना पत्रों के लिए संबंधित अधिकारियों को अभिलंब निस्तारित करने का निर्देश दिया, जिसमें हलिया के चंद्रगढ़ निवासी सविता ने जॉब कार्ड बनवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। बीडीओ ने सचिव तथा एपीओ के माध्यम से प्रमाण पत्र बनवाया तथा महोखर गांव निवासी अंजोरा देवी ने पति के मौत के बाद मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए प्रार्थना पत्र दिया, जिसे संबंधित सचिव को अभिलंब बनाने का निर्देश दिया। इसी तरह से कुल पांच प्रार्थना पत्र आए जिसमें तीन प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण कर दिया गया। दो प्रार्थना पत्रों के लिए संबंधित कर्मचारियों को निस्तारण के लिए निर्देश दिया।

शिवालया कंस्ट्रक्शन लिमिटेड पर गंभीर आरोप

तीन महीने से वेतन न मिलने से भुखमरी के कगार पर सुरक्षा गार्ड

चील्ह। क्षेत्र के पुरजागीर बाजार स्थित शिवालया कंस्ट्रक्शन लिमिटेड कंपनी पर सुरक्षा गार्डों ने वेतन न देने का गंभीर आरोप लगाया है। सुरक्षा गार्डों का कहना है कि उन्हें जुलाई से वेतन नहीं मिल रहा है, जिसके चलते वे भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं। गार्ड अभिषेक कुमार ने बताया कि उनकी नियुक्ति प्रिया एंड प्रिया सिक्योरिटी कंपनी हरियाणा द्वारा की गई थी। वे सभी लगातार कंपनी में ड्यूटी कर रहे थे, लेकिन पिछले तीन माह से उन्हें वेतन नहीं दिया गया। कई बार कंपनी के अधिकारियों से गुहार लगाई गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। वेतन न मिलने से नाराज गार्डों ने चेतावनी दी है कि यदि उनका बकाया वेतन जल्द नहीं दिया गया तो वे कंपनी के मुख्य गेट पर ताला लगाकर प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। इसको लेकर अभिषेक कुमार, सुभाष मौर्य, सेवा लाल, विजय, उमा शंकर, कृष्ण कुमार, विजय कुमार, विकास राज बिंद, शिवांश दुबे, सत्य नारायण सहित 17 गार्डों ने सामूहिक रूप से चेतावनी दी है। वहीं, जब इस संदर्भ में शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी के अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्होंने पूरा पेमेंट प्रिया एंड प्रिया सिक्योरिटी कंपनी हरियाणा को दे दिया है। जबकि, प्रिया एंड प्रिया सिक्योरिटी कंपनी के सुपरवाइजर का कहना है कि उन्हें अभी तक कंपनी से पेमेंट नहीं मिला है। दोनों कंपनियों के बीच पेमेंट को लेकर पेंच फंसा होने के कारण गार्डों को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। परेशान गार्डों ने मौके पर 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को बुलाया। डायल 112 की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया और गार्डों को चील्ह थाने में प्रार्थना पत्र देने की बात कही। अब सवाल यह उठता है कि क्या शिवालया कंस्ट्रक्शन कंपनी इन कर्मियों का वेतन देगी. यह देखने वाली बात होगी कि पुरजागीर से समोगरा तक बनने वाली सिक्स लेन रोड और पक्का पुल तैयार करने वाली यह कंपनी आगे क्या करती है, या इसी तरह गार्डों का शोषण होता रहेगा।

अनियंत्रित होकर गिरी बाइक, चालक की मौत

अहरौरा। थाना क्षेत्र के अहरौरा जमुई मार्ग पर जसवां पेट्रोल पंप के समीप अहरौरा से चुनार की तरफ जा रहे बाइक सवार की बाइक से गिरने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सूरज पुत्र राजेश निवासी स्टेशन रोड चुनार अहरौरा से बुलेट बाइक लेकर चुनार की तरफ जा रहा था कि जैसे ही जसवां पेट्रोल पंप के समीप मोड पर पहुंचा तभी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई, जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा रहा। दुर्घटना की सूचना पर मौके पर पुलिस ने युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आई, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर विधिक कार्यवाही मे जुट गई।

संक्षेप

छह सूत्री मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ब्लॉक नारायणपुर में कार्यरत समूह सखियों ने मानदेय में वृद्धि, नियमितीकरण सहित विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। समूह सखियों ने कहा कि वे पिछले कई वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को संगठित करने, सरकारी योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने और महिला सशक्तीकरण के लिए लगातार कार्य कर रही हैं। इसके बावजूद उन्हें महज 2000 रुपये मानदेय दिया जा रहा है, जो वर्तमान समय में बेहद कम है। ज्ञापन में समूह सखियों ने मासिक मानदेय बढ़ाकर 20 हजार रुपये किए जाने तथा मानदेय सीधे उनके व्यक्तिगत बैंक खातों में भेजने की मांग की। लगातार कार्यरत समूह सखियों को ब्लॉक या मिशन स्तर पर नियमित कर्मचारी का दर्जा देने की भी मांग उठाई गई, इसके अलावा स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा का लाभ, कार्य के लिए मोबाइल व रिचार्ज की सुविधा, समूह से लिए गए ऋणधारक की मृत्यु होने पर ऋण माफी, ड्रेस और पहचान पत्र उपलब्ध कराने की मांग की गई। समूह सखियों ने चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो वे शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन एवं आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए मजबूर होंगी।

स्कूल का ताला तोड़कर चोरी

छानबे। जिगना थाना क्षेत्र के बरीदुबे प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार की रात चोरों ने रसोई घर का ताला तोड़कर उसमें रखा गैस सिलेंडर वर्तन आदि चोर उठा ले गए। बरी दुबे (जासा बघौरा प्रथम) के प्रभारी प्रधानाध्यापक विक्रम प्रताप सिंह ने बताया कि रसोई का ताला तोड़कर कर चोर मंगलवार की रात गैस सिलेंडर भगोना थाली गिलास दाल मशाला व तार आदि उठा ले गए।उन्होंने बताया कि गांव एक ब्यक्ति स्कूल की तरफ़ फूल तोड़ने आए थे। उन्होंने दरवाज़ा खुला देख सूचना दिया। विद्यालय आने पर सामान चोरी होने की जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी गई।

नाले के पास छोड़ा नवजात बच्ची, मचा हड़कम्प

छानबे। विंध्याचल थाना क्षेत्र के सिकरा कला गांव में बुधवार सुबह नाले के पास कीचड़ में नवजात बच्ची मिलने से हड़कंप मच गया। बच्ची को देखने के लिए मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों के मुताबिक, किसी ने नवजात को जन्म के तुरंत बाद वहां छोड़ दिया था। गांव के पूर्व प्रधान सोनू पाठक ने तत्काल 112 नंबर पर सूचना दी। जानकारी मिलते ही पीआरवी टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी विंध्याचल थाने को दी। इसके बाद गांव की रेखा देवी पत्नी विद्यासागर पुलिस के साथ नवजात को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर सरोंई ले गईं। पीएचसी में चिकित्सक डॉ. रत्नाकर मिश्रा ने नवजात का स्वास्थ्य परीक्षण किया। उन्होंने बताया कि बच्ची की हालत ठीक नहीं है, इसलिए उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

किशोरी को बहलाकर ले जाने का आरोप

कछवां। थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग किशोरी को गांव के ही युवक द्वारा बहलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। परिजनों की तहरीर के आधार पर कछवां पुलिस ने युवक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दोनों की तलाश शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार किशोरी और युवक चार अक्तूबर को अपने-अपने घरों से निकले थे। इसके बाद दोनों का पता नहीं चला।

अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

ड्रमंडगंज। क्षेत्र के ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर बीते सोमवार की रात अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल कार सवार महिला की मौत हो गई थी। मंगलवार की देर रात प्रयागराज जिले के मेजा थाना क्षेत्र के शुकुलपुर गांव निवासी मृतका के देवर जगदीश प्रसाद ने अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि भाभी उषा देवी परिवार के सदस्यों के साथ मध्यप्रदेश के मऊगंज जिला स्थित अपने मायके गई थी। देर शाम कार से घर लौट रही थी जैसे ही ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर पहुंचे तो पीछे से आ रहे ट्रक चालक ने तेज गति व लापरवाही पूर्वक ट्रक चलाते हुए कार में टक्कर मार दी।

विकसित भारत संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा देश-आकांक्षा सोनकर

मीरजापुर। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज के नेतृत्व में बुधवार को सीटी क्लब मैदान में विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री आकांक्षा सोनकर तथा विशिष्ट अतिथि जिला प्रभारी एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए सभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया। कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। कार्यक्रम स्थल पर पूरे समय उत्साह और जोश का माहौल बना रहा। कार्यकर्ताओं ने विकसित भारत के निर्माण, राष्ट्र की मजबूती और भारत को विश्व की अग्रणी शक्ति बनाने के संकल्प को दोहराया भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज ने कहा कि मीरजापुर का प्रत्येक कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए पूरी ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। सेवा, सुशासन और संगठन के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना पार्टी कार्यकर्ताओं का संकल्प है। मुख्य अतिथि आकांक्षा सोनकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और जनकल्याण के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित कर रहा है विकसित भारत का संकल्प केवल सरकार का नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक और भाजपा कार्यकर्ता का संकल्प है।

बराबरी पर छूटी दो लाख की कुश्ती प्रतियोगिता

नरायनपुर। विकासखंड नरायनपुर के पुरुषोत्तमपुर स्थित परषोधा बाजार में बुधवार को विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। दंगल में छोटी-बड़ी मिलाकर सौ से अधिक जोड़ियों ने जोर आजमाइश की। कई मुकाबले बराबरी पर छूटे। महिला पहलवानों ने भी अखाड़े में दमखम दिखाया। दंगल की सबसे बड़ी कुश्ती चकिया के शमशेर और कछवां के अनिल पहलवान के बीच हुई। दो लाख रुपये की यह कुश्ती बराबरी पर छूटी। वहीं दोनों पहलवानों के बीच 15 हजार रुपये की बड़ी कुश्ती भी बराबरी पर रही। अन्य मुकाबलों में अंशु यादव ने पूनम हरियाणा को, खुशी कानपुर ने रविता हरियाणा को, जयदीप ने जाहिद को, प्रमोद ने सुनील को और रामबली ने सोनू को पटखनी देकर जीत दर्ज की। दंगल में सरसा, गया सेठ अखाड़ा, कानपुर, हरियाणा, गाजियाबाद, पंजाब, कछवां, वाराणसी और रुदौली समेत विभिन्न स्थानों से पहलवान पहुंचे। निर्णायक की भूमिका गुलाब यादव, कौशल कुमार सिंह और संतोष कुमार सिंह ने निभाई। उद्घोषक चंद्रशेखर सिंह, डॉ. मन्नू यादव और उदय सिंह रहे। समिति अध्यक्ष नरेंद्र सिंह और संरक्षक मास्टर उदय सिंह ने पहलवानों व अतिथियों का आभार जताया। विभिन्न अखाड़ों के उस्तादों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।



दांव आजमाते पहलवान। छाया:आज

राम, सीता जन्म लीला का मंचन

चुनार। नगर में श्री राघवेन्द्र रामलीला नाट्य समिति के तत्वावधान में चल रहे 21 दिवसीय रामलीला मंचन के चौथे दिन मंगलवार की रात दशरथ वशिष्ठ संवाद, पुत्रेष्टि यज्ञ, राम जन्म, रावण वेदवती संवाद, जनक मंत्री संवाद, सीता जन्म लीला का मंचन किया। मंचन में समिति अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडेय, गोविंद जायसवाल, रमाशंकर पांडेय, लक्ष्मी गुप्ता आदि पात्रों ने सुंदर अभिनय किया जिसकी लीला प्रेमियों ने सराहना की। अविनाश अग्रवाल, रामआसरे दास, चन्द्रहास गुप्ता, अमित गुप्ता, संजय साहू, श्याम सुन्दर शाह, महेन्द्र साहू, बृजनंदन कुशवाहा, महेन्द्र वर्मा, डॉ बगलेश पाण्डेय आदि पदाधिकारी एवं सदस्य सेवाभाव से लगे रहे।



मंचन करते कलाकार। छाया:आज

दिनदहाड़े बाइक चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

कछवां। थाना क्षेत्र के कस्बा कछवां चौकी अंतर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा के पास सोमवार दोपहर करीब 3:15 बजे दिनदहाड़े मोटरसाइकिल चोरी हो गई। चोर बाइक का लॉक खोलकर सुपर स्प्लेंडर लेकर फरार हो गया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। महामलपुर गांव निवासी मुन्नालाल कछवां में बैंडिंग की दुकान पर मैकेनिक का काम करते हैं। रोज की तरह सोमवार सुबह वह दुकान पर पहुंचे और मोटरसाइकिल बाहर खड़ी कर लॉक करने के बाद काम में लग गए। शाम करीब छह बजे जब वह घर जाने के लिए बाहर निकले तो मोटरसाइकिल गायब देखकर उनके होश उड़ गए। पीड़ित ने घटना की तहरीर कछवां पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल की।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम

मीरजापुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत बुधवार को जिले में सेवा ज्योति कलश यात्रा और 'विकसित भारत संकल्प' थीम पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सिटी क्लब मैदान में आयोजित कार्यक्रम में एलईडी वॉल के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री का संबोधन देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज के नेतृत्व में हुआ। इसमें नगर विधायक रत्नाकर मिश्र, मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, विधायक सुचिस्मिता मौर्या, भाजपा प्रदेश मंत्री आकांक्षा सोनकर, सहकारिता चेयरमैन जगदीश सिंह पटेल और जिला प्रभारी भानु प्रताप सिंह समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने विकसित भारत के निर्माण, राष्ट्र की मजबूती और भारत को विश्व में अग्रणी शक्ति बनाने के संकल्प को दोहराया। इसके बाद सेवा ज्योति और मशाल जुलूस निकाला गया, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए सिटी क्लब मैदान पहुंचकर समाप्त हुआ। कार्यक्रम के तहत विकास भवन से पटेल चौराहा भरूहना तक साइकिल यात्रा और कलेक्ट्रेट से पटेल चौराहा भरूहना तक बाइक रैली भी निकाली गई। यात्राओं के माध्यम से सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

इंडिगो फ्लाइट पर बिजली गिरी, लखनऊमें इमरजेंसी लैंडिंग

लखनऊ (आससे.)। पटना से लखनऊ आ रही इंडिगो की एक फ्लाइट बुधवार शाम खराब मौसम के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई। विमान की नोज क्षतिग्रस्त हो गई। उस समय विमान करीब 17 हजार फीट की ऊंचाई पर था। लेकिन, पायलट ने सूझ-बूझ से विमान को लखनऊ एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतार लिया। घटना के समय विमान में 150 यात्री सवार थे।जिस समय बिजली गिरने की घटना हुई, विमान में 150 यात्री सवार थे। सभी यात्री सुरक्षित हैं। जिस समय बिजली गिरने की घटना हुई, विमान में 150 यात्री सवार थे। सभी यात्री सुरक्षित हैं। इंडिगो विमान (6श्व925) ने पटना एयरपोर्ट से बुधवार दोपहर 3ऱ10 बजे उड़ान भरी। इसी विमान को 6श्व6968 के रूप में 5ऱ05 बजे लखनऊ से अहमदाबाद जाना था। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, 17 हजार फीट की ऊंचाई पर बिजली की चपेट में आने की घटना हुई। इसके बाद विमान शाम 4ऱ05 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरा। हालांकि, सभी यात्री सुरक्षित रहे। वहीं, तकनीकी दिक्कत आने के बाद विमान को लखनऊ एयरपोर्ट पर ही रोक दिया गया। यात्रियों के लिए इंडिगो ने दूसरे विमान का इंतजाम किया।

उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र

विषय : निविदा सूचना संख्या 17-टेंडर/उप मुख्य अभियंता/निर्माण/ वाराणसी द्वितीय दिनांक 24.09.2026 के संबंध में प्रथम शुद्धि पत्र।

निविदा सूचना संख्या 17-टेंडर/उप मुख्य अभियंता/निर्माण/ वाराणसी-द्वितीय, दिनांक 24.09.2026 जो दिनांक 27.09.2026 को समाचार-पत्रों में प्रकाशित की गई थीं, को वर्तमान में प्रशासनिक आधार पर निरस्त किया जाता है। संख्या : 17-टेंडर/उप मुख्य अभियंता/ निर्माण/वाराणसी-द्वितीय/ प्रथम शुद्धिपत्र/दिनांक : 06.10.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3479/26

एन सी एल
NCL
Northern Coalfields Limited
(A Miniratna Company)
(A subsidiary of Coal India Limited)

Notification

In reference to the Notification issued vide **Ref No. NCL/Medical Consultant/2026/704 dated 19.09.2026** for engagement of Medical Consultants on Part-Time Basis at NCL Hospitals and Dispensaries, it is hereby informed that the **last date for submission of applications** has been extended from **05.10.2026 (5:00 PM) to 15.10.2026 (5:00 PM)** for all posts mentioned in the aforesaid Notification, **except the post of Dental Surgeon.** Further, the **cut-off date for determining the eligibility of candidates** for the selection process shall be **06.10.2026** for all posts mentioned in the aforesaid Notification, **except Dental Surgeon.**
All other provisions, terms and conditions stipulated in aforesaid **Notification** shall remain **unchanged.**
R-51

उत्तर मध्य रेलवे

ई-नीलामी सूचना

कैटरिंग :

S N	Details of publicity	E-Auction catalogue No.	E-Auction Start Date & Time
1	**02 साल की अवधि के लिए विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर इनोवेटिव कैटरिंग यूनिट** : अलीगढ़ (01 स्थान), प्रयागराज (02 स्थान), प्रयागराज छिवकी (01 स्थान), कानपुर (01 स्थान)	MSS-INNO-PRYJ-1	14.10.2026 at 11:00 hrs
2	**05 साल की अवधि के लिए विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर खान-पान (कैटरिंग) यूनिटें** : दादरी (1 स्थान), डॉवर (1 स्थान), हाथरस (1 स्थान), इरादतगंज (2 स्थान), नैनी (1 स्थान), नारायणपुर बाज़ार (1 स्थान), पनकीधाम (1 स्थान), अलीगढ़ (1 स्थान), मानिकपुर (1 स्थान), फफूंद (1 स्थान)	PRYJ-CATG-26-27	16.10.2026 at 11:00 hrs
3	**5 साल की अवधि के लिए विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर मल्टी-पर्पस यूनिट्स** : अलीगढ़ (1 स्थान), विंध्याचल (1 स्थान), फतेहपुर (1 स्थान), मानिकपुर (1 स्थान), फफूंद (1 स्थान)	PRYJ-MPS-26-14	16.10.2026 at 11:00 hrs
4	**ट्रेन नंबर 13309/10 के लिए ट्रेन साइड वेंडिंग**	PRYJ-TSV-26-2	16.10.2026 at 11:00 hrs
5	**5 साल की अवधि के लिए विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर खान-पान इकाइयाँ** : खुर्जा (02 स्थान), सिराथू (04 स्थान), मेजा रोड (01 स्थान), खागा (02 स्थान), चुनार (01 स्थान), सोनभद्र (03 स्थान), हाथरस (01 स्थान), फफूंद (01 स्थान), नैनी (01 स्थान), शंकरगढ़ (01 स्थान), भरवारी (01 स्थान)	PRYJ-CATG-26-28	19.10.2026 at 11:00 hrs

इच्छुक बोलीदाता अधिक जानकारी के लिए, ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आधिकारिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जा सकते हैं। **1.** बोलीदाताओं, जो ई-नीलामी मॉड्यूल में भाग लेना चाहते हैं, के पास वैध डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र (डीएससी) होना चाहिए और इसे भारत सरकार के प्रमाणन प्राधिकरण (सीसीए) के नियंत्रक के किसी भी प्रमाणित प्राधिकारी से प्राप्त किया जा सकता है, इसका विवरण **www.cca.gov.in** से प्राप्त किया जा सकता है। **2.** बोलीदाताओं को आईआरईपीएस (वाणिज्यिक नीलामी मॉड्यूल) में खुद को ऑनलाइन पंजीकृत कराना होगा। **3.** एकमुश्त पंजीकरण शुल्क रु. 10,000.00/- और लागू जीएसटी (गैर-वापसी योग्य) को किसी भी व्यावसायिक नीलामी में भाग लेने से पहले ऑनलाइन भुगतान करना होगा। **4.** इस ई-नीलामी के संबंध में अधिक जानकारी, आवश्यकता और विभिन्न पहलुओं के लिए, इच्छुक बोलीदाताओं को **http://www.ireps.gov.in/epsn/jsp/common/learningCenter.jsp** पर जाने की सलाह दी जाती है। **5.** अर्निंग मनी डिपॉजिट (ईएमडी) : नीलामी के दौरान ऑनलाइन जमा की जाने वाली कुल संविदात्मक बोली मूल्य का **10%** सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी। **6.** रेल प्रशासन किसी भी समय (या कोई निर्णय लेने के लिए) इन अनुबंधों को समाप्त करने का पूर्ण और पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है। **7.** रेल प्रशासन इन गाड़ियों के जारी रहने/बंद होने या नई गाड़ी सेवाओं के शुरू होने के आधार पर किसी भी समय (या कोई निर्णय लेने के लिए) इन अनुबंधों को समाप्त करने का पूर्ण और पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है। (यह मद एस एल आर/वी पी को पटटे पर देने से सम्बंधित है) **8.** सफल बोली लगाने वाले को समय-समय पर भारत सरकार द्वारा प्रभावी जीएसटी का भुगतान करना होगा। रेल प्रशासन इसके लिए उत्तरदाई नहीं होगा। **2281/26 (C)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONC

उत्तर मध्य रेलवे

संख्या: CC-6/E-Auction/Commercial Publicity/2026 दिनांक: 05.10.2026

ई-नीलामी के लिए सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज रेलवे बोर्ड के पत्र दिनांक 13.06.2022 के अंतर्गत प्रयागराज मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर पार्किंग एवं पे & यूज टॉयलेट के लिए आईआरईपीएस के ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करता है।

पार्किंग

क्र. सं.	पार्किंग स्टैंड का विवरण	अवधि	ई-आक्सन कैटलाग संख्या	ई-आक्सन प्रारंभ तिथि एवं समय
1	मिर्जापुर रेलवे स्टेशन द्वितीय प्रवेश द्वार तरफ पार्किंग स्टैंड	03 वर्ष	PRKG-MZP-2nd-26	14.10.2026 को 12.00 बजे
2	चोला रेलवे स्टेशन पर पार्किंग स्टैंड	03 वर्ष	Parking-CHL-26	16.10.2026 को 12.00 बजे

पे एंड यूज टायलेट

क्र. सं.	पे एंड यूज टायलेट का विवरण	अवधि	ई-आक्सन कैटलाग संख्या	ई-आक्सन प्रारंभ तिथि एवं समय
1	अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर पे एंड यूज टायलेट (O&M)	03 वर्ष	PnU- PRYJ-ALJN-T	16.10.2026 को 12.00 बजे
2	गोविन्दपुरी रेलवे स्टेशन पर पे एंड यूज टायलेट (O&M)	03 वर्ष	PnU-GOY-Toi-26	19.10.2026 को 12.00 बजे

इच्छुक बोलीदाता अधिक जानकारी के लिए, ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आधिकारिक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जा सकते हैं। **(1)** बोलीदाताओं, जो ई-नीलामी मॉड्यूल में भाग लेना चाहते हैं, के पास वैध डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र (डीएससी) होना चाहिए और इसे भारत सरकार के प्रमाणन प्राधिकरण (सीसीए) के नियंत्रक के किसी भी प्रमाणित प्राधिकारी से प्राप्त किया जा सकता है, इसका विवरण **www.cca.gov.in** से प्राप्त किया जा सकता है। **(2)** बोलीदाताओं को आईआरईपीएस (वाणिज्यिक नीलामी मॉड्यूल) में खुद को ऑनलाइन पंजीकृत कराना होगा। **(3)** एकमुश्त पंजीकरण शुल्क रु.10,000.00 और लागू जीएसटी (गैर-वापसी योग्य) को किसी भी व्यावसायिक नीलामी में भाग लेने से पहले ऑनलाइन भुगतान करना होगा। **(4)** इस ई-नीलामी के संबंध में अधिक जानकारी आवश्यकता और विभिन्न पहलुओं के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **http://www.ireps.gov.in/epsn/jsp/common/learningCenter.jsp** पर जाने की सलाह दी जाती है। **(5) अर्निंग मनी डिपॉजिट (ईएमडी):** नीलामी के दौरान ऑनलाइन जमा की जाने वाली कुल संविदात्मक बोली मूल्य का 10% सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी। **(6)** रेल प्रशासन किसी भी समय (या कोई निर्णय लेने के लिए) इन अनुबंधों को समाप्त करने का पूर्ण और पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है। **(7)** रेल प्रशासन इन गाडियों के जारी रहने/बंद होने या नई गाड़ी सेवाओं के शुरू होने के आधार पर किसी भी समय (या कोई निर्णय लेने के लिए) इन अनुबंधों को समाप्त करने का पूर्ण और पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है। (यह मद एस एल आर / वी पी को पट्टे पर देने से सम्बंधित है)। **(8)** सफल बोली लगाने वाले को समय-समय पर भारत सरकार द्वारा प्रभावी जीएसटी का भुगतान करना होगा। रेल प्रसाशन इसके लिए उत्तरदाई नहीं होगा। **2269/26 (A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

राज्यसभा चुनावने बता दिया विधानसभा चुनाव का परिणाम-मुख्यमत्री



चुनावमें अखिलेशको पता चलेगा पीडीए का हाल

लखनऊ (आससे.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्यसभा चुनाव ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव का परिणाम बता दिया है। अब विधानसभा चुनाव में एनडीए के 80 फीसद का मुकाबला पीडीए के 20 फीसद से होगा। पीडीए का फिर क्या हाल होगा, तब पता चल जाएगा। वह बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर जीपीओ स्थित पटेल पार्क में सेवा ज्योति यात्रा 'विकसित भारत संकल्प सभा' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि पहले यूपी में एक जिला-एक माफिया समानांतर सत्ता चलाते थे। लेकिन अब एक जिला- एक मेडिकल कॉलेज, एक उत्पाद, एक व्यंजन है। कारीगरों व हस्तशिल्पियों को सम्मान मिल रहा है। सेवा के संकल्प का कार्यक्रम अर्थव्यवस्था मजबूत कर रहा है। पहले आवास समेत अन्य सुविधाएं नहीं थी। जनधन खाते खोलने पर लोग डिजिटल इंडिया का मखौल उड़ाते थे। यह कांग्रेस व इंडी गठबंधन की बेईमानी पर प्रहार था। अब डीबीटी के जरिए महिला, किसान, युवा, गरीब, श्रमिकों आदि के खाते में सीधे पैसा जाता है। पीएम मोदी ने असंभव को संभव बनाया। करीब 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, रसोई गैस कनेक्शन, स्टार्टअप का इकोसिस्टम, हाईवे-एक्सप्रेसवे का नेटवर्क, यूपी में इनलैंड वाटरवे की सुविधा दी। पहले एक चिप के लिए दुनिया पर निर्भर रहना पड़ता था। अब देश में सेमीकंडक्टर के 12 से अधिक उद्योग क्रियाशील हैं। निवेश भी हो रहा है। पहले भारत रक्षा क्षेत्र में दुनिया पर निर्भर था। अब हजारों करोड़ रुपये के डिफेंस मैन्युफेक्करिंग प्रोडक्ट अन्य देशों को भेज रहा है।

कांग्रेस ने निकाला वोट बचाओ, देश बचाओ मार्च

हरिद्वार (एजेंसी) एसआईआर प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों को लेकर चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और गिरफ्तारी की मांग को लेकर कांग्रेस ने हरिद्वार में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' मार्च निकाला। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल के नेतृत्व में निकाले गए इस मार्च में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी शामिल हुए। मार्च की शुरुआत शिवमूर्ति से हुई और कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए शहीद पार्क, कोतवाली हरिद्वार के सामने तक पहुंचे। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसआईआर प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के खिलाफ आवाज उठाई और चुनाव आयुक्त के इस्तीफे व गिरफ्तारी की मांग की।

उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित स्टेशन हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

Admin Unit/Zone	Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway
Auction Catalogue No./Lot No	WVM-BSB-2026
Description of Work	Installation and operation of Water Vending Machine (WVM's) at Varanasi Station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years
Catalogue Published on	29.09.2026
Auction Start (All Lots)	14.10.2026 at 11:00 Hrs
Auction Close Date/Time	14.10.2026 at 11:30 Hrs
Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders	E-Auction Module of **www.ireps.gov.in**

नीलामी के लिए रखी जाने वाली डब्ल्यूवीएम का विवरण निम्नलिखित है:-

Details of WVM

S. No	Lot Number	Station	Close Date & Time
1	MSS-LKO-BSB-WVM-198-26-1	BSB	Date-14.10.2026 11:30

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3473/2026

उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या : 29/2026 दिनांक : 01.10.2026

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि0 मंडल सामग्री प्रबंधक, उ0म0रे0, प्रयागराज निम्नलिखित मदों के लिये ई-प्रापण निविदा आमंत्रित करते है।

निविदा संख्या : 19267445	**मात्रा :** 6112 नग
विवरण : विंटर जैकेट	
ई.म.डी. रू : 1,02,620/-	**निविदा खुलने की तिथि :** 16.11.26

नोट - 1. उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण **IREPS** वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। **2.** उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। वेन्डरों को चाहिए कि वे अपने आपको **I.T. Act 2000** के अन्तर्गत **CCA** द्वारा जारी **Class III Digital** हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ **IREPS** की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र हस्ताक्षरित होने चाहिये। **4.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय भार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। उपरोक्त निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाईट **https://www.ncr.indianrailways.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये **IREPS** की वेबसाईट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **2273/26 (C)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONC

डिजिटल केसीसी में यूपी ने रचा इतिहास, बना देश में नंबर वन

लखनऊ (आससे.)। खेती-किसानी में तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल के बीच उत्तर प्रदेश ने डिजिटल किसान क्रेडिट कार्ड (ई-केसीसी) के क्षेत्र में देश में नया मुकाम हासिल किया है। प्रदेश में अभी तक एक लाख से अधिक किसान ई-केसीसी पोर्टल या एप के जरिए आवेदन कर चुके हैं। महज आठ महीने में एक लाख का आंकड़ा पार करने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गत फरवरी में नाबार्ड द्वारा संचालित डिजिटल केसीसी सुविधा का शुभारंभ किया, जिसके बाद प्रदेश में इस पहल ने रफ्तार पकड़ी।खासकर लघु और सीमांत किसानों के लिए डबल इंजन सरकार की यह योजना कृषि ऋण तक पहुंच को आसान बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

ज्ञानमण्डल प्राइवेट लिमिटेड के लिए ज्ञानमण्डल यंत्रालय, संत कबीर मार्ग, **वाराणसी** से- **ओम प्रकाश शर्मा** द्वारा मुद्रित और प्रकाशित। **सम्पादक- शार्दूल विक्रम गुप्त,** स्थानीय कार्यकारी **सम्पादक- शिवशंकर व्यास। गोरखपुर:** बैंक रोड, **प्रयागराज:** 3,लीडर रोड, **कानपुर:** बांसमण्डी, **झांसी:** झोंकन बाग, **लखनऊ:** 1,जापलिंग रोड, **आगरा:** महात्मा गांधी रोड, **बरेली:** रोड नं. 3 परसाखेड़ा, **पटना:** फ्रेजर रोड, **रांची:** नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर:** न्यू काली माटी रोड-साकची।

वर्ष-107 पू.सं. 899678131022443
आर. एन. आई. रजिस्ट्रेशन नं. 2026/ 57
फोन:- 2393981 से 2393987 तक
E-Mail:ajvaranasi.1920@gmail.com
Website : www.ajhindidaily.com
पी.आर.बी. अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए ओम प्रकाश शर्मा जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन होंगे।

यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com/
आज
निःशुल्क ई-पेपर सब्सक्राईब करें।



सूर्योदय : ०५.५२
सूर्यास्त : ०५.३९

तापमान

अधि. : ३१.०
न्यून. : २४.०

Format c-7

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party) Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents couldnot be selected as candidates.
(As per the commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13-02-2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt prtition (c) no. 2192 of 2018 in WP(c) no. 536 of 2011)

Name of Political Party- **SAMAJWADI PARTY**
Name of the election- **BIENNIAL ELECTION TO THE LEGISLATIVE COUNCIL OFUTTAR PRADESH FROM GRADUATES AND TEACHERS CONSTITUENCIE**
Name of State/UT- **UTTAR PRADESH**
(1) Name of the Constituency- **VARANASI DIVISION TEACHERS CONSTITUENCY 2026 UP**
(2) Name of the Candidate- **LAL BIHARI YADAV**

Sl no.			
1.	Criminal Antecedents		
	a.	Nature of the offences	Criminals
	b.	Case No	(1)1238/08, (2) 120/09 (3) 548/13, (4) 54/16, (5) 441/106, (6) 101/15, (7) 213/22, (8) 275/25
	c.	Name of the Court	(1) C.J.M. Lucknow, Case No- 2,3,4,5,6,7,8 में न्यायालय में समन प्राप्त नहीं
	d.	Whether Charges have been framed or not (Yes/No)	Not Framed
	e.	Date of conviction, if any	Nil
	f.	Date of punishment undergone, if any	Nil
	g.	Any other information required to be given	M.A. B.ED, L.L.B.
2.	The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualification, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more then 100 words)		The reason of selection of Lal Bihari yadav as party candidate for the welfare unaided private teacher who needs some oconomicaly help by goverment.State president up Madhamik Sikshak Sangh Vitta viheen From 2004 Mr. yadav is struggling the teachers problems and his welfare hence party has decided his candidate refor.
3.	Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selectedas candidates (not more than 100words)		Because Lal Bihari Yadav is better than other Applicant

(2) Name of the Constituency-VARANASI DIVISION TEACHERS CONSTITUENCY 2026 U.P.
Name of the Candidate- LAL BIHARI YADAV
S/o-Mita Yadav, R/O-182 Vishunpur-1, Kamharya, District-Azamgarh, U.P. and so on
In the case of election to Council of States or States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of Constituency.

Signature of office bearer of the Political Party
Name and designation-Rajendra Chaudhari,
National secretary Samajwadi Party

शेष

जंतर-मंतर..

कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष कर रहा है। खड़गे ने कहा, चाहे कितने भी केस करने दो, कितना भी डराने दो, हम डरने वाले नहीं हैं। देर शाम पुलिसने सख्तीसे राहुल और प्रियंकाको हिरासत में लिया लेकिन दो घंटे के बाद दोनों को छोड़ दिया गया। कई सांसदोंको हिरासतमें ही समाचार लिखे जाने तक रखा गया था।

खड़गे की लंच...

सुधाकर सिंह ने कहा कि एसआईआर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन देशभर में जारी रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि संवैधानिक संस्थाओं ने अपने कर्तव्य से समझौता किया है और अब यह लड़ाई सड़कों पर लड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र केवल चुनाव कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि संविधान के अनुसार शासन सुनिश्चित करना भी जरूरी है। सीपीआई सांसद पी. संतोष कुमार ने दावा किया कि यह आंदोलन अब देशव्यापी मुद्दा बन चुका है और इसे व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। विपक्षी दलों ने छह अक्टूबर को एसआईआर के विरोध में निर्वाचन सदन तक मार्च किया था, जिसे पुलिस ने बैरिकेड लगाकर रोक दिया था। विपक्ष इसे अपने 'लोकतंत्र बचाओ' अभियान का हिस्सा बता रहा है।

हंदवाड़ा...

आतंकियों के ठिकाने के पुख्ता इनपुट मिले थे। इसके आधार पर सुरक्षाबलों के संयुक्त दल ने इलाके की घेराबंदी कर एक बड़ा तलाशी अभियान शुरू कर दिया। इसी दौरान एक भूमिगत गुफा जैसी संरचना मिली। गहन जांच की गई तो ठिकाने से एक एके-47 राइफल व इसके 857 कारतूस, तीन हैंड ग्रेनेड, पीका गन के 192 कारतूस, असाल्ट राइफल की आठ मैगजीन, एक साइलेंसर, पिस्तौल के 83 कारतूस समेत काफी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री मिली है। सुरक्षा अधिकारियों का मानना है कि बरामद हथियार और गोला-बारूद काफी समय से इस ठिकाने में छिपाकर रखा गया था। इसका इस्तेमाल कश्मीर में शांति भंग करने या सुरक्षाबलों को निशाना बनाने के लिए किया जा सकता था। ठिकाने को पूरी तरह नष्ट करने के बाद सुरक्षाबलों ने पूरे जंगल क्षेत्र में अतिरिक्त बलों के साथ सर्च ऑपरेशन और तेज कर दिया है।इस संबंध में हंदवाड़ा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां पता लगा रही हैं कि यह ठिकाना किस आतंकी संगठन से जुड़ा था और इसके पीछे किन मददगारों का हाथ था।

२०२७..

लोगों की धमनियों में आत्मविश्वास दौड़ता हो, उसे कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने स्वयंसेवकों और कार्यकर्ताओं के योगदान को नमन करते हुए कहा कि देश की प्रगति सामूहिक प्रयास से ही संभव है। उन्होंने 'सबका प्रयास' का मंत्र दोहराते हुए कहा कि देशवासियों का संकल्प स्पष्ट है- हम करके रहेंगे। प्रधानमंत्री ने भारत की आर्थिक और कृषि प्रगति का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भारत ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं और 2015 से 2025 के दशक में कृषि क्षेत्र में आजादी के बाद सबसे अधिक और लगातार वृद्धि देखने को मिली। उन्होंने वोट के आधार पर समाज को बांटने की प्रवृत्ति को चुनौती बताते हुए कहा कि समस्याएं जब सबकी हैं तो उनका समाधान भी सभी के लिए होना चाहिए।

राहुल-प्रियंका...

लोग घायल हुए। पार्टी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष और जनता के निर्वाचित प्रतिनिधियों पर यह कार्रवाई संविधान पर हमला है।वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस ज्ञानेश कुमार को पद से हटाए जाने और चुनावी व्यवस्था की निष्पक्षता पूरी तरह बहाल होने तक अपना संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने पार्टी की सभी प्रदेश, जिला और ब्लॉक इकाइयों से तत्काल प्रभाव से निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा है।

प्रदर्शन...

सुरक्षा तथा साक्ष्य के रूप में उपयोग के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाने की मांग की गई थी।अदालत ने कहा कि बॉडी कैमरों के उपयोग को पहले से जारी निविदाओं और यातायात पुलिस द्वारा उनके इस्तेमाल से समझा जा सकता है। हालांकि एसओपी के अस्तित्व के बारे में जानकारी नहीं है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा द्वारा दिए गए बयान को ध्यान में रखते हुए खंडपीठ ने केंद्र को छह महीने के भीतर एसओपी तैयार करने पर निर्णय की जानकारी याचिकाकर्ता को देने का निर्देश दिया। अगर सरकार कोई कार्रवाई नहीं करती तो याचिकाकर्ता दोबारा अदालत जा सकते हैं।

पूर्वांचल...

ग्रामीणों के अनुसार नित्यानंद क्रिकेट खेलने के लिए लखनऊ गए थे और प्रतियोगिता समाप्त होने के बाद साथियों के साथ वापस लौट रहे थे। एक साथ चार खिलाड़ियों की मौत से मईल और लार क्षेत्र के गांवों में मातम पसरा है। खेल प्रेमियों और क्षेत्र के लोगों में भी शोक है। हादसे की खबर के बाद चारों परिवारों के घर लोगों का पहुंचना शुरू हो गया और गांवों में पूरे दिन घटना की चर्चा होती रही।

हेनरी...

सोई जापान से हैं। दोनों की खोजों ने असममित कार्बनिक संश्लेषण को समझने और नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नोबेल पुरस्कारों की घोषणा की शुरुआत 5 अक्तूबर को मेडिसिन के पुरस्कार से हुई थी। इसके बाद 6 अक्तूबर को फिजिक्स के नोबेल पुरस्कार का एलान किया गया। अब केमिस्ट्री का पुरस्कार घोषित किया गया है।

प्रधानमंत्रीने देशको...

करते हुए उन्होंने कहा कि ये युवा गांव-गांव गए, सेवा के साथ संवाद किया और लोगों के बीच योजनाओं की चर्चा की। आज का दिन विकसित भारत के सपने को पूरा करने का संकल्प लेने का भी दिन है। प्रधानमंत्री मोदी को इतिहास निर्माता बताते हुए कहा कि इतिहास के पन्नों को पलटने, इतिहास गढ़ने और लोगों के जीवन में बदलाव लाने की क्षमता रखने वाला ही इतिहास का निर्माणकर्ता बन सकता है। पिछले 25 वर्षों को पीछे मुड़कर देखने पर यह साफ दिखाई देता है। कच्छ से निकला मलबा गुजरात के नवनिर्माण का आधार बना और वहां से उठी चीखें जनभावना की आवाज बनीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपना संबोधन भारत माता की जय, वंदे मातरम्, हर हर महादेव के नारे के साथ किया। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का काशी की पावन धरा पर काशीवासियों की तरफ से स्वागत किया। सुरक्षित एवं विकसित असम के लिए हिमंता विश्व शर्मा का भी स्वागत किया।

उत्तर प्रदेश शासन ऊर्जा विभाग (ऊर्जा नि०नि० प्रकोष्ठ)
उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग लखनऊ
अधिसूचना संख्या यूपीईआरसी / सेक्रेटरी / विनियमावली / 2022-262 21 जुलाई 2022 ई0
अधिसूचना

यूपीईआरसी (उपभोक्ता व्यथा निवारण फोरम) विनियमावली, 2022 के अनुपालन में इस मण्डल के लिए फोरम की गठन हेतु एक स्वतंत्र सदस्य की आवश्यकता है जिनकी अर्हता निम्नवत है।
1. मण्डल क्षेत्र का उपभोक्ता हो जो कम से कम स्नातक हो।
2. एक ऐसा व्यक्ति होगा जो सिविल सेवा में हो अथवा रहा हो जो की एडीएम के पद से निचे न हो।
3. मौजूदा श्रेणी के तहत पिछले 03 वर्ष से लगातार उपभोक्ता रहा हो अच्छा पूर्णवृत्त होना चाहिए और जिस पर विद्युत का कोई बकाया न हो।
कृप्या अधिक जानकारी के लिए यूपीईआरसी विनियमावली 2022 की प्रति वेवसाइड से प्राप्त करें।

अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल गाजीपुर
मो0नं0-9450963517 पर संपर्क करें।1

विमल जैन हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद्
एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन, भोजूबीर, वाराणसी-221002
09335414722

आज का राशिफल गुरुवार, 8 अक्टूबर 2026

मेष- आर्थिक प्रगति, दाम्पत्यजीवन सुखद, धन की प्राप्ति, रचनात्मक कार्यों में रुझान।
वृषभ- मन उदास, शारीरिक कष्ट, समस्याएं उपस्थित, पुरुषार्थ के प्रति अरुचि, व्यर्थ भ्रमण।
मिथुन- भाग्योदय, आय के नवीन स्रोत, जनकल्याण की भावना जागृत, धार्मिक यात्रा सकुशल।
कर्क- स्वनिर्णय लाभकारी, प्रियजनों से मधुरता, परिवार में खुशी, बकाए धन की प्राप्ति।
सिंह- व्यवसायिक सफलता, नौकरी में प्रोन्नति, विवादास्पद मसला हल, यात्रा संतोषजनक।
कन्या- परिस्थितियाँ प्रतिकूल, स्वास्थ्य विपरीत, क्रोध की अधिकता, धनहानि की आशंका।
तुला- समय संतोषजनक, सुसंदेश की प्राप्ति, प्रियजनों से विचारविमर्श, मनोकामना पूर्ण।
वृश्चिक- महत्वपूर्ण घटना घटित, उत्तरदायित्व की पूर्ति, गलतफहमियाँ दूर, हर्ष का वातावरण।
धनु- उच्चाधिकारियों से सपर्क, विवाद का समापन, उपहार का लाभ, मनोविनोद के अवसर।
मकर- अनावश्यक खर्च, विरोधी प्रभावी, दाम्पत्य जीवन में मतभेद, राजनीतिक उलझने।
कुम्भ- कठिनाइयों का निवारण, कुछेक मसले हल, परोपकार की भावना, धर्मकर्म में रुचि।
मीन- परिवार में हर्षोल्लास, विवाद का समापन, मनोविनोद के अवसर, उपहार का लाभ।

आज है जिनका जन्मदिन 8 अक्टूबर

आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ। जन्मदिनांक 8 का स्वामी ग्रह शनि एवं माह का अधिपति ग्रह शुक्र है। उत्साही, एकान्तप्रिय व परिश्रमी व्यक्ति होंगे। आपकी इच्छा दृढ़ होगी। अपना कार्य स्वयं ही करने में विश्वास करेंगे। व्यर्थ का दिखावा व तड़क-भड़क पसन्द नहीं करेंगे। उत्तरदायित्व को निभाने में पूर्ण रूप से सक्षम होंगे। क्षण में ही सफलता क्षण में ही असफलता का सामना करना पड़ेगा। जिससे कई बार सफलता में गतिरोध उत्पन्न होगा। स्पष्टवादी प्रवृत्ति का होने के कारण दूसरों के विरोध का सामना करना पड़ेगा। मित्रों के लिए एक बेहतर मित्र साबित होंगे लेकिन शत्रुओं के लिए आपके दिल में कोई रहम नहीं रहेगा। बहुत जल्दी क्रोधित हो जायेंगे। साहसिक कार्यों में आपकी रूचि रहेगी। अनुशासन के प्रति कठोर रूख अपनाएँगे। इष्ट देवी-देवता की पूजा एवं अर्चना बराबर करें। दैनिक जीवन में हरा एवं नीला रंग से सम्बन्धित वस्तुओं का प्रयोग अधिकतम करें। शनिग्रह से सम्बन्धित वस्तुओं का दान भी करें। हित के लिए असत्य बात का सहारा न लेवें। सुख-समृद्धि के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें।

आपके लिए शुभ

मन्त्र : ॐ कें केतवें नमः
व्रत : मंगलवार
दिन : रविवार, सोमवार एवं बुधवार
दिनांक : 7, 16, 25
अंक : 1, 2, 7
मास : जनवरी, मार्च एवं अक्टूबर
वर्ष : 7, 16, 25, 34, 43, 52, 61, 70
रंग : गुलाबी एवं पीला
जन्मरत्न : लहसुनिया उपरत्न : लाजवर्त
जड़ी : असगंध की जड़ दिशा : वायव्य
वर्ष का महत्वपूर्ण समय—21 अक्टूबर से 25 अक्टूबर

यन्त्र

12	7	14
13	11	9
8	15	10

सुडोकू ४०७७

	7		2					
8		4				1		
	2		6		9			
		3	7					
						4	8	
				1				6
	6							9
				4				

सुडोकू ४०७६

7	1	4	6	3	9	5	8	2
5	2	8	4	1	7	6	3	9
3	9	6	8	5	2	4	7	1
9	4	5	3	2	8	7	1	6
6	8	1	9	7	5	3	2	4
2	7	3	1	6	4	9	5	8
4	3	2	7	8	6	1	9	5
1	5	9	2	4	3	8	6	7
8	6	7	5	9	1	2	4	3



मेसीकी विजयी विदाई

ब्यूनस आयर्स (एजेन्सियां)। दुनिया के महानतम खिलाड़ियोंमें शुमार लियोनल मेसी ने अर्जेन्टीना के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आखिरी मुकाबला यादगार अंदाज में खत्म किया। ब्यूनस आयर्स के मान्यूमेंटल स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में अर्जेन्टीना ने बेनिन को ३-० से हराया। मेसी ने टीम के तीनों गोल में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने दो गोल में असिस्ट किया जबकि एक गोल पेनल्टी पर खुद दागा। मेसी के विदाई मुकाबले को लेकर पूरे स्टेडियम में जबरदस्त उत्साह था। टीम बस के स्टेडियम पहुंचने के दौरान मेसी भावुक नजर आये और उनकी आंखों में आंसू थे। मैच से पहले रिवर प्लेट के अध्यक्ष ने भी उन्हें सम्मानित किया। मेसी को क्लब की मानद सदस्यता, स्मृति पट्टिका और उनके नाम की विशेष जर्सी भेंट की गयी। बेनिन की टीम ने भी मेसी के सम्मान में खास तोहफा दिया। मैच से पहले दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने मेसी से हाथ मिलाया। १०वें मिनट में स्टेडियम में मेसी के सम्मान में विशेष कार्यक्रम हुआ। सभी खिलाड़ियों ने उनके पास जाकर हाथ मिलाया और आसमान आतिशबाजी से जगमगा उठा। यह पल स्टेडियम में मौजूद फैंस के साथ दुनियाभर के फुटबाल प्रशंसकों के लिए भी बेहद भावुक रहा। मेसी अपने करियर का २०८वां और आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेलने उतरे। अर्जेन्टीना की शुरुआती एकादश में मेसी के साथ जूलियन अल्वारेज और लाउटारो मार्टिनेज को आक्रमण की जिम्मेदारी दी गयी। मुकाबले की शुरुआत से ही अर्जेन्टीना ने बेनिन पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। अर्जेन्टीना को ४८वें मिनट में पहला गोल मिला। मेसी ने कार्नर से शानदार क्रास डाला जिस पर निकोलस ओटामेंडी ने करीब से सटीक शाट लगाकर गेंद को क्रासबार के नीचे से गोल में पहुंचा दिया। इस गोल के साथ अर्जेन्टीना ने १-० की बढ़त हासिल कर ली। ६१वें मिनट में अर्जेन्टीना ने दूसरा गोल दागा। निको पाज ने पेनल्टी बाक्स के बाहर डिफेंस को चीरते हुए मिले शानदार पास को पकड़ा और गेंद को बाएं पोस्ट के अंदर पहुंचा दिया। बेनिन के गोलकीपर के पास इस शाट को रोकने का कोई मौका नहीं था। ७१वें मिनट में मेसी ने अपने आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में गोल भी कर दिया। अर्जेन्टीना को पेनल्टी मिली और मेसी ने जिम्मेदारी लेते हुए गेंद को बेनिन के गोलकीपर मार्सेल डांजिनो की पहुंच से दूर टाप राइट कार्नर में पहुंचा दिया। मेसी के गोल के बाद अर्जेन्टीना ३-० से आगे हो गया। ८२वें मिनट में अर्जेन्टीना चौथा गोल करने के करीब पहुंचा। फ्रांको मास्टेंटुओनो ने डिफेंडर को छकाकर दूर से शाट लगाया लेकिन बेनिन के गोलकीपर ने इसे आसानी से पकड़ लिया। इसके बाद अर्जेन्टीना की ओर से कुछ और कोशिशें हुईं लेकिन स्कोर में बदलाव नहीं हुआ।



आईसीसी रैंकिंग : श्रेयस सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थानपर, शुभमन गिल एकदिनीमें शीर्ष पर कायम

दुबई (एजेन्सियां)। भारत के टी-२० कप्तान श्रेयस अय्यर बुधवार को खेल के सबसे छोटे प्रारूप की ताजा आईसीसी रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गये जबकि एकदिनी कप्तान शुभमन गिल ने ५० ओवर की बल्लेबाजी सूची में शीर्ष स्थान बरकरार रखा। अय्यर की ४३ गेंदों पर १० चौकों और छह छक्कों से सजी अजेय १०२ रन की पारी ने टी-२० विश्व में मंगलवार को लखनऊ में वेस्टइण्डीज के खिलाफ शृंखला के पहले मैच में आठ विकेट की शानदार जीत दिलाई। इस विस्फोटक पारी से अय्यर को १८ पायदान का फायदा हुआ जिससे वह इस प्रारूप में भारत के तीसरे सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग बल्लेबाज बन गये हैं। आईसीसी के अनुसार ईशान किशन और अभिषेक शर्मा शीर्ष दो स्थानों पर बने हुए हैं जबकि तिलक वर्मा १०वें स्थान पर हैं जिससे भारत के चार बल्लेबाज शीर्ष १० में शामिल हो गये हैं। १५ वर्षीय युवा सनसनी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी आठ स्थान के फायदे से ४६वें स्थान पर पहुंच गये हैं। वेस्टइण्डीज के बल्लेबाज शेरफान रदरफोर्ड की तेजतर्रार ५६ रन की पारी ने उन्हें १० पायदान के फायदे से ३७वें स्थान पर पहुंचा दिया जबकि पाकिस्तान के हसन नवाज (६२ पायदान के फायदे से ४८वें स्थान पर) एशियाई खेलों के बाद सूची में ऊपर बढ़े हैं। एशियाई खेलों के सेमीफाइनल और फाइनल में अबरार अहमद (२९ रन देकर कोई विकेट नहीं और २९ रन देकर एक विकेट) के आंकड़े उन्हें गेंदबाजों में शीर्ष स्थान बरकरार रखने के लिए काफी नहीं थे। पूर्व कप्तान विराट कोहली दूसरे से तीसरे स्थान पर खिसक गये हैं।

शिवांश के दम पर वाराणसी क्रिकेट क्लब की बड़ी जीत

वाराणसी। प्लेयर आफ द मैच शिवांश यादव के तूफानी अर्द्धशतक (८९) रन की बदौलत आर्य विद्या सभा काशी के मैदान पर खेले जा रहे सनशाइन कप अण्डर-१९ जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन वाराणसी क्रिकेट क्लब ने शानदार वापसी करते हुए एवी स्पोर्ट्स क्लब पर १०६ रनों की बड़ी जीत दर्ज की। वाराणसी क्रिकेट क्लब ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ३५ ओवरों में नौ विकेट पर २४१ रन बनाये। शिवांश यादव ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए ६६ गेंदों में ११ चौके और दो छक्के की मदद से सर्वाधिक ८९ रन बनाए। वहीं अक्षत राय ने २७ गेंदों में चार छक्कों और एक चौके के सहारे ४३ रन की तेज पारी खेली जबकि रुद्र पी. सिंह ने २६ रन का योगदान दिया। ए.वी. स्पोर्ट्स क्लब की ओर से राज सिंह, धनेश्वर सिंह और श्रेय ओझा ने दो-दो विकेट जबकि राजवीर जायसवाल ने एक विकेट चटकाये। जवाब में उतरी ए.वी. स्पोर्ट्स क्लब की टीम २७.३ ओवरमें १३५ रन बनाकर सिमट गयी। उसके लिए गौरव कुमार ने संघर्ष करते हुए २५ गेंदों में चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से सर्वाधिक ३९ रन बनाये। इसके अलावा अब्दुल हमीद ने २२ और श्रेय ओझा ने २० रन बना पाये। विजेता टीम के लिए कप्तान त्रिलोकी चौहान (२-१९), अक्षत राय (२-१०), शाश्वत दुबे (२-२४) और शिवम कुमार (२-४०) ने बेहतरीन गेंदबाजी की। अवनीश सिंह ने भी एक विकेट चटकाया। अम्पायर की भूमिका कृष्णा यादव और राजेश पटेल ने निभाई जबकि स्कोरर आभाश शर्मा रहे।

काशी विद्यापीठ की टीम जीती

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की कबड्डी टीम का गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर में आयोजित पूर्वी क्षेत्र अन्तर्विश्वविद्यालय कबड्डी (महिला) प्रतियोगितामें उत्कृष्ट प्रदर्शन शहीद महेन्द्र करमा विश्वविद्यालय को ने ३३-१९ से हराया। वहीं, दूसरे मैच में महाराजा श्री चन्द्रा भंज डीईओ विश्वविद्यालय को ५३-२० अंक से पराजित किया। मैच में प्रियंका पटेल, अमृता यादव, रीतू पाल एवं सोनाली पटेल का प्रदर्शन सराहनीय रहा। टीम की जीत पर कुलपति प्रो. आनन्द कुमार त्यागी एवं अन्य अधिकारियों ने बधाई दी है। टीम मैनेजर डा. अमित कुमार गौतम, कोच इति प्रजापति एवं प्रभारी डॉ. अमरेन्द्र कुमार सिंह हैं।

कराटे में दिखेगा पूर्वांचल का दम

वाराणसी। वाराणसीमें होनेवाली ११वीं आलोक तिवारी मेमोरियल कप आल यूपी ओपन कराटे चैम्पियनशिप में १७ जिलों के खिलाड़ी दमखम दिखायेंगे। इसका आयोजन १० अक्तूबर को ग्रीन वैली इंगिलश स्कूल, खुशहाल नगर में किया जायेगा। मानव एकेडमी आफ मार्शल आर्ट्स इंडिया के तत्वावधान में होने वाली प्रतियोगिता की मेजबानी ग्रीन वैली इंगिलश स्कूल करेगा जिसमें वाराणसी के साथ पूर्वांचल और प्रदेश के विभिन्न जिलों से ४५० से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है। मानव अकादमी वाराणसी के संरक्षक श्वेत प्रकाश ने बताया कि इनमें वाराणसी, चंदौली, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, मिर्जापुर, सोनभद्र, भदोही, प्रयागराज सहित पूर्वांचल के अन्य जिलों के खिलाड़ी शामिल होंगे। प्रतियोगिता सब-जूनियर, कैडेट, जूनियर और सीनियर वर्ग में आयोजित होगी। खिलाड़ियों को काता और कुमिते इवेंट में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य पूर्वांचल समेत पूरे प्रदेश में कराटे को बढ़ावा देना और उभरती प्रतिभाओं को प्रतिस्पर्धी मंच दिलाना है।

सब जूनियर बालिका हैण्डबाल टीम घोषित

वाराणसी। चित्रकूट में आठ से ११ अक्तूबर तक होने वाली प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालिका हैण्डबाल प्रतियोगिता के लिए वाराणसी मण्डल की टीम घोषित कर दी गयी है। जिला क्रीड़ा अधिकारी नवीन कुमार सिंह के अनुसार टीम में वंशिका प्रजापति, मानसी यादव, महिमा चौहान, रितिका प्रजापति, आयुषी पाल सेजल सिंह (सभी राष्ट्रीय खिलाड़ी), आकांक्षा पाल, नैन्सी यादव, प्रज्ञा प्रजापति, नैन्सी, आकृति प्रजापति और तनु विश्वकर्मा शामिल हैं। तरुण कुमार टीम मैनेजर हैं।

रणजी डेब्यू करेंगे वंश और अभिनंदन

कानपुर। आईपीएल चैम्पियन रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के तेज गेंदबाज अभिनंदन सिंह और टीम इंडिया के बल्लेबाजों को अपनी स्पिन से चकित करने वाले वंश चौधरी पहली बार उत्तर प्रदेश के लिए रणजी ट्राफी में खेलेंगे। बुधवार को जारी यूपी टीम में शामिल हुए इन दोनों नये चेहरों की खास बात यह है कि इन्होंने अभी तक कोई भी बोर्ड ट्राफी मैच नहीं खेला लेकिन राष्ट्रीय पटल पर अपनी ऐसी छाप छोड़ी कि मुख्य चयनकर्ता प्रवीण कुमार को उन्हें १६ सदस्यीय टीम में शामिल करना पड़ा। प्रतापगढ़ के २९ वर्षीय अभिनंदन ने आईपीएल के इस सीजन में आरसीबी की तरफ से खेलते हुए तीन मैच खेले, जिसमें अपनी तेज गेंदबाजी से विरोधी बल्लेबाजों के हौसले पस्त किया। वहीं पिछले महीने नयी दिल्ली में खेली गयी भारत और अफगानिस्तान के बीच शृंखला में नेट गेंदबाज के तौर पर शामिल किये गये सहारनपुर के आफ स्पिनर वंश चौधरी ने भारतीय बल्लेबाजों को काफी परेशान किया।

तैराकी टीम का चयन १४ को

वाराणसी। क्रीड़ा परिषद, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में विश्वविद्यालय परिसर की तैराकी (महिला/पुरुष) टीम का चयन १४ अक्तूबर एवं फुटबाल (महिला/पुरुष) व टेनिस (महिला/पुरुष) टीम का चयन १५ अक्तूबर को पूर्वाह्न 10 बजे से होगा। विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद की सचिव डा. ऊर्जस्विता सिंह ने बताया कि टीम में विश्वविद्यालय परिसर, एन.टी.पी.सी., गंगापुर परिसर, भैरव तालाब परिसर के खिलाड़ियों का चयन किया जायेगा।

तैराक विशेश्वर द्विवेदी ने जीता कांस्य



वाराणसी। अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर भारत का गौरव बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश के दिग्गज तैराक विशेश्वर द्विवेदी ने इतिहास रच दिया है। बेंगलुरु में आयोजित एशियन मास्टर्स तैराकी चैम्पियनशिप में उन्होंने अपनी रफ्तार और तकनीक का बेजोड़ प्रदर्शन करते हुए २०० मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में कांस्य पदक अपने नाम किया। तैराकी फेडरेशन आफ इंडिया द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित महामुकाबले में एशिया, ओशिनिया और मिडिल ईस्ट के ५३ देशों के लगभग ५८०० सर्वश्रेष्ठ तैराकों ने हिस्सा लिया है। इस बेहद कड़े और रोमांचक मुकाबले में विशेश्वर द्विवेदी ने अंतिम सेकंडों में अभूतपूर्व वापसी करते हुए भारत को ब्लाक फिनिश तीसरा स्थान दिलाया। साथ ही सौरभ प्रताप सिंह ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

वाराणसीको स्वर्ण समेत चार पदक

वाराणसी। वाराणसी जिले के खिलाड़ियोंने गोरखपुर के मुरारी इण्टर कालेज में हुई ७०वीं राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में वाराणसी मण्डल का प्रतिनिधित्व करते हुए एक स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किये। प्रेमचंद स्मारक इंटर कालेज की सुहानी पटेल ने बालिका अण्डर-१७ आयु वर्ग के ४६ किलोग्राम भार में स्वर्ण पदक जीता जबकि बिरापट्टी इंटर कालेज कक्षा ११ के रुस्तम पटेल ने बालक वर्ग (४५ किग्रा) में रजत, अण्डर-१९ में बंगाली टोला इंटर कालेज के पवन कुमार साहनी (५१ किग्रा) ने रजत तथा सनी जेटली बेनुवंशी, क्वींस इंटर कालेज ने अण्डर-१७ बालक (४१ किग्रा) में कांसे का तमगा अपने नाम किया। अन्य सदस्यों आसू पटेल और सौरभ सिंह ने भी जुझारू खेल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों की इस सफलता पर बंगाली टोला इंटर कालेज के खेल प्रवक्ता एवं एनसीसी अधिकारी मेजर विमल राव व जिला ताइक्वांडो प्रशिक्षकों आशुतोष जायसवाल, चंद्रभान पटेल, आशीष राय एवं उमेश केसरी ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी।



कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
मीरजापुर वृत्त, लोक निर्माण विभाग, मीरजापुर

पत्रांक:-4497 /53एम0-मी0वृत्त/2026-27 दिनांक - 30.09.2026

अल्प कालीन निविदा सूचना
(ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना)

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0, मीरजापुर द्वारा उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग मे मार्ग कार्य के पात्र एवं पंजीकृत कालम-13, ठेकेदारों से अधोलिखित कार्य के लिए आइटम दर के आधार पर आन-लाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि आई0टी0बी0 की धारा-4 के अनुसार कार्य प्राप्त करने के सम्बन्ध में न्यूनतम अर्हता रखता है।

क्रमांक	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	अनुरक्षण लागत (रू0 लाख में)	कुल लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं स्टेशनरी प्रभार	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्यकारी अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	ठेकेदार का पंजीयन श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
स्वीकृति की प्रत्याशा में (प्रमुख/अन्य जिला मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण योजनान्तर्गत)												
1	मीरजापुर	इमलियाचट्टी अदलहाट भुइली शेरवा सिकन्दरपुर मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य।	2578.61	64.14	2642.75	39.64	2720.00 (GST सहित)	12 माह	निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0 मीरजापुर	मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0, मीरजापुर	मीरजापुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, मीरजापुर	A

1. कार्य पूर्ण करने की समयावधि कालम सं0 9 के अनुसार होगी।
2. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से 120 दिवस होगी ।
3. निविदा प्रस्तुत करने के पश्चात वापस नही ली जा सकती ।
4. ई-निविदा सूचना एवं बिड डाक्यूमेन्ट (SBD) आन लाईन दिनांक-09.10.2026 से 30.10.2026 12.00 बजे अपरान्ह तक ई-टेण्डरिंग पोर्टल (htttp://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है जो आन लाईन (htttp://e-tender.up.nic.in) पर ही सबमिट किया जायेगा।
5. यदि कोई शुद्धि पत्र (Corrigendum) बाद में प्रकाशित होता है तो इसकी पूर्ण जानकारी केवल ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर ही सार्वजनिक की जायेगी।
6. निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

नोट :- ई-निविदा की समस्त शर्तें ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0
मीरजापुर

अधीक्षण अभियन्ता
मीरजापुर वृत्त,लो0नि0वि0
मीरजापुर।

उ.प्र.-257484, दिनांक-05 .10.2026

वेबसाइट- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
मीरजापुर वृत्त, लोक निर्माण विभाग, मीरजापुर

पत्रांक:-4498 /53एम0-मी0वृत्त/2026-27 दिनांक - 30.09.2026

अल्प कालीन निविदा सूचना
(ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना)

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0, मीरजापुर द्वारा उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग मे मार्ग कार्य के पात्र एवं पंजीकृत कालम-13, ठेकेदारों से अधोलिखित कार्य के लिए आइटम दर के आधार पर आन-लाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि आई0टी0बी0 की धारा-4 के अनुसार कार्य प्राप्त करने के सम्बन्ध में न्यूनतम अर्हता रखता है।

क्रमसं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	अनुरक्षण लागत (रू0 लाख में)	कुल लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं स्टेशनरी प्रभार	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्यकारी अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	ठेकेदार का पंजीयन श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
स्वीकृति की प्रत्याशा में (लाजिस्टिक योजनान्तर्गत नवनिर्माण)												
1	मीरजापुर	नरायनपुर इमलियाचट्टी मार्ग से न्यू अहरौरा मार्ग रेलवे स्टेशन में दो लेन मार्ग का नवनिर्माण कार्य।	653.00	16.33	669.33	13.39	2720.00 (GST सहित)	6 माह	निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0 मीरजापुर	मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0, मीरजापुर	मीरजापुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, मीरजापुर	A

1. कार्य पूर्ण करने की समयावधि कालम सं0 9 के अनुसार होगी।
2. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से 120 दिवस होगी ।
3. निविदा प्रस्तुत करने के पश्चात वापस नही ली जा सकती ।
4. ई-निविदा सूचना एवं बिड डाक्यूमेन्ट (SBD) आन लाईन दिनांक-09.10.2026 से 30.10.2026 12.00 बजे अपरान्ह तक ई-टेण्डरिंग पोर्टल (htttp://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है जो आन लाईन (htttp://e-tender.up.nic.in) पर ही सबमिट किया जायेगा।
5. यदि कोई शुद्धि पत्र (Corrigendum) बाद में प्रकाशित होता है तो इसकी पूर्ण जानकारी केवल ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर ही सार्वजनिक की जायेगी।
6. निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

नोट :- ई-निविदा की समस्त शर्तें ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0
मीरजापुर

अधीक्षण अभियन्ता
मीरजापुर वृत्त,लो0नि0वि0
मीरजापुर।

उ.प्र.-257483, दिनांक-05 .10.2026

वेबसाइट- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता,
जौनपुर-गाजीपुर वृत्त, लो.नि.वि., जौनपुर
(Email ID-sepwdjnp.gzp@gmail.com)

पत्रांक:- 4948/एस0ई0टेण्डर/जौ0गा0 वृत्त/26-27 दिनांक:- 28/09/2026

ई-निविदा आमंत्रण सूचना (एस.बी.डी.)
राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक बिडिंग

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑन लाईन ई-निविदा https://etender.up.nic.in के माध्यम से मार्ग कार्य में लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से आईटम दर के आधार पर दिनांक-12.10.2026 दोपहर 12:00 बजे से दिनांक-22.10.2026 दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की टेक्निकल बिड दिनांक-22.10.2026 अपरान्ह 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित लो0नि0वि0 के पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष ऑन लाईन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालीफाईड पाये गये ठेकेदारों की वित्तीय बिड अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी एवं यदि कोई शुद्धि-पत्र होगा तो उसे https://etender.up.nic.in पर दिनांक-22.10.2026 के पूर्व अपलोड कर दिया जायेगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में टेक्निकल बिड एवं वित्तीय बिड उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। विस्तृत विवरण https://etender.up.nic.in पर लागइन करें।

क्र0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0 सहित (रू0 में)	अधिशासी अभियन्ता का पता	अधीक्षण अभियन्ता का पता	मुख्य अभियन्ता का पता
वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृति की प्रत्याशा में।									
1	जौनपुर	बंधवा-कुँवरपुर-मधुपुर मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के किमी0 1 से 9(200) तक के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।	960.00	19.20	10 माह	5590.00	निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, जौनपुर	जौ0-गा0 वृत्त, लो0नि0वि0, जौनपुर	वाराणसी क्षेत्र लो0नि0वि0, वाराणसी

1. बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुए लगाई गयी है।
2. शासनादेश संख्या-879(1)/23-7-2020 दिनांक 25.08.2020 में निहित प्राविधानानुसार प्रहरी एप्लीकेशन पर वांछित प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
3. निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
4. वित्त लेखा अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-16/2020/ए-1-10शा0स0/दस-2020 दिनांक 29.12.2020 एवं अर्द्धशासकीय पत्र सं0-9/4/2020-पी.पी.डी. दिनांक 12.11.2020 एवं प्रमुख अभियन्ता, उ0प्र0, लो0नि0विभाग लखनऊ के पत्र संख्या-3951एम0टी0/सामान्य वर्ग/ 60एम0 टी0/2020 दिनांक 13.04.2021 में दी गई व्यवस्था के अनुपालन में कार्य की निविदा हेतु कोई भी धरोहर धनराशि वांछित नहीं हैं। निविदादाता को निर्धारित प्रारूप पर शपथ-पत्र देना अनिवार्य होगा।

(विशाल सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0
जौनपुर

(एस0के0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
जौनपुर-गाजीपुर वृत्त, लो0नि0वि0,
जौनपुर

उ.प्र.-257492, दिनांक- 05.10.2026

वेबसाइट- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
मीरजापुर वृत्त, लोक निर्माण विभाग, मीरजापुर

पत्रांक:-4501 /53एम0-मी0वृत्त/2026-27 दिनांक - 30.09.2026

अल्पकालीन राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मिक बिडिंग
(ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना)

1. महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0, मीरजापुर द्वारा उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत कालम-13, ठेकेदारों से अधोलिखित कार्य के लिए आईटम रेट के आधार पर ऑन-लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि आई0टी0बी0 की धारा-4 के अनुसार कार्य प्राप्त करने के सम्बन्ध में न्यूनतम अर्हता रखता है।

क्र0सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	अनुरक्षण लागत (रू0 लाख में)	अनुरक्षण सहित कुल लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं स्टेशनरी प्रभार	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्यकारी अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	ठेकेदार का पंजीयन श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
औद्योगिक/लाजिस्टिक पार्क हेतु चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण योजनान्तर्गत (स्वीकृति की प्रत्याशा में)												
1	सोनभद्र	चोपन कोटा कोन खरौंदी मार्ग का सुदृढ़ीकरण का कार्य। (लम्बाई 15.84 किमी0) (5 वर्ष अनुरक्षण सहित)	3150.00	78.75	3228.75	48.43	2720.00 (GST सहित)	14 माह	निर्माण खण्ड-2 लो0नि0वि0 सोनभद्र	मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0, मीरजापुर	मीरजापुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, मीरजापुर	A

3. कार्य पूर्ण करने की समयावधि कालम सं0 9 के अनुसार होगी।
4. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से 120 दिवस होगी।
5. निविदा प्रस्तुत करने के पश्चात वापस नही ली जा सकती।
6. ई-निविदा सूचना एवं बिड डाक्यूमेन्ट (एस0बी0डी0) आन लाईन दिनांक-09.10.2026 से 30.10.2026 12.00 बजे अपरान्ह तक ई-टेण्डरिंग पोर्टल (htttp://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है जो आन लाईन (htttp://e-tender.up.nic.in) पर ही सबमिट किया जायेगा।
7. यदि कोई शुद्धि पत्र (Corrigendum) बाद में प्रकाशित होता है तो इसकी पूर्ण जानकारी केवल ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर ही सार्वजनिक की जायेगी।
8. निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

नोट :- ई-निविदा की समस्त शर्तें ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0
सोनभद्र।

अधीक्षण अभियन्ता
मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0
मीरजापुर

उ.प्र.-257608, दिनांक-06.10.2026

वेबसाइट- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
मीरजापुर वृत्त, लोक निर्माण विभाग, मीरजापुर

पत्रांक:-4502 /53एम0-मी0वृत्त/2026-27 दिनांक - 30.09.2026

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
(ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना)

1. महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0, मीरजापुर द्वारा उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के मार्ग श्रेणी में पंजीकृत कालम-13, ठेकेदारों से अधोलिखित कार्य के लिए प्रतिशत दर के आधार पर आन-लाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि आई0टी0बी0 की धारा-4 के अनुसार कार्य प्राप्त करने के सम्बन्ध में न्यूनतम अर्हता रखता है।

2.

क्र0सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	अनुरक्षण लागत	कुल लागत	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं स्टेशनरी प्रभार	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्यकारी अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	ठेकेदार का पंजीयन श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
औद्योगिक/लाजिस्टिक पार्क हेतु मार्गों के चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण/निर्माण योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य												
1	सोनभद्र	जनपद सोनभद्र में जय मां दुर्गा मन्दिर से डाला स्टोन क्रसर प्लान्ट (खन्ना कैम्प से डाला बिल्ली) मार्ग का सुदृढ़ीकरण का कार्य।	213.00	5.60	218.60	12.93	निविदा मूल्य 2720.00 (जी0एस0टी0 सहित)	08 माह	प्रान्तीय खण्ड, लो0 नि0 वि0 सोनभद्र	मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0, मीरजापुर	मीरजापुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, मीरजापुर	A-II

3. कार्य पूर्ण करने की समयावधि कालम सं0 9 के अनुसार होगी।
4. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से 90 दिवस होगी ।
5. निविदा प्रस्तुत करने के पश्चात वापस नही ली जा सकती ।
6. ई-निविदा सूचना एवं बिड डाक्यूमेन्ट (टी0-2) आन लाईन दिनांक दिनांक-15.10.2026 से 30.10.2026 12.00 बजे अपरान्ह तक ई-टेण्डरिंग पोर्टल (htttp://e-tender.up.nic.in) पर उपलब्ध है जो आन लाईन (htttp://e-tender.up.nic.in) पर ही सबमिट किया जायेगा।ढ
7. यदि कोई शुद्धि पत्र (Corrigendum) बाद में प्रकाशित होता है तो इसकी पूर्ण जानकारी केवल ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर ही सार्वजनिक की जायेगी।
8. निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
9. बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरे जी0एस0टी0 को छोड़ते हुए लगाई गयी है।

नोट :- ई-निविदा की समस्त शर्तें ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://e-tender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
सोनभद्र।

अधीक्षण अभियन्ता
मीरजापुर वृत्त, लो.नि.वि.
मीरजापुर

उ.प्र.-257606, दिनांक-06.10.2026

वेबसाइट- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
मीरजापुर वृत्त, लोक निर्माण विभाग, मीरजापुर

पत्रांक:-4496 /53एम0-मी0वृत्त/2026-27 दिनांक - 30.09.2026

अल्पकालीन राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मिक बिडिंग
(ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना)

1. महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0, मीरजापुर द्वारा उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु पंजीकृत कालम-13, ठेकेदारों से अधोलिखित कार्य के लिए आईटम रेट के आधार पर ऑन-लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि आई0टी0बी0 की धारा-4 के अनुसार कार्य प्राप्त करने के सम्बन्ध में न्यूनतम अर्हता रखता है।

क्र0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	अनुरक्षण लागत (रू0 लाख में)	कुल लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी प्रभार	कार्य पूर्ण करने की अवधि	कार्यकारी अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय का पता	अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय का पता	मुख्य अभियन्ता कार्यालय का पता	ठेकेदार का पंजीयन श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
स्वीकृति की प्रत्याशा में राज्य योजनान्तर्गत प्रमुख/अन्य जिला मार्गो के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के नये कार्य (बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार)												
1	मीरजापुर	कछवां कटका मार्ग (अ0जि0मा0) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (05 वर्ष अनुरक्षण सहित)	1218.00	31.40	1249.40	24.99	निविदा मूल्य 300.00 + 2000.00 स्टेशनरी चार्ज + जी0एस0टी0 अनलाईन भुगतान कुल रू0 2720.00 मात्र।	12 माह	प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, मीरजापुर।	मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0, मीरजापुर।	मुख्य अभियन्ता, मीरजापुर क्षेत्र, लो0नि0वि0, मीरजापुर।	A
2	मीरजापुर	मीरजापुर भटौली जमुनहिया नेवढ़िया घाट मार्ग (अ0जि0मा0) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (05 वर्ष अनुरक्षण सहित)	885.00	21.20	906.20	18.12		10 माह				A

2. कार्य पूर्ण करने की समयावधि कालम सं0-9 के अनुसार होगी।
3. निविदा की बैधता निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से 120 दिवस होगी।
4. निविदा प्रस्तुत करने के पश्चात् वापस नहीं ली जा सकती।
5. बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये गलाई गयी है।
6. ई-निविदा सूचना एवं विड डाक्यूमेन्ट (SBD) आन लाईन दिनांक 09.10.2026 से दिनांक 30.10.2026, 12:00 बजे अपरान्ह तक ई-टेण्डरिंग पोर्टल (http://e-tender.up.nic.in) पर उपलब्ध है जो आन लाईन (http://e-tender.up.nic.in) पर ही सबमिट किया जायेगा।
7. यदि कोई शुद्धि पत्र (Corrigendum) बाद में प्रकाशित होता है तो इसकी पूर्ण जानकारी केवल ई-टेण्डरिंग पोर्टल (http://e-tender.up.nic.in) पर ही सर्वजनिक की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी विड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

नोट :- ई-निविदा की समस्त शर्तें ई-टेण्डरिंग पोर्टल (http://e-tender.up.nic.in) पर देखी जा सकती है।

(अशोक कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
मीरजापुर

(डी0के0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
मीरजापुर वृत्त, लो0नि0वि0
मीरजापुर

उ.प्र.-257614, दिनांक-06.10.2026

वेबसाइट- www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है।

सेवा संकल्प कलश ज्योति यात्रा के लिए निकली बाइक रैली

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बुधवार को कलश ज्योति यात्रा को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहीद चौक से बाइक रैली निकाली। भाजपा की पूर्व प्रत्याशी पूनम सरोज के नेतृत्व में करीब डेढ़ सौ बाइक सवार कार्यकर्ता यात्रा में शामिल हुए। रैली मऊ मुख्यालय के गाजीपुर चौराहा पहुंची, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऑनलाइन संबोधन कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। यात्रा रवाना होने से पूर्व शहीद चौक पर भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्र हुए और शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसके बाद बाइक रैली के रूप में कार्यकर्ता मऊ के लिए रवाना हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह नजर आया। यात्रा में भाजपा के वरिष्ठ नेता छोटू प्रसाद, डॉ उमेश सरोज, भूपेंद्र सिंह, अंकित सरोज, अमित सरोज, मुन्ना सिंह, जनार्दन शर्मा, शशांक त्रिपाठी, सूरज गुप्ता, राहुल सरोज, आशीष चौधरी, अभिषेक सरोज, सुमित समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे। कार्यकर्ताओं ने सेवा संकल्प अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

सेवा ज्योति यात्रा के स्वागत में मंत्री एके शर्मा हुए शामिल

मऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष की जनसेवा से राष्ट्रसेवा की गौरवपूर्ण यात्रा के अवसर पर '25 साल जनसेवा से राष्ट्रसेवा, विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा' कार्यक्रम का भव्य आयोजन आज गाजीपुर तिराहा, जनपद मऊ में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रधानमंत्री जी के 25 वर्षों के जनसेवा के कार्यकाल को स्मरण करते हुए विकसित भारत के संकल्प को और मजबूत करना तथा राष्ट्र निर्माण के लिए नए संकल्प के साथ आगे बढ़ना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मा0 मंत्री नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार ए0के0 शर्मा, विधायक मधुबन राम विलास चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जी के 25 वर्ष विशेष, नए संकल्प का श्रीगणेश कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया। उपस्थित जनसमूह ने प्रधानमंत्री के संबोधन को उत्साहपूर्वक सुना। सजीव प्रसारण के दौरान कार्यक्रम स्थल पर देशभक्ति एवं राष्ट्रसेवा की भावना का वातावरण बना रहा।कार्यक्रम के दौरान मंत्री ए0के0 शर्मा सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं जनसमूह ने राष्ट्रगान के प्रति सम्मान व्यक्त किया और राष्ट्रगान में सहभागिता की। इसके उपरांत मंत्री ए0के0 शर्मा, विधायक मधुबन राम विलास चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने एवं भारी जनसमूह द्वारा सेवा ज्योति यात्रा एवं कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा गाजीपुर तिराहे से प्रारंभ होकर बाजार क्षेत्र से होते हुए पुनः गाजीपुर तिराहे पर पहुंची, जहां कलश यात्रा को विधिवत स्थापित किया गया।



२९ वाहनों का चालान

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। पुलिस ने मंगलवार संध्या चेकिंग के दौरान 29 बाइकों का चालान किया।

नौ साल बाद घर लौटी गुमशुदा युवती

दोहरीघाट(मऊ)। थाना क्षेत्र के जमुनीपुर गांव से करीब नौ वर्ष पूर्व लापता हुई युवती बुधवार को सकुशल अपने घर लौट आई। युवती के वापस आने से परिजनों में खुशी का माहौल है।जानकारी के अनुसार जमुनीपुर निवासी साधना पुत्री शिवचन्द, उम्र करीब 30 वर्ष, छह सितंबर 2017 को बिना किसी को बताए अपनी मर्जी से घर से कहीं चली गई थीं। काफी समय तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी रिश्तेदारियों और संभावित स्थानों पर काफी खोजबीन की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद परिजनों ने थाना दोहरीघाट में गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई थी। गुमशुदगी दर्ज होने के बाद से ही दोहरीघाट पुलिस युवती की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस द्वारा संभावित स्थानों पर जानकारी जुटाने के साथ ही परिजनों के संपर्क में रहकर युवती की तलाश के प्रयास किए जा रहे थे। लगातार किए जा रहे प्रयासों के बीच बुधवार सात अक्टूबर 2026 को साधना स्वयं सकुशल वापस अपने घर पहुंच गईं।पुलिस के अनुसार युवती ने बताया कि वह वर्ष 2017 में अपनी मर्जी से घर से चली गई थी और अब स्वयं वापस लौटी है। युवती के सकुशल मिलने की जानकारी होने पर पुलिस ने आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं की कार्रवाई शुरू कर दी। नियमानुसार आवश्यक चिकित्सीय परीक्षण आदि की प्रक्रिया पूरी करने के बाद युवती को परिजनों के सुपुर्द करने की कार्रवाई की जा रही है।

बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए आगे आये भरत भैया

मधुबन (मऊ)। बसपा नेता भरत भैया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बाढ़पीड़ितों की आठ सूत्रीय मांगों को लेकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम दीपक सिंह को सौंपा।

कुत्ते ने चार को काटा

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करहां निवासी कुछ लोगों को पागल कुत्ता के काट लेने से जहां लोग भयभीत है वहीं इन लोगों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कुत्ते काटने की सुई भी लगाई गई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करहां निवासी होशील देवी 35 वर्ष राजिया देवी 40 साल आसमा खातून 37 एवं नीला देवी 62 वर्ष जो मंगलवार को करहां बाजार में घर से सामान लेने के लिए आई हुई थी किसी बीच एक पागल कुत्ते ने इन लोगों को काट लिया बाद में परिवार के लोग इन सभी लोगों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले गए।

एसडीएम ने किया मौका मुआयना

घोसी(मऊ)। उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 116 के तहत चल रहे रबिंदर बनाम राम अवतार वाद के निस्तारण के लिए बुधवार को एसडीएम अशोक सिंह ने ग्राम ऊसरी खुर्द में स्थलीय निरीक्षण किया। एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर संबंधित भूमि की स्थिति का जायजा

नवागत सीडीओ ने संभाला कार्यभार

विकास योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण को प्राथमिकता

मऊ।2021 बैच के आईएएस अधिकारी ध्रुव खाडिया ने जनपद मऊ में मुख्य विकास अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। इससे पूर्व श्री खाडिया अयोध्या में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के पद पर कार्यरत रहे तथा इसके बाद उन्होंने जनपद जौनपुर में मुख्य विकास अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। उन्होंने छह अक्टूबर को जनपद मऊ में मुख्य विकास अधिकारी के पद का कार्यभार संभाला।कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रहेगा। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से उपलब्ध कराया जाए, जिससे शासन की मंशा धरातल पर प्रभावी रूप से परिलक्षित हो सके। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं तथा आइईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध



निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। जनसुनवाई को प्रभावी बनाते हुए आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों द्वारा उनका निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कार्यालयों में आने वाले फरियादियों के साथ संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जनपद में संचालित विभिन्न विकास परियोजनाओं एवं निर्माण कार्यों में अपेक्षित तेजी लाते हुए गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप विकास कार्यों की नियमित समीक्षा एवं स्थलीय अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि योजनाओं का वास्तविक लाभ आमजन तक पहुंच सके।कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात मुख्य विकास अधिकारी श्री ध्रुव खाडिया द्वारा विकास भवन परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कार्यालयों में कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव, कार्मिकों की उपस्थिति तथा आमजन से संबंधित कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यालयों में समयबद्धता, अनुशासन, पारदर्शिता एवं कार्यों के गुणवत्तापूर्ण निष्पादन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।इसी क्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने उपायुक्त श्रम रोजगार कार्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत संचालित कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा योजना के तहत कराए जा रहे कार्यों, श्रमिकों को उपलब्ध कराए जा रहे रोजगार एवं प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि मनरेगा के अंतर्गत अधिक से अधिक जरूरतमंद ग्रामीण परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराया जाए तथा कराए जा रहे कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं उपयोगिता सुनिश्चित की जाए।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त श्रम रोजगार राजीव कुमार, स्टेनो मुख्य विकास अधिकारी जितेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।













सड़क हादसे में युवक की मौत

दोहरीघाट(मऊ)।थाना क्षेत्र के गोंठा बाईपास के पास वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन पर मंगलवार देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से बुलेट सवार 18 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद बुलेट सड़क किनारे खाई में पलट गई। गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक अस्पताल दोहरीघाट ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर इलाज के लिये लखनऊ चले। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।

वहीं पुलिस को परिजनो ने यह आश्वासन दिया कि हमें शव का पोस्टमार्टम नहीं कराना है। न ही कोई मुकदमा दर्ज कराना है।यह कहकर शव का अंतिम दाह संस्कार मुक्तिधाम दोहरीघाट पर करा दिया। बताया जाता है कि मधुबन थाना क्षेत्र के मीरपुर दरगाह निवासी अशोक यादव दोहरीघाट पोस्ट आफिस के अभिकर्ता है। और परिवार के साथ दोहरीघाट कस्बे में किराए के मकान में रहते थे। मंगलवार की शाम उनका 18 वर्षीय पुत्र आर्यन यादव किसी काम से नईबाजार की तरफ गया हुआ था। देर शाम को बुलेट से नई बाजार से दोहरीघाट लौट रहा था। गोंठा बाईपास के पास फोरलेन पर पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उसकी बुलेट में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा पलटी। हादसे में आर्यन के सिर में गंभीर चोट आई। स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस और परिजनों को देते हुए घायल को एंबुलेंस से दोहरीघाट पहुंचाया। परिजन उसे दुर्गावती अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सकों ने सीटी स्कैन के बाद सिर में गंभीर चोट होने की बात बताते हुए बेहतर उपचार के लिए लखनऊ रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर लखनऊ जा रहे थे, तभी रास्ते में आर्यन ने दम तोड़ दिया। बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। आसपास के लोगों और परिचितों में भी शोक की लहर दौड़ गई। लोगों के अनुसार आर्यन होनहार युवक था अभिकर्ता अशोक यादव के पुत्र आर्यन यादव की मौत पर देवेन्द्र राय मनोज यादव दुर्गा राय पवन जायसवाल अतुल शुक्ला मनीष राय राजेश राय गुलाबचन्द प्रवण राय रामानंद रंगवा राकेश राय बिरेन्द्र उपाध्याय अंजनी राय रोशन बाबू शिवानंद उपाध्याय गोपाल हरेराम सिह व्यापार मंडल अध्यक्ष शिवकुमार जायसवाल आदि अभिकर्ताओं ने शोक जताया।

विज्ञान प्रदर्शनी में छात्राओं ने दिखायी वैज्ञानिक सोच



दोहरीघाट(मऊ)। बाबूराम कैलाशी देवी महिला पीजी कॉलेज पर बुधवार को छात्राओं में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से विज्ञान प्रदर्शनी मेले का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में 31 स्टॉल लगाए गए। छात्राओं ने नेफॉन, जल चक्र, सोलर एनर्जी, हाइड्रोलिक लिफ्ट, हार्ट बीट वर्किंग मॉडल, सोलर पैनल, गार्डन मॉडल और क्लीन एनर्जी सहित विभिन्न मॉडल प्रस्तुत किए। खाद्य पदार्थों के स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र रहे। मुख्य अतिथि डॉ. बीके श्रीवास्तव और डॉ. सुधीर यादव ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना की। इस दौरान प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार राय, देवेंद्र शाही, अवधेश यादव, आनंद राय, अर्जुन सिंह, अनिल यादव, करुणेश मिश्रा, सीमा पांडेय, प्रीति, आरती, निशा, नरसिंह चौहान, शुभम बर्नवाल, विवेक दूबे समेत शिक्षक और प्रवक्ता उपस्थित रहे।

मतदाता सूची में छूटे नाम शामिल कराने के लिए चला अभियान

मऊ।उप जिला निर्वाचन अधिकारी, मऊ के निर्देशों के क्रम में निर्वाचक नामावली के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के उपरांत विशेष अभियान चलाकर पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने की कार्यवाही की जाएगी।

इस संबंध में बूथ लेवल अधिकारियों को घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करने तथा पूर्व की निर्वाचक नामावली में दर्ज, लेकिन वर्तमान मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए पात्र मतदाताओं को चिह्नित करने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे नागरिकों से फार्म-6 भरवाकर उनका नाम मतदाता सूची में शामिल कराने की कार्यवाही की जाएगी। अभियान के अंतर्गत राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों के साथ समन्वय स्थापित करने, मतदाताओं को जागरूक करने तथा रैन बसेरों, श्रमिक बस्तियों एवं अन्य स्थानों पर निवासरत पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को अभियान की नियमित समीक्षा एवं सतत निगरानी करते हुए सभी पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

बाढ़ में डूबने से महिला की मौत

मधुबन (मऊ)।।स्थानीय थाना क्षेत्र के दुबारी पुलिस चौकी अंतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्र धूस पुरवा में बुधवार की सुबह साढ़े छह बजे एक महिला की घर के पास गड्ढे में रुके बाढ़ के पानी में डूबने से मौत हो गई। परिजन उस समय पड़ोस में एक महिला की हृदय गति रुकने से हुई मौत को लेकर उसके दरवाजे पर गए थे। राहगीर ने गड्ढे में महिला का शव देख सन्न रह गया। गड्ढे में डूबने से महिला की मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका राधिका देवी (50) पत्नी सतन निवासी धूस की मौत से परिजन सन्न रह गये।

भैंस चोरी

मधुबन(मऊ)।स्थानीय थाना क्षेत्र के दुबारी पुलिस चौकी अंतर्गत कुंवरपुरवा गांव में आशा देवी पत्नी विनोद गोंड ने थाना में प्रार्थना पत्र देकर लगभग 80 हजार रुपये की भैंस चोरी की एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

संक्षिप्त समाचार

बिहार में शिक्षक बनने के बाद अब ग्राम पंचायत अधिकारी बने अमन

दोहरीघाट(मऊ)। क्षेत्र के गोंठा निवासी अमन दूबे ने अपनी मेहनत, लगन और संघर्ष के बल पर सफलता की नई इबारत लिखी है। वर्ष 2024 में बिहार में शिक्षक के रूप में सेवा शुरू करने वाले अमन दूबे का वर्ष 2026 में ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। जिला पंचायत अध्यक्ष मनोज राय उनके आवास पर पहुंचे। उन्होंने अमन दूबे को माला पहनाकर सम्मानित किया तथा मिठाई खिलाकर ग्राम पंचायत अधिकारी के पद पर चयन होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी

मीटर रीडिंग में लापरवाही न बरतें

घोसी(मऊ) ।उपखंड अधिकारी इंद्र बहादुर मौर्य ने मीटर रीडरों एवं अवर अभियंताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में राजस्व वसूली, सही मीटर रीडिंग तथा उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित निस्तारण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में अवर अभियंता माजिद (टाउन), अवर अभियंता सतीश सिंह (देहात) तथा सुपरवाइजर रणजीत सिंह मौजूद रहे। इसके अलावा मीटर रीडर काशिफ खान, विशाल निषाद, ओमप्रकाश कन्नौजिया, बलीराम मौर्य, शफी अहमद, संदीप कुमार, राकेश कुमार, आदिल कुमार, अवधेश गुप्ता, टुनटुन कुमार, श्रीनिवास और दुर्गेश शामिल रहे।

काली पट्टी बांधकर अंतिम दिन संविदा कर्मचारियों ने जताया विरोध

मुहम्मदाबाद गोहना (मऊ) = राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत संविदा कर्मचारियों की लंबित एवं न्यायोचित मांगों के समाधान को लेकर प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर चरणबद्ध आंदोलन के क्रम में तीसरे अंतिम दिन बुधवार को मुहम्मदाबाद गोहना में काली पट्टी बांधकर अपने नियमित कार्यों का निर्वहन करते हुए सांकेतिक विरोध दर्ज कराया। इस दौरान सर्वेश सिंह,रंजू मौर्य, नीतू शर्मा, अविनाश सिंह, प्रिय बुद्ध, शिवम पांडेय, रितेश कुमार राय समेत स्टाफ नर्स एवं अन्य संविदा कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया।

एसपी कमलेश बहादुर का तबादला

मऊ। प्रमुख त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने में दिन रात मेहनत कर रहे एसपी कमलेश बहादुर को बुधवार को एसपी लोक शिकायत पुलिस मुख्यालय लखनऊ और चार वीं वाहिनी पीएसी प्रयागराज के सेनानायक सर्वेश कुमार मिश्रा को मऊ का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया।चंद महीनों में ही एसपी कमलेश बहादुर का तबादला जनपद में चर्चा का विषय बना हुआ है।

शांति भंग की आशंका में दो गिरफ्तार

मुहम्मदाबाद गोहना(मऊ)।स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बनियापार निवासी दो पक्षों में बुधवार को पारिवारिक विवाद को लेकर नोंक झोक के बाद हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने बावी विश्वकर्मा पुत्र प्रभुनाथ विश्वकर्मा निवासी बनियापार तथा रजनीकांत पुत्र विश्वनाथ निवासी भुजहीं को शांति भंग में न्यायालय चालान किया है।

एबीएसए ने प्रधानाध्यापकों की लगायी क्लास


मुहम्मदाबाद गोहना(मऊ)। बुधवार को विकासखंड मुहम्मदाबाद गोहना के समस्त प्रधानाध्यापकों की एक महत्वपूर्ण विकासखंड स्तरीय बैठक सहर महिला पी.जी. कॉलेज, बरामदपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश तिवारी ने की।

बैठक में विभाग द्वारा संचालित महत्वपूर्ण कार्यक्रमों एवं शैक्षिक प्राथमिकताओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। विशेष रूप से विद्यालयों में नामांकन वृद्धि, नामांकित बच्चों का ठहराव एवं नियमित उपस्थिति सहित विद्यालयों की शैक्षिक गुणवत्ता से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त आगामी खेल प्रतियोगिता की तैयारियों, विद्यार्थियों की सहभागिता, चयन प्रक्रिया, खेल सामग्री की उपलब्धता तथा प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर एसआरजी संजय कुमार तिवारी, राजेश कुमार, धनंजय कुमार सिंह, स्वतंत्र कुमार श्रीवास्तव, बंशराज प्रसाद, राजेश मिश्रा, सुनील यादव, शमीम अंसारी एवं प्रतिमा राय सहित विकासखंड के समस्त प्रधानाध्यापक एवं अन्य संबंधित शैक्षिक सहयोगी उपस्थित रहे।



काशीमें शिव और शक्तिका संगम

काशी में नवरात्र के दौरान मातृशक्ति के रूप में दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा की जाती है। महिषासुर मर्दिनी का स्वरूप राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है जिसमें देवी देवताओं द्वारा दिए गए अस्त्रों से महिषासुर का वध करती हैं। यह स्वरूप सामूहिक शक्ति और एकजुटता का संदेश देता है जिसकी प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है।



काशीमें दुर्गा की अनेक प्राचीन मूर्तियां स्थापित हैं

नवरात्र के नौ दिनों में हम शक्ति के ही विभिन्न रूपों का पूजन और दर्शन करते हैं जो मातृशक्ति यानी हमारे अस्तित्व से प्रारंभ होती हुई संपूर्ण जीवन की क्रियाशीलता और कार्य करने की क्षमता और ऊर्जा का मूर्त रूपांतरण है। मूलत- शिव और शक्ति का एक्य प्रकृति और पुरुष के रूप में ज्ञात है और वही शक्ति पार्वती या उमा के नाम से शिव पत्नी के रूप में दिखाई गई हैं। शक्ति के विभिन्न रूप वास्तव में पार्वती की ही अलग- अलग रूपों में अभिव्यक्ति है और इस प्रकार हमारे जीवन के विभिन्न कार्यों के लिए अनिवार्य ऊर्जा के स्रोत का मूर्त रूपांतरण है। महिषासुर मर्दिनी दुर्गा स्वरूप में मां पार्वती की यह अभिव्यक्ति राष्ट्रीय एकात्मता को प्रबोधक है। देवी सामान्यतः त्रिशूल से महिष की कटी हुई गर्दन से निकले मानव देहधारी असुर के वक्ष पर निर्णायक प्रहार करती दिखाई गई हैं। यह स्वरूप मार्कंडेय पुराण के दुर्गा सप्तशती के 74वें में एवं 75वें सर्ग में विस्तार से वर्णित है। पहली-दूसरी शती ई. से निरंतरता में 20वीं शती बल्कि 21वीं शती में दुर्गा महिषमर्दिनी का वही स्वरूप निरंतरता में देखा जा सकता है। आज भी काशी के विभिन्न पंडालों में और काशी के बाहर के भी पंडालों में दुर्गा के महिषमर्दिनी स्वरूप की ऐसी ही मूर्तियां स्थापित होती हैं। मार्कंडेय पुराण में उल्लेख है कि जब महिषासुर का संहार कोई भी देवता करने में सक्षम नहीं हुए, तब सभी देवताओं ने मिलकर यह निर्णय लिया कि हम एक ऐसे समवेत महाशक्ति स्वरूपा देवी की रचना करें और उन्हें अपने-अपने विशिष्ट आयुध दें जिससे महाशक्ति स्वरूपा देवी महिषासुर का संहार कर सकें और यही हुआ। विष्णु ने चक्र दिया, शिव ने त्रिशूल दिया और ऐसे ही अन्य देवताओं ने धनुष -बाण, खड्ग दिए और अलग-अलग देवताओं ने अपने शरीर के अलग-अलग अंगों को भी तेज स्वरूप प्रदान किया। इसीलिए मां दुर्गा महिषमर्दिनी को चार या उससे भी अधिक हाथों वाला और उनमें त्रिशूल, चक्र, धनुष, बाण, घंटा,खड्ग जैसी सामग्री लिए दिखाया जाता है। इस स्वरूप में देवी का सिंह वाहन बहुत सक्रिय




काशी में आठवीं से 14वीं सदी के बीच की 10 से अधिक महिषासुर मर्दिनी की मूर्तियां मिलती हैं


रूप में महिषासुर के संहार कार्य में देवी का सहयोग करते हुए दिखाया जाता है। कुषाण काल यानी पहली शती से मिलने वाले शक्ति के स्वरूप में देवी की अभिव्यक्ति दुर्गा महिषमर्दिनी रूप में ही हुई है। मारकंडेय पुराण की कथा की विवेचना करें तो एक तथ्य सामने आएगा कि पहली-दूसरी शती ई से प्रारंभ होने वाले विदेशी आक्रमण -आधिपत्य और प्रभाव का प्रतिरोध करने की अलग-अलग भारतीय शक्तियों में क्षमता नहीं थी। इस स्वरूप की परिकल्पना की पृष्ठभूमि में वास्तव में यह संकेत किया गया है कि किसी भी चुनौती या आक्रमण को हम अपने सामूहिक शक्ति के माध्यम से ही निष्प्रभावी कर सकते हैं। एकजुट होकर ही हम देश या किसी समाज की समस्याओं का या चुनौती का समाधान या प्रतिकार कर सकते हैं। वास्तव में हमें एकजुट होने की प्रेरणा इस स्वरूप के माध्यम से हमारे आचार्यों ने दी है, जिसकी प्रासंगिकता आज भी उतनी ही है। हमारा एक होकर, एक स्वर में, एक साथ समस्याओं से जूझना आवश्यक है। इसीलिए दुर्गा महिषमर्दिनी का यही स्वरूप 2000 वर्षों से निरंतर चला आ रहा है। काशी में नवदुर्गाओं के लिए नौ प्रतिमाओं की स्थापना अलग-अलग स्थानों पर हुई है और नवरात्रि के नौ दिनों में उनके अलग-अलग दर्शन का विधान है। उनके नाम भले ही अलग-अलग शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, कात्यायनी, स्कंदमाता, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री हों मगर सभी स्वरूप में वास्तव में पार्वती ही हैं। शास्त्रों में उनके स्वरूप और लक्षण अलग-अलग बताए गए हैं। दुर्गा पूजा के दौरान लगभग पूरे उत्तर भारत में मां का दुर्गा के महिषमर्दिनी रूप की मूर्तियां स्थापित की जाती हैं। इस स्वरूप में काशी में लगभग आठवीं से 14वीं सदी ईसवी के बीच की 10 से अधिक मूर्तियां देखी जा सकती हैं। यह लगभग उसी रूप में निरंतरता में चल रहा है। इस स्वरूप को वर्तमान की विसंगतियों में राष्ट्रीय चेतना के एक प्रतीक के रूप में लेना आवश्यक है।















प्रेम और सम्मान

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

प्रेम और सम्मान की भावना तथा अनुभूति आपके भीतर ही निवास करती हैं। जब आपके हृदय में निर्मलता और मन में स्पष्टता होती है, तब ये भावनाएँ स्वाभाविक रूप से प्रकट होती हैं। प्रेम और सम्मान अपने आप घटित होते हैं। यदि आप प्रयास करके अपने भीतर सम्मान या प्रेम लाना चाहेंगे, तो यह प्रयास असफल होगा। आप स्वयं को तनाव से मुक्त रखें और मन में ज्ञान धारण करें। ज्ञान का अर्थ है - संसार को व्यापक दृष्टिकोण से देखना तथा स्थायी और अस्थायी के अंतर को समझना। लोगों की राय और उनके विचार - ये सब अस्थायी हैं। यह सब परिवर्तनशील है; यह स्मरण रखना चाहिए। सम्मान की लालसा न रखें। कोई आपको सम्मान देता है या नहीं देता, यह उसकी पसंद है; लेकिन यदि आपका जीवन दूसरों के सम्मान पर निर्भर है, तो आप दुर्बल हो जाते हैं। जितनी अधिक निर्भरता होगी, उतना ही आप अधिक कमजोर होते जाएँगे और अधिक दुःखी भी होंगे। आपको यह जानना चाहिए कि मुझे किसी के सम्मान की आवश्यकता नहीं है -मेरा सम्मान मेरे भीतर है। इसका अर्थ यह नहीं कि आप असम्मानजनक व्यवहार करें। आप सभी को सम्मान दें, किंतु बदले में सम्मान की अपेक्षा न रखें। यदि कोई आपको सम्मान नहीं देता, तो स्वाभाविक बने रहें। यह उनकी संस्कृति और उनके विकास के स्तर को दर्शाता है। यदि आप अधिक विकसित और परिपक्व हैं, तो आप हर किसी का सम्मान करेंगे - चाहे वह समझदार हो या पागल। आप एक पागल व्यक्ति का भी सम्मान करेंगे, क्योंकि यह आपका स्वभाव है। वे भी सृष्टि का ही एक भाग हैं; वे भी उसी दिव्यता से जुड़े हैं। आप सभी का सम्मान करें। यह दर्शाता है कि आप कितने बुद्धिमान हैं। सम्मान की अपेक्षा करना हमारी कमजोरी को प्रकट करता है, जबकि बिना किसी भेदभाव के सभी को सम्मान देना हमारी बुद्धिमत्ता को दर्शाता है। प्रेम इस सृष्टि का मूल आधार है। वह कभी समाप्त नहीं होता; वह सदैव विद्यमान रहता है। प्रेम दीजिए - वह कई गुना होकर आपके पास लौटेगा। प्रेम से विरह उत्पन्न होता है, और विरह ही भगवान है; प्रेम ही भगवान है। विरह के बिना जीवन अर्थहीन हो जाता है। विरह उत्पन्न करना गुरु का कार्य है। लोग संसार के लिए दुःखी होते हैं, किंतु यदि संसार के दुःख से ऊपर उठकर भगवान के लिए विरह उत्पन्न हो जाए, तब जीवन का उद्देश्य पूर्ण हो जाता है। इसलिए विरह का जन्म होना अत्यंत शुभ है। प्रेम और विरह, ये दोनों साथ-साथ चलते हैं। उसकी खोज करो, उसके लिए तड़पो, उसे पाने की आकांक्षा रखो और यह खोज स्वयं में ही सुंदर है। दिव्यता के लिए तड़पना, सर्वोच्च सत्य के लिए लालायित होना, अपने आप में अत्यंत सुंदर है। इसीलिए तड़प को राधा कहा गया है। राधा का अर्थ है - लालसा, तड़प; और श्याम का अर्थ है - प्रेम। तड़प और प्रेम साथ-साथ चलते हैं। यदि तड़प नहीं है, तो प्रेम भी नहीं हो सकता; और जहाँ प्रेम है, वहाँ तड़प अवश्य होती है। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं।

बिना दुकानदार के बिकता है सामान, नहीं होती चोरी

आधुनिक दौर में जहां दुकानों पर सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरों और कैशियर का कड़ा पहरा रहता है, वहीं भारत में एक ऐसा राज्य भी है जहां ईमानदारी और विश्वास की एक अनोखी मिसाल देखने को मिलती है। यहां ग्रामीण सड़कों और हाईवे के किनारे फल-सब्जियों की



ऐसी कई दुकानें सजी हैं, जहां कोई दुकानदार नहीं होता। स्थानीय भाषा में इन दुकानों को 'नघाह लोह डॉर' कहा जाता है, जिसका अर्थ है बिना दुकानदार की दुकान.इन दुकानों पर हर सामान की कीमत लिखी होती है और पास ही एक छोटा बॉक्स रखा होता है. ग्राहक अपनी पसंद का सामान खुद चुनता है, उसकी निर्धारित कीमत गिनता है और पैसे को बॉक्स में डालकर आगे बढ़ जाता है. यहां न तो कोई बिल काटने वाला कैशियर होता है और न ही निगरानी के लिए कोई सीसीटीवी कैमरा लगाया जाता है। ये राज्य कोई और नहीं, बल्कि उत्तर पूर्वी भारत का खूबसूरत राज्य मिजोरम है। यहां कुछ गांव और आइजोल-सैतुल हाईवे पर स्थानीय किसान सुबह-सुबह अपने खेतों में उगने वाली ताजी सब्जियां और फल यहां सजाकर रख देते हैं और खुद खेतों में काम करने चले जाते हैं। ये दुकानें दिन-रात खुली रहती हैं. ताज्जुब की बात ये है कि पिछले कई दशकों में यहां से न तो कभी सामान गायब हुआ है और न ही पैसे की चोरी हुई है। कई बार तो ऐसा भी देखा गया है कि ग्राहक सामान की तय कीमत से ज्यादा पैसे छोड़कर चले जाते हैं.बदलते समय के साथ इस पुरानी परंपरा में आधुनिकता का समावेश भी हुआ है।

पतली दुल्हन बनानेका नया बिजनेस

पिछले साल दिसंबर में अपनी गायनकलॉजिस्ट के क्लीनिक पर 'मोटापा कम करने' के लिए दवाओं के इस्तेमाल वाला पोस्टर देखा। पहली प्रेग्नेंसी के बाद दोबारा पुराने वजन पर पहुंचना कई महिलाओं के लिए बेहद मुश्किलभरा सफर हो जाता है। इसलिए पोस्टर देखते ही लगा, इस बार प्रेग्नेंसी के बाद वजन कम नहीं हुआ तो इन दवाओं का इस्तेमाल किया जा सकता है। अब तो बाजार में लीगल भी है। पर ऐसा सोचने वाली मैं अकेली नहीं थी। अक्टूबर, 2025 में वजन घटाने वाली दवाएं भारत के बाजार में उतरीं और कई क्लीनिक्स ने इसे 'कॉस्मेटिक ट्रीटमेंट' के लिए इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। ऐसे ऑफर्स का सबसे पहले टारगेट बनीं वो लड़कियां जो अपनी शादी यानी उस खास दिन पर सबसे सुंदर और छरहरी काया में नजर आना चाहती थीं। लेकिन क्या सच में ये दवाएं 'प्री-वेडिंग पैकेज' की तरह बेची जानी चाहिए क्या सिर्फ शादी के दिन या किसी इवेंट में पतला नजर आने के लिए ऐसे ट्रीटमेंट लेना कारगर है दिल्ली के लाजपत नगर से लेकर नोएडा के सेक्टर 16 तक, ऐसे कई 'वेट लॉस क्लीनिक' हैं, जो 3-3 महीने वाले प्रीवेडिंग वेट-लॉस पैकेज बेच रहे हैं, जो जीएलपी-1 ड्रग्स पर आधारित हैं। मॉनजारो और ओजेंपिक जैसी जीएलपी-1 ड्रग्स असल में डायबिटीज के



इलाज के लिए बनाई गई थीं। लेकिन इन्हें मोटापा कम करने के लिए भी अप्रूव कर दिया गया है। ये दवाएं आमतौर पर सप्ताह में एक बार लगाए जाने वाले इंजेक्शन के रूप में दी जाती हैं। इन्हें पहले से भरी हुई विशेष पेन की मदद से पेट, जांघ या ऊपरी बांह में लगाया जाता है, हालांकि अभी तक भारतीय मरीजों पर ये दवाएं कैसे काम कर रही हैं और इनका क्या असर हो रहा है, इसका हमारे पास ज्यादा डाटा नहीं है। इसके बावजूद ये दवाएं मूल्य के हिसाब से भारत के फार्मास्युटिकल बाजार में सबसे ज्यादा डिमांड वाली दवाओं में शामिल हो चुकी हैं, वो भी बस एक साल में। कई क्लीनिक्स तो इन दवाओं का कॉस्मेटिक इस्तेमाल करते हुए 'मॉनजारो ब्राइड' जैसे प्री-वेडिंग पैकेज तक बेच रहे हैं, ताकि शादी से पहले वजन घटाया जा सके। पर बड़ा सवाल ये है कि आखिर इन 'पतली दुल्हनों' का क्या हुआ क्या घटा हुआ वजन बना रहता है, या तीन महीने का पैकेज खत्म होते ही भूख और वजन वापस आ जाता है एक 'वेट लॉस क्लिनिक' का जिक्र किया गया है, जो ऑफर देता है कि तीन महीने में मॉनजारो की मदद से वजन कम करने का प्रोग्राम सिर्फ 30,000 रुपये में। 30,000 के इस पैकेज में डॉक्टर का कंसल्टेशन, डाइटिशियन और इंजेक्शन सब शामिल है. पैकेज लेने वालों को डाइटिशियन ग्रुप में जोड़ दिया जाता है और वो डाइट को कंट्रोल कर तीन महीने में वजन घटा देंगे। इस क ?लीनिक का एक सीनियर स्टाफ बताता है कि यहां ज्यादातर क्लाइंट शादी से पहले आते हैं। पिछले एक साल में इस क्लीनिक ने करीब सौ दुल्हनों को उनका मनचाहा वजन दिलाने में मदद की है।

न लोरी, न खिलौना... बच्चा रोया तो मां ने बजायी हनुमान चालीसा

छोटे बच्चे का रोना किसी भी माता-पिता के लिए आम बात है, लेकिन उसे शांत कराने का हर मां का अपना अलग तरीका होता है। कोई बच्चे को गोद में लेकर टहलाता है, कोई धीमी आवाज में गाना सुनाता है तो कोई उसे बहलाने के लिए खिलौनों का सहारा लेता है. अमेरिका में रहने वाली एक चीनी मूल की महिला ने अपने बच्चे को चुप कराने का ऐसा तरीका अपनाया, जिसने सोशल मीडिया पर लोगों का ध्यान खींच लिया है. महिला ने अपने अनुभव को शेयर करते हुए बताया कि जब उनका करीब 4 महीने का बच्चा रोने लगता है और किसी तरह शांत नहीं होता, तब वह हनुमान चालीसा चला देती हैं. उनका दावा है कि इसे सुनने के कुछ ही सेकंड बाद बच्चा शांत होने लगता है और करीब दो मिनट में उसकी आंखें भी लग जाती हैं. महिला के मुताबिक, यह तरीका उन्होंने किसी मेडिकल सलाह के तौर पर नहीं अपनाया, बल्कि यह उनका अपना अनुभव है. बच्चे को शांत कराने के लिए उन्होंने अलग-अलग चीजें आजमाईं और उन्हें हनुमान चालीसा का संगीत सबसे ज्यादा प्रभावी लगा है। इस कहानी का एक दिलचस्प पहलू यह भी है कि महिला खुद भारतीय नहीं हैं। वह चीनी मूल की हैं और अमेरिका के लॉस एंजिल्स में रहती हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें हनुमान चालीसा के बारे में अपने भारतीय दोस्तों से जानकारी मिली थी. पहली बार उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान इसकी धुन और आवाज सुनी थी. उन्हें इसकी धुन काफी शांत और सुकून देने वाली लगी है. इसके बाद उन्होंने इसे अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में भी शामिल कर लिया।



हेमा मालिनी : ७७ साल की उम्र में भी फिटनेस और एनर्जी कायम

कई लोगों को लगता है कि बढ़ती उम्र के साथ थकान और शरीर की सुस्ती को रोक पाना मुश्किल है, लेकिन हेमा मालिनी आज भी अपनी दिनचर्या और काम के बीच खुद को एक्टिव रखने पर ध्यान देती हैं। 77 साल की उम्र में भी उनकी फिटनेस और एनर्जी अक्सर चर्चा में रहती है। उनकी लाइफस्टाइल में कोई एक खास फॉर्मूला नहीं बल्कि लंबे समय से चली आ रही कुछ नियमित आदतें शामिल हैं। योग, डांस और खान-पान को लेकर उनकी सावधानी उनके रूटीन का अहम हिस्सा बताई जाती है। वह अपनी डाइट में सादगी रखने के साथ शरीर को एक्टिव रखने की कोशिश करती हैं। यही वजह है कि उनकी फिटनेस को लेकर लोगों की दिलचस्पी बनी रहती है। आइए जानते हैं उनके बताए इन तीन रूटीन के बारे में.हेमा मालिनी के फिटनेस रूटीन में योग की खास जगह है। वह योग करना पसंद करती हैं और इसे अपनी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाए रखने की कोशिश करती हैं। उनके लिए फिटनेस का मतलब केवल जिम में घंटों एक्सरसाइज करना नहीं है। शरीर को लचीला और एक्टिव रखने के लिए वह योग को महत्व देती हैं। डांस भी उनकी जिंदगी का पुराना हिस्सा रहा है। खासकर कथक से उनका गहरा जुड़ाव रहा है। डांस शरीर की गतिविधि बढ़ाने के साथ मन को भी व्यस्त रखता है. उम्र बढ़ने के साथ शरीर को पूरी तरह निष्क्रिय रखने के बजाय अपनी क्षमता के अनुसार एक्टिव रहना फायदेमंद हो सकता है हालांकि किसी भी एक्सरसाइज या योग का तरीका उम्र और हेल्थ के अनुसार तय करना बेहतर रहता है। हेमा मालिनी लंबे समय से शाकाहारी भोजन पसंद करने के लिए जानी जाती हैं. उनकी पसंद में इडली, डोसा, उत्तपम और उपमा जैसे साउथ इंडियन व्यंजन भी शामिल हैं। वह बहुत ज्यादा तला-भुना खाना पसंद नहीं करतीं। उनके खान-पान से जुड़ी यही सादगी उनकी लाइफस्टाइल का एक खास हिस्सा बताई जाती है। उनकी डाइट को लेकर एक और बात अक्सर सामने आती है कि वह सफेद चीनी से दूरी रखती हैं और मिठास के लिए गुड़ या शहद का इस्तेमाल करती हैं, हालांकि इसका मतलब यह नहीं है कि गुड़ या शहद को असीमित मात्रा में लेना सही है। मीठी चीजों की मात्रा पर ध्यान देना जरूरी है. वह चावल और रोटी को एक साथ खाने के बजाय अलग-अलग लेना पसंद करती हैं। यह उनकी व्यक्तिगत खाने की आदत है. इसे हर व्यक्ति के लिए वजन कम करने या फिट रहने का तय नियम नहीं माना जाना चाहिए. शरीर की जरूरत उम्र, गतिविधि और हेल्थ के हिसाब से अलग हो सकती है।



बात-बातपर भटक जाता है बच्चे का ध्यान

अक्सर माता-पिता इस बात से बहुत परेशान रहते हैं कि उनका बच्चा स्कूल जाते समय या घर से निकलते वक्त रास्तों की चीजों में खो जाता है, जिससे उन्हें देर हो जाती है। बच्चे का लगातार सवाल पूछना या एक जगह ध्यान न लगाना बड़ों को उसकी जिद, शरारत या एडीएचडी डिसऑर्डर लग सकता है। हालांकि, अगर आप भी ऐसा ही सोचते हैं, तो ओहायो स्टेट यूनिवर्सिटी के मनोवैज्ञानिकों की नई स्टडी आपको बड़ी राहत देगी। इस शोध के अनुसार, बच्चों का ध्यान भटकना कोई अनुशासनहीनता नहीं है, बल्कि उनके सीखने का एक बिल्कुल कुदरती तरीका है। मनोवैज्ञानिक ने अपनी रिसर्च में साफ किया है कि बच्चों का दिमाग कुदरती रूप से ऐसा ही डिजाइन किया गया है कि उनका ध्यान अलग-अलग चीजों पर जाए। ट्रेंड्स इन कॉग्नेटिव साइंसेज में छपी रिपोर्ट बताती है कि 3 से लेकर 8 साल तक के बच्चे अपने आस-पास की दुनिया को बड़ों की तुलना में ज्यादा गहराई से खोजना चाहते हैं। इसका सीधा सा वैज्ञानिक कारण उनकी वर्किंग मेमोरी का पूरी तरह से विकसित न होना है। वर्किंग मेमोरी हमारे



दिमाग का वह टूल है, जो हमें फालतू की चीजों को इग्नोर करके सिर्फ काम की बात पर फोकस करने में मदद करता है। हम बड़े लोग तुरंत डिसाइड कर लेते हैं कि हमें क्या देखना है और क्या नहीं। हालांकि, बच्चों के पास चीजों को छांटने की यह क्षमता उतनी तेज नहीं होती, इसलिए वे एक साथ बहुत सारी चीजों पर फोकस करने लगते हैं। विज्ञान की भाषा में इसे डिस्ट्रिब्यूटेड अटेंशन कहा जाता है। काम खत्म होने के बाद भी जारी रहती है खोजसाल 2024 में स्लौत्स्की और कियानकियान वान ने मिलकर एक और शोध किया। इसमें यह दिलचस्प बात सामने आई कि अगर कोई बच्चा किसी काम को करने के लिए जरूरी जानकारी हासिल कर भी लेता है, तब भी वह शांत नहीं बैठता। वह अपने आस-पास की बाकी चीजों और सूचनाओं को भी टटोलता रहता है। दरअसल, इसके जरिए वे इंसान बनने और दुनिया को समझने का अपना काम बखूबी कर रहे होते हैं। इस रिसर्च में बड़ों को लेकर भी एक बहुत ही हैरान करने वाली बात सामने आई। प्रयोग के दौरान जब वयस्कों की वर्किंग मेमोरी पर काम का बहुत ज्यादा बोझ डाला गया, तो उनका दिमाग भी बच्चों की तरह बर्ताव करने लगा। जब बड़ों का दिमागी फिल्टर थक जाता है या कमजोर पड़ता है, तो वे भी एक 5 साल के बच्चे की तरह अलग-अलग विकल्पों में अपना ध्यान बांटने लगते हैं। इस शोध के आधार पर मनोवैज्ञानिक स्लौत्स्की पेरेंट्स को एक खास सलाह देते हैं। उनका कहना है कि बच्चों को चीजों को छूने और उन्हें एक्सप्लोर करने से कभी नहीं रोकना चाहिए। अगर माहौल सुरक्षित है, तो बच्चों को चीजें खोलने दें, उन्हें आजमाने दें और उनसे गलतियां भी होने दें। खुद से प्रयोग करना और नई चीजों को हाथ लगाना ही बच्चों के सीखने का सबसे बेहतरीन तरीका है।